RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 331
लखनऊ, रविवार, 26 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



सानिया के पास साल का पहला खिताब जीतने का मौका
स्पोर्ट्स-12

# आतंकवाद की भूमि न बने अफगानिस्तान

## संयुक्त राष्ट्र महासभा में मोदी ने आतंकवाद को लेकर दुनिया को चेताया

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र



संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी


**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि एक तरफ भारत जहां अपनी आजादी के 75वें साल में 75 स्वदेश निर्मित उपग्रह अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रहा है, वहीं कुछ देश आतंकवाद का राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने अफगानिस्तान की वर्तमान स्थिति का उल्लेख किया और कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना बहुत जरूरी है कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने और आतंकी हमलों के लिए ना हो।

उन्होंने कहा, आज दुनिया के सामने प्रतिगामी सोच और अतिवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। इन परिस्थितियों में पूरे विश्व को विज्ञान आधारित तर्कसंगत और प्रगतिशील सोच को विकास का आधार बनाना ही होगा। उन्होंने कहा कि भारत अपनी आजादी के 75वें साल में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और 75 ऐसे उपग्रह अंतरिक्ष में भेजने की तेयारी कर रहा है, जो छात्रों और शोधार्थियों ने तैयार किए हों। उन्होंने कहा, वहीं दूसरी ओर रिग्रेसिव (प्रतिगामी) सोच के साथ, जो देश आतंकवाद का राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं, उन्हें ये समझना होगा कि आतंकवाद उनके लिए भी उतना ही बड़ा खतरा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसलिए यह सुनिश्चित किया जाना बहुत जरूरी है कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने और आतंकी हमलों के लिए नहीं हो। उन्होंने कहा, हमें इस बात के लिए भी सतर्क रहना होगा कि वहां की परिस्थितियों का कोई देश अपने स्वार्थ के लिए एक उपकरण की तरह इस्तेमाल करने की कोशिश ना करे। उन्होंने कहा कि यह समय अफगानिस्तान की जनता, वहां की महिलाओं और बच्चों के साथ ही वहां के अल्पसंख्यकों की मदद करने का है, इसके लिए हमें अपना दायित्व निभाना ही होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह एक ऐसे देश का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसे लोकतंत्र की जननी के रूप में जाना जाता है और भारत के लोकतंत्र की ताकत को रेखांकित करने के लिए एक रेलवे स्टेशन पर चाय विक्रेता से प्रधानमंत्री बनने तक के अपने सफर का हवाला दिया।

मोदी ने यहां कहा, हमारे यहां लोकतंत्र की एक महान परंपरा रही है, जो हजारों साल पुरानी है। उन्होंने कहा, मैं एक ऐसे देश का प्रतिनिधित्व करता हूं, जिसे लोकतंत्र की जननी के तौर पर जाना जाता है। इस साल 15 अगस्त को भारत अपनी आजादी के 75वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारी विविधता हमारे मजबूत लोकतंत्र की ( शेष पेज 8 )

## बाइडन ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता और एनएसजी में प्रवेश के प्रति समर्थन दोहराया

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो. बाइडन ने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी पहली द्विपक्षीय प्रत्यक्ष बैठक के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता और परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) में नई दिल्ली के प्रवेश के प्रति वाशिंगटन का समर्थन दोहराया है। व्हाइट हाउस में दोनों नेताओं की बैठक के बाद शुक्रवार को जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी बैठक के दौरान अगस्त 2021 में सुरक्षा परिषद की नई दिल्ली द्वारा की गई अध्यक्षता के दौरान भारत के मजबूत नेतृत्व की सराहना की। इसमें कहा गया, इस परिप्रेक्ष्य में, राष्ट्रपति बाइडन ने सुधारों से युक्त संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता तथा उन अन्य देशों के लिए अमेरिका का समर्थन दोहराया, जो बहुपक्षीय सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट की आकांक्षा रखते हैं। बाइडन द्वारा समर्थन किए जाने से सुरक्षा परिषद में सुधारों के लिए भारत के प्रयासों को एक बड़ी मजबूती मिली है। संयुक्त राष्ट्र की इस शक्तिशाली इकाई में लंबे समय से लंबित सुधारों के लिए भारत अग्रिम मोर्चे पर रहा है और जोर देकर कहता रहा है कि वह इस निकाय में स्थाई सदस्य बनने का हकदार है। भारत ने जून में कहा था कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतर सरकारी वार्ता (आईजीएन) का इस्तेमाल लंबे समय तक मुद्दे को दबाने के लिए नहीं किया जा सकता। इसने यह बात तब कही थी जब आईजीएन से संबंधित कार्य को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने अगले सत्र में ले जाने का निर्णय किया और जी-4 (ब्राजील, जर्मनी, भारत और जापान) समूह द्वारा प्रस्तावित एक संशोधन को शामिल करने पर सहमति जताई।

# समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए काम कर रही सरकार

## मुख्यमंत्री ने एकात्म मानववाद तथा अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय को जयंती पर किया याद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनको श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आज एकात्म मानववाद व अन्त्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अन्त्योदय का सपना देखा था।

सात वर्षों से वही सपना प्रधानमंत्री के नेतृत्व में साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए लोक कल्याणकारी योजनाएं लागू हुई हैं। पं. दीन दयाल का स्पष्ट मत था कि हमारी योजनाओं का आधार समाज के सम्पन्न नहीं बल्कि अंतिम पायदान का व्यक्ति होना चाहिए। आज उनका यह सपना साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हर गरीब को आवास, शौचालय, गरीब महिलाओं को नि:शुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन, हर गरीब को आयुष्मान भारत योजना से पांच लाख रुपये के स्वास्थ्य सुरक्षा कवर का ( शेष पेज 8 )

## मोपला विद्रोह हिन्दुओं का नरसंहार था: योगी

**नई दिल्ली ( भाषा )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केरल में 1921 में हुए मोपला विद्रोह को हिन्दुओं का योजनाबद्ध नरसंहार बताते हुए शनिवार को कहा कि समाज को मानवता को जिहादी तत्वों से मुक्त कराने पर काम करना चाहिए। उनका बयान ऐसे वक्त में आया है जब राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़ी विभिन्न संस्थाएं मोपला विद्रोह पर कार्यक्रमों का आयोजन कर रही हैं और इस घटना को हिन्दुओं का नरसंहार बता रही हैं। संघ से जुड़ी पत्रिका पांचजन्य द्वारा मोपला विद्रोह पर आयोजित एक कार्यक्रम में आदित्यनाथ ने कहा कि इतिहास को सही परिप्रेक्ष्य से समझना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जिस देश को अपना इतिहास नहीं पता है वह अपने भूगोल की रक्षा नहीं कर सकता है। जिहादी तत्वों पर समाज में चर्चा की बात करते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेता ने कहा, यह समाज में गहन और गंभीर चर्चा का समय है। हमें सोचना होगा कि हम ( शेष पेज 8 )

# नई सहकारिता नीति की जल्द घोषणा करगी सरकार: शाह

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारत को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सहकारिता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। शाह ने कहा कि केंद्र जल्द ही एक नई सहकारी नीति लेकर आएगा और सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए राज्यों के साथ मिलकर काम करेगा। अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री भी हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अगले पांच वर्ष में प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पीएसी) की संख्या बढ़ाकर तीन लाख की जाएगी।

अभी पीएसी की संख्या लगभग 65,000 है। इसके अलावा, सरकार एक राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय स्थापित करने के अलावा सहकारी सामान्य सेवा केंद्र, राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करने की दिशा में काम कर रही है। वह यहां पहले राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन में बोल रहे थे। सहकारिता मंत्रालय का गठन इसी साल जुलाई में किया गया था। विभिन्न सहकारी समितियों के 2,100 से अधिक प्रतिनिधियों और लगभग छह करोड़ ऑनलाइन प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कुछ लोगों को आश्चर्य है कि केंद्र ने यह नया मंत्रालय क्यों बनाया क्योंकि सहकारिता राज्य का विषय है। शाह ने कहा कि इस पर कानूनी प्रतिक्रिया हो सकती है, लेकिन वह इस बहस में नहीं पड़ना चाहते।

उन्होंने कहा, मैं राज्य और केन्द्र के झगड़े में पड़ना नहीं चाहता, इसका कानूनी जवाब आराम से दिया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र राज्यों के साथ सहयोग करेगा और कोई टकराव नहीं होगा। उन्होंने कहा, सहकारिता आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी राज्यों के साथ मिलकर ( शेष पेज 8 )

## सीबीआई ने महंत नरेंद्र गिरि मामले में मठ के लोगों से की पूछताछ

**प्रयागराज।** केंद्रीय जांच ब्यूरो की टीम ने महंत नरेंद्र गिरि की कथित आत्महत्या के मामले में शनिवार को श्रीमठ बाघंबरी गद्दी में घटनास्थल का निरीक्षण किया और मठ के सेवादारों और अन्य लोगों से पूछताछ की। मठ के परिसर में स्थित स्वामी विचारानंद संस्कृत विद्यालय के एक विद्यार्थी ने बताया कि शाम चार बजे से सीबीआई की टीम यहां आई हुई है। सीबीआई के लोग महंत जी के मुंशी बब्लू को लेकर परिसर में घूम रहे हैं और टीम यहां के लोगों से पूछताछ कर रही है। खबर लिखे जाने तक सीबीआई की टीम मठ में मौजूद रही। सीबीआई टीम के साथ स्थानीय पुलिस के अधिकारी भी मठ आए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई को महंत नरेंद्र गिरि की मृत्यु के मामले के सभी दस्तावेज, जार्ज टाउन थाने से एफआईआर की प्रति, केस डायरी, पोस्ट मार्टम रिपोर्ट सौंप दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि गत सोमवार को अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि अपने श्रीमठ बाघंबरी गद्दी में अपने कमरे में मृत पाए गए ( शेष पेज 8 )

# प्रदेश ने दस करोड़ से अधिक टीके लगाकर बनाया रिकॉर्ड



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोविड** नियंत्रण की शानदार रणनीति के लिए सराहे जा रहे उत्तर प्रदेश ने कोविड टीके की 10 करोड़ से अधिक डोज लगाकर नया रिकॉर्ड बनाया है। 10 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाला यूपी देश का एकमात्र राज्य है। यहां तेज टीकाकरण की नीति के क्रियान्वयन को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि 3 अगस्त को 5 करोड़ डोज पूरा करने के बाद अगले 54 दिनों में 5 करोड़ और वैक्सीन डोज दी गई। जबकि टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत में पहले एक करोड़ टीके लगाने में करीब 100 दिन लगे थे। शनिवार को 10 करोड़ का आंकड़ा पार होने के खास मौके को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य कर्मियों और आमजनता को समर्पित किया। ( पेज 2 भी देखें )

## विदेश जाने के इच्छुक लोगों के कोविन प्रमाण पत्र पर लिखी होगी पूरी जन्मतिथि

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच कोविड प्रमाण पत्र को लेकर हो रही बातचीत के बीच आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि जिन लोगों को टीके की दोनों खुराक लग चुकी है और वे विदेश यात्रा करने के इच्छुक हैं, उन्हें कोविन प्रमाण पत्र दिया जाएगा जिस पर पूरी जन्मतिथि लिखी होगी। वर्तमान में, कोविन प्रमाण पत्रों पर जन्म के वर्ष के आधार पर लाभार्थी को आयु तथा अन्य विवरण लिखा होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नियमों के अनुसार यह नई व्यवस्था की जा रही है और इसके अगले सप्ताह से शुरू होने की उम्मीद है। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया, यह निर्णय लिया गया है कि कोविन में एक नया फीचर जोड़ा जाएगा जिसके तहत, जिन लोगों को टीके की दोनों ( शेष पेज 8 )

## केंद्र ने नहीं दी इटली जाने की इजाजत, भड़कीं ममता बनर्जी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**विदेश** मंत्रालय ने तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इटली दौरे को हरी झंडी नहीं दी। इससे मुख्यमंत्री ममता ने शनिवार को केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। ममता ने आरोप लगाया कि उन्हें वर्ल्ड पीस मीटिंग में जाने की इजाजत नहीं दी गई है, जबकि इटली ने विशेष इजाजत दी थी, लेकिन केंद्र सरकार ने यह कह कर इनकार कर दिया कि यह मुख्यमंत्री के लिए उचित नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी और केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि इस तरह मुझे आप रोक नहीं पाओगे। मैं ( शेष पेज 8 )

# तालिबान ने चौराहे पर क्रेन से लटकाया अपहर्ता का शव

**एपी।** काबुल

**अफगानिस्तान** के हेरात शहर के मुख्य चौराहे पर तालिबान ने एक शव क्रेन से लटका दिया। एक चश्मदीद ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह ऐसी है नृशंसता है जो तालिबान के अतीत के तौर तरीके की वापसी का संकेत देता है। चौराहे पर दवा दुकान चलाने वाले वजीर अहमद सिद्दिकी ने एपी को बताया कि चौराहे पर चार शव लाए गए जिनमें तीन शव प्रदर्शित करने के लिए शहर के अन्य चौराहों पर ले जाए गए। उसने बताया कि तालिबान ने चौराहे पर घोषणा की कि इन चारों को अपहरण के जुर्म में पकड़ा गया और पुलिस ने उन्हें मार दिया। तत्काल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि ये चारों पुलिस के साथ गोलीबारी में मारे गए या फिर गिरफ्तारी के बार उनकी हत्या कर दी गई। वैसे तालिबान की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है।

तालिबान के संस्थापकों में एक और अफगानिस्तान में पिछले तालिबान शासन के दौरान इस्लामिक कानून की कठोर व्याख्या को लागू करने के पैरोकार मुल्ला नूरूद्दिन तुराबी ने पिछले हफ्ते एपी से कहा था कि उसके कठोर नियमों के तहत लोगों को मौत एवं अंगभंग की सजा फिर तामील की जाएगी, भले ही ऐसा सार्वजनिक रूप से नहीं किया जाए। काबुल पर 15 अगस्त को तालिबान के काबिज होने एवं पूरे देश को नियंत्रण में लेने के बाद से अफगान एवं दुनिया यह देख रही है कि क्या वे एक बार फिर 1990 के दशक के कठोर शासन को लागू करेंगे।

तालिबानी भले ही वीडियो एवं मोबाइल फोन जैसे प्रौद्योगिकीगत बदलाव को अपना रहे हों लेकिन उसके नेताओं में अब भी कट्टरपंथ एवं रूढ़िवादी वैश्विक दृष्टिकोण भरा पड़ा है। उल्लेखनीय है कि तालिबान अपने को सच्चा मुसलमान मानते हैं और दावा करते हैं वे इस्लामी कानूनों के अनुसार ही नियम कानून लागू कर रहे हैं। नाच, गाना, संगीत, मूर्तियां, दाढ़ी कटाना, महिलाओं का अकेले निकलना जैसे कामों को वे गैर इस्लामी मानते हैं।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,048 | |
| निफ्टी | 17,853 | |
| सोना | 45,141 | /10g |
| चांदी | 59,429 | /kg |

## क्विक न्यूज

### लोजपा सांसद प्रिंस राज को दुष्कर्म मामले में अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने दुष्कर्म के मामले मे लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के सांसद प्रिंस राज को शनिवार को अग्रिम जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश विकास ढल ने लोजपा सांसद को एक लाख रुपए के मुचलके और इतनी ही रकम का जमानतदार पेश करने पर राहत देते हुए कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा राज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने मे असमान्य देरी हुई। न्यायाधीश ने राज को जांच मे शामिल होने का निर्देश दिया और कहा कि वह किसी भी तरह से फोन, व्हाट्सएप, ई-मेल, इंस्टाग्राम, फेसबुक, मैसेंजर के माध्यम से शिकायतकर्ता को धमकी नही देंगे या उसपर दबाव नही बनाएंगे अथवा उनसे संपर्क नही करेंगे। दिवंगत रामविलास पासवान के भतीजे और चिराग पासवान के चचेरे भाई राज लोकसभा में बिहार के समस्तीपुर का प्रतिनिधित्व करते हैं।

# भाजपा सांसद ने प्रमोद तिवारी समर्थकों पर लगाया मारपीट का आरोप

## कांग्रेस के पूर्व सांसद तिवारी, उनकी बेटी और कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा समेत कई अन्य के खिलाफ मामला दर्ज



प्रतापगढ़ में हुई मारपीट में अपना फटा कुर्ता दिखाते भाजपा सांसद संगमलाल गुप्ता

**भाषा।** प्रतापगढ़

**उप्र** के प्रतापगढ़ जिले के विकास खंड सांगीपुर के सभागार मे शनिवार को आयोजित गरीब कल्याण मेले में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच हुई मारपीट में जहां दोनों पक्ष के लोगों के मामूली घायल होने कि सूचना हैं। वहीं, प्रतापगढ़ के सांसद संगमलाल गुप्ता ने कांग्रेस समर्थकों पर मारपीट का आरोप लगाया हैं।

इस मामले में कांग्रेस के पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी, उनकी बेटी और कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता अराधना मिश्रा समेत कई अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस बीच प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि सांसद पर हमला करने वालों के खिलाफ कठोर कारवाई जल्द से जल्द किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस के मुताबिक थाना कोतवाली लालगंज पुलिस ने शनिवार को सांगीपुर ब्लाक मे आयोजित गरीब कल्याण मेले मे भाजपा और कांग्रेस समर्थकों में हुई मारपीट के मामले में गुप्ता की तहरीर के आधार पर कांग्रेस नेता तिवारी और उनकी बेटी अराधना मिश्रा उर्फ मोना सहित 27 नामजदों व 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रतापगढ़ से भाजपा के सांसद गुप्ता ने शनिवार को बताया कि आज सांगीपुर मे आयोजित गरीब कल्याण मेले में वह जैसे ही पहुंचे कि मंच पर बैठे कांग्रेस के पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी और उनके समर्थक शोर मचाने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रमोद तिवारी और उनके समर्थकों ने उन्हें और उनके समर्थकों को ( शेष पेज 8 )

# विधायिका को कानूनों पर फिर से विचार करने की जरूरत

## ओडिशा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के नए भवन के उद्घाटन समारोह में बोले प्रधान न्यायाधीश

**भाषा।** कटक



पुरी में जगन्नाथ मंदिर में भगवान के दर्शन करने पहुंचे प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण

**प्रधान** न्यायाधीश (सीजेआई) एन वी रमण ने शनिवार को कहा कि विधायिका को कानूनों पर फिर से विचार करने और उन्हें समय तथा लोगों की जरूरतों के अनुरूप सुधारने की जरूरत है, ताकि वे व्यावहारिक वास्तविकताओं से मेल खा सकें। सीजेआई ने यहां ओडिशा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (ओएसएलएसए) के नए भवन का उद्घाटन करते हुए यह भी कहा कि संवैधानिक आकांक्षाओं को साकार करने के लिए कार्यपालिका और विधायिका को साथ मिलकर काम करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि न्यायपालिका ने आगामी सप्ताह में एक देशव्यापी कानूनी जागरूकता मिशन शुरू करने का फैसला किया है। न्यायमूर्ति रमण ने कहा, मैं कहना चाहूंगा कि हमारे कानूनों को हमारी व्यावहारिक वास्तविकताओं से मेल खाना चाहिए। कार्यपालिका को संबंधित नियमों को सरल बनाकर इन प्रयासों का मिलान करना होगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कार्यपालिका और विधायिका के लिए संवैधानिक आकांक्षाओं को साकार करने के लिए मिलकर कार्य करना महत्वपूर्ण है क्योंकि ऐसा करने से न्यायपालिका को कानून-निर्माता के रूप में कदम उठाने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा और उसके पास केवल कानूनों को लागू करने तथा व्याख्या करने के कर्तव्य रह जाएंगे। प्रधान न्यायाधीश ने उल्लेख किया कि भारतीय न्यायिक प्रणाली दोहरी चुनौतियों का सामना कर रही है और सबसे पहले न्याय प्रदायगी प्रणाली का भारतीयकरण होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आजादी के 74 साल बाद भी परंपरागत जीवन शैली का पालन कर रहे लोग और कृषि प्रधान समाज अदालतों का दरवाजा खटखटाने में झिझक महसूस करते हैं। न्यायमूर्ति रमण ने कहा, हमारे न्यायालयों की परंपराएं, प्रक्रियाएं, भाषा उन्हें विदेशी लगती हैं। उन्होंने कहा कि कानूनों की जटिल भाषा और न्याय प्रदायगी की प्रक्रिया के बीच आम आदमी अपनी शिकायत के भविष्य पर नियंत्रण खो देता है। उन्होंने कहा कि यह एक कठोर वास्तविकता है कि प्राय: भारतीय कानूनी प्रणाली सामाजिक वास्तविकताओं और निहितार्थों को ध्यान में ( शेष पेज 8 )




## गठबंधन की गांठ

यूपी में चुनाव से पहले सभी छोटे दल किसी बड़ी नाव की सवारी कर चुनावी वैतरणी पार करने में जुटे हुए हैं। सूबे में नदी के किनारे जीवन बसर करने वाली मछुआ समाज के नेता जी आज कल भगवा संगठन और सरकार दोनों में चर्चा का विषय बने हुए हैं। महाराज जी हैं जिनको यह नेता जी फूटी आंख नहीं सुहाते हैं। वह इसलिए क्योंकि बीते दिनों मछुआ समाज के इन नेताजी का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें उन्होंने काफी बातें सरकार विरोधी कही हैं। अब पार्टी मुख्यालय पर भगवा संगठन के एक केंद्रीय पदाधिकारी ने उनके साथ औपचारिक गठबंधन की घोषणा तो कर दी लेकिन पत्ते नहीं खोले हैं कि नेता जी की गठबंधन में कितनी भागीदारी होगी। अब बेचारे नेता जी को सपने उच्च सदन में जाने के तो आ रहे हैं लेकिन सीटें कितनी मिलेगी और पार्टी सिंबल का क्या होगा? ऐसे कई सवालों से नेता जी की नींद उड़ गई है। दिल्ली से लौटने के बाद से उनके सुर भी कुछ ढीले पड़ गए हैं। पार्टी कार्यालय में भी उनको बंद लफ्जों में काफी कुछ सुनना पड़ा। ऐसे में अब नेता बड़े पशोपेश में हैं कि करें तो क्या करें।



## सूर्य की एनर्जी

सूर्य और किसानों का काफी अच्छा नाता रहा है। इसी बात को ध्यान रखते हुए बड़े महाराज जी ने शाही अंदाज में सूर्य को किसानों के निकट भी कर दिया था। काफी कुछ ठीक भी चल रहा था लेकिन जब से सूर्य और किसानों के बीच में सिंह साहब आए हैं तब से सूर्य की किसानों से दूरियां बढ़ गई हैं। अब स्थिति यह बन गई है कि किसान तो दूर हो गए हैं सूर्य और सिंह साहब एक साथ आ गए। देखने में आ रहा है कि सिंह साहब को किसानों से कम सूर्य से बहुत लगाव हो गया है। स्थिति यह है कि वह दिन-रात सूर्य की ही परिक्रमा करते देखे जाते हैं। सूर्य के नहाने खाने-पीने से लेकर उनके रहने तक की व्यवस्था पर सिंह साहब की पूरी नजर रहती है कि कहीं कोई कमी न रह जाए। शायद सिंह साहब को इस बात का अंदाजा है कि सूर्य में बहुत एनर्जी होती है और यदि सूर्य की कृपा बनी रही तो कोई भी बाल बांका नहीं कर सकता और समय भी अच्छा बीतेगा साथ ही हरियाली छाई रहेगी। समय समय पर सूर्य की एनर्जी मिलती रही तो सफर आसानी से कट जाएगा।

## जोर आजमाइश

तकनीकी संस्थान की कुर्सी जब से खाली हुई है इस पर बैठने के लिए कई दावेदार मैदान में हैं। सब अपने अपने हिसाब से जोर लगा रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि अपने मैनेजमेंट गुरु भी लगे हुए हैं। इसके लिए वह अपने राजनयिक सम्बन्धों का भी प्रयोग कर रहे हैं। वहीं कुर्सी छोड़ने वाले गुरु की भी निगाह लगी हुई है। तकरीबन छह से सात बार कुर्सी का स्वाद चख चुके गुरु किसी भी हाल में इस कुर्सी को पाना चाहते हैं। न जाने कौन सी मलाई भरी है इस कुर्सी में जबकि वह यहां से कार्यकाल पूरा करने के बाद पूरब के मैनचेस्टर शहर वाले संस्थान की वर्तमान में कुर्सी संभाल रहे हैं। कदाचित वहां सत्ता के गलियारे का सुख न मिल रहा हो। दौड़ में चल रहे ये दो प्रमुख नामों के बीच कुर्सी किसकी होती है या फिर कुर्सी किसी तीसरे की हो जाएगी यह तो आने वाला कल ही बताएगा। पर जोर आजमाइश का दौर जारी है।

## गड्ढे में पैर

सरकार ने गड्ढा मुक्त सड़कें करने का आदेश क्या दिया कि अफसरशाही बेअंदाज हो गयी। नगर निगम के बड़े साहब ने आनन फानन में गड्ढा मुक्त करने के अभियान के लिए प्रत्येक वार्ड को 20 लाख खर्च करने कर पत्र जारी कर दिए। बेचारे! साहब को क्या पता था कि फरमान जारी करते ही स्वयं गड्ढे में जा गिरेंगे। खबर लगते ही अधिकतर पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया। सत्ताधारी नेताओं ने ही सबसे पहले साहब के फरमान पर भारी नाराजगी जतायी। पार्षद ने कह डाला कि पीडब्लूडी की सड़कों में नगर निगम का डामर पड़ने लगा तो गलियों का क्या होगा। अब अपने ही सवाल उठाने लगे तो मैडम क्या करें। आखिरकार उन्होंने बैठक बुलाकर लोगों को समझने का प्रयास किया लेकिन विपक्ष के ज्यादा शोर मचाने पर बड़े साहब के आदेश को ठंडे बस्ते में डालना पड़ा। यह साहब को कई बार कदम पीछे खींचकर दूसरी ओर खड़ा होना पड़ा है। साहब को मुश्किलें तो इंदौर में भी आयीं थीं लेकिन यहां जैसी पेचीदा नहीं थी।

## नहीं मिली दक्षिणा

प्रदेश में राजनीतिक तौर पर पूरी तरह से बेदम हो चुकी देश की सबसे पुरानी पार्टी भी इस बार के चुनाव में दम-खम दिखाने का दावा कर रही है। इस पार्टी की खासियत यह है कि इसमें नेताओं की तो भरमार है लेकिन कार्यकर्ताओं के नाम पर पूरी तरह से सूखा पड़ा हुआ है। सूबाई यूनिट का प्रभार संभाल रही 'दीदी' फील्ड में कम ट्वीटर पर ज्यादा राजनीति करती नजर आती हैं। दीदी पिछले दिनों मुख्यायल आईं और फरमान जारी कर गईं कि इस बार पार्टी से टिकट चाहने वालों को 11हजार की दक्षिणा भी देनी होगी। दीदी का आदेश मिलते ही सूबाई अध्यक्ष ने तुरंत फरमान जारी कर दिया और आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि भी घोषित कर दी। अब आवेदन के साथ दक्षिणा की जो शर्त रख दी गई उससे तमाम दावेदारों ने अपने पैर पीछे खींच लिए। नतीजा यह निकला कि अंतिम तिथि करीब आने के बावजूद आवेदनकर्ताओं ने कोई रुचि नहीं दिखाई। लिहाजा अब आवेदन की तिथि एक पखवारा और बढ़ा दी गई है। तिथि बढ़ाने के पीछे कारण वेस्ट यूपी में दीदी की आगामी जनसभा की तैयारियों की व्यस्तता को बताया जा रहा है।



## अंगूठी का चक्कर

भाजपा के एक प्रवक्ता इन दिनों बहुत परेशान हैं। उनकी परेशानी का कारण एक केन्द्रीय मंत्री द्वारा उनके हाथ की अंगुलियों में पहन हुयी रत्नों की अंगूठियां हैं। भाजपा मुख्यालय में हुई पार्टी प्रवक्ताओं की कार्यशाला में केन्द्र से आये यह नेता उनको हाथों को काफी देर तक निहारते रहे और फिर जब उनसे न रहा गया तो पूछ बैठे कि आपने तो बहुत सारे रत्नों की अंगूठियां पहन रखी हैं। उम्र में छोटे लेकिन कद में बडे इस केन्द्रीय नेता की टिप्पणी से अवाक पार्टी के इस प्रवक्ता ने तपाक से उन्हें जवाब दिया कि चलो अंगूठी ही पहने सही मुझे देखा तो सही। कार्यशाला तो खत्म हो गई लेकिन इसके बाद से पार्टी प्रवक्ता काफी चिन्तित हैं। उन्हें समझ में नही आ रहा कि आखिरकार केन्द्र से आये नेता की उनकी अंगूठियों पर क्यों नजर पड़ी और उन्होंने टिप्पणी की। बहरहाल पार्टी के यह प्रवक्ता अपने साथ हुयी इस घटना को अपने करीबियों के साथ साझा कर रहे हैं और खुशी के साथ चिन्ता भी जता रहे हैं। खुशी इस बात की कि केन्द्रीय नेता से उन्हें पहचाना और बुलाकर बात भी की और चिन्ता इस बात की कि कहीं अंगूठियों पर टिप्पणी करने के पीछे केन्द्र से आये नेता जी की कोई गलत धारणा तो नहीं। वैसे पार्टी के यह प्रवक्ता डिप्टी सीएम केशव मौर्या के करीबी बताये जाते हैं।

# पं. दीनदयाल के आदर्शों पर काम कर रही मोदी-योगी सरकारः राधा मोहन



## ● सपा, बसपा व कांग्रेस करती हैं मुस्लिम तुष्टीकरणः स्वतंत्र देव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बीजेपी** कार्यकर्ताओं ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयन्ती पर पुष्पार्चन के साथ प्रत्येक बूथ पर बैठक करके उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह तथा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने दीन दयाल उपाध्याय स्मृतिका पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। पार्टी मुख्यालय पर प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्चन करके श्रद्धांजलि अर्पित की। राधा मोहन सिंह ने कहा दीनदयाल जी कहा करते थे कि आप समाज की चिंता करोगे तो समाज आपकी चिंता करेगा। समाज अपने पास कुछ नहीं रखता है। पंडित जी के पूरे चिंतन में गरीब उनके केंद्र बिंदु में था। गांव, गरीब, किसान दलित, पीड़ित, शोषित और वंचित हमारे सारी योजनाओं के केंद्र में हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के समर्पित योगदान से संघर्ष के दौर से निकलकर भाजपा आज सत्ता के शिखर पर है। पारदर्शिता, सुशासन, जन जवाबदेही में मोदी-योगी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। दीनदयाल के आदर्शों से प्रेरित योगी-मोदी सरकार आज देश व प्रदेश को शक्तिशाली, स्वाभिमानी एवं समृद्धशाली बनाने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। स्वतंत्र देव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच थी कि संगठन के द्वारा ऐसे कार्यकर्ताओं का निर्माण करना है जो राष्ट्र के लिए, गरीब के लिए समर्पित हो और भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए निरंतर कार्य करते रहें।

# हर जरूरतमंद को मिलना चाहिए सरकारी योजनाओं का लाभः सीएम

## मुख्यमंत्री ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर गोरखपुर में किया गरीब कल्याण मेले का शुभारम्भ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर जिले के भरोहिया ब्लाक से गरीब कल्याण मेला का शुभारंभ किया। प्रदेश के सभी 826 ब्लाकों में लोगों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए यह मेला आयोजित किया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जरूरतमंद को योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। प्रदेश एवं केंद्र सरकार ऐसे हर व्यक्ति के साथ खड़ी है।

गुरु गोरखनाथ विद्या पीठ के परिसर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी सरकार के कार्य करने की कसौटी की पहचान संकट के समय होती है। पूरी दुनिया वर्तमान समय में कोरोना महामारी के संकट से जूझ रही है। कोरोना से बचाव के लिए पूरी दुनिया में भारत का प्रबंधन सबसे अच्छा रहा और सर्वाधिक आबादी वाले इस प्रदेश का प्रबंधन देश के सभी राज्यों में सबसे बेहतर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के दोनों चरणों में गरीबों में निशुल्क राशन वितरित किया गया। पहले चरण में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अप्रैल 2020 से नवंबर 2020 तक तथा दूसरे चरण में मई 2021 से नवंबर 2021 तक देश में करीब 80 करोड़ लोगों को जबकि प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। ऐसा काम कोई संवेदनशील एवं लोककल्याण के लिए समर्पित सरकार ही कर सकती है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण के लिए दी गई सीख से प्रेरणा एवं प्रकाश लेकर हम एक भारतए श्रेष्ठ भारत परिकल्पना को साकार करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब कल्याण मेला अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया है। दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन में 20 साल सात अक्टूबर को पूरा हो रहा है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शनिवार को उनके सरकारी आवास पर उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने शिष्टाचार भेंट की

## खराब मौसम के चलते गोंडा नहीं जा पाए सीएम

**लखनऊ।** मौसम की खराबी के चलते शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपना प्रस्तावित कार्यक्रम बदलना पड़ा। जिसके चलते वह पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर गोंडा नहीं जा सके। उन्होने गोरखपुर से लखनऊ आना पड़ा। पहले से तय कार्यक्रम के तहत सीएम योगी को गोरखपुर से गोंडा जाना था। गोंडा तथा पास के जिलों में भारी बारिश के कारण वहां हेलीकाप्टर का उतरना पाना कठिन था।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शीबा खान (वर्तमान स्वामिनी) के भूखण्ड सं0 1, हाई स्काई कालोनी खसरा संख्या 551 का भाग ग्राम तकरोही वार्ड शहीद भगत सिंह लखनऊ का मूल विक्रय विलेख दिनांकित 20.12.2004 जो अयोध्या प्रसाद द्वारा तहसीन फातिमा के पक्ष में निष्पादित है तथा उपनिबंधक तृतीय लखनऊ में बही 1 जिल्द 4823 पृष्ठ 01-30 क्रमांक 7384 पर पजीकृत है, खो गया है, जो कि पंकज कुमार गुप्ता द्वारा श्रीमती शीबा खान से क्रय किया जा रहा है जो कि पी0एन0बी0 हाउसिंग से लोन के सापेक्ष बन्धक किया जायेगा। इसका किसी भी व्यक्ति/संस्था द्वारा प्रयोग पूर्णतः गैरकानूनी व शून्य होगा। यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति या हित है तो साक्ष्य व दस्तावेजो के साथ इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी से संम्पर्क करे।

**अमित कुमार सिंह राठौर (एडवोकेट)**
**पता-चेम्बर नं. 7, यूजी०एफ0, कृष्णा टावर चकबस्त रोड कैसरबाग लखनऊ।**
**मो. नं. 9559811119**

## ईआरपी पर पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर की जांच कर लें किसानः भूसरेड्डी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आयुक्त** गन्ना एवं चीनी संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि आसन्न पेराई सत्र 2021-22 में किसानों को गन्ना पर्चियां केवल एसएमएस पर्ची के रूप में मोबाइल फोन पर प्रेषित की जाएंगी तथा क्रय केन्द्रों पर प्रतिदिन होने वाली तौल की एक्नॉलेजमेन्ट शीट भी चस्पा की जायेगी। जिसके माध्यम से भी किसान अपनी पर्ची के विषय में जान सकेंगे । इसलिए यह आवश्यक है कि ईआरपी पर गन्ना किसानों का सही मोबाइल नंबर पंजीकृत हो । इसके लिए उन्होंने गन्ना किसानों से अपील की है कि वे ईआरपी पर पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर की जांच कर लें, यदि नम्बर गलत है तो अपने गन्ना पर्यवेक्षक के माध्यम से अथवा ई गन्ना एप पर स्वयं अपना सही मोबाइल नंबर अपडेट कर लें। भूसरेड्डी ने बताया कि एसएमएस इनबॉक्स भरा होने, मोबाइल स्विच ऑफ होने एवं डीएनडी एक्टिवेट होने की स्थिति में पर्ची का संदेश 24 घंटे के पश्चात स्वयं निरस्त हो जाता है जिसके कारण गन्ना किसान को अपनी पर्ची की जानकारी नहीं प्राप्त हो सकेगी । इसलिए सभी किसान भाई समय पर अपनी पर्ची प्राप्त करने के लिए अपना मोबाइल इनबॉक्स खाली रखें तथा मोबाइल को चार्ज करके चालू दशा में रखें तथा डीएनडी को एक्टिवेट न करें ताकि सर्वर द्वारा प्रेषित पर्ची उनके मोबाइल पर उन्हें रियल टाइम में प्राप्त हो जाए।

## भाजपाराज में पूरी तरह से उपेक्षित हैं गांवः अखिलेश



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार का किसानों के प्रति रवैया पूर्णतया अपमानजनक और संवेदनशून्य है। तीन किसान विरोधी कानूनों को रद्द करने तथा एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर चल रहे ऐतिहासिक किसान आंदोलन को 10 महीने हो रहे है। उसका स्वरूप और आकार बढ़ता ही जा रहा है। अर्थव्यवस्था में ग्रामीण कृषि का प्रथम स्थान आता है। भाजपा राज में गांव पूर्णतया उपेक्षित हैं। खेती-किसानी बर्बाद है। किसान को न तो फसलों की एमएसपी मिल रही है और न हीं किसान की आय दुगनी करने का वादा निभाया जा रहा है। गन्ना किसानों का 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बकाया है। जब भाजपा सरकार बकाया ही नहीं दे पा रही है तो वह उस पर लगने वाला ब्याज कहां से अदा करेगी। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2022 के विधान सभा चुनावों को दृष्टिगत मुख्यमंत्री किसानों को तरह-तरह का लालच देकर राजनीतिक स्वार्थपूर्ति करना चाहते है। मुख्यमंत्री साढ़े चार वर्ष बाद चाहे जो घोषणा करे उससे किसानों का कोई दीर्घकालिक लाभ नहीं हो सकता। भाजपा को सत्ता से बाहर जाना ही होगा।

## बीजेपी किसान मोर्चा का सम्मेलन आज, सीएम को करेंगे सम्मानित

**लखनऊ।** बीजेपी किसान मोर्चा 26 सितंबर को दोपहर 12 बजे से डिफेंस एक्सपो ग्राउण्ड वृन्दावन योजना शहीद पथ पर किसान सम्मेलन आयोजित करेगा। किसान सम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रदेश कार्यालय पर शनिवार को भाजपा किसान मोर्चा की बैठक हुई। किसान सम्मेलन में उत्तर प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा से किसान आकर प्रदेश सरकार द्वारा किसानो के हित में किये गए कार्य के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद ज्ञापित कर उनका सम्मान करेंगे। किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने बताया कि इस किसान सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष भाजपा स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राजकुमार चाहर, प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा गन्ना मंत्री सुरेश राणा रहेंगे।

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-8, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक : 436/EE-8/21-22 दिनांक : 24.09.2021

**(अति-अल्पकालीन निविदा-सूचना)**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 30.9.2021 को अपराह्न 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-8 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदाएं दिनांक 30.9.2021 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-8 के कार्यालय में अपराह्न 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 30.9.2021 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-8 के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. विद्यावती-।। एवं विद्यावती-।।। में विभिन्न 14 स्थानों पर क्षतिग्रस्त मेनहोलों की मरम्मत व कवर लगाने का कार्य, धरोहर राशि रु० 3400/- एवं निविदा मूल्य रु० 150/-

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-8**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

## रामदास आठवले की बहुजन कल्याण यात्रा आज से

**लखनऊ।** यूपी में विधान सभा चुनाव को देखते हुए केंद्र सरकार के घटक दल रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले रविवार से सहारनुपर में बहुजन कल्याण यात्रा की शुरूआत करेगा। आरपीआई के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से आरपीआई विधानसभा चुनाव 2022 का आगाज कर रही है। 26 सितंबर को पार्टी अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री डॉ. रामदास आठवले सहारनपुर से इस यात्रा का सुभारंभ करेंगे। बहुजन कल्याण यात्रा प्रदेश के सभी जनपदों से होते हुए 18 दिसंबर को लखनऊ पहुंचेगी। उस दिन रमाबाई अंबेडकर पार्क में बहुजन कल्याण महारैली का आयोजन होगा। जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य केंद्रीय मंत्रीगण मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य बहुजन समाज को राजनीतिक, सामाजिक रूप से जागरूक करके उनके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना है। ऐसे लोगों से बचाना है जो बहुजन अधिकारों के नाम पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकते हैं और बहुजनों का रत्ती भर भी कल्याण नहीं करते।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम ज्ञानी कश्मीर सिंह से बदलकर कशमीर सिंह पुत्र बलवन्त सिंह पता - 30A-I कृष्णा नगर गुरुद्वारा लखनऊ कर लिया है।

**NOTICE**

I am Shiv Kumar s/o Firatu 13987916Y EX Hav army vill-P.o.- Fariha, Tah-p.s-Nizamabaad, dist. Azamgarh. In the record of my service book my son Vikash Kumar date of birth by mistake 22-7-1999 that is incorrect. The Correct date of birth of Vikash Kumar in high school mark-sheet is 27-05-1999 .

## यूपी को मिले मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए सीएम ने पीएम का आभार जताया

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार द्वारा यूपी को एक मेडिकल डिवाइस पार्क स्वीकृत किए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह मेडिकल डिवाइस पार्क प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाएगा। यह पार्क प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को मूर्त रूप प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान करेगा। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि जनपद गौतमबुद्धनगर के यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण में 350 एकड़ भूमि में यह मेडिकल डिवाइस पार्क स्थापित किया जाएगा। इस पार्क में लगभग 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश संभावित है। इस मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# यूपी में लगे 10 करोड़ से ज्यादा टीके

## 55 फीसदी आबादी को लग चुकी है पहली डोज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोविड** नियंत्रण की शानदार रणनीति के लिए सराहे जा रहे उत्तर प्रदेश ने कोविड टीके की 10 करोड़ से अधिक डोज लगाकर नया रिकॉर्ड बनाया है। 10 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाला यूपी देश का एकमात्र राज्य है। यहां तेज टीकाकरण की नीति के क्रियान्वयन को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि 3 अगस्त को 5 करोड़ डोज पूरा करने के बाद अगले 54 दिनों में 5 करोड़ और वैक्सीन डोज दी गई। जबकि टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत में पहले एक करोड़ टीके लगाने में करीब 100 दिन लगे थे। शनिवार को 10 करोड़ का आंकड़ा पार होने के खास मौके को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य कर्मियों और आमजनता को समर्पित किया।



टीकाकरण की देशव्यापी स्थिति को देखें तो यूपी पहले पायदान पर बना हुआ है। दूसरे स्थान पर 07.78 करोड़ डोज लगाकर महाराष्ट्र है जबकि मध्य प्रदेश, गुजरात और पश्चिम बंगाल, क्रमश तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। उत्तर प्रदेश में वैक्सीनेशन की ताजा स्थिति के अनुसार 18 वर्ष से अधिक उम्र के 15 करोड़ 4 लाख लोगों को टीका लगाया जाना है। खबर लिखे जाने तक इसमें से 8 करोड़ 15 लाख लोगों ने टीके की पहली डोज ले ली है जबकि 1 करोड़ 85 लाख से अधिक लोगों को दोनों डोज लग चुकी है।

### 2.15 लाख टेस्ट, 67 जिलों में नहीं मिले नए मरीज

**कोरोना** महामारी की रोकथाम के लिए प्रदेश में जारी एग्रेसिव ट्रेसिंग, टेस्टिंग और त्वरित ट्रीटमेंट की नीति बेहद कारगर रही है। यूपी में कोरोना की दूसरी लहर नियंत्रण में है और नए केस मिलने की संख्या भी बेहद कम है। ताजा स्थिति को देखें तो विगत 24 घंटे में हुई 2 लाख 15 हजार 209 सैम्पल की टेस्टिंग में मात्र 14 नए मरीज मिले। इसी अवधि में 26 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 177 रह गई है। प्रदेश के 30 जिलों में कोविड का एक भी एक्टिव केस नहीं है। विगत दिवस हुई कोविड टेस्टिंग में 67 ज़िलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं मिला। यही नहीं टेस्टिंग और टीकाकरण में नम्बर देश में नंबर एक यूपी में अब तक 7 करोड़ 75 लाख 81 हजार से अधिक सैम्पल की कोविड जांच की जा चुकी है। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार अब तक 16 लाख 86 हजार 694 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। कोविड की ताजा स्थिति के अनुसार अमेठी, अमरोहा, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, बागपत, बलिया, बांदा, बहराइच, बिजनौर, फर्रुखाबाद, गोंडा, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई, हाथरस, कानपुर देहात, कासगंज, महोबा, मिर्जापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, रामपुर, संतकबीरनगर, शाहजहांपुर, शामली, श्रावस्ती, सीतापुर और सोनभद्र जिले में कोविड का एक भी एक्टिव मरीज नहीं है।

**रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली**

सं0- 105/राविप्रा/न्या0अनु0/2021 दि0 23.9.2021

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि रायबरेली विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र की सीमा के अन्तर्गत श्री दलजीत सिंह पुत्र स्व0 बलवन्त सिंह, श्री बलदीप सिंह पुत्र श्री दलजीत सिंह, श्री रघुवीर सिंह मोंगा पुत्र श्री रन्जीत सिंह एवं श्री हरजीत सिंह पुत्र श्री रन्जीत सिंह द्वारा गाटा स्थित गाटा संख्या-29मि0, 30 मि0, अहमदपुर नजूल, कचेहरी रोड, रायबरेली क्षेत्रफल 502.15 वर्ग मी0 पर बाजार मार्ग तत्पश्चात् फुटकर दुकान के प्रयोजन हेतु शमन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। रायबरेली महायोजना-2021 के अन्तर्गत निहित जोनिंग रेगुलेशन्स के अनुसार 12.00 मी0 चौड़ी सड़क पर आवासीय भाग को फुटकर दुकानों हेतु प्रभाव शुल्क लेकर सशर्त अनुमति दी जा सकती है। यह स्थल रायबरेली महायोजना- 2021 के अन्तर्गत 18 मीटर चौड़े महायोजना मार्ग पर स्थित है। प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर यदि जन साधारण को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो प्राधिकरण कार्यालय के न्यायालय अनुभाग में प्राप्त करा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**(बी0पी0 मौर्य)**
**अधीक्षण अभियन्ता/प्रवर्तन प्रभारी**

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# सात लोगों ने मिलकर रची थी हिस्ट्रीशीटर अन्नू की हत्या की साजिश, तीन गिरफ्तार

## सआदतगंज पुलिस ने किया खुलासा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राजधानी** के सआदतगंज इलाके में 14 दिन पूर्व कैम्पबेल रोड के पास गोली मारकर की गई 35 वर्षीय अन्नू उर्फ अनवर की हत्या की साजिश 7 लोगों ने मिलकर रची थी। हत्याकांड की विवेचना में सात लोगों के नाम प्रकाश में आए हैं। इनमें से तीन अभियुक्तों भूइयन देवी मंदिर के पास वजीरबाग, सआदतगंज के रहने वाले फैज, महबूबगंज सआदतगंज के रहने वाले सिद्धीक और रुस्तम नगर दरगाह हजरत अब्बास रोड सआदतगंज निवासी मजहर अली उर्फ जुगनू को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया। सिद्दीक के खिलाफ एक और जुगनू के खिलाफ दो मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

एसीपी बाजार खाला विजय राज सिंह ने बताया कि घटना के दिन 6 लोगों की मौजूदगी घटनास्थल के आसपास ही थी। उन्होंने बताया कि अभी तक कुल 5 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। एक आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया जबकि अंबरगंज सहादतगंज का रहने वाला युसूफ अभी फरार चल रहा है। अन्नू उर्फ अनवर की हत्या के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पता चला कि गिरफ्तार किए गए तीनों लोग घटनास्थल के आसपास ही मौजूद थे। अन्नू उर्फ अनवर की हत्या की साजिश इन सभी लोगों ने मिल कर रची थी। एक आरोपी युसूफ अभी फरार है जिसकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है । उल्लेखनीय है कि बीती 12 तारीख की रात करीब 8 बजे कैम्पबेल रोड पर स्थित बाजपाई पूड़ी भंडार के पास सहादतगंज थाने के हिस्ट्रीशीटर 35 वर्षीय अन्नू उर्फ अनवर के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई थी । घटनास्थल से ही शारिक को गिरफ्तार भी कर लिया गया था।

गौरतलब है कि अन्नू उर्फ अनवर के भाई अख्तर की भी तंबाकू मंडी में ही गोली मारकर हत्या की गई थी। अन्नू उर्फ अनवर के खिलाफ विभिन्न थानों में करीब 17 मुकदमे दर्ज हैं और वो सहादतगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर भी था।

## बिजली चोरी रोकने के लिए चलाया गया अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एमडी** मध्यांचल एसपी गंगवार के निर्देश पर विद्युत चोरी रोकने के लिए चलाये जा रहे रात्रि अभियान तथा विशेष कॉबिंग अभियान के अन्तर्गत शनिवार को अपट्रॉन डिवीजन के अधिशासी अभियन्ता द्वारा उपखण्ड अधिकारी नूरबाड़ी तथा विभागीय विजिलेंस टीम के साथ मिलकर सुल्तानपुर गढ़ैया सआदतगंज लखनऊ में लाइन हानियां कम करने के लिए सघन कॉबिंग एवं बकाये पर विद्युत संयोजन के विच्छेदन का कार्य किया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र के लगभग 70 आवासीय परिसरों की जांच की गयी। जांच के दौरान 3 विद्युत उपभोक्ताओं ने मौके पर ही अपना विद्युत भार बढ़वाया तथा 5 विद्युत उपभोक्ताओं का संयोजन 1.20 लाख बकाया होने पर विच्छेदित कर दिया गया। 4 विद्युत उपभोक्तओं द्वारा सीधे केबिल डालकर, मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी पाई जाने पर विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत धारा 135 में विद्युत थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी।

# केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल ने सड़कें गड्ढ़ामुक्त कराने के दिए निर्देश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## जिला विकास समंवय व निगरानी समिति की बैठक में हुई सरकारी योजनाओं की समीक्षा

**मोहनलालगंज** में केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। मंत्री द्वारा सभी विभागों को सड़के गड्ढ़ामुक्त कराने का निर्देश दिए गए। लापरवाही पर सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों, ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी।

शनिवार को मोहनलालगंज में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कौशल किशोर केंद्रीय राज्यमंत्री, आवास एवं शहरी कार्य की अध्यक्षता में विकास भवन में हुई। बैठक शुरू होने से पहले विधायक लखनऊ पश्चिम सुरेश कुमार श्रीवास्तव को पुष्पांजलि अर्पित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी योजनाओं में पूरे किये गये कार्यो का लोकार्पण क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से कराया जाये। इसके साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये गये कि आयुष्मान योजना के गोल्डन कार्ड बनाने के लिए टीकाकरण केन्द्र, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से विचार-विमर्श कर दूसरे स्थान पर कैम्प लगाकर दो सप्ताह मे सभी पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाये। सड़क निर्माण से सम्बन्धित सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि सभी सड़के गड्ढ़ामुक्त करा दी जाएं। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों, ठेकेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी।

### व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने के निर्देश

बैठक के अन्त में अध्यक्ष द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती होने के उपलक्ष्य में उन्हें याद करते हुए बैठक में लिये गये निर्णयों और जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाये गये बिन्दुओं पर समुचित कार्रवाई करने की अधिकारियों को निर्देश दिये। भारत सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने की हम सब लोगों की जिम्मेदारी है, ताकि समाज के अन्तिम पायदान के व्यक्ति को योजनाओं का पूर्ण लाभ मिल सके।

### इन योजनाओं पर हुई चर्चा

बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयीए जिसमें प्रमुख रूप से ग्रामीण ज्योति योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत योजना, स्मार्ट सिटी, मनरेगा, श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय पेयजल योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य योजना, सर्व शिक्षा अभियान, मिड डे मील योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री कृषि सिचांई एवं फसल बीमा योजना की विशेषरूप से समीक्षा की गयी।

# अवध बार एसोसिएशन चुनाव की मतगणना आज

विधि संवाददाता। लखनऊ

## शांतिपूर्ण संपन्न हुआ मतदान, 22 पदों के लिए पड़े 2368 वोट

**अवध** बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव शनिवार को हाईकोर्ट परिसर में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। अध्यक्ष व महासचिव समेत 22 पदों के लिए कुल 2368 मतदाताओं ने अपने मत का इस्तेमाल किया। मतों की गिनती रविवार की सुबह 10 बजे से शुरू होगी।

सहायक चुनाव अधिकारी मुरली मनोहर श्रीवास्तव ने बताया कि इस चुनाव में हाईटेक टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया गया। मतदाताओं को पहले ही क्यूआर कोडेड एंट्री पास जारी किए गए थे। इस पास को स्कैन करने के बाद ही मतदाताओं को बैलेट पेपर दिए जा रहे थे। हाईकोर्ट के सख्त रुख को देखते हुए चुनाव के दौरान सिर्फ वैध मतदाताओं को ही परिसर में प्रवेश दिया गया। किसी भी प्रत्याशी को टेंट लगानेए भोजन बंटवाने अथवा प्रचार सामग्री लगाने की इजाजत नहीं दी गई थी। उन्होंने हाईकोर्ट स्टाफको धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यह भी बताया कि शनिवार को नए मुकदमों व प्रार्थना पत्रों की फाइलिंग की व्यवस्था परिसर के बाहर गेट नंबर छह पर की गई थी। इससे मुकदमों की फाइलिंग इत्यादि भी सुचारू रूप से चलती रही।

# सरोजनीनगर में चार शातिर जालसाज गिरफ्तार

संवाददाता। सरोजनीनगर



**सरोजनीनगर** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार को एटीएम कार्ड बदल और चोरी कर उसकी डाटा क्लोनिंग कर लोगों के खाते से पैसा निकालने वाले शातिर गैंग के चार लोगों को धर दबोचा जबकि उनका एक साथी फरार है। पुलिस ने उनके कब्जे से डाटा क्लोनिंग करने के कई उपकरण बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सरोजनीनगर थाने के प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह के मुताबिक उन्हें शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली की लोगों के एटीएम बदलकर एवं चोरी कर उनकी डाटा क्लोनिंग करके खाते से पैसा निकालने वाले कुछ संदिग्ध युवक इलाके में ही मौजूद हैं। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने चार युवकों को मौके से धर दबोचा। पूछताछ में चारों ने अपना नाम प्रतापगढ़ के जेठवारा इलाके में रहने वाले सूरज गौतम उर्फ कप्तान इसी जिले के संग्रामगढ़ इलाका निवासी अनिल सिंह, प्रतापगढ़ के ही नसीराबाद इलाके में रहने वाले धीरज सिंह और रायबरेली जिले के सलोन थाना क्षेत्र में रहने वाली लाखन सिंह उर्फ अभिषेक बताया। पुलिस ने बताया कि इनके पास से एक लैपटॉप, पांच मोबाइल, एक मैग्नेटिक कार्ड रीडर, तीन एटीएम कार्ड स्वाइप डिवाइस मिनी डीएक्स पांच रीडर, अलग-अलग बैंकों के अट्ठारह एटीएम कार्ड, 13 ब्लैक मैग्नेटिक एटीएम कार्ड और दो सीडी डाटा क्लोनिंग सॉफ्टवेयर बरामद हुए है। जबकि प्रतापगढ़ जिले के ही मांधाता थाना इलाके में रहने वाला इनका एक साथी सूरज सरोज उर्फ भूपेंद्र अभी फरार है। पुलिस पूछताछ में चारों ने बताया कि बीती 23 सितंबर को सरोजनीनगर के ही सेंट थॉमस स्कूल तिराहा, शांति नगर मोड़ पर एक लड़का एक्सिस बैंक के एटीएम पर अपने एटीएम कार्ड से रुपए निकाल रहा था। तभी हम लोगों ने लाइन में लगकर बातों में उलझाते हुए उस लड़के का एटीएम कार्ड बदल दिया और उसे उसी बैंक का दूसरा एटीएम कार्ड पकड़ा दिया। इस मामले में 24 सितंबर को सरोजनीनगर के ही त्रिमूर्ति नगर निवासी अभिषेक यादव ने अज्ञात युवकों के खिलाफ तहरीर दी थी। जिसके बाद आज शनिवार को घटना अंजाम देने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर रकम भी बरामद कर ली गई है। फिलहाल पुलिस ने चारों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है जबकि उनके फरार साथी की तलाश की जा रही है।

# हसनगंज में चार सटोरिए धरे गए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**हसनगंज** पुलिस ने इलाके में सक्रिय चार सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से हजारों की नगदी और सट्टे से संबंधी पर्चियां बरामद हुई हैं। एडीसीपी उत्तरी प्राची सिंह ने बताया की हसनगंज इलाके में काफी समय से सट्टा खेले जाने की सूचनाएं मिल रही थीं। शनिवार की प्रात: पुलिस ने सटीक सूचना के आधार पर चार सट्टेबाजों हसनगंज निवासी रोहित अग्रवाल, गोविंदा, बबलू निषाद और शुएब को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 16 हजार रुपए नगद और सट्टे की पर्चियां व मोबाइल फोन बरामद हुए हैं।

# शहर के तीन मेधावियों को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**संघ** लोक सेवा आयोग में सफल होने वाले तीन मेधावियों को ज़िलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। जिलााधिकारी द्वारा हौसला अफ्ज़ाई कर उनका मनोबल बढ़ाया। ज़िलाधिकारी द्वारा पुस्तक भेंट करके सभी को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

शनिवार को ज़िलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने बताया कि यह बड़ी गर्व की बात है कि इस बार जनपद से चार मेधावियों का संघ लोकसेवा आयोग में चयन हुआ। जिलाधिकारी द्वारा चयनित 3 कैंडिडेट को अपने शिविर कार्यालय में सम्मानित किया गया। ज़िलाधिकारी द्वारा सभी को पुस्तक भेंट करके उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की गईं। चयनित कैंडिडेट विधु शेखर रैंक 54, शिवाक्षी दीक्षित रैंक 64 और दिव्यांशु निगम का रैंक 44 है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार और अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी केपी सिंह भी उपस्थित रहे।

# डॉ. जगदीश गांधी 'ऑनररी डॉक्टरेट' की उपाधि से सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सिटी** मांटेसरी स्कूल के संस्थापक डा. जगदीश गांधी को क्वीन्स यूनिवर्सिटी बेलफास्ट, यूके, द्वारा ऑनररी डॉक्टरेट 'सामाजिक विज्ञान मानद उपाधि' से सम्मानित किया गया है, जो कि लखनऊ ही नहीं अपितु सारे देश के लिए गौरव का विषय है।

डा. गांधी के साइटेशन में कहा गया है कि डा. जगदीश गांधी न सिर्फ एक विश्वविख्यात शिक्षाविद् होने के साथ ही सच्चे अर्थों में एक दृष्टा हैं। आपने अपनी पत्नी डा. भारती गांधी के साथ विश्व कल्याण की भावना से वर्ष 1959 में लखनऊ में सिटी मांटेसरी स्कूल की स्थापना की और 5 बच्चों से शुरू होकर आज यह स्कूल 55,000 छात्रों के साथ छात्र संख्या के आधार पर विश्व का सबसे बड़ा विद्यालय है। हालांकि मात्र सर्वाधिक छात्र संख्या वाला विद्यालय होना ही इसकी विशेषता नहीं है अपितु सर्वाधिक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि इसका मुख्य ध्यान वैश्विक नागरिकता पर है और अपने छात्रों को विश्व नागरिक बना रहा है। यही सी.एम.एस.



डॉ.जगदीश गांधी की अनुपस्थित में हिलेरी क्लिंटन से उपाधि प्राप्त करतीं उनकी पुत्री डॉ. नीता गांधी फरूही

की मूल शैक्षिक भावना को रेखांकित करता है। डा. गांधी ने विश्व में एकता व शान्ति स्थापना के लिए अनकों सकारात्मक व सार्थक पहल की है जो कि स्थानीय, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर एकता व शान्ति के लिए अहम हैं। इनमें विद्यालय के 28 अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम भी शामिल हैं, जो विश्व एकता के लिए प्रेरित करते हैं।

क्वीन्स यूनिवर्सिटी की चांसलर व अमेरिका की सेक्रेटरी हिलेरी क्लिंटन ने शैक्षिक जगत में अतुलनीय योगदान के लिए डॉ. जगदीश गांधी को 'ऑनररी डाक्टरेट' की उपाधि से सम्मानित किया। डा. गांधी की व्यक्तिगत अनपस्थिति में उनकी पुत्री नीता गांधी फरूही, जो कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में मेडिसिन की प्रोफेसर हैं, ने क्लिंटन से यह उपाधि प्राप्त की। अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ. जगदीश गांधी ने कहा कि 'क्वींस यूनिवर्सिटी द्वारा 'ऑनररी डॉक्टरेट' की उपाधि प्रदान किये जाने पर मैं कृतज्ञ हूं। वास्तव में, पूरे सी.एम.एस. परिवार के लिए यह गौरव का क्षण है, जिसे हमारे छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों ने इस ऊंचाई पर पहुंचाया है। हमारे मेधावी छात्रों व विद्वान शिक्षकों की बदौलत ही आज यह सम्मान अर्जित हुआ है, जिन्होंने अपने अथक परिश्रम से सी.एम.एस. को विश्व पटल पर स्थापित किया है और अपनी उपलब्धियों से सी.एम.एस. को अन्तर्राष्ट्रीय पहचान दिलायी है।

# पुलिसकर्मी बनकर टप्पेबाजों ने महिला के जेवरात उड़ाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के ठाकुरगंज इलाके में शनिवार को दिनदहाड़े नकली पुलिस कर्मियों ने एक परचून की दुकान पर बैठी महिला को झांसा देकर गले में पहनी सोने की चेन और कान के टॉप्स उतरवा लिए और हाथ की सफाई का हुनर दिखाते हुए कागज में लपेट कर महिला को कंकड़ पत्थर थमा दिया और फरार हो गए।

टप्पेबाजी की ये घटना शनिवार की दोपहर करीब 2 बजे बालागंज चौकी क्षेत्र में हुई । पीड़िता के पुत्र के द्वारा ठाकुरगंज थाने में तहरीर दे दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच कर रही है। महेशपुरी कॉलोनी बालागंज ठाकुरगंज में अपने परिवार के साथ रहने वाले राज नारायण मिश्रा घर में ही परचून की दुकान चलाते हैं। शनिवार की दोपहर राज नारायण मिश्रा अपनी 58 वर्षीय पत्नी समंदर मिश्रा को अपनी दुकान पर बैठा कर घर में खाना खाने के लिए गए थे। दुकान पर समुंदर मिश्रा बैठी थी। तभी मोटर साइकिल पर सवार होकर दो व्यक्ति आए और अपने आप को पुलिस कर्मी बता कर उन्होंने समुंदर मिश्रा से कहा कि करीब में ही गला रेतकर महिला की हत्या की गई है और तुम गले में सोने की चेन पहने बैठी हो । इससे पहले कि समुंदर मिश्रा टप्पेबाजो की हरकतों को भाप पाती टप्पेबाज़ों ने रौब गांठते हुए उनसे जेवर उतारने को कहा।

समंदर मिश्रा ने जेवर उतार दिए तभी टप्पेबाज ने उनसे ज़ेवर मांगे और कहा कि मुझे दो हम हस्ताक्षर करके देंगे। किसी भी आपराधिक घटना से अनजान समंदर मिश्रा देवी ने जेवर उतारकर टप्पेबाज़ों के हवाले कर दिया। टप्पेबाज़ों ने जेवर को एक कागज में लपेटा और हाथ की सफाई के हुनर का इस्तेमाल करते हुए कागज की पुड़िया को बदल दिया। कंकर पत्थर भरी पुड़िया टप्पेबाजों ने समुंदर मिश्रा को सौंपी और मोटरसाइकिल स्टार्ट कर फरार हो गए। इन फर्जी पुलिस कर्मियों के जाने के बाद उन्होंने जब पुड़िया खोलकर देखी तो उसमें कंकड़- पत्थर पाकर उनके होश उड़ गए । समंदर मिश्रा के पुत्र प्रदीप मिश्रा ने पुलिस को तहरीर दी है। प्रदीप का कहना है कि उनकी मां की चैन करीब 12 ग्राम सोने की थी और टॉप्स काफी पुराने थे।

# अब सीधे लाभार्थी के खाते में जाता है सरकार का पैसा: गोविंद शुक्ला

## मोहनलालगंज ब्लाक में आयोजित हुआ गरीब कल्याण मेला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मोहनलालगंज** में गरीब कल्याण दिवस पर गरीब कल्याण मेला आयोजित किया गया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि गोविन्द नारायण शुक्ल, विधान परिषद सदस्य तथा अध्यक्षता ओम प्रकाश शुक्ल, प्रमुख क्षेत्र पंचायत मोहनलालगंज द्वारा की गयी। ज़िलाधिकारी अभिषेक प्रकाश भी इस मौके पर मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि आज गरीब कल्याण दिवस के अवसर उत्तर प्रदेश के समस्त ब्लाकों पर गरीब कल्याण मेले का आयोजन किया जा रहा है। गरीब कल्याण मेला में ग्राम्य विकास, समाज कल्याण, पंचायती राज, कृषि, बेसिक शिक्षा, बाल विकास पुष्टाहार, आपूर्ति, श्रम एवं उद्यान विभाग के स्टाल लगाये गये। मंचासीन अतिथियों द्वारा एक लाभार्थी को ट्रैक्टर की चाभी, उज्वला योजना के अर्न्तगत 10 गैस कनेक्शन, 50 पैकेट राशन का बैग, 10 आवास की चाभी, 10 पेन्शन स्वीकृति पत्र, 10 आयुष्मान गोल्डेन कार्ड, 40 स्वच्छ भारत मिशन के अर्न्तगत चेक वितरण, 10 किसान क्रेडिट कार्ड, 2 बैंक सखी को लैपटाप, मनरेगा के तहत 10 कैटल शेड, 50 पैकट बीज वितरण तथा 10 कृषि उपकरण वितरित किये गये।

अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने मेले में आये हुये ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुये कहा कि सरकार गरीबों के उत्थान के लिए कृत संकल्प है। किसानों को कृषि फसल बीमा योजना व अन्य कल्याणकारी योजनाओं को चला कर गरीबी दूर करने का कार्य कर रही है। जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने गरीब कल्याण मेंले में आये हुये सभी लाभार्थियों व ग्रामीण वासियों और इस कार्यक्रम में लगे हुये समस्त अधिकारी का उत्साह वर्धन किया। मुख्य अतिथि गोविन्द नारायण शुक्ल नें गरीब मेंला में आये हुये ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुये कहा कि योगी व मोदी सरकार नें गरीबों व किसानों के साथ न्याय करने का कार्य किया है। सरकार का पैसा अब सीधे लाभार्थी के खातें में जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ओम प्रकाश शुक्ल, प्रमुख ने गरीब कल्याण मेंले में आये हुये ग्राम वासियों, मंचासीन अतिथियों तथा विकास खण्ड परिवार के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर पर बैठे हुये व्यक्ति तक पहुचना चाहिये तभी हमारी सार्थकता सिद्ध होगी।

# सरोजनीनगर में स्वाति सिंह ने वितरित किए टूलकिट व उज्वला गैस कनेक्शन

संवाददाता। सरोजनीनगर



**पंडित** दीनदयाल उपाध्याय जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को सरोजनीनगर ब्लॉक कार्यालय पर गरीब कल्याण मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद प्रदेश सरकार की मंत्री स्वाति सिंह ने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मेले में विभिन्न योजनाओं से संबंधित 13 विभागों द्वारा स्टाल लगाकर मौजूद लोगों को योजनाओं की जानकारी दी गई। इस मौके पर मंत्री स्वाति सिंह द्वारा एनएफएसएम योजना के तहत 100 किसानों को राई मिनी किट निशुल्क वितरित की गई। इसके अलावा तिलहन योजना के अंतर्गत 10 हेक्टेयर क्षेत्रफल के लाभार्थियों को शत प्रतिशत अनुदान पर बीज वितरित किया गया। सात कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड, वित्त विकास निगम द्वारा संचालित टेलरिंग शॉप योजना के अंतर्गत 12 सिलाई मशीनें, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त प्रकार की पेंशन, शादी अनुदान, सामूहिक विवाह, कन्या सुमंगला एवं ग्राम विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास के स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मेले में उज्जवला योजना के तहत 10 लाभार्थियों को गैस कनेक्शन के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रधान संघ अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बीकेटी व आलमबाग में रोडवेज बस की चपेट में आकर दो की मौत


पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीकेटी** और आलमबाग क्षेत्र में हुए अलग-अलग हादसों में तेज रफ्तार रोडवेज बस की चपेट में आने से महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद बस ड्राइवर भाग निकला। वारदात की सूचना पर पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं काकोरी में खड़ी ट्राली में बाइक टकराने से घायल हुए बिजली विभाग के संविदाकर्मी की मौत हुई है। इंस्पेक्टर बीकेटी योगेंद्र सिंह के मुताबिक शनिवार सुबह अर्जुनपुर गांव के पास हरियाणा रोडवेज की बस ने स्कूटी में टक्कर मार दी थी। हादसे में इटौंजा माधवपुर निवासी प्रीति बाला गम्भीर रूप से घायल हुई थी। जिनकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद ड्राइवर बस छोड़ कर भाग निकला था। जिसे पुलिस तलाश रही है। इंस्पेक्टर आलमबाग अमरनाथ विश्वकर्मा के मुताबिक शनिवार शाम उन्नाव डिपो की बस आलमबाग से चारबाग की तरफजा रही थी। मवैया पुल के पास राहगीर को बस ड्राइवर ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। इंस्पेक्टर के मुताबिक घायल की पहचान बरहा रेलवे कॉलोनी निवासी जॉनचरण के तौर पर हुई है। घायल को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया था। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# यूपी के साथ व्यापारिक रिश्ते बढ़ाएगा सिंगापुर

## ● मुख्यमंत्री से मिले सिंगापुर के उच्चायुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ से शनिवार को उनके आवास पर सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वॉन्ग वी कुएन ने भेंट की। इस अवसर पर सिंगापुर और भारत, विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के मध्य सम्बन्धों को और प्रगाढ़ करने के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और सिंगापुर के सुदृढ़ सम्बन्ध हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2018 में सिंगापुर की यात्रा की थी। दोनों देशों के मध्य अनेक समझौते हुए थे। राज्य सरकार इसके अनुरूप प्रधानमंत्री जी के विजन को आगे बढ़ाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में व्यापार, उद्यम स्थापना और पूंजी निवेश की अपार सम्भावनाएं हैं। यह देश का सबसे बड़ा बाजार है। यहां की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण सेक्टर में विकास के लिए अनुकूल वातावरण है। आलू, दूध, गन्ना, फल आदि के उत्पादन में राज्य का देश में प्रथम स्थान है। प्रदेश सरकार इनका मूल्य संवर्धन कर किसानों की आय को दोगुना करने के लिए प्रयत्नशील है।

मुख्यमंत्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है और यहां पर कई ऐतिहासिक धरोहरें है। धार्मिक और ईको-टूरिज्म के क्षेत्र में राज्य में भरपूर अवसर मौजूद हैं। प्रदेश की आबादी का 56 प्रतिशत वर्ग कामकाजी है। इस वर्ग का कौशल विकास कर देश-विदेश में इनके लिए रोजगार के बेहतर अवसर सृजित किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर तथा वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर उत्तर प्रदेश से गुजरते हैं। राज्य में दादरी तथा बोराकी में मल्टीमोडल लॉजिस्टिक-ट्रांसपोर्ट हब की स्थापना की जा रही है। यहां पर डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कनेक्टिविटी का निरन्तर विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। वर्तमान में 2 एक्सप्रेस-वे संचालित हैं। इनके अलावाए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे तथा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का तेजी से निर्माण कराया जा रहा है। शीघ्र ही यह लोकार्पित होंगे। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे भी निर्माणाधीन है। राज्य सरकार ने गंगा एक्सप्रेस.वे के निर्माण का भी निर्णय लिया हैए जो भारत के सबसे लम्बे एक्सप्रेस-वे में से एक होगा। शीघ्र इस परियोजना का शिलान्यास किया जाएगा। लखनऊ, नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा गाजियाबाद में मेट्रो रेल परिवहन उपलब्ध है। कानपुर व आगरा मेट्रो रेल परियोजनाएं इस वर्ष के अन्त तक संचालित हो जाएंगी। वाराणसी से हल्दिया के बीच देश का पहला राष्ट्रीय जलमार्ग क्रियाशील है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लखनऊ, वाराणसी तथा कुशीनगर में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे हैं। जेवर में नोएडा इण्टरनेशनल एयरपोर्ट एवं अयोध्या में बनने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को सम्मिलित करते हुए राज्य में अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों की संख्या बढ़कर 5 हो जाएगी। इन सब के दृष्टिगत सिंगापुर और उत्तर प्रदेश परस्पर कई क्षेत्रों में कार्य कर सकते हैं। प्रदेश में पूंजी निवेश, वाणिज्य और व्यापार के लिए सिंगापुर के लिए कई सम्भावनाएं हैं। सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वॉन्ग वी कुएन ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने प्रदेश की इस विकास यात्रा को नजदीक से देखा है। सिंगापुर, उत्तर प्रदेश के विकास में सहभागी बनना चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत में सिंगापुर लार्जेस्ट फॉरेन इन्वेस्टर के रूप में कार्य कर रहा है। सिंगापुर के उच्चायुक्त ने कहा कि डेटा सेण्टर पार्क, फ्रेट कॉरिडोर, जेवर में अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास से उत्तर प्रदेश एक लॉजिस्टिक हब के रूप में स्थापित होगा। डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर में भी सिंगापुर की कम्पनियों के लिए निवेश के अच्छे अवसर हैं। कौशल विकास के क्षेत्र में भी सिंगापुर, उत्तर प्रदेश को सहयोग प्रदान कर सकता है। उन्होंने कहा कि सिंगापुर वायु सेवा का इण्टरनेशनल हब है। इस सुविधा का लाभ उठाकर प्रदेश में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है।

# एसपी ने थाना समाधान दिवस में सुनीं फरियाद



**संवाददाता।** निगोहां

**थाना** समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक लखनऊ ग्रामीण ह्रदेश कुमार ने शनिवार को थाना निगोहा पहुंचकर जनसुनवाई की। इस दौरान एसपी द्वारा फरियादियों की शिकायतों को सुनकर मातहतो को निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। शनिवार को थाना समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ह्रदेश कुमार द्वारा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि थाना समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाए तथा मौके पर जाकर जांचोपरान्त शिकायत का समाधान किया जाये। एसपी द्वारा थाना समाधान दिवस के रजिस्टर में दर्ज शिकायतों की निस्तारण जांच आख्या की समीक्षा भी की गयी और लंबित सभी प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। थाना समाधान दिवस में सीओ सैय्यद नईमूल हसन, तहसीलदार राजेश विश्वकर्मा, थाना प्रभारी जीतेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन **'खुली' ई-निविदायें** आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:- **क्र.सं.: 1, ई-निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-129, **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के गोरखपुर कैंट-मनकापुर (अप लाइन) में किमी. 579/0 से 558/0 एवं किमी. 622/0 से 625/0 कुल 12.00 किमी. 60 किग्रा रेल के साथ पी.क्यू.आर.एस. द्वारा सी.टी.आर. (पी.) कार्य।, **अनुमानित लागत (₹):** 3,11,40,516.71, **समापन अवधि:** 18 माह, **क्र.सं.: 2, ई-निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-130, **कार्य का नाम:** वमइं/प्रथम/लजं के अधिकार क्षेत्र में समई/पश्चिम/गोरखपुर सब-डिवीजनः गोरखपुर यार्ड में 52 केजी S/H रेल के साथ पुरानी वाशिंग पिट लाइन सं. 32, 33 एवं 34 पर कुल 1.55 किमी टी.आर.आर. (एस.) कार्य।, **अनुमानित लागत (₹):** 29,16,013.24, **समापन अवधि:** 12 माह, **क्र.सं.: 3, ई-निविदा संख्या:** NER-LJN-2021-131, **कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के वमइं/प्रथम/लजं के अधिकार क्षेत्र में गोरखपुर, जगतबेला, मगहर, खलीलाबाद, चुरेब, ओखारा, बस्ती, गोविन्दनगर, गौर, बभनान, स्वामीनारायणछपिया, लखपतनगर और झिलाही स्टेशनों पर एसपी, एसएसपी, टीएसएस भवन की मरम्मत - (कुल 14 नग) (टीआरडी के स्वीकृत कार्य के विरूद्ध लखनऊ-गोरखपुर खंड में अर्थिंग सिस्टम में सुधार), **अनुमानित लागत (₹):** 13,42,666.01, **समापन अवधि:** 12 माह, **नोट:** (1) उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2021-129-131 के लिये ई-निविदा दिनांक **22.10.2021** को **15.00** बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय **15.00** बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **(2)** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग**
**मुजाधि/डब्ल्यू-190** **लखनऊ**

**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल न. 09794845955 पर SMS करें।**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"



**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0 ई-निविदा सूचना** सक्षम एवं अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों/संस्थाओं से निम्नलिखित क्रय हेतु दो भागों में निविदा आन-लाइन आमंत्रित की जाती है। जिसके खुलने की तिथि 20.10.2021 के 15:00 बजे निर्धारित है। आनलाइन निविदा बेबसाइड (https:/etender. up.nic.in) पर तिथि 20.10.2021 को 11:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है निविदा मूल्य (GST सहित) एवं धरोहर धनराशि NEFT/ RTGS के माध्यम से अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, द्वितीय इलाहाबाद के बैंक खाते मे सीधे स्थानांतरित किया जायेगा। तथा उसका साक्ष्या ई टेण्डर के डाक्यूमेन्ट के साथ अपलोड किया जायेगा, कार्य/क्रयदायी संस्था को साझा फर्म व एकल मालिक के सम्बन्ध में अभिलेख, तकनीकी, वाणिज्यिक एवं अन्य नियम व शर्तें प्रथम भाग में तथा दरें द्वितीय भाग में ई-निविदा के माध्यम से अपलोड करना होगा निविदाओं के प्रथम भाग की शर्तों को पूर्ण होने के उपरान्त ही निविदाओं का द्वितीय भाग खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र सम्बन्धी सभी जानकारियॉ इलेक्ट्रॉनिक टेण्डरिंग के माध्यम से उ0प्र0 शासन के ई-प्रोक्यारमेंट पोर्टल की बेबसाइट पर (https:/etender.up.nic.in) ही प्राप्त की जा सकती है। निविदा में भाग लेने हेतु दिशा निर्देश उक्त ई-निविदा के बेबसाइड पर उपलब्ध है। **कार्य का विवरण 01-ई-निविदा संख्या 29/वि0न0वि0मं0द्वि0/ प्रयागराज/ एस0ई0/ 21-22** वि0न0वि0खण्ड-म्योहाल, प्रयागराज के अन्तर्गत जमा योजना में सेमी-टर्न-की आधार पर मा0 उच्च न्यायालय हेतु 33 के0वी0 नये विद्युत उपकेन्द्र से सम्बन्धित कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 5900/-(5000.00+कर रू0 900.00) धरोहर धनराशि रू0 5,40,000/-(रू0 पांच लाख चालीस हजार मात्र) **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-द्वितीय, 15/12ए थार्नहिल रोड, संध्यापुरम, प्रयागराज** पत्रांक-1313, दिनांक 25.9.2021 ''एल0ई0डी0 बल्व लगाये, राष्ट्रहित में बिजली बचाएं''


# वैचारिक स्वतंत्रता हमें 2014 के बाद मिली: हबीब हैदर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## ● विदेश में संपन्नता तो है परन्तु शांति सद्भाव या आंतरिक प्रसंता नहीं

**पंडित** दीन दयाल उपाध्याय के जन्म दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रेस क्लब में दीन दयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए इस्लामिक स्कालर मौलाना हबीब हैदर ने कहा कि स्वतंत्रता निश्चित ही हमें 1947 में मिल गई थी परन्तु वैचारिक स्वतंत्रता हमें 2014 के बाद बनी भाजपा सरकार के बाद मिलना शुरू हुई। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद का बीज जो स्वतंत्रता के बाद बोया था उसकी फसल की बेल अब देश के विभिन्न राज्यों में फल फूल रही हैं। जिससे राष्ट्र के भौतिक विकास के साथ राष्ट्र का आत्मिक विकास भी हो रहा है उन्होनें अपने विभिन्न देशों के दौरों के अनुभव को बताते हुए कहा कि विदेश में सम्पन्नता तो है परन्तु शान्ति सद्भाव या आन्तिरिक प्रसन्नता नहीं है। जिसका नतीजा है हर जगह पर नशा खोरी की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इसके पूर्व एकात्म मानववाद के पक्ष पर सत्ता के 7 वर्ष संगोष्ठी का शुभारम्भ करते हुए प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मिश्रा ने कहा कि भौतिक संसाधन रेल, सड़क, अस्पताल इनका विकास न्यूनाधिक मात्रा में सभी सरकारें करती हैं। किसी सरकार में इसकी गति तेज होती है और किसी सरकार में यह धीरे गति से चलता है परन्तु देश के लोगों का चारित्रिक विकास, नैतिक विकास और आध्यात्मिक विकास के लिए एकात्म मानववाद के पथ पर चलना आवश्यक होता है। इस अवसर पर संघ के प्रचारक केसी तिवारी, घनश्याम तिवारी, निखिलेश सिंह, अनिल शुक्ला, एसके शुक्ला, सरल, सुनीता दुबे, पद्मकान्त शर्मा आदि ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन एवं दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण के उपरान्त शचि अग्रवाल द्वारा वंदेमातरम् गीत से हुआ। कार्यक्रम का संचालन प्रतिष्ठान के राष्ट्रीय मंत्री डॉ. नीरज शुक्ला ने तथा संयोजन देवकान्त तिवारी ने किया। अंत में कार्यकारी अध्यक्ष आशा सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन देकर सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुरेन्द्र शर्मा, अनिल मिश्रा, विष्णु गर्ग, पुष्पा कक्कड़, शिवाकान्त, नयन मिश्रा, सुधान्शु श्रीवास्तव उपस्थित थे।


**भारतीय खाद्य निगम**
**मंडल कार्यालय, सीतापुर डा० बी० डी० कपूर मार्ग, सीतापुर**

भारतीय खाद्य निगम, सीतापुर के अंतर्गत राजस्व जनपद सीतापुर, में सीतापुर मंडी लखीमपुर में लखीमपुर मंडी, गोला मंडी, जलालपुर, पिपरिया धनी तथा हरदोई में सांडी मंडी, पिहानी, माधौगंज मंडी में KMS 2021-22 हेतु विभिन्न क्रय केन्द्रों पर परिवहन एवं जनपद सीतापुर में सीतापुर मंडी, लखीमपुर में लखीमपुर मंडी, पिपरिया धनी तथा हरदोई में सांडी मंडी, पिहानी, में हैंडलिंग कार्य हेतु ठेकेदारों की नियुक्ति की ऑनलाइन निविदाएँ (2 बिड सिस्टम में) दिनांक 25.09.21 से 05.10.21 तक आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए इच्छुक निविदा दाता url:https://gem.gov.in पर विजिट कर अथवा मंडल कार्यालय, सीतापुर से समस्त सूचनाये प्राप्त कर ऑनलाइन ई-आवेदन कर सकते है। साथ ही Pre Bid Meeting का आयोजन मंडल कार्यालय सीतापुर में दिनांक : 29.09.21 को किया जायेगा।

निगम हित में किसी भी निविदा/निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।

**मंडल प्रबंधक**


# धूमधाम से मनाया गया वर्ल्ड फार्मासिस्ट-डे



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अखिल** भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने शनिवार को वर्ल्ड फार्मासिस्ट-डे धूमधाम से मनाया। आईआईएम रोड पर आयोजित समारोह में महिला फार्मासिस्टों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एक्स ड्रंग लाइसेंस अथॉरिटी रमाशंकर, राष्ट्रीय सचिव मुजफ्फर अली, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला शाखा अर्चना दत्ता और अवध प्रांत महासचिव अमरदीप सिंह के अलावा लखनऊ मंडल के सक्रिय कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने सभी को आश्वासन दिया कि आने वाले समय में फार्मासिस्ट को डाक्टरों के बराबर ही सम्मान मिलेगा। इसके लिए सबको एकजुट होकर आपस में एकता बनाए रखने की जरूरत है। इस मौके पर अखिल भारतीय फार्मेसिस्ट महिला संगठन की जिला अध्यक्ष सुप्रिया सिंह को और उपाध्यक्ष खुशी सिंह को बनाया गया। कार्यक्रम के अंत में जिले के पदाधिकारियों ने करोना काल में पूरी तन्मयता के साथ लोगों की सेवा में जुटे रहने वाले फार्मासिस्ट को सार्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कामरान खान, रमेश बघेल, अवनीश, मोहम्मद उस्मान, अनिल पाल, इंद्रजीत सिंह, विपिन कुमार, जितेंद्र, बालेंद्र, सलाउद्दीन सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे।

# ईश्वर सुख-दुख से परे है: किंकर महराज

**संवाददाता।** निगोहां



**मोहनलालगंज** के जबरौली गांव में आयोजित श्री रामकथा महोत्सव में अंतिम दिन आचार्य मानस किंकर जी महाराज ने राज्याभिषेक का प्रसंग प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम को राज्याभिषेक का समाचार सुनकर न प्रसन्नता हुई और न ही वनवास मिलने पर दुख। कारण यह था कि ईश्वर सुख-दुख से परे हैं और त्रिगुणातीत हैं। आचार्य मानस किंकर जी महाराज ने कथा सप्ताह के अंतर्गत भगवान राम से जुड़े राम-निषाद संवाद को भी यहां शामिल किया। कहा गया कि जीवों के गुरु आचार्य लक्ष्मण ने निषाद राज गुहा को भगवान के ब्रह्म स्वरुप की कथा श्रवण कराई। निषादराज गुहा का एक सेवक केवट था। उसने समझ लिया कि जो चटाई पर बैठा है वह ब्रह्म है। उसने निषादराज से कहा स्वामी हमने आपकी एक बार रक्षा की थी तो आपने कहा था की यदि श्रृंगवेरपुर का एक दिन का राज भी मागों तो हम दे देगें। वह वरदान आज चाहिए।अन्तिम दिन रामकथा में पहुंचे बसपा के विधानसभा प्रत्याशी देवेन्द्र कुमार पासी ने आचार्य मानस किंकर जी महाराज का माल्यार्पण करने के बाद अंगवस्त्र भेटकर आशीर्वाद लिया।रामकथा में अन्तिम दिन जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र भारद्वाज,पूर्व प्रधान लवकुश यादव, बसपा नेता बुद्धसेन आनंद, सूरज अवस्थी, प्रधान प्रतिनिधि सूरज अवस्थी सहित ग्रामीणो ने पहुंचकर कथा का श्रवण किया। वही शनिवार को रामकथा के समापन में आयोजित भंडारे में क्षेत्रीय विधायक अम्बरीश पुष्कर सहित ग्रामीणों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

# महापौर ने किया तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजाजीपुरम** में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम अर्पितांजलि सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित किया गया। महापौर को मुख्य अतिथि द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। महापौर द्वारा कलाकार को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किया गया। शनिवार को राजाजीपुरम में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम अर्पितांजलि सोशल वेलफेयर सोसाइटी नेआयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महापौर संयुक्ता भाटिया ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस सांस्कृतिक गतिविधि के दौरान कई प्रतिभाशाली कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोहा। महापौर संयुक्ता भाटिया द्वारा कलाकारों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किया गया। इस मौके पर महापौर ने कहा कि संस्कृतिक कार्यक्रम हमारी आने वाली पीढ़ी को हमारे सभ्यता और संस्कृति से परिचित कराते है। संस्कृति ही राष्ट्र की आत्मा होती है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों से बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने के अवसर प्राप्त होता है। महापौर ने आयोजन के लिए आयोजको की प्रशंसा भी की। इस अवसर पर अर्पितांजलि सोशल वेलफेयर सोसाइटी की सचिव शिल्पी श्रीवास्तव, अनुराधा अस्थाना, निधि श्रीवास्तव, तुषार श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, आदर्श, प्रत्युष, राजवीर, अनन्या मौजूद रहीं।

## डाक्टरों को किया सम्मानित

**निगोहां।** कस्बे में स्थित बाबू सुंदर सिहं इजीनियरिगं कालेज में शनिवार को फार्मेसी दिवस के मौके आयोजित कार्यक्रम में डाइबिटीज व कोविड बीमारियों के इलाज की दवा निर्माण में योगदान देने वालें डाक्टरों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. एके एस रावत व विशिष्ट अतिथि प्रो. आर रविशंकर ने दीप प्रज्जवल कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डॉ. एके एस रावत व प्रो. आर रविशंकर जो शोध जगत में अपनी विशेष पहचान रखते है। डाइबिटीज और कोविड की दवा के आविष्कारक भी हैं। प्रो. आर रविशंकर ने अपने द्वारा बनाई गई दवाई की कहानी सुनाकर छात्रों को फार्मासिस्ट के महत्व को समझाया। फार्मेसी डे के आयोजन में प्रसिद्ध हास्य एवं व्यंग कवि पंकज प्रसून उपस्थित रहे। उनकी रचनात्मक काव्य पाठ से सभी मंत्र मुग्ध हुए। संस्थान के अध्यक्ष आनंद शेखर सिंह व उपाध्यक्ष रीना सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में कालेज के निदेशक डॉ. सीमांत सहित प्रोफेसर व छात्र मौजूद रहे।

## आरडीएसओ में फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन

**लखनऊ।** आजादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन आरडीएसओ में बीती 13 अगस्त से किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान आरडीएसओ कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा दैनिक दौड़, योग अभ्यास और कई अन्य फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। फिट इंडिया फ्रीडम रन का उद्देश्य 'जन भागीदारी से जन आंदोलन' है। इसी श्रृंखला में शनिवार को आरडीएसओ स्टेडियम में फ्रीडम रन का आयोजन कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए किया गया। संजीव भुटानी डीजी आरडीएसओ ने इस अभियान में कई अन्य अधिकारियों के साथ भाग लिया और आरडीएसओ कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के बीच फिटनेस को बढ़ावा देने का संदेश दिया। 'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' के संदेश को प्रसारित करने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों ने इस अभियान में भाग लिया। इस कार्यक्रम में बच्चों सहित लगभग 100 लोगों ने भाग लिया। इस अभियान के दौरान अधिकारी अतिथि गृह में योग सत्र का भी आयोजन किया गया। लगभग 50 अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने सत्र में भाग लिया और योग प्रशिक्षक की उपस्थिति में कई योगासन किए।

## प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन का प्लास्टर गिरा

**निगोहां।** मोहनलालगंज विकासखंड के मदापुर गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन में बच्चे अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ने को मजबूर हैं। यहां तैनात शिक्षक जिम्मेदार अधिकारियों को विद्यालय के जर्जर भवन की मरम्मत कराये जाने के लिये कई बार पत्र भी लिख चुके हैं लेकिन कुभकर्णी नींद में सोये शिक्षा विभाग के अफसरों ने जर्जर भवन को दुरुस्त करवान उचित नहीं समझा। अफसरों की लापरवाही के चलते शनिवार की सुबह हुई तेज बारिश के बाद विद्यालय की छत का एक बड़ा टुकड़ा प्लास्टर के साथ जमीन पर आ गिरा। इस दौरान विद्यालय में 105 बच्चे अध्ययनरत थे। यह तो गनीमत रही कि टुकड़ा जहां गिरा, बच्चे उससे कुछ दूरी पर थे। जिसके चलते वह बाल-बाल बच गए। यहां तैनात शिक्षिको ने बताया प्राथमिक विद्यालय का भवन पूरी तरह से जर्जर है। बारिश में छत से कक्षाओ में पानी टपकने के चलते बच्चो को पढाई में काफी दिक्कतें आती हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत भरहरी वि0ख0-चोपन, सोनभद्र**

पत्रांक :-मेमो / सा0 आ0 / 2021-22 दिनांक :- 24.09.2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भरहरी विकास खण्ड-चोपन सोनभद्र में विगत वर्ष के अधूरे कार्य एवं वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/चौदहवां-पन्द्रहवां वित्त आयोग/एस0बी0एम0/आर0जी0एस0ए0/अन्त्येष्ठि स्थल एवं शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिये निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिये जी0एस0टी0 व अन्य कर सहित आंगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 2 | आपूर्ति की अवधि | वित्तीय वर्ष 2021-22 |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रू0 नकद |
| 4 | निविदा फार्म बिक्री व जमा करने की तिथि | दिनांक 25.09.21 से 28.9.21 तक पूर्वा0 10 बजे से अप्रा0 1 बजे तक |
| 5 | निविदा फार्म बिक्री/जमा करने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय- |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि व स्थान | दिनांक 28.09.21 को पूर्वा0/अप्रा0 3 बजे ग्रा0पं0 कार्यालय |
| 7 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि एक लाख रूपये मात्र | 100000 रू0 का किसी राष्ट्रीय बैंक से एम0डी0आर0/बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत भरहरी के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है |

नोट :- निविदा की शर्तें निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते हैं।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत-भरहरी, चोपन-सोनभद्र**


# कार्यकर्ता अपने बूथ के वोटरों के साथ व्यक्तिगत संपर्क व संवाद बनाएं

## ● प्रदेश भाजपा प्रभारी राधा मोहन सिंह ने पन्ना प्रमुखों की बैठक को किया संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बीजेपी** के प्रदेश प्रभारी प्रभारी राधा मोहन सिंह ने अटल क्रीड़ा स्थल गोमती नगर में बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुखों की बैठक में सभी से परिचय प्राप्त किया और आगामी चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत दिलाने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने बूथ के वोटरों के साथ निरंतर व्यक्तिगत संपर्क व संवाद बनाएं और सरकार की योजनाओं व किए गए कार्य को जन-जन तक पहुंचाएं। पन्ना प्रमुखों को पन्ना समिति बनाने के लिए भी कहा।

उन्होंने कहा कि 17 राज्यों में एनडीए की सरकार है। इसके पीछे जिनका बलिदान है, ऐसे दीनदयाल जी उपाध्याय के जन्मदिन के अवसर पर हम लोग यहां इकट्ठे हुए हैं। इस धरती पर एक ऐसे व्यक्ति ने जन्म लिया जिसका जीवन का बहुत बड़ा हिस्सा गांव गरीब के बीच में गुजरा और चाय की दुकान से देश के प्रधानमंत्री बन कर अंतिम व्यक्ति के विकास करने का काम नरेंद्र मोदी ने किया। पहले सरकार के प्रधानमंत्री जाते थे तो व्हाइट हाउस में वेटिंग रूम में बैठना पड़ता था पर आज इस गरीब के बेटे ने हिंदुस्तान की ताकत का परिचय इस प्रकार से दिया कि आप जब हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री जाते हैं तो व्हाइट हाउस दरवाजे खोल कर सड़क पर आकर उनका अभिवादन करते हैं। यह दीनदयाल का सपना था कि हिंदुस्तान को स्वाभिमानी और ताकतवार बनाना है और यह सपना नरेंद्र मोदी ने पूरा किया। उन्होंने कहा कि जब-जब महामारी आई है महामारी से ज्यादा लोग भुखमरी से मरे थे। पहली बार ऐसा हुआ है देश के 80 करोड़ लोगों को 5 किलो राशन दिया गया। दीनदयाल के अंत्योदय के सपने को मोदी और योगी ने पूरा किया है। यूपी अकेला राज्य है जहां मोदी-योगी की ओर से भी महीने में दो बार अनाज मिल रहा है। गांधीजी का सपना ,दीनदयाल जी का सपना नरेंद्र मोदी जी पूरा कर रहे है। ऐसे भी कहे कि आजादी के बाद डॉ राजेंद्र प्रसाद और सरदार पटेल का जो सपना था, लाल बहादुर शास्त्री ने कुछ हद तक इस काम को किया उसके बाद अटल जी ने और सब के सपनों को पूरा करने का काम आज नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। नगर विकास मंत्री आशुतोष टंडन ने कहा कि बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री और 6 बार से निरंतर सांसद राधा मोहन सिंह का आज मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है। महानगर मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि लखनऊ महानगर की मध्य विधानसभा के अटल क्रीड़ा स्थल विराम खंड गोमती नगर में बूथ संख्या 363 की बूथ समिति और पन्ना प्रमुख बैठक में बीजेपी महानगर के कार्यकर्ताओं और मंडल अध्यक्षों ने हिस्सा लिया।

# धर्म-अध्यात्म के लिए समर्पित रहा महंत नरेंद्र गिरि का जीवन

● विश्व हिंदू परिषद की ओर से ब्रह्मलीन अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि के निधन पर श्रद्धांजलि सभा प्रीतमदास प्रेक्षागृह मेडिकल कॉलेज में की गई आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



कार्यक्रम में बोलते हुए प्रान्त प्रचारक काशी प्रान्त रमेश जी

**विश्व** हिंदू परिषद की ओर से शनिवार को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के ब्रह्मलीन अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन प्रीतमदास प्रेक्षागृह मेडिकल कॉलेज प्रयागराज में किया गया। शोकसभा में तमाम संत एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वेद विद्यार्थियों द्वारा शांति पाठ किया गया। सभी ने महंत नरेंद्र गिरि के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रान्त के प्रांत प्रचारक रमेश ने कहा कि धरती पर जो आता है मनुष्य रूप में आता है वह लीला करता है। घटनाक्रम के रचनाकार विधाता हैं। महंत नरेंद्र गिरि का देह आया ध्येय के लिए उनके अंदर असीम उत्साह था। नियति की इच्छा एवं विधि विधान से सब कुछ घटित होता है। साक्षात ईश्वर को भी झंझावातों से गुजरना पड़ता है। कर्मवीर को हमने खोया है समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए सभी दलों के लिए उनका जीवन समर्पित रहा। उनका विचार किसी संगठन या संस्था तक सीमित नहीं था। वह तेजस्वी और हनुमान भक्त थे। धर्म एवं अध्यात्म के लिए उनका पूरा जीवन समर्पित रहा है। विश्व हिंदू परिषद पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संगठन मंत्री गजेंद्र ने कहा कि उनका जीवन बहुत सरल एवं मठ मंदिरों के अधिग्रहण को लेकर चिंतित थे। अनेकों बार उचित मंच के माध्यम से मठ मंदिरों की व्यवस्था वहां के स्थानीय व्यवस्थापकों द्वारा संचालित हो उसके चढ़ावे का प्रयोग हिंदू धर्म एवं संस्कृति के उत्थान के लिए हो। तेरह अखाड़ों के बीच सामंजस्य बनाकर हिंदू समाज के सभी धार्मिक परंपराओं एवं मेले का सफल आयोजन उनके कार्यकाल में रहा। वह गौ माता के संरक्षण एवं गंगा की निर्मलता के लिए भी अनेक बार अपने विषय बैठकों में रखते रहे। श्रृंगवेरपुर धाम के महंत जयराम दास महाराज महानिर्वाणी अखाड़ा से यमुना पूरे दास महाराज सुदामा कुटी आश्रम से महंत लाल बाबा सच्चा बाबा आश्रम से डा चंद्रदेव मिश्र ने भी विचार रखे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक डा विश्वनाथ लाल निगम ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे संत के जाने से हम सब की भारी क्षति हुई है। उन्होंने प्रयागराज के गौरव को बढ़ाने के लिए अपना पूरा जीवन धर्म एवं अध्यात्म के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विहिप के प्रांत उपाध्यक्ष अजय गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में भाजपा सांसद डा रीता बहुगुणा जोशी आरएसएस के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य आलोक मालवीय विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संगठन मंत्री मुकेश कुमार विभाग प्रचारक डा पीयूष शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार पॉल विद्यार्थी प्रचारक सौरभ विमल प्रकाश नागेंद्र जायसवाल डा मुरार जी त्रिपाठी अमित पाठक सुरेश अग्रवाल सुनील सिंह गुरु प्रकाश राव गौरव जायसवाल अभिषेक पाठक अमित सिंह लालमणि तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## मुलायम व चौधरी चरण सिंह के करीबी समाजवादी पुरोधा सेचन यादव का निधन

**सकलडीहा/चंदौली।** पूर्व केन्द्रीय रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव और चौधरी चरण सिंह के करीब समाजवादी पुरोधा 70 वर्षीय लोकतंत्र रक्षक सेनानी सेचन सिंह यादव का शनिवार की सुबह निधन होगया। इसकी जानकारी होते ही कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। अंतिम शव यात्रा में पूर्व सांसद एविधायकए ब्लॉक प्रमुख सहित विभिन्न दल के नेताओं के साथ जनसैलाब उमड़ पड़ा। बलुआ घाट पर तहसील और पुलिस प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सलामी दी गयी। अंत में परिजनों ने दाह संस्कार किया। सकलडीहा कस्बा निवासी स्वण् रामनाथ यादव के तीन पुत्र बेचन यादवए हरखु यादव और यादवेन्द्र यादव उर्फ सेचन सिंह यादव थे। वर्ष 1977 में पहली बार छात्र संघ अध्यक्ष का चुनाव सकलडीहा पीजी कॉलेज से जीता था। लोकदलए जनता पार्टी और जनता दल में रहकर चौधरी चरण सिंह के बहुत करीबी रहे। वर्ष 1992 में समाजवादी पार्टी के गठन होने पर पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के करीब रहे। दो दो बार चौधरी चरण सिंह और मुलायम सिंह यादव सकलडीहा पहुंचकर इनकी पीठ ठपठपाया था। पहली बार धानापुर और दो बार सकलडीहा विधान सभा और एक बार ब्लॉक प्रमुख की चुनाव भी लड़ चुके थे। जीत हालिस नही हुआ लेकिन जनता के दिलों में राज करते रहे। शिवपाल सिंह यादव दो बार सेचन सिंह यादव के घर पहुंचकर उनका हौसला बढ़ाया था। इमरजेंसी के दौरान जेल जाने पर अखिलेश सरकार में लोक तंत्र रक्षक सेनानी का सम्मान मिला था। शनिवार को सुबह निजी हॉस्पिटल इलाज के दौरान निधन होगयी। इसकी सूचना मिलते ही घर से लेकर सड़क तक जनसैलाब उमड़ पड़ा। पुत्र दिनेश यादवए घनश्याम यादव और माता दुर्गा देवी नेता के निधन पर आंसूओं को रोक नही पाये।

# शिक्षक के विकास के बिना शिक्षा का उत्थान संभव नहीं: डॉ. हरेश



● प्रान्तीय प्रधानाचार्य बैठक के दूसरे दिन सभी प्रधानाचार्य किए गए सम्मानित, आज होगा तीन दिवसीय प्रधानाचार्य कार्ययोजना बैठक का समापन

**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सिविल लाइन्स प्रयागराज में आयोजित तीन दिवसीय प्रान्तीय प्रधानाचार्य कार्ययोजना बैठक के दूसरे दिन शनिवार को प्रथम सत्र में प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्यों को विभिन्न क्षेत्रों खेल बौद्धिक बोर्ड परीक्षा परिणाम विज्ञान मेला वैदिक गणित साहित्यिक उपलब्धि सामाजिक कार्य आदि में उनके विद्यालय की सफलता के आधार पर पुरस्कार एवं अंगवस्त्रम श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के सम्मुख दीपार्चन एवं पुष्पार्चन से किया गया। मुख्य अतिथि लोकसेवा अयोग के सदस्य डा हरेश प्रताप सिंह अध्यक्ष के तौर पर भारतीय शिक्षा समिति काशी प्रान्त के अध्यक्ष कंचन सिंह विशिष्ट अतिथि के रुप में बाल कल्याण समिति प्रयागराज के मंत्री संजय गुप्त तथा क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि लोकसेवा अयोग के सदस्य डा हरेश प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षा का विकास तब तक संभव नहीं है। जब तक शिक्षक का पूर्ण रुपेण विकास नहीं हो जाता। साथ ही कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसी शिक्षा एवं शिक्षक के विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुये राष्ट्रीय शिक्षा नीति का निर्माण एवं क्रियान्वन किया गया है। अध्यक्षता कर रहे भारतीय शिक्षा समिति काशी प्रान्त के अध्यक्ष कंचन सिंह ने प्रधानाचार्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहाँ पर बैठे हुये समस्त प्रधानाचार्य अपने विद्यालय की सफलता के प्रमुख सूत्रधार हैं। किसी विद्यालय की सफलता उसके प्रधानाचार्य की कुशल रणनीति एवं योजनाओं के द्वारा ही संभव है। अत: प्रधानाचार्य को कुशल योजक आयोजक तथा नेतृत्वकर्ता होना चाहिए। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए तीन दिवसीय प्रधानाचार्य कार्ययोजना बैठक आहुत की गई है।योजना बैठक के दूसरे दिन के संपूर्ण कार्यक्रम छह सत्रों में हुए। विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र ने छात्रों के सर्वांगीण विकास विषय पर पीपीटी से माध्यम से प्रधानाचार्यों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में छात्र छात्राओं का न केवल शैक्षिक विकास किया जाता है बल्कि उन्हें मानसिक शारीरिक एवं समाजिक दृष्टि से तैयार कर एक सच्चा राष्ट्रभक्त नागरिक बनाया जाता है। प्रान्तीय संगठन मंत्री डा राम मनोहर ने कार्यालय संचार प्रलेखन तथा प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह ने चार आयाम पूर्व छात्र परिषद विद्वत परिषद संस्कृति बोध परियोजना एवं क्रियाशोध विषय पर पीपीटी के माध्यम से प्रधानाचार्यों को संबोधित किया। बैठक में संकुलश: योजना निर्माण किया गया एवं संकुल प्रमख प्रधानाचार्य द्वारा उन योजनाओं का वाचन किया गया। सभी सत्र प्रान्तीय संगठन मंत्री डा राम मनोहर प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह तथा सम्भाग निरीक्षक गोपाल जी तिवारी एवं दयाराम यादव के नेतृत्व में सम्पन्न हुए। इस मौके पर मोहन जी टंडन प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्रा सुमंत कुमार पांडेय प्रदीप कुमार त्रिपाठी डा विंध्यवासिनी त्रिपाठी बांके बिहारी पांडेय मीडिया प्रभारी सरोज द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# मऊ में मुख्तार के करीबी कोयला माफिया के अवैध शापिंग काम्पलेक्स पर चला बुलडोजर

● 10 करोड़ रुपए कीमत थी भवन की

**संवाददाता।** मऊ



**मऊ जिले** के शहर कोतवाली अंतर्गत भीटी में शनिवार को बाहुबली विधायक व माफिया मुख्तार अंसारी के करीबी एवं कोयला माफिया उमेश सिंह का 10 करोड़ रुपए कीमत का अवैध रुप से निर्मित शापिंग काम्प्लेक्स जिला प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। एडीएमए क्षेत्राधिकारी एवं शहर कोतवाल की देखरेख में अवैध रुप से निर्मित शापिंग काम्प्लेक्स के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती रहा। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नगर मजिस्ट्रेट के न्यायालय के आदेश के अनुपालन में किया गया।

बांदा जेल में निरुद्ध मऊ सदर विधान सभा के बाहुबली विधायक व माफिया मुख्तार अंसारी पर जिला प्रशासन द्वारा तेजी के साथ नकेल कसा जाने लगा रहा। इस क्रम में शनिवार को मुख्तार अंसारी के बेहद करीबी कोयला माफिया व ठेकेदार उमेश द्वारा शहर कोतवाली अंतर्गत भीटी के पास अवैध रुप से शापिंग काम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया था। सिटी मजिस्ट्रेट के न्यायालय में अवैध तरीके से निर्माण करने का मुकदमा स्टेट बनाम उमेश सिंहए अजय सिंहए विजय सिंहए विनय सिंह के विरुद्ध चल रहा था। जिसकी सुनवाई करते हुए शुक्रवार को कोर्ट द्वारा ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया है। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में शनिवार सुबह शहर कोतवाली क्षेत्र के भीटी में अवैध रुप से निर्मित शापिंग काम्प्लेक्स के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई किया गया। शापिंग काम्प्लेक्स के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से पूरे दिन अफरा.तफरी मचा रहा। इस अवसर पर मुख्य रुप से अपर जिलाधिकारी के हरि सिंहए क्षेत्राधिकारी धनंजय मिश्रए नगर पालिका परिषद के ईओ दिनेश कुमारए शहर कोतवाल धीरेन्द्र श्रीवास्तवए सरायलखंसी प्रभारी राम सिंहए हलधरपुर प्रभारी निहार नंदन भारी संख्या में पुलिस फोर्स के मौजूद रहे।

# सर्वांगीण विकास ही कल्याण मेले का उद्देश्य: रमापति शास्त्री

**संवाददाता।** गोंडा



**एकात्म** मानववाद और अन्त्योदय के प्रणेता महान विचारक एवं प्रखर राष्ट्रवादी पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार जनपद के सभी विकास खण्डों पर गरीब कल्याण मेले का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के कैबिनेट मंत्री समाज कल्याण रमापति शास्त्री ने विकास खण्ड नवाबगंज, सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह व डीएम मार्कण्डेय शाही ने विकास खण्ड कटरा बाजार, विधायक तरबगंज प्रेम नरायन पाण्डेय ने विकास खण्ड बेलसर व तरबगंज, विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह ने विकास खण्ड झंझरी तथा पण्डरी कृपाल, विधायक कटरा बाजार बावन सिंह ने हलधरमऊ, विधायक गौरा प्रभात वर्मा ने विकास खण्ड बभनजोत व छपिया में गरीब कल्याण मेले का शुभारम्भ किया तथा पात्रों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर सांसद कैसरगंज श्री सिंह ने कहा कि पं0 दीन दयाल उपाध्याय के अन्त्योदय सपने को साकार करना एवं समाज में अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के जीवन में सर्वांगीण विकास ही अन्त्योदय उद्देश्य हैं। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए सरकार द्वारा रबी कल्याण मेल का आयोजन कराया जा रहा है। जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने कहा कि गरीब कल्याण मेले के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया की इस अवसर पर सभी विकास खण्डों में जन आरोग्य मेलों का आयोजन कर आमजन का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आयुष्मान कार्डो का वितरण तथा कोविड टीकाकरण आदि की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुनिश्चित की गयी है। कृषि विभाग की ओर से सभी प्रकार के ऋ्रण वितरण, कृषि संयंत्रों के वितरण भी किया गया। प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने कहा कि सरकार द्वारा समाज अन्तितम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास व उत्थान के लिए पं0 दीन दयाल जी के आदर्शों पर चल रही है। आज साज के वंचित, शोषित हर जरूरतमंद को योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के मिल रहा है।

# एसडीएम 'आशाराम वर्मा' के खिलाफ होगी प्रारम्भिक जांच

**संवादाता।** बस्ती

**भानपुर** और सदर तहसील के एसडीएम रहे और वर्तमान में अतिरिक्त उपजिलाधिकारी के पद पर कार्यरत् आशाराम वर्मा पर लगे आरोपों की प्रारम्भिक जांच का आदेष सीजेएम उमेश यादव ने कोतवाली को दिया है। यह आदेश सुधाकर सिंह के उस अपील पर दिया गया, जिसमें एसडीएम पर नियम विरुद्व आदेश करने और अनैतिक धन के मांग करने का आरोप लगाते हुए सीजेएम के यहां धारा-156 '3' के तहत मुकदमा दर्ज करने की अपील की गई। वादी के अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह का कहना है, कि मुकदमा दर्ज कराने का आदेष देने से पहले कोर्ट उन अभिलेखों की जांच कराना चाहती है जिसे आधार बनाकर मुकदमा दर्ज करने की अपील की गई। कोतवाली पुलिस को 18 अक्टूबर 21 तक प्रारम्भिक जांच आख्या प्रस्तुत करने के आदेश दिए गएं है। इस बावत जब एसडीएम से जब उनके मोबाइल नंबर 8429371978 पर पक्ष लेने के लिए फोन किया गया, तो रिस्पांस नहीं मिला।

# रिजवान की मौत के मामले में सीजेएम ने पुलिस से मांगी रिपोर्ट

**टाण्डा,** अम्बेडकरनगर। बीते वर्ष लॉक डाउन के दौरान पुलिस की पिटाई से हुई युवक रिजवान की मौत के प्रकरण में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने महिला दरोगा के विरुद्ध दायर धारा 156 (3) के तहत दायर याचिका में न्यायालय ने आदेश के पूर्व पूरे प्रकरण की एक प्रारंभिक जांच कोतवाली टाण्डा पुलिस से दिनांक 20 अक्टूबर 2021 तक तलब की है। न्यायालय में विचाराधीन प्रकीर्ण वाद संख्या 485/20 इसराइल बनाम शिवांगी त्रिपाठी में इसराइल निवासी मोहल्ला छज्जापुर कोतवाली टाण्डा ने आरोप लगाया है कि दिनांक 15 अप्रैल 2020 को समय लगभग 4 बजे शाम को उसका पुत्र रिजवान अहमद घरेलू सामान लेने गया था जैसे ही पोस्ट आफिस के पास पहुंचा था कि उप निरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी कुछ पुलिस कर्मियों के साथ वाहन से आयी और उतर कर रिजवान को रोक कर लाठी से मारने लगी। उक्त प्रकरण में पुलिस की पिटाई से घायल रिजवान का इलाज लॉक डाउन व पुलिस के डर से देशी उपचार घर पर ही कराया लेकिन 17 अप्रैल को हालत में सुधार न होने से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टाण्डा टाण्डा में भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया जहां पर 17 अप्रैल 20 को रिजवान की मौत हो गयी।

# ये है 'श्मशान घाट' और 'अस्पताल' का रास्ता!

**संवाददाता।** बस्ती

● सड़क और पुलियों पर 15 सौ करोड़ खर्च होने के बाद भी जानलेवा सड़क पर चलने को मजबूर हैं लोग ● मंत्री सांसद और विधायक के दावे की खुली पोल





**चार** दिन पहले प्रभारी मंत्री, सांसद हरीश द्विवेदी और जिले के पांचों विधायकों ने दावा किया था, कि जिले की सभी सड़कें गडढ़ामुक्त और चलने योग्य हैं। यह भी कहा गया था कि सरकार जिले की सड़कों पर लगभग 15 सौ करोड़ खर्च कर चुकी है, ताकि आमजन के आवागमन में कोई असुविधा न हो, सभी विघायकों ने भी पुरजोर तरीके से मंत्री और सांसद के दावे का समर्थन किया था। मंत्री और माननीयों के दावे का सच अगर जानना हो तो कप्तानगंज-टीनिच मार्ग पर एकटेकवा चौराहे के पास रवई पुल के आगे पुलिया के पुलिया के बीचोबीच पांच बड़े गडढ़ों को देखने आ जाइए। आपको दावे और हकीकत के सच का पता चल जाएगा। आसपास के लोगों का कहना है, कि गडढ़ों के कारण रात्रि में अंधेरा होने के चलते साइकिल और मोटर साइकिल वाले गडढ़ों में गिर जाते हैं, इनमें कई तो श्मशाान घाट तक पहुंच चुके हैं, और कई अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। गांव वालों का कहना है कि पुलिया का निर्माण सिंचाई विभाग ने किया। सीआईबी बोर्ड न होने से लोगों को पता ही नहीं चल पाता कि किस कार्यदाई सांस्था ने निर्माण कराया और कितनी लागत से बना। इसी तरह का सच उसी रोड पर हरदी चौराहें के पास तथा तेनुईचेत मंदिर चौराहे के पास इतने बड़े-बड़े गडढ़े है कि राहगीर डर-डर कर सड़क पार करते हैं, फिर भी गिरने से नहीं बच पाते है। पुलिया वाली सड़क और गडढ़े वाली सड़क का निर्माण पीडब्लूडी प्रातीय खंड ने किया। सपा के पूर्व प्रवक्ता अजित सिंह, रुद्रप्रताप निषाद, अषोक सिंह, राजेष यादव, राजेश चौधरी, जीत बहादुर सिंह, राजू पाठक एवं संजय यादव सहित अन्य का कहना है कि सड़क और पुलिया के निर्माण से आम जनता को कम और नेताओं, ठेकेदारों और विभाग के लोगों को अधिक होता है। झूठी उपलब्धियों बताकर मंत्री, सांसद और माननीयगण आम लोगों को अधिक दिन तक बेवकूफ नहीं बना सकते। सड़क, पुल, पुलिया के निर्माण पर लगभग 15 सौ करोड़ खर्च हो गया, मगर षायद ही कोई ऐसी सड़क और पुलिया बची हो जिस पर गडढ़े न हो। आमजन की माने तो सड़क और पुलिया निर्माण, मरम्मत और गडढ़ामुक्त सड़कों के नाम पर जिस तरह जिले में सरकारी धन का बंदरबांट हो रही है, उसे देख सरकार को चाहिए कि सड़क निर्माण पर धन खर्च करना बंद कर दे, और सरकार को चाहिए इस धन को किसी जनकल्याणकारी योजना में लगाना चाहिए।

## 'माननीय' नहीं करते खस्ताहाल सड़कों की शिकायत

**भले** ही चाहें सड़क, पुल और पुलिया की गुणवत्ता खराब हो षायद ही किसी माननीय ने घटिया गुणवत्ता की षिकायत की हो, इससे उन आरोपों की पुष्टि होती है, जिसमें कार्यदाई संस्था और माननीयों के बीच हुए कथित समझौते की बात कही जाती है। वहीं अगर कार्यदाई संस्थाओं के लोगों की बातों पर विष्वास किया जाए तो अधिकतर का निर्माण माननीयों के लोग ही करते हैं, यही कारण है कि षिकायते न के बराबर होती हैं। जबकि सांसद, विधायक, पूर्वाचंल विकास निधि, क्षेत्र पंचायत निधि और जिला पंचायत निधि से सड़कों एवं पुलिया का निर्माण होता है, और इस पर हर साल लगभग 20 करोड़ खर्च होता है।

# बड़े धोखे हैं इस राह में!

**संवाददाता।** सीतापुर


सीतापुर-गड्ढ़ो में तब्दील लखनऊ-बरेली हाइवे मार्ग

● जानलेवा बना सीतापुर-शाहजहांपुर हाइवे, चंद कदमों पर हुए बड़े-बड़े गडढे ● बारिश से जगह-जगह दरकी हाईवे की जमीन

**अगर आप** लखनऊ यांफिर दिल्ली जाने के लिए वाया सीतापुर होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफर कर रहे हैं, तो जरा संभल कर चलें, वरना तनिक सी लापरवाही से आपका सफर जानलेवा हो सकता है, क्योंकि पिछले कई दिनों से रूक-रूक कर हो रही बारिश में हाईवे पर जगह-जगह बड़े-बड़े गडढे हो चुके हैं और ये गडढ़े बारिश के पानी से लबालब भरे हुए है। इन गडढ़ों में फंसकर आएदिन वाहनों की कमानी टूट रही है। साथ ही असंतुलित होकर वाहन पलटकर चोटिल हो रहे है। यही नहीं बारिश में समूचे हाइवे किनारे की जमीन भी दरक चुकी है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बावजूद इसके एनएचएआई के जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। आपको बता दें कि सीतापुर शहर की सीमा से होकर एनएच-24 गुजरा है। यह हाईवे प्रदेश की राजधानी लखनऊ और देश की राजधानी दिल्ली को जोड़ता है। सीतापुर से बरेली तक हाईवे खस्ताहाल है। मौजूदा समय में सीतापुर से बरेली जाने का मतलब खतरा ही खतरा है। आप सही.सलामत अपनी मंजिल तक पहुंच जाएं तो बड़ी बात है। इसकी बदहाली किसी से छिपी नहीं है। खस्ताहाल हाईवे पर पिछले 12 सालों से लोग खतरे का सफर करने को मजबूर हैं, लेकिन हाईवे पर अब नई दुश्वारियां खड़ी हो गई हैं। ऐसे में यहां से गुजरने वालों के लिए नया खतरा बन गया है। खस्ताहाल सीतापुर- वाया शाहजहांपुर-दिल्ली हाईवे का आई इंडिया टीम ने जायजा लिया, यहां के हाइवे पर जो तस्वीर दिखाई दी, वो बेहद ही डरावनी से लगी, क्योंकि इस हाइवे पर जगह-जगह गडढे हो गए। उनमें बारिश का लबालब पानी भरा है। यही नहीं बारिश के चलते हाईवे की जमीन भी जगह-जगह

# स्वास्थ्य क्षेत्र में सार्वजनिक खर्च में वृद्धि वक्त की जरूरत : नायडू

● उपराष्ट्रपति ने ग्रामीण क्षेत्रों में डाक्टरों को आकर्षित करने पर बल देते हुए कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पालों के साथ चिकित्सा समुदाय को आवास सुविधाओं तथा अन्य सहुलियतें प्रदान करनी चाहिए

**भाषा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में विज्ञान भवन में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान छात्रों को प्रमाणपत्र देते उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू

**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने देश में स्वास्थ्य आधारभूत ढांचे में सार्वजनिक खर्च में वृद्धि की जरूरत को रेखांकित करते हुए शनिवार को कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए ताकि अधिक से अधिक संख्या में डाक्टरों को आकर्षित किया जा सके। उपराष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, कोविड महामारी ने दिखा दिया है कि एक मजबूत, सुगम्य और सस्ता चिकित्सा तंत्र कितना जरूरी है। जिस हिम्मत से भारत ने इस महामारी का सामना किया है वो हमारे नागरिकों के जुझारू जज़्बे और हमारे डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों जैसे अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं के सेवा भाव को दिखाता है। नायडू ने कहा कि सभी को सार्वभौम एवं सुनिश्चित स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने का लक्ष्य कठित है लेकिन प्रतिबद्ध प्रयासों के साथ हम इसे हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को स्वास्थ्य के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में पहला कदम स्वास्थ्य क्षेत्र में सार्वजनिक खर्च बढ़ाना है। उपराष्ट्रपति ने ग्रामीण क्षेत्रों में डाक्टरों को आकर्षित करने पर बल देते हुए कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पालों के साथ चिकित्सा समुदाय को आवास सुविधाओं तथा अन्य सहुलियतें प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आयुष्मान भारत योजना ने कितने ही गरीब परिवारों के लिए 5 लाख रूपए का स्वास्थ्य कवर सुनिश्चित किया है तथा योजना की शुरुआत से अबतक इसके तहत अस्पताल में काफी भर्तियां हो चुकी हैं। नायडू ने कहा कि 15वें वित्त आयोग ने स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए 13000 करोड़ रूपए आबंटित करने की सिफारिश की है जिससे 15 लाख रूपए और प्रशिक्षित कर्मी मिलने की संभावना है।उन्होंने कहा, आप जैसे संस्थानों से अपेक्षा है कि पैरामेडिक्स स्वास्थ्य कर्मियों के लिए छोटी अवधि के डिप्लोमा कोर्स चलाएं।

## जनसंख्या में तेज वृद्धि के चलते हो रहा है जनसांख्यिकीय परिवर्तन

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने कहा है कि जनसंख्या में तेज वृद्धि से राज्य के कुछ क्षेत्रों में जनसांख्यिकीय परिवर्तन हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप उन स्थानों से कई समुदायों का पलायन हो रहा है, साथ ही सांप्रदायिक शांति के लिए खतरा भी उत्पन्न हो रहा है।सरकार ने शुक्रवार को यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति में इस घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), सभी जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी) को समस्या के समाधान के लिए एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए।विज्ञप्ति में कहा गया है, सरकार ने अधिकारियों से सभी जिलों में समितियों का गठन करने को कहा जो इस मुद्दे के समाधान के लिए प्रशासन को सुझाव देंगी। इसके अलावा, शांति समितियों का भी गठन किया जाना चाहिए और स्थिति की समीक्षा के लिए समय-समय पर उनकी बैठकें आयोजित की जानी चाहिए। सभी जिलों में ऐसे क्षेत्रों की पहचान की जानी चाहिए और वहां रहने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्वाई की जानी चाहिए।विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य के बाहर से आने वाले और इन क्षेत्रों में रहने वाले आपराधिक रिकॉर्ड वाले लोगों की सूची भी उनके मूल निवास स्थान का सत्यापन करने के बाद तैयार की जानी चाहिए। जिलाधिकारियों (डीएम) को ऐसे क्षेत्रों में अवैध भूमि सौदों पर नजर रखने और यह देखने के लिए कहा गया है कि लोग डर या दबाव में अपनी जमीन न बेचें। जाली पहचानपत्र या मतदाता पहचानपत्र प्राप्त करने वाले विदेशी मूल के लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जानी चाहिए।विज्ञप्ति में कहा गया है कि ऐसे लोगों का रिकॉर्ड तैयार किया जाना चाहिए और कानूनी प्रावधानों के अनुसार उनके खिलाफ कार्वाई की जानी चाहिए।

# विद्यासागर की जयंती शिक्षक दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा करें

● जयंती हमारी शिक्षा प्रणाली में उनके योगदान को सम्मान देने के रूप में मनाई जानी चाहिए: बंगाली समाज

**भाषा।** कोलकाता

**बंगाली उपराष्ट्रवाद को** बढ़ावा देने का कार्य करने वाले संगठन बांग्ला पोक्खो ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर समाज सुधारक ईश्वरचंद्र विद्यासागर की जयंती 26 सितंबर को राज्य में शिक्षक दिवस के तौर पर मानाने की घोषणा करने की मांग की है। संगठन का दावा है कि उसके द्वारा लिखे पत्र पर कवि जॉय गोस्वामी, शिक्षाविद पवित्र सरकार, भारतीय इतिहास के विशेषज्ञ नरसिंह प्रसाद भादुड़ी, गायक रूपम इस्लाम, विश्वभारती के पूर्व कुलपति सबुजकाली सेन सहित कई प्रख्यात बंगाली हस्तियों ने हस्ताक्षर किए हैं। संगठन ने कहा, ईश्वरचंद्र विद्यासागर प्रगतिशाली सोच के अगुआ थे। उन्होंने आधुनिक और समकालीन शिक्षा की नींव रखी। उनकी किताब वर्णोपरिचय के जरिए हमारे बच्चों ने दुनिया को जाना। संगठन की अपील पर भादुड़ी ने कहा, विद्यासागर अग्रणी थे जिनके पास संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के नाते पाठ्यक्रम में अंग्रेजी को शामिल करने की दूरदर्शिता थी। उन्होंने वर्णोपरिचय में संस्कृत के शब्दों को बच्चों के लिए अधिक समझने योग्य बनाया। इसलिए इसमें कोई दो राय नहीं है कि उनकी जयंती हमारी शिक्षा प्रणाली में उनके योगदान को सम्मान देने के रूप में मनाई जानी चाहिए। गौरतलब है कि देश में पांच सितंबर को पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस दिवस मनाया जाता है।

# तेजस्वी यादव ने जातिगत जनगणना के मुद्दे पर गैर भाजपा नेताओं को लिखा पत्र

● बिहार में राजग के सहयोगियों में कुमार, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा प्रमुख जीतन राम मांझी और विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी जैसे नेता का नाम भी सूची में है

**भाषा।** पटना

**राजद नेता** तेजस्वी यादव ने शनिवार को देश के गैर भाजपा नेताओं को पत्र लिखकर पिछड़े वर्गों के लिए जातिगत जनगणना के मुद्दे पर समर्थन मांगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि पिछड़े वर्गों की जाति आधारित जनगणना प्रशासनिक रूप से कठिन और दुष्कर है बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने अलग-अलग दलों के नेता नीतीश कुमार, सोनिया गांधी, शरद पवार, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल को इस संबंध में पत्र लिखा है। यह पत्र 33 नेताओं को संबोधित है। यादव ने इसमें कहा, एक संवेदनहीन सरकार के लिए फिर दोहराया जा रहा है कि जाति व्यवस्था, जिसे डॉक्टर बी आर आंबेडकर श्रेणीबद्ध असमानता की प्रणाली बताते थे आबादी एक बड़े हिस्से के लिए नुकसान का बड़ा स्रोत रही है। केंद्र सरकार ने सिर्फ अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की गिनती के लिए सहमति व्यक्त की है, यह संख्यात्मक तौर पर ताकतवर ओबीसी के लिए चिंता की बात है। हिंदी पट्टी में राजनीति पर इस वर्ग का दबदबा रहा है, खासकर 1990 के बाद बिहार में। तेजस्वी यादव के पिता लालू प्रसाद और उनके चिर प्रतिद्वंद्वी नीतीश कुमार का राजनीति में कद ओबीसी सशक्तिकरण के लिए मंडल आंदोलन के बाद बढ़ा था। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता यादव ने कहा, हमें साथ आने की जरूरत है और जातिगत जनगणना के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर दबाव डालने की जरूरत है। उन्होंने कहा, मैं आपके सुझाव और सलाह पर विचार करने के लिए तैयार हूं ताकि हम बिना विलंब के इस पर तत्काल कार्ययोजना तैयार कर सकें। हाल में बिहार से दस दलों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी और जाति आधारित जनगणना कराए जाने की मांग की थी। यादव भी इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। गैर भाजपा दलों के मुख्यमंत्रियों उद्धव ठाकरे, एम के स्टालिन, नवीन पटनायक, के चंद्रशेखर राव और जगमोहन रेड्डी तथा राजग से नहीं जुड़े राजनीतिक पार्टियों के नेताओं अखिलेश यादव, मायावती, फारुक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, प्रकाश सिंह बादल और सीताराम एचुरी का नाम भी पत्र की एक प्रति के साथ जोड़ा गया है। बिहार में राजग के सहयोगियों में कुमार, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा प्रमुख जीतन राम मांझी और विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी जैसे नेता का नाम भी सूची में है। वहीं लोजपा के चिराग पासवान तो इसमें शामिल हैं लेकिन लोजपा के प्रतिद्वंद्वी गुट के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस का नाम इस सूची में नहीं है। इसी तरह एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान को तो पत्र भेजा गया है लेकिन इसमें पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का नाम शामिल नहीं है, जो भाजपा तथा कांग्रेस और राजद तथा इनके सहयोगियों की मुख्यधारा की विपक्षी पार्टियों से समान दूरी बनाने का दावा करते हैं।

## क्विक न्यूज

### गुजरात के निर्दलीय विधायक जिग्नेश मेवानी 28 सितंबर को कांग्रेस में शामिल होंगे

**अहमदाबाद।** गुजरात के निर्दलीय विधायक एवं प्रभावशाली दलित नेता जिग्नेश मेवानी ने जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार के साथ 28 सितंबर कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की है। भारतीय जनता पार्टी शासित गुजरात में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यह घटनाक्रम हुआ है। मेवानी, 2017 के राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के समर्थन से बनासकांठा जिले के वडगाम सीट से निर्वाचित हुए थे। उन्होंने कहा, 28 सितंबर को, मैं कन्हैया कुमार के साथ कांग्रेस में शामिल होऊंगा। उन्होंने कहा कि गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी प्रमुख हार्दिक पटेल भी दिल्ली में इस कार्यक्रम में शरीक होंगे, जहां वह (मेवानी) कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल होंगे। पटेल ने एक बयान में कहा, हम उन सभी क्रांतिकारी युवाओं का स्वागत करते हैं, जो देश के विकास और कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करने को इच्छुक है तथा (महात्मा) गांधी, सरदार (पटेल) और (जवाहरलाल) नेहरू को अपना आदर्श मानते हैं। उन्होंने मेवानी को पुराना मित्र बताते हुए कहा कि उनके कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी। गुजरात कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता मनीष दोशी ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की भ्रष्ट नीतियों के खिलाफ लड़ने वाले हर व्यक्ति का कांग्रेस स्वागत करती है।

### सरकार बनने के चार महीने में हमने 505 में से 202 वादे पूरे किए: स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार चुनावी वादो को लेकर प्रतिबद्ध है और विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए 505 वादों में से 202 को पूरा किया है। इस अनोखी उपलब्धि पर गर्व करते हुए उन्होंने दावा किया कि इस भारतीय उपमहाद्वीप में किसी अन्य सरकार ने ऐसा नही किया। उन्होंने लोगो को आश्वस्त किया कि उपलब्धियो की सूची के साथ वह हर तीन माह मे एक बार उनसे मिलेंगे और सरकार की प्रगति से अवगत कराएंगे। मुख्यमंत्री ने ट्विटर पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, 505 वादों में 202 वादे मेरी सरकार ने चार महीने में पूरे किए। भारतीय उपमहाद्वीप की सभी सरकारों में बस द्रमुक की सरकार को क्रियान्वन की ऐसी रफ्तार का श्रेय दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को क्षणिक रफ्तार के तौर पर नही देखा जाना चाहिए। स्टालिन ने कहा, हम इसी तरह अपना कार्य करते है और रोज करते रहेंगे। हम आपको अपनी सरकार की प्रगति के बारे मे बताने के लिए हर तीन महीने पर उपलब्धियो की सूची के साथ एक बार आपसे मिलेंगे। उन्होंने अपनी उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि सात मई को पदभार ग्रहण करने के कुछ ही घंटों में कोरोनो वायरस राहत के तौर पर राशन कार्डधारक सभी 2.09 करोड़ परिवारों को 4000 रूपए, अवैन दूध के दाम में तीन रूपए प्रति लीटर की कमी, सरकारी सिटी बसो में महिलाओ के लिए मुफ्त यात्रा आदि से संबंधित पांच अहम फाइलो पर दस्तखत किए।

### केरल ऑनलाइन गेम के आदी बच्चों के लिए डिजिटल नशा मुक्ति केंद्र खोलेगा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शनिवार को ऑनलाइन गेम के आदी हो चुके बच्चो को मुख्यधारा में लाने के लिए राज्य मे डिजिटल नशामुक्ति केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने 20 और पुलिस थानो को बाल अनुकूल घोषित किया। राज्य में इस तरह के थानो की संख्या 126 हो गई। पुलिस विभाग के तहत आने वाले नव निर्मित या मरम्मत किए गए इमारतो का ऑनलाइन उद्घाटन करते हुए विजयन ने महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के विभिन्न कार्यक्रमो की जानकारी देते हुए कहा कि ऑनलाइन गेम के आदी बच्चो को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए पुलिस की तरफ से डिजिटल नशामुक्ति केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उनका यह बयान बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि राज्य मे हाल मे कई ऐसे मामले सामने आए है जब बच्चे ऑनलाइन गेम की जाल मे फंसे है।

### कोविड-19: महू के सैन्य छावनी क्षेत्र में सात और लोग संक्रमित पाए गए

**इंदौर (मध्य प्रदेश)।** इंदौर जिले के महू कस्बे स्थित सैन्य छावनी क्षेत्र मे सात और लोगो के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद पिछले 48 घंटे के दौरान इस इलाके मे महामारी के नए मरीजो की तादाद बढ़कर 37 पर पहुंच गई है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी बीएस सैत्या ने शनिवार को यह जानकारी दी। सैत्या ने बताया कि कोविड-19 के सात नए मरीज भी 30 अन्य संक्रमितो के साथ महू के सैन्य अस्पताल मे भर्ती है और उनकी सेहत पर स्वास्थ्य विभाग की नजर बनी हुई है। सैत्या ने बताया कि महू के सैन्य छावनी क्षेत्र मे पिछले 48 घंटे के दौरान मिले सभी 37 संक्रमित महामारी रोधी टीके की दोनो खुराकें ले चुके है।



मजदूर नेता दिवंगत अन्नासाहेब पाटिल की 88वीं जयंती के अवसर पर नवी मुंबई में श्रद्धांजलि देते केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव व देवेन्द्र फड़नवीस

# महाराष्ट्र में 22 अक्टूबर से खुलेंगे सिनेमा हॉल, ड्रामा थिएटर

● राज्य सरकार ने शुक्रवार को धार्मिक स्थलों को सात अक्टूबर से फिर से खोलने की घोषणा की थी

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र के** मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि राज्य में सिनेमा हॉल और ड्रामा थिएटरों को कोरोनोवायरस के प्रसार को रोकने के लिए आवश्यक सभी दिशा निर्देशों का पालन करने की शर्त पर 22 अक्टूबर से खोलने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही इस संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करेगी। ठाकरे ने कोविड-19 कार्य बल की एक बैठक को संबोधित किया, जिसमें शिवसेना के राज्यसभा सदस्य संजय राउत, राज्य के मुख्य सचिव सीताराम कुंटे, फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी और कुणाल कपूर, थिएटर से जुड़े मकरंद देशपांडे, मराठी अभिनेता सुबोध भावे, आदेश बांदेकर आदि भी शामिल थे। बैठक में यह घोषणा की गई कि सिनेमा हॉल और ड्रामा थिएटरों को 22 अक्टूबर से काम करने की अनुमति दी जाएगी, बशर्ते वे कोविड-19 से संबंधित सभी स्वास्थ्य नियमों का पालन करें। राज्य सरकार ने शुक्रवार को धार्मिक स्थलों को सात अक्टूबर से फिर से खोलने की घोषणा की थी और कोरोनोवायरस से संबंधित दिशा निर्देशों को सख्ती से लागू करने के संबंध में भक्तों और पूजा स्थलों का प्रबंधन करने वाले अधिकारियों के लिए एक एसओपी जारी किया था। उसी दिन राज्य सरकार ने यह भी घोषणा की थी कि चार अक्टूबर से समूचे राज्य के स्कूलों में प्रत्यक्ष कक्षाएं फिर से शुरू होंगी। स्कूल शिक्षा मंत्री वर्षा गायकवाड़ ने कहा था कि ग्रामीण क्षेत्रों के सभी स्कूलों में कक्षा पांच से 12 तक और शहरी क्षेत्रों में कक्षा आठ से 12 तक फिर से कक्षाएं शुरू होंगी।

स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र में शुक्रवार को कोरोनोवायरस संक्रमण के 3286 नए मामले आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 65,37,843 हो गई। वहीं, संक्रमण से 51 मरीजों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर।,38,776 हो गई है। राज्य में 3933 रोगियों को अस्पतालों से छुट्टी मिलने के साथ ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 63,57,012 हो गई है। महाराष्ट्र में वर्तमान में 39,491 उपचाराधीन रोगी हैं।

# महाराष्ट्र में भाजपा को सत्ता में आने का एक और अवसर मिलेगा : फडणवीस

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि उतार-चढ़ाव लोकतंत्र का हिस्सा है और उम्मीद है कि भाजपा को महाराष्ट्र में फिर से सरकार बनाने का एक और मौका मिलेगा। मजदूर नेता दिवंगत अन्नासाहेब पाटिल की 88वीं जयंती के अवसर पर नवी मुंबई में मथाडी कर्मियों की एक सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने हेड-लोडर से संबंधित मुद्दों के त्वरित समाधान का आह्वान किया। उन्होंने कहा, हमें फिर से सत्ता में आने का मौका मिलेगा। उतार-चढ़ाव लोकतंत्र का हिस्सा हैं। फडणवीस ने कहा कि अगर उनकी सरकार को और समय मिलता तो मथाडी कर्मियों के मुद्दों को सुलझा लिया जाता। अक्टूबर 2019 में विधानसभा चुनाव के बाद शिवसेना के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी की सरकार सत्ता में आई। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, अब इस सरकार के पास मथाडी कर्मियों की समस्याओं को हल करने का अवसर है। मुझे विश्वास है कि मुद्दों को हल किया जाएगा। भले ही मुद्दों का समाधान न हो... हमें (इन मुद्दों को हल करने के लिए) एक और मौका मिलेगा। लेकिन यह सिर्फ एक मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी दलों को राजनीति किए बिना मथाडी कर्मियों के लिए काम करने की कोशिश करनी चाहिए। समारोह में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव और कई अन्य मथाडी नेताओं के साथ नवी मुंबई के भाजपा नेता मौजूद थे। फडणवीस ने केंद्रीय मंत्री से आयकर अधिनियम की धारा 194 सी के तहत दी गई छूट से संबंधित मुद्दे को हल करने का अनुरोध किया, जिसे नए आईटी पोर्टल में संबोधित नहीं किया गया है।

# वोटों के सियासी सौदागरों ने स्वतंत्रता के बाद 75 वर्षों तक अल्पसंख्यकों को धोखा दिया: नकवी

**भाषा।** मुंबई



**केंद्रीय मंत्री** एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को कांग्रेस पर परोक्ष तौर पर निशाना साधते हुए अल्पसंख्यकों को उनके वोटों के सियासी सौदागरों से आगाह किया और दावा किया कि ऐसे लोगों ने धर्मनिरपेक्षता का नकाब पहन रखा है।महाराष्ट्र के लिए भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रशिक्षण शिविर और राज्य कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए नकवी ने कहा कि आजादी के बाद पिछले 75 वर्षों के दौरान, अल्पसंख्यक वोटों के सियासी सौदागरों ने अल्पसंख्यकों को धोखा देने के लिए अपने राजनीतिक शतरंज की बिसात पर 75 चालें चलीं।

राज्यसभा में उपनेता ने कहा, भय का माहौल बनाना, असहिष्णुता का हौआ खड़ा करना, धर्म का जाल बुनना और अफवाहें फैलाना अल्पसंख्यक समुदायों का राजनीतिक शोषण करने का उनका पुराना फॉर्मूला है। नकवी ने कहा कि अल्पसंख्यकों को ऐसे सियासी सौदागरों से सावधान रहना चाहिए जो अल्पसंख्यक वोटों को हथियाने के लिए धर्मनिरपेक्षता का नकाब पहनकर घूम रहे हैं। उन्होंने अपने भाषण में, छद्म-धर्मनिरपेक्षतावादियों को उनके दोहरे मानकों के लिए आड़े हाथ लिया। नकवी ने कहा, छद्म धर्मनिरपेक्षतावादियों के पाखंड की पराकाष्ठा यह है कि शिवसेना को भाजपा के साथ रहने पर सांप्रदायिक करार दिया जाता है और कांग्रेस के साथ जाने पर उसे धर्मनिरपेक्षता का प्रमाणपत्र मिल जाता है। यह छद्म धर्मनिरपेक्ष सिंडिकेट एक प्रमाणपत्र केंद्र चला रहा है जो किसी को मिनटों में सांप्रदायिक और धर्मनिरपेक्ष बनाता है। महा विकास अघाड़ी का नेतृत्व करने वाली शिवसेना, महाराष्ट्र में राकांपा और कांग्रेस के साथ सत्ता साझा करती है।नकवी ने कहा कि लोगों, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों ने देखा है कि ये अल्पसंख्यक वोट के सौदागर अल्पसंख्यकों के राजनीतिक शोषण में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्षता और समावेशी विकास भाजपा के लिए "संवैधानिक प्रतिबद्धतौ है।उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों ने सम्मान के साथ विकास और तुष्टिकरण के बिना सशक्तिकरण की प्रतिबद्धता के साथ काम किया है, जिससे अन्य वर्गों के साथ-साथ अल्पसंख्यकों का समान विकास सुनिश्चित हुआ है।



बेगलुरू में विधानसभा के सामने मिस्ट कैनन से कीटाणुनाशक का छिड़काव करते बीबीएमपी के कार्यकर्ता

# पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिकी निभा रहा : भाजपा

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा के दौरान विश्व के प्रमुख नेताओं और उद्योग जगत की बड़ी हस्तियों से मुलाकात को रेखांकित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को कहा कि उनके नेतृत्व में भारत अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने क्वाड समूह के नेताओं की बैठक में अन्य मुद्दों के अलावा कोविड-19 पर हुई चर्चा का उल्लेख करते हुए कहा कि समूह के सदस्य देशों के बीच एक करोड़ से अधिक टीके उपलब्ध कराने के मद्देनजर इसके उत्पादन और वितरण में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। त्रिवेदी ने प्रधानमंत्री के अमेरिकी दौरे की अहमियत बताते हुए कहा कि उन्होंने इस दौरान पांच प्रमुख कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस से मुलाकात की जबकि राष्ट्रपति जो बाइडन और क्वाड सदस्यों जापान और ऑस्ट्रेलिया के नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता की और साथ ही क्वाड समूह की बैठक में हिस्सा लिया। भाजपा ने कहा था कि पीएम मोदी के कार्यकाल में अमेरिका से भारत के रिश्ते प्रगाढ़ होते गए। पीएम के रूप में मोदी की तीसरे अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात का उल्लेख करते हुए भाजपा ने दावा किया है कि अलग-अलग दलों के राष्ट्रपति होने के बावजूद मोदी के तीनों के साथ प्रगाढ़ संबंध रहे हैं। मोदी के पीएम बनने के बाद ओबामा, ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति बने जबकि बाइडन वर्तमान में राष्ट्रपति हैं।

## मोदी सरकार की योजनाएं दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतों से प्रेरित : नड्डा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की नीतियां व योजनाएं पार्टी के विचारक दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धांतो से प्रेरित है। उपाध्याय की 105वी जयंती पर पार्टी मुख्यालय मे उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नड्डा ने कहा कि उनका एकात्म मानववाद और अंत्योदय का मंत्र सरकार के कार्यक्रमो को प्रभावित करने वाली एक बड़ी ताकत रही है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व मे सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ देश आगे बढ़ रहा है। चाहे आर्थिक विषय हो, सामजिक विषय हो, सामाजिक क्षेत्र को मजबूती देने की बात हो, हर क्षेत्र मे प्रधानमंत्री की योजनाओ का प्रेरणा स्रोत एकात्म मानववाद और अंत्योदय ही रहा। जन-धन योजना हो, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि हो, गरीब कल्याण अन्न योजना हो, डीबीटी हो, आर्थिक समरसता के कार्यक्रम हो या अन्न योजना, इन सारी योजनाओ मे किसानो का सशक्तिकरण करना, गरीबो को संबल प्रदान करना और आर्थिक दृष्टि से उन्हे मजबूती देना, उनकी स्वास्थ्य की चिंता करना निहित है। वच्छता अभियान और उज्ज्वला योजना के माध्यम से महिलाओ का सशक्तिकरण, हर गांव - हर घर का विद्युतीकरण, सामाजिक सुरक्षा कवच इत्यादि के सभी कार्यक्रम एकात्म मानववाद और अंत्योदय की विकास यात्रा की ही परिणिति है।

## राजस्थान में अध्यापक भर्ती के लिए सबसे बड़ी परीक्षा रविवार को लाखों परीक्षार्थी बैठेंगे

**भाषा।** जयपुर

**राजस्थान में** अध्यापक भर्ती के लिए अपनी तरह की अब तक की सबसे बड़ी परीक्षा रविवार को होगी जिसमें 16 लाख से अधिक परीक्षार्थी एक दिन में इम्तिहान देंगे। राज्य सरकार ने परीक्षा के सफल आयोजन के लिए पूरी पुलिस व प्रशासनिक ताकत लगा दी है वहीं विभिन्न धार्मिक व गैर सरकारी संगठन भी मदद के लिए आगे आए हैं। राज्य के परिवहन मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार परीक्षाओं की सुरक्षा व सुविधा के साथ परीक्षा के सफल आयोजन के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा के आयोजन से जुड़े सारे मामले पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत खुद निगाह रख रहे हैं और किसी तरह की कोई कमी नहीं रखी जाएगी। राजस्थान में तृतीय श्रेणी के लगभग 31000 अध्यापकों के लिए यह राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) 26 सितंबर को करवाई जा रही है।



राजस्थान सरकार द्वारा छात्रों को मुफ्त सेवाएं प्रदान करने के बाद, छात्र राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा में बैठने के लिए अपना प्रवेश पत्र दिखाते हैं।

## गिनीज रिकॉर्ड बनाने के लिए लेह से मनाली तक साइकिल से सफर

**जम्मू।** भारतीय सेना के एक अधिकारी सबसे तेज एकल साइक्लिंग (पुरुष) में गिनीज रिकॉर्ड बनाने के लिए लेह से मनाली तक की साइकिल यात्रा कर रहे है। एक रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। शनिवार सुबह चार बजे लेह से ब्रिगेडियर आर के ठाकुर ने स्ट्राइकर्स डिविजन के लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीपद श्रीराम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अधिकारी 472 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे।

## श्रीनगर से अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं: सिंधिया

**श्रीनगर।** नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को कहा कि श्रीनगर हवाई अड्डे पर अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालन फिर से शुरू होने की उम्मीद है, क्योंकि यहां और शारजाह के बीच सेवाएं शुरू करने के प्रयास जारी हैं। सिंधिया ने यह भी कहा कि श्रीनगर हवाई अड्डे पर टर्मिनल को 25,000 वर्ग मीटर से बढ़ाकर 63,000 वर्ग मीटर किया जाएगा। श्रीनगर से शारजाह (संयुक्त अरब अमीरात में) के लिए पहला अंतरराष्ट्रीय उड़ान संपर्क जल्द ही शुरू किया जाएगा। इसके लिए कोशिश की जा रही है कि अंतरराष्ट्रीय यात्री सीधे श्रीनगर आएं।

## दिलीप छाबड़िया का बेटा धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने कॉमेडियन कपिल शर्मा की शिकायत के आधार पर दर्ज धोखाधड़ी के मामले मे कार डिजाइनर दिलीप छाबड़िया के बेटे बोनिटो छाबड़िया को शनिवार को गिरफ्तार किया। बोनिटो को अपराध शाखा के अधिकारियो ने मामले मे पूछताछ के लिए बुलाया था। पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। शर्मा ने पिछले साल मुंबई पुलिस के समक्ष शिकायत दर्ज कराई थी और आरोप लगाया था कि दिलीप छाबड़िया एवं अन्य ने उनसे 5.3 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है।

## टैंकरों के चोर कम्पार्टमेंट से पेट्रोल पम्प मालिकों को चूना लगाने वाले चार लोग धरे गए

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में टैंकरो से शातिर तरीके से ईंधन चुराकर पेट्रोल पम्प मालिको को हर माह लाखो रुपए का चूना लगाने के मामले में पुलिस ने शनिवार को एक टैंकर मालिक समेत चार लोगो को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक महेशचंद्र जैन ने बताया कि खुड़ैल क्षेत्र के एक पेट्रोल पम्प के प्रबंधक की शिकायत पर टैंकर मालिक पिंटू राठौर, इसके चालक दिलीप केलकर और खलासी अजय केलकर के साथ मैकेनिक चन्द्रशेखर नरवरिया को भी गिरफ्तार किया गया है।

# जातिगत जनगणना के पक्ष में है मेरी पार्टी : आठवले

**भाषा।** इंदौर



**देश में** जातिगत जनगणना के मुद्दे पर राजनीति तेज होने के बीच केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने शनिवार को यहां कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) जातिगत जनगणना के पक्ष में है और पार्टी का मत है कि सरकार को जाति के आधार पर नागरिकों की गिनती पर विचार करना चाहिए। केंद्रीय मंत्री का यह बयान ऐसे वक्त आया है, जब सरकार ने हाल ही में उच्चतम न्यायालय से कहा है कि पिछड़े वर्गों की जाति आधारित जनगणना प्रशासनिक रूप से कठिन और दुष्कर है और जनगणना के दायरे से इस तरह की सूचना को अलग करना सतर्क नीतिगत निर्णय है। आरपीआई (ए) की नुमाइंदगी करने वाले आठवले ने इंदौर में बातचीत के दौरान एक सवाल पर कहा कि मेरी पार्टी का मत है कि जाति के आधार पर जनगणना होनी चाहिए। उनकी पार्टी यह बात नहीं मानती कि देश में जातिगत जनगणना कराए जाने से जातिवाद को बढ़ावा मिलेगा। आठवले ने कहा कि उनकी पार्टी की राय है कि अलग-अलग राज्यों में क्षत्रिय जातियों को भी उनकी आबादी के आधार पर सरकारी नौकरियों और शिक्षा में आरक्षण दिया जाना चाहिए। सम्राट मिहिर भोज की जाति को लेकर राजपूतों और गुर्जरों के आमने-सामने आने पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ने कहा कि दोनों समुदायों को इस विवाद का मिल-जुलकर समाधान निकालते हुए आगे बढ़ना चाहिए। देश में जातिगत आरक्षण की अधिकतम सीमा को लेकर ऐतिहासिक इंदिरा साहनी प्रकरण की नजीर के बारे में पूछे जाने पर आठवले ने कहा, उच्चतम न्यायालय ने बोला है कि आरक्षण की सीमा को 50 फीसद से ज्यादा नहीं बढ़ाया जा सकता। लेकिन ऐसा कोई कानून नहीं है।

## मप्र में महिला आरक्षक के साथ सामूहिक बलात्कार, पांच के खिलाफ मामला दर्ज, दो गिरफ्तार

**नीमच ( मप्र )।** मध्यप्रदेश के नीमच जिले में 30 वर्षीय महिला आरक्षक के साथ कथित सामूहिक बलात्कार के मामले पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मुख्य आरोपी और उसकी मां को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। महिला पुलिस थाने की प्रभारी निरीक्षक अनुराधा गिरवाल ने शनिवार को बताया कि घटना इस माह की शुरुआत की है जब महिला आरक्षक ने 13 सितंबर को शिकायत दर्ज कराई, जांच के बाद मुख्य आरोपी और उसकी मां समेत पांच लोगों के खिलाफ इस सप्ताह मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी और उसकी मां को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कुपोषण से निपटने के लिए आहार का पोषण स्तर बढ़ाना अस्थाई उपाय : एनआईएन

**भाषा।** नई दिल्ली

**आईसीएमआर** के राष्ट्रीय पोषण संस्थान (एनआईएन) की निदेशक डॉ. हेमलता आर ने कहा है कि दीर्घकालिक समाधान होने तक कुपोषण की समस्या को दूर करने के लिए आहार को पोषण युक्त बनाने के कदम को एक अस्थाई उपाय के रूप में देखा जाना चाहिए। फोर्टिफिकेशन (भोज्य पदार्थ का पोषण स्तर बढ़ाना) कार्यक्रम को भोजन की वास्तविक खुराक और विशेष पोषक तत्व की जरूरत के बीच के अंतर को भरने के लिए तैयार किया गया है। डॉ. हेमलता की टिप्पणी विशेषज्ञों द्वारा उठाई गई कुछ चिंताओं के बीच आई है कि फोर्टिफाइड आहार को अच्छी तरह से संतुलित विविध आहार के प्रतिस्थापन के रूप में नहीं माना जा सकता। सरकार कुपोषण से निपटने के लिए मध्याह्न भोजन जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से गरीबों को वितरित किए जाने वाले चावल का पोषण स्तर बढ़ाने की योजना बना रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल में घोषणा की थी कि राशन की दुकानों के माध्यम से या मध्याह्न भोजन योजना के माध्यम से, हर सरकारी कार्यक्रम के तहत उपलब्ध कराए जाने वाले चावल का पोषण स्तर 2024 तक बढ़ाया जाएगा। राष्ट्रीय पोषण संस्थान की निदेशक ने कहा कि सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी मुख्य रूप से अपर्याप्त आहार सेवन, भोजन की खराब गुणवत्ता,आहार विविधता की कमी के कारण होती है।

# किश्तवाड़ में हिजबुल मुजाहिदीन का पूर्व आतंकवादी गिरफ्तार

**भाषा।** जम्मू

**जम्मू कश्मीर** के किश्तवाड़ जिले में 19 साल तक चली तलाश के बाद हिज्बुल मुजाहिदीन के एक पूर्व आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि रियासी के अरनास का निवासी दुल्ला उर्फ जमील तीसरा पूर्व आतंकवादी है, जिसे पिछले 11 दिनों में किश्तवाड़ में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस के एक विशेष दल ने सटीक सूचना मिलने पर विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर छापे मारे और दुल्ला को गिरफ्तार किया, जो चटरू इलाके के कुंदवार गांव में रह रहा था। उन्होंने बताया कि दुल्ला 2002 में चटरू पुलिस थाने में उसके खिलाफ दर्ज आतंकवाद से संबंधित एक मामले में वांछित था लेकिन वह गिरफ्तारी से बच रहा था। उसे एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इससे पहले, दो भगोड़ों नाजिर अहमद और अब्दुल गनी उर्फ माविया को 12 साल और 19 साल तक चली तलाश के बाद क्रमश: 15 सितंबर और 17 सितंबर को गिरफ्तार कर लिया गया। ए दोनों पहले आतंकवादी थे।



नादिया में टीकाकरण शिविर के दौरान शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को डोज दी गई

# भारत के विभाजन में क्षेत्र ही नही मन भी बंटे थे : राम माधव

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता राम माधव ने शनिवार को कहा कि भारत का विभाजन केवल क्षेत्र का नहीं हुआ था बल्कि मन भी बंट गए थे। उन्होंने कहा कि आपस में जोड़ने के तरीकों को तलाशने और उन तत्वों को हतोत्साहित करने की आवश्यकता है जो अलगाववादी विचार में विश्वास रखते हैं। माधव ने कहा कि अखंड भारत के विचार को केवल भौतिक सीमाओं को मिलाने के बारे में नहीं देखा जाना चाहिए बल्कि विभाजन की भयावहता से जो मानसिक बाधाएं पैदा हुईं उन्हें मिटाने के प्रयास के रूप में समझा जाना चाहिए। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की ओर से विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय वेबिनार को सम्बोधित करते हुए माधव ने कहा कि पाकिस्तान के संस्थापक मोहम्मद अली जिन्ना को स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एक दैत्य के रूप में बढ़ने का मौका दिया गया और वह भारत का विभाजन कराने के लिए तुले हुए थे। आरएसएस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य माधव ने विभाजन को एक प्रलयंकारी घटना बताया जो गलत निर्णयों की वजह से हुई। उन्होंने कहा, भारत का विभाजन उस दौरान अन्य कई देशों में हुए विभाजन जैसा नहीं था।

# वकील को मुवक्किल की शिकायत को उठाना चाहिए, खुद की समस्याओं को नहीं : अदालत

**भाषा।** मुंबई

**यहां स्थित** एक स्थानीय अदालत ने एक आरोपी के कथित तौर पर जबरन कोरोना वायरस रोधी टीकाकरण से संबंधित एक याचिका को खारिज करते हुए कहा कि एक वकील को अपने मुवक्किल की शिकायतों को उठाना होता है न कि अपनी। आवेदक ने अपने वकील के माध्यम से अदालत में अर्जी दाखिल कर उसे यहां जेल ले जाने से पहले जबरन टीका लगाने के लिए पुलिस और डॉक्टरों के खिलाफ कार्वाई का अनुरोध किया।

पिछले हफ्ते जब याचिका पर सुनवाई हुई तो सत्र अदालत के न्यायाधीश एस जे घरत ने इसे खारिज कर दिया। विस्तृत अदालती आदेश शुक्रवार को उपलब्ध कराया गया। आदेश में, न्यायाधीश ने कहा कि मैंने आरोपी से टीकाकरण की शिकायत के बारे में पूछताछ की।

आरोपी ने कहा कि उसने कुछ वीडियो देखे और इसलिए, वह टीका नहीं लगवाना चाहता था। जब अदालत ने आरोपी से पूछा कि क्या वह यह शिकायत संबंधित पुलिसकर्मी या टीकाकरण स्टाफ के संज्ञान में लाया, तो आरोपी ने नहीं में जवाब दिया।



गया के देव घाट पर पितृ पक्ष के दौरान फाल्गु नदी के तट पर लोगों ने अपने पूर्वजों की याद में तर्पण की रस्म अदा की

# स्वास्थ्य-शिक्षा में भी सार्वजनिक व निजी क्षेत्र की साझेदारी की जरूरत: गडकरी

**भाषा।** पुणे

**केंद्रीय मंत्री** नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि देश में कम से कम 600 मेडिकल कॉलेज, 50 एम्स जैसे संस्थान और 200 सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों की जरूरत है। इसके साथ उन्होंने कहा कि अवसंरचना विकास क्षेत्र की तरह ही स्वास्थ्य और शिक्षा में भी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की साझेदारी की जरूरत है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने महाराष्ट्र के सतारा जिले के कराड में कोविड-19 योद्धाओं के सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम में यह कहा। गडकरी ने कहा कि सहकारी क्षेत्र को भी चिकित्सा सुविधाओं की स्थापना के लिए आगे आना चाहिए। एक बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत में मैंने उन्हें वेंटिलेटर की कमी की समस्या के बारे में बताया था। उन्होंने मुझसे पूछा कि देश में कितने वेंटिलेटर हैं, इस पर मैंने जवाब दिया कि लगभग ढाई लाख होंगे। लेकिन उन्होंने मुझे बताया कि जब देश में कोरोना वायरस जनित महामारी फैली थी तब केवल 13,000 वेंटिलेटर थे। गडकरी ने कहा कि उस समय ऑक्सीजन, बिस्तर और चिकित्सा सुविधाओं की कमी थी लेकिन डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मियों ने बहुत मदद की। उन्होंने कहा, मैं उनके कार्य की सराहना करता हूं।

## राजमार्गों पर पानी भरने की समस्याओं का हल निकालें

**पुणे।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सातारा, कोल्हापुर और सांगली के निर्वाचित प्रतिनिधियो और अधिकारियो को एनएचएआई के पदाधिकारियो के साथ बैठक कर भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों पर पानी भरने की समस्या का हल निकालने के लिए कहा है। कराड मे एक राजमार्ग परियोजना की आधारशिला रखने के बाद केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि सभी पक्षों को परियोजना के विवरणों को समझने की जरूरत है ताकि समस्या का स्थाई समाधान निकाला जा सके। गडकरी ने कहा, मै आपको आश्वस्त करता हूं कि सड़क अच्छी होगी और इससे जुड़ी सभी समस्याओ का समाधान किया जाएगा। जलमार्ग परियोजनाओं के बारे मे उन्होंने कहा कि 1970 मे राज्यों के बीच के 17 मुद्दो मे से 11 को सुलझा लिया गया है लेकिन महाराष्ट्र, कर्नाटक और गोवा के बीच मुद्दे अब भी बने हुए है। गडकरी ने कहा, हमारे पास पानी की कमी नही है, हमारे पास जल प्रबंधन के मुद्दे है।

## क्विक न्यूज

### राजनीतिक फायदे के लिए मानवाधिकार का हनन सुनियोजित षड्यंत्र: धनखड़

**जयपुर।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने शनिवार को मानवाधिकार हनन को लेकर एक तरह से राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मानवाधिकारों का हनन सुनियोजित षड्यंत्र है, जो खास राजनीतिक लाभ के लिए किया जाता है। पश्चिम बंगाल में हो रहे मानवाधिकारों के हनन की ओर इशारा करते हुए राज्यपाल ने कहा, मानवाधिकारों का संरक्षण जरूरी है। अधिकारों का हनन हो और प्रशासन और न्यायालय से मदद नहीं मिले तो व्यक्ति कहां जाए। प्रशासन उन लोगों की मदद करता है, जो अधिकारों का हनन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मानवाधिकारों का हनन सुनियोजित षड्यंत्र है, जो खास राजनीतिक उपलब्धि के लिए किया जाता है। यह भारत के संविधान पर कुठाराघात है। पश्चिम बंगाल में एक वे लोग हैं जो चैन की नींद सोते हैं और बेपरवाह हैं, उन्हें प्रशासन कुछ नहीं कहेगा। दूसरे वे लोग हैं जो एक पल भी नहीं सो पाते, उनको डर लगाता है। धनखड़ शनिवार को जयपुर से लगभग 20 किलोमीटर दूर धानक्या ग्राम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति की ओर से दीनदयाल की 105वीं जयंती पर आयोजित संगोष्ठी में व्याख्यान दे रहे थे।

### बिहार: आरोपी को कपड़े धोने और इस्त्री करने का आदेश देने वाले न्यायाधीश के न्यायिक कार्य करने पर रोक

**पटना।** पटना उच्च न्यायालय ने बिहार में एक निचली अदालत के न्यायाधीश के न्यायिक कार्य करने पर रोक लगा दी है, जो अपने अटपटे आदेशों को लेकर सुर्खियों में रहे थे। उच्च न्यायालय सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार को जारी एक प्रशासनिक आदेश में अदालत ने मधुबनी जिले के झंझारपुर अनुमंडल में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में पदस्थ अविनाश कुमार को अगले आदेश तक कोई न्यायिक कार्य नहीं करने का निर्देश दिया। निचली अदालत के न्यायाधीश ने कुछ दिन पहले छेड़खानी के एक आरोपी को जमानत देते हुए यह शर्त निर्धारित की थी कि वह पश्चाताप करने के लिए अपने गांव में सभी महिलाओं के कपड़े धोएगा और इस्त्री करेगा। बताया जाता है कि न्यायाधीश ने पहले भी अन्य मामलों में इसी तरह के अटपटे आदेश जारी किए थे।

### महाराष्ट्र : बीड में व्यक्ति ने पत्नी और दो साल की बेटी की हत्या कर फांसी से लटककर जान दी

**बीड।** महाराष्ट्र के बीड जिले के एक गांव में 28 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी पत्नी और दो साल की बेटी की कथित तौर पर हत्या कर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि यह घटना शुक्रवार को पर्ली तालुका के सिरसला गांव में हुई। पुलिस के अनुसार, अल्लाबख्श अहमद शेख ने अपनी पत्नी शबनम (22) और बेटी अशफिया की गला काटकर कथित तौर पर हत्या कर दी। और बाद में स्वयं फांसी लगा ली। सिरसला पुलिस थाने के सहायक पुलिस निरीक्षक प्रदीप एकशिंघे ने बताया कि अल्लाबख्श पर्ली कस्बे में पन बिजली संयंत्र में वेल्डर के तौर पर काम करता था।

### न्यायिक अधिकारी की साख और पृष्ठभूमि के बारे में आम आदमी की धारणा महत्वपूर्ण है : न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सर्वोच्च नैतिक आधार रखने वाले न्यायाधीश न्याय देने की व्यवस्था में जनता के विश्वास का निर्माण करने में लंबा सफर तय करते हैं और न्यायिक अधिकारी की साख और पृष्ठभूमि के बारे में आम आदमी की धारणा महत्वपूर्ण है। न्यायालय ने कहा कि किसी भी स्तर पर न्यायिक अधिकारी के पद पर सबसे सटीक मानक लागू होते हैं। न्यायमूर्ति के एम जोसेफ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने राजस्थान उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर यह फैसला दिया। याचिकाकर्ता ने उस फैसले के खिलाफ यह अर्जी दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि वह सिविल न्यायाधीश के पद पर नियुक्त होने के योग्य नहीं है।

### केरल में रेस्तरां एवं बार खुलेंगे, 50 प्रतिशत ग्राहकों को ही मिलेगी अनुमति

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में कोविड-19 के मामलों में गिरावट आने और लक्षित जनसंख्या में 90 प्रतिशत से अधिक को टीके की पहली खुराक लग जाने के बाद राज्य सरकार ने शनिवार को पाबंदियों में ढील दी तथा रेस्तरां एवं बार को शर्तों के साथ खोलने की अनुमति देने का फैसला किया। उच्च स्तरीय कोविड-19 आकलन बैठक के बाद मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने संवाददाताओं से कहा कि इनडोर स्टेडियम एवं स्वीमिंग पुल पूर्ण रूपेण टीकाकरण से गुजर चुके कर्मियों के साथ खुल सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पाबंदियों में ढील देने का फैसला किया है क्योंकि लक्षित जनसंख्या में 90 प्रतिशत को टीके की पहली खुराक दे दी गई है। विजयन ने कहा , पिछले सप्ताह की तुलना में उपचाराधीन रोगियों की संख्या आठ प्रतिशत घट गई है। अबतक 3,50,12,467 लोगों को टीका लगाया गया है। उनमें से 2,44,71,319 लोगों को पहली खुराक दी गई है जबकि ।,05,41,148 को दोनों खुराक दी जा चुकी है।

### डीआरडीओ जासूसी मामला: सभी पांच आरोपियों के संपर्क में थी संदिग्ध महिला

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर जिले में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के समन्वित परीक्षण रेंज (आईटीआर) के जासूसी मामले में संदिग्ध महिला सभी पांच आरोपियों के सम्पर्क में थी और उनमें से दो को शादी के प्रस्ताव भी दिए थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आईटीआर के पांच कर्मचारियों को ओडिशा पुलिस अपराध शाखा द्वारा सात दिन तक हिरासत में रखने की अवधि शनिवार को समाप्त हो गई और उन्हें अब न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा। उन्हें 14 और 16 सितंबर को एक पाकिस्तानी जासूस को कथित तौर पर पैसे की एवज में महत्वपूर्ण सूचनाएं देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। ओडिशा पुलिस की अपराध शाखा को मंगलवार को इस मामले में दुबई से धन के लेन-देन और एक महिला ऑपरेटिव (जासूस) की भूमिका का साक्ष्य मिला था।

# पन्ना में हीरा पार्क स्थापित करने की प्रक्रिया शुरूः शिवराज

भाषा। भोपाल



**मुख्यमंत्री शिवराज** सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार ने पन्ना जिले में हीरा काटने और पॉलिश के लिए एक पार्क स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। चौहान ने यहां पॉलिटेक्निक कॉलेज के मैदान में शुक्रवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पन्ना मध्यप्रदेश में है लेकिन हीरे की कटिंग, पॉलिशिंग का काम अन्य जगहों पर किया जाता है इसलिए हमने यहां डायमंड पार्क स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार, भोपाल से 380 किलोमीटर दूर स्थित पन्ना जिले की खदानों में कुल 12 लाख कैरेट के हीरे होने का अनुमान है। पन्ना जिले की खदानों से निकाले गए हीरों की बृहस्पतिवार को संपन्न हुई तीन दिन की नीलामी में 144.32 कैरेट वजन के 105 हीरे 1.87 करोड़ रुपए में बिके। इस नीलामी के दौरान 206.68 कैरेट वजन के कुल 155 हीरों को बिक्री के लिए रखा गया था। जिला हीरा अधिकारी रवि पटेल ने बुधवार को पत्रकारों को बताया था, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा नीलामी के पहले दिन (मंगलवार) पन्ना में खनित 117.85 कैरेट वजन के 86 हीरे बेचे गए। इनकी बिक्री से 1.27 करोड़ रुपए की आय हुई। उन्होंने बताया कि नीलामी में 12.08 कैरेट के का एक हीरा सबसे महंगा 42.40 लाख रुपए में बिका। इसे 3.51 लाख रुपए प्रति कैरेट की दर से बेचा गया। हालांकि, इस महीने की शुरुआत में खनन से प्राप्त हुए 8.22 कैरेट के हीरे ने भारत के विभिन्न हिस्सों से आए व्यापारियों की नीलामी में प्रति कैरेट की उच्चतम कीमत हासिल की। 8.22 कैरेट का यह हीरा 4.51 लाख रुपए प्रति कैरेट की दर से 37.07 लाख रुपए में बिका। चार श्रमिकों के एक समूह ने पन्ना जिले के हीरापुर तपरिया इलाके में पट्टे पर हासिल भूमि से 8.22 कैरेट का यह हीरा निकालकर 13 सितंबर को पन्ना के हीरा कार्यालय में जमा कराया था। पटेल ने कहा कि इसके अलावा 6.47 कैरेट का एक अन्य हीरा 2.37 लाख रुपए प्रति कैरेट की दर से 15.36 लाख रुपए में बिका। वहीं 5.05 कैरेट का हीरा 11.66 लाख रुपए में बिका। अधिकारी ने बताया कि कच्चे हीरों की नीलामी से होने वाली आय सरकारी रॉयल्टी और करों की कटौती के बाद उन खनिकों दी जाएगी जिन्होंने इन हीरों को खान से निकाला है।

## सरकार 98,000 कृषि सहकारिताओं को डिजिटल बनाएगी : सचिव

**नई दिल्ली।** सरकार डिजिटल ऋण के लिए 98,000 प्राथमिक कृषि सहकारिताओं (पीसीए) के डिजिटलीकरण और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सहकारिता मंत्रालय में सचिव देवेंद्र कुमार सिंह ने शनिवार को यहां पहले सहकारिता सम्मेलन या राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। आम बजट-2021 में सरकार ने सहकारिता मंत्रालय के गठन की घोषणा की थी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इस मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सिंह ने कहा कि सरकार सहकारिता आंदोलन को लोकप्रिय बनाने के लिए कदम उठाएगी। सहकारी समितियों द्वारा अंतरराष्ट्रीय बाजारों के लिए गुणवत्ता वाले उत्पादों का विनिर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता सहकारिताओं में कारोबार सुगमता है। सचिव ने कहा कि सहकारी क्षेत्र के श्रमबल को पेशेवर बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## सौभाग्य योजना से 2.82 करोड़ घर हुए रोशन

**नई दिल्ली।** सरकार की प्रमुख सौभाग्य योजना से 2.82 करोड़ परिवारों को बिजली मिली है। बिजली मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने इस योजना के चार साल पूरे होने के मौके पर शनिवार को बयान में कहा, सौभाग्य योजना शुरू होने के बाद से इस साल 31 मार्च तक 2.82 करोड़ घरों का विद्युतीकरण किया गया है।

बयान में कहा गया है, मार्च, 2019 तक देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली से वंचित 2.63 करोड़ इच्छुक परिवारों को 18 माह के रिकॉर्ड समय में बिजली कनेक्शन दिया गया। सात राज्यों...असम, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, मणिपुर, राजस्थन और उत्तर प्रदेश ने सूचित किया था कि 31 मार्च, 2019 तक बिजली से वंचित 18.85 लाख परिवारों की पहचान की गई, जो पहले बिजली कनेक्शन नहीं लेना चाहते थे। बाद में उन्होंने कनेक्शन लेने की इच्छा जताई। इसके बाद उन्हें भी इस योजना के दायरे में लिया गया है। सौभाग्य दुनिया की सबसे बड़ी विद्युतीकरण योजनाओं में से है। इस




योजना का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 सितंबर, 2017 को किया था। मंत्रालय ने कहा कि इस योजना का मकसद अंतिम छोर तक बिजली कनेक्शन पहुंचाकर ग्रामीण क्षेत्रों और शहरी इलाकों में गरीब परिवारों तक बिजली पहुंचाना है। इस योजना पर कुल खर्च करीब 16,320 करोड़ रुपए बैठेगा। योजना के लिए सकल बजटीय समर्थन (जीबीएस) 12,320 करोड़ रुपए है। योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के परिवारों के लिए कुल खर्च 14,025 करोड़ रुपए बैठेगा, जिसमें जीबीएस का हिस्सा 10,587.50 करोड़ रुपए है। वहीं शहरी परिवारों के लिए कुल खर्च 2,295 करोड़ रुपए बैठेगा जबकि इसके लिए जीबीएस 1,732.50 करोड़ रुपए है।

## क्विक न्यूज

### भारत ने ऊर्जा पर संरा की उच्चस्तरीय वार्ता में कहा- सभी समस्याओं का एक समाधान संभव नहीं

**संयुक्त राष्ट्र।** भारत ने ऊर्जा परिवर्तन के समावेशी और न्यायसंगत होने पर जोर देते हुए कहा कि सभी समस्याओं का एक समाधान संभव नही, क्योंकि ऐसे में विभिन्न देशों की राष्ट्रीय परिस्थितियों और मिश्रित ईंधन के प्रति पूर्ण संवेदनशीलता के महत्व को नजरअंदाज किया जाता है। केंद्रीय बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने 76वें महासभा सत्र के मौके पर शुक्रवार को आयोजित संयुक्त राष्ट्र की ऊर्जा पर उच्चस्तरीय वार्ता 2021 में एक वीडियो बयान में कहा कि भारत ने 2030 तक 450 गीगावॉट (जीडब्ल्यू) अक्षय ऊर्जा क्षमता का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि भारत राष्ट्रीय हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है, ताकि अर्थव्यवस्था को कार्बन मुक्त किया जा सके। हरित हाइड्रोजन जीवाश्म ईंधन के बजाय नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करके बनाया जाता है। इसमें विनिर्माण, परिवहन के लिए स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करने की क्षमता है और इसका एकमात्र सह-उत्पाद पानी है।

### भारत में रिश्वतखोरी, अन्य मामलों के निपटान को एसईसी को 1.9 करोड़ डॉलर देगी डब्ल्यूपीपी

**नई दिल्ली।** दुनिया का सबसे बड़ा विज्ञापन समूह डब्ल्यूपीपी पीएलसी अमेरिकी बाजार नियामक प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) को विभिन्न उल्लंघनों के आरोपों के निपटान के लिए 1.9 करोड़ डॉलर का भुगतान करेगा। इसमें समूह की एक अनुषंगी द्वारा विज्ञापन अनुबंधों के एवज में भारत सरकार के अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप भी शामिल है। एसईसी ने डब्ल्यूपीपी के मामले के निपटान की पेशकश को स्वीकार करने संबंधी आदेश जारी करते हुए कहा कि रिश्वतखोरी का यह मामला डब्ल्यूपीपी की भारत में बहुलांश हिस्सेदारी वाली अनुषंगी से संबंधित है। इस अनुषंगी ने बिचौलियों के माध्यम से भारतीय अधिकारियों को लाखों डॉलर की घूस दी। नियामक ने कहा, भारतीय अनुषंगी द्वारा रिश्वत देने से डब्ल्यूपीपी को अनुचित तरीके से 56,69,596 डॉलर का फायदा हुआ। एसईसी ने कहा कि इसके अलावा डब्ल्यूपीपी को चीन, ब्राजील और पेरू में भी अपनी अनुषंगियों के जरिए इसी तरह का अनुचित लाभ हुआ है। एसईसी ने कहा कि इन निष्कर्षों को स्वीकार या स्वीकार किए बिना डब्ल्यूपीपी ने रिश्वतखोरी और विदेशी भ्रष्टाचार व्यवहार कानून (एफसीपीए) के उल्लंघन के मामले का निपटान करने की सहमति दी है। डब्ल्यूपीपी 1.01 करोड़ डॉलर की अवैध कमाई, 11 लाख डॉलर का पूर्वनिर्णय ब्याज और 80 लाख डॉलर का जुर्माना चुकाएगी। मौजूदा विनिमय दर के लिहाज से दुनिया की सबसे बड़ी विज्ञापन कंपनी को करीब 140 करोड़ रुपए का भुगतान करना होगा।

### आयकर विभाग ने विदेशी कंपनियों के लिए 2020-21 की सेफ हार्बर दरें अधिसूचित की

**नई दिल्ली।** कर विभाग ने भारत में विदेशी कंपनियों द्वारा हस्तांतरण मूल्य निर्धारण की गणना के लिए 2020-21 की सेफ हार्बर दरों को अधिसूचित किया है। आमतौर पर, सेफ हार्बर को उन परिस्थितियों के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसमें कर प्राधिकार को करदाता द्वारा घोषित हस्तांतरण मूल्य को स्वीकार करना होता है। हस्तांतरण मूल्य से तात्पर्य उन कीमतों से है, जिन पर एक कंपनी की विभिन्न विदेशी इकाइयां आपस में एक दूसरे के साथ लेनदेन करती हैं। अधिसूचना के मुताबिक सेफ हार्बर नियमों (एसएचआर) के तहत दरें 2016-17 से 2018-19 तक लागू हैं और इसे बाद में 2019-20 तक बढ़ाया गया और ए 2020-21 में भी लागू रहेंगी। नांगिया एंड कंपनी एलएलपी के पार्टनर (हस्तांतरण मूल्य निर्धारण) नितिन नारंग ने कहा कि पिछले साल की तरह, इस साल फिर दरों को तीन या पांच साल की अवधि के बजाय केवल एक साल के लिए अधिसूचित किया गया है। उन्होंने कहा कि एसएचआर करदाताओं और कर अधिकारियों दोनों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी होना चाहिए।

### एनटीपीसी को सीपीएसयू योजना के तहत 1.9 गीगावॉट की सौर परियोजनाएं मिलीं

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने सीपीएसयू योजना-दो निविदा में 1.9 गीगावॉट की सौर परियोजनाएं हासिल की है। इसके साथ, एनटीपीसी के पास अब प्रतिस्पर्धी बोलियों के माध्यम से हासिल की गई 6.3 गीगावॉट क्षमता है। कंपनी के एक बयान में कहा गया है कि इससे एनटीपीसी की वर्ष 2032 तक 60 गीगावॉट आरई (नवीकरणीय ऊर्जा) क्षमता की योजना का मार्ग प्रशस्त होगा। कंपनी ने पांच गीगावॉट निविदा की तीसरी किस्त में परियोजनाएं हासिल की है।

### कृषि कानूनों के विरोध में भारत बंद का आह्वान औचित्यहीनः रविकांत गर्ग

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रविकांत गर्ग ने शनिवार को कहा कि केंद्र के तीन कृषि कानूनों के विरोध में विभिन्न किसान संगठनों द्वारा 27 सितंबर को किए गए भारत बंद के आह्वान का कोई औचित्य नही है। उन्होंने भारत बंद के आह्वान को किसानों एवं व्यापारियों के हितों के विरुद्ध तथा देश की प्रगति में बाधक बताया। एक बयान में गर्ग ने दावा किया, देश के 20 करोड़ से अधिक उद्यमी, व्यापारी, कारोबारी, छोटे उद्यमी, दुकानदार और रेहड़ी- पटरी वालों का इस भारत बंद से कोई सरोकार नही है और यह वर्ग इसमें शामिल नही होगा। उन्होंने कृषि कानूनों के विरोध में हो रहे आंदोलन को देश की आर्थिक, औद्योगिक एवं व्यापारिक प्रगति और विकास के लिए अवरोध बताया और प्रदर्शनकारी किसानों से कृषि कानूनों का गहराई से अध्ययन करने की अपील की। उन्होंने कहा, कोविड-19 के बाद वर्तमान में जब आर्थिक, औद्योगिक, व्यापारिक विकास पटरी पर लौट रहा है, तब इस प्रकार के षडयंत्रपूर्वक आंदोलन, रास्ता जाम तथा भारत बंद जैसी घोषणाएं देश के विकास में बाधक हैं।

### इंडिगो ने कहा, प्रवर्तकों के विवाद से संबंधित मध्यस्थता आदेश में कंपनी को कोई निर्देश नहीं

**नई दिल्ली।** विमानन कंपनी इंटरग्लोब एविएशन ने कहा कि लंदन कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन ने इंडिगो के प्रवर्तकों राहुल भाटिया और राकेश गंगवाल के बीच विवाद से संबंधित मामले में अंतिम मध्यस्थता आदेश दिया है और इस संबंध में कंपनी को कोई निर्देश जारी नही किया गया है। इंटरग्लोब एविएशन देश की सबसे बड़ी विमानन सेवा इंडिगो की स्वामी है। इंटरग्लोब एविएशन ने शेयर बाजार को बताया कि मध्यस्थता कार्यवाही में 23 सितंबर को अंतिम मध्यस्थ फैसला जारी किया गया, जिसमें कंपनी को प्रतिवादी के रूप में नामित किया गया था। यह कार्वाई इंटरग्लोब एंटरप्राइजेज लिमिटेड (आईजीई) और भाटिया ने गंगवाल, चिंकरपू फैमिली ट्रस्ट और शोभा गंगवाल (आरजी ग्रुप) के खिलाफ शुरू की थी। इंटरग्लोब एविएशन ने शुक्रवार को कहा कि आदेश में कंपनी को कोई निर्देश जारी नही किया गया है। आदेश ने एजी समूह और आईजीई समूह को एक-दूसरे के खिलाफ राहत की मांग के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। आदेश के बारे में विशिष्ट विवरण का पता नही चल सका है।

## असम सरकार ने बुनकरों के पारंपरिक उत्पादों को लोकप्रिय बनाने के लिए केंद्र से मदद मांगी

भाषा। गुवाहाटी

**असम सरकार** ने असम के बुनकरों के उत्पादों को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने और राज्य के कपड़ा उद्योग के आधुनिकीकरण के लिए केंद्र से मदद मांगी है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय कपड़ा राज्यमंत्री दर्शना जरदोश की राज्य की दो दिन की यात्रा के दौरान उनके समक्ष यह आग्रह रखा गया। कपड़ा राज्यमंत्री की यात्रा शुक्रवार को संपन्न हुई।

सूत्रों ने बताया कि जरदोश की राज्यपाल जगदीश मुखी से मुलाकात के दौरान राज्यपाल ने उनसे राज्य के कपड़ा क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने जरदोश से राज्य की महिला बुनकरों के सशक्तीकरण के लिए विशिष्ट योजनाएं शुरू करने का अनुरोध किया। मुखी ने राज्य के कपड़े के पारंपरिक डिजाइन को बाहरी बाजारों में लोकप्रिय बनाने में भी उनकी मदद मांगी। सूत्रों ने आगे बताया कि मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी जरदोश के साथ अपनी बैठक के दौरान कपड़ा क्षेत्र में केंद्र से हस्तक्षेप का अनुरोध किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से राज्य के सबसे बड़े शहर गुवाहाटी में भारतीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करने का अनुरोध किया। उन्होंने असम में कपड़ा उद्योग को आधुनिक तकनीक के साथ मदद करने और असम के बुनकरों के तैयार उत्पादों को वैश्विक बाजार पर कब्जा करने में सक्षम बनाने के लिए केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय के हस्तक्षेप की अपील की। केंद्रीय मंत्री ने यात्रा के दौरान राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की।

## बाइडन से बातचीत में मोदी का व्यापार, आर्थिक संबंधों को विकसित करने पर जोरः विदेश सचिव

भाषा। वाशिंगटन

**विदेश सचिव** हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ अपनी पहली व्यक्तिगत मुलाकात में दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों को विकसित करने पर जोर दिया। राष्ट्रपति बाइडन ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। ओवल ऑफिस में दोनों नेताओं की मुलाकात के लिए 60 मिनट तय थे, लेकिन इसके बजाय बैठक 90 मिनट से ज्यादा चली। श्रृंगला ने शुक्रवार को बैठक के बाद यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, प्रधानमंत्री ने व्यापार और आर्थिक संबंधों को विकसित करने पर जोर दिया।

बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने महसूस किया कि उन्हें अपने संबंधित मंत्रियों - भारत के मामले में वाणिज्य



और उद्योग मंत्री तथा अमेरिका के मामले में संयुक्त राज्य अमेरिका के व्यापार प्रतिनिधि - से यह कहना चाहिए कि द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को कैसे अधिक गति दी जा सकती है, और कैसे कुछ निर्णयों को अधिक तेजी से लागू किया जा सकता है। इस दौरान ट्रिप्स पत्र पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि भारत ने कोविड वैक्सीन को और अधिक व्यापक रूप से उपलब्ध कराने के लिए विश्व व्यापार संगठन में आईपीआर छूट की मांग का समर्थन करने के लिए अमेरिका की सराहना की। व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक तथ्य पत्र में बाइडन प्रशासन ने कहा कि आगामी व्यापार नीति फोरम के तहत अमेरिका व्यापार चिंताओं को दूर करने और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने के लिए भारत के साथ काम करना चाहता है।

### भारत, अमेरिका को इस साल व्यापार नीति मंच के पुनर्गठन की उम्मीद

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका को 2021 के अंत से पहले भारत-अमेरिका व्यापार नीति मंच के पुनर्गठन की उम्मीद है, जिसका मकसद व्यापार चिंताओं का समाधान कर द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाना है। एक आधिकारिक संयुक्त बयान में कहा बात कही गई। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत किया और इस दौरान दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच साझेदारी को आगे बढ़ाने और घनिष्ठ संबंधों को नया रूप देने पर सहमति बनी। बैठक के बाद एक संयुक्त बयान में कहा गया, वे 2021 के अंत तक भारत-अमेरिका व्यापार नीति फोरम को पुनर्गठित करने के लिए तत्पर हैं, ताकि व्यापार चिंताओं का समाधान कर द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को बढ़ावा दिया जा सके। संयुक्त बयान में दोनों देशों के बीच बढ़ते जुड़ाव के लिए विशिष्ट क्षेत्रों की पहचान करने और व्यापार संबंधों के भविष्य के लिए एक महत्वाकांक्षी, साझा दृष्टि विकसित करने की बात भी कही गई।

## महामारी के चुनौतीपूर्ण समय से अब भारत पुनरुद्धार की राह परः पीयूष गोयल



**शिमला।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि महामारी के दौरान भारत ने काफी चुनौतीपूर्ण समय का सामना किया है, लेकिन अब देश पुनरुद्धार और तेज वृद्धि की राह पर है। गोयल ने शनिवार को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए यह बात कही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा, जब यह महामारी आई तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे पहले गरीबों, प्रवासी भाइयों -बहनों की ओर ध्यान दिया। इससे पहले गोयल ने हिमाचल प्रदेश में इस योजना के विभिन्न लाभार्थियों से वर्चुअल तरीके से बात की। उन्होंने लाभार्थियों के बीच राशन किट का भी वितरण किया। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने इस मौके पर लाभार्थियों को संबोधित किया।

## एसपीवी, राज्य सरकारों मिल सकती है वाहन फिटनेस जांच केंद्र स्थापित करने की अनुमति

भाषा। नई दिल्ली

**सरकार निजी** और परिवहन वाहनों की फिटनेस जांच के लिए विशेष इकाइयों (एसपीवी), राज्य सरकारों, कंपनियों, संघों और निकायों को ऑटोमेटेड परीक्षण केंद्र (एटीएस) खोलने की अनुमति दे सकती है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, एटीएस के पूर्व-पंजीकरणापंजीकरण के लिए एक खिड़की मंजूरी प्रणाली उपलब्ध कराई जा सकती है। पंजीकरण प्राधिकरण राज्य के परिवहन आयुक्त के निचले स्तर का नहीं होना चाहिए। मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी दिशानिर्देशों में कहा गया है, एटीएस का स्वामित्व और परिचालन किसी व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है। इसमें कंपनी या संघ या व्यक्तियों का निकाय या विशेष इकाई या राज्य सरकार शामिल है। दिशानिर्देशों में कहा गया है कि यदि कोई वाहन परीक्षण में विफल होता है, तो पंजीकृत मालिक या अधिकृत व्यक्ति पुन:परीक्षण के लिए उचित शुल्क जमा कराकर वाहन की फिर से जांच का अनुरोध कर सकता है। यदि इसके बाद भी वाहन फिटनेस जांच में फेल होता है तो संबंधित वाहन के जीवन चक्र (ईएलवी) को समाप्त घोषित कर दिया जाएगा।

मंत्रालय ने कहा कि यदि वाहन मालिक जांच से संतुष्ट नहीं है, तो वह आवश्यक शुल्क जमा कराने के बाद पुन: जांच का आग्रह कर सकता है। इस तरह की अपील मिलने के बाद अपीलीय प्राधिकरण अपील मिलने की तिथि से 15 कार्यदिवसों में वाहन की आंशिक तौर पर या पूरी तरह नए सिरे से जांच के लिए कह सकता है। मंत्रालय ने कहा कि यदि पुन: जांच में वाहन सफल रहता है, तो अपीलीय प्राधिकरण उस वाहन के लिए फिटनेस प्रमाणन जारी करने का आदेश देगा। अपीलीय प्राधिकरण का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। मंत्रालय ने कहा कि हितों के टकराव से बचने के लिए कोई वित्तीय या पेशेवर हित नहीं होना चाहिए। मसलन कोई भी व्यक्ति एसटीएस के मालिक या परिचालक के निर्णय या पेशेवर व्यवहार को प्रभावित नहीं कर सकता है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने हाल में कहा था कि राष्ट्रीय वाहन कबाड़ नीति के तहत एटीएस के रूप में समर्थन देने वाले ढांचे की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा था कि इसका मकसद वाहनों के मैनुअल परीक्षण को सीमित करना है। पहले चरण में 75 स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। बाद में इनकी संख्या बढ़ाकर 450 से 500 की जाएगी।

## टीकाकरण, नए नियमों से पटरी पर लौट रहा है पर्यटन क्षेत्र : उद्योग निकाय

**नई दिल्ली।** आतिथ्य, प्रौद्योगिकी और पर्यटन उद्योग परिसंघ ने शनिवार को कहा कि बड़े पैमाने पर कोविड-19 रोकथाम टीकाकरण और महामारी से संबंधित नए नियमों से पर्यटन क्षेत्र धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहा है। उद्योग निकाय ने एक बयान में कहा कि यह जरूरी है कि इससे होने वाले लाभ व्यापक और उचित तरीके से हासिल हो सके। एयरबीएनबी इंडिया, दक्षिणपूर्व एशिया, हांगकांग और ताइवान के महाप्रबंधक अमनप्रीत बजाज ने कहा, पर्यटन क्षेत्र विशेष रूप से घरेलू यात्रा क्षेत्र पटरी पर लौट रहा है। भारतीय यात्री अब सड़क के माध्यम से यात्राएं, सप्ताहांत अवकाश और आसपास घूमने-फिरने वाली जगहों पर जाना शुरू कर रहे है। उन्होंने कहा कि यात्री अब पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए यात्रा कर रहे हैं और और यात्रा के लिए पर्यावरण अनुकूल विकल्प चुन रहे हैं। वही मेकमाईट्रिप के सह-संस्थापक और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजेश मगो ने कहा, महामारी ने यात्रियों के बीच पर्यावरण को लेकर जागरूकता बढ़ी है।

## एचडीएफसी ने बकाए की वसूली को अंसल हाउसिंग के गिरवी रखे कुछ शेयर बेचे

**नई दिल्ली।** आवास विकास वित्त निगम लि. (एचडीएफसी) ने अपने बकाए की वसूली के लिए अंसल हाउसिंग द्वारा उसके पास गिरवी रखे गए शेयरों में से कुछ को बेच दिया है। अगस्त में एचडीएफसी ने अंसल हाउसिंग लि. के 46,20,000 शेयरों को गिरवी रखा था। यह 7.78 प्रतिशत चुकता शेयर पूंजी के बराबर है। बकाया ऋण की वसूली के लिए एचडीएफसी ने इसमें से एक हिस्सा बेच दिया है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में एचडीएफसी ने कहा, इस बारे में हम सूचित करना चाहते हैं कि अंसल के कुल 12,67,504 शेयरों की बिक्री की गई है जो 2.13 प्रतिशत चुकता शेयर पूंजी के बराबर है।

# पेज एक का शेष

### आतंकवाद की...

पहचान है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह एक ऐसा देश है जहां दर्जनों भाषाएं, सैकड़ों बोलियां, विभिन्न जीवन शैलियां और व्यंजन हैं। यह एक जीवंत लोकतंत्र का सबसे अच्छा उदाहरण है।उन्होंने कहा, हमारे लोकतंत्र की ताकत इस तथ्य से प्रदर्शित होती है कि एक छोटा लड़का जो कभी रेलवे स्टेशन पर चाय की दुकान पर अपने पिता की मदद करता था, आज भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर चौथी बार संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित कर रहा है। मोदी ने कहा, मैं जल्द ही सरकार के मुखिया के रूप में अपने देशवासियों की सेवा करने के 20 साल पूरा करूंगा। पहले, गुजरात के सबसे लंबे समय तक रहने वाले मुख्यमंत्री के रूप में और फिर पिछले सात वर्षों से प्रधानमंत्री के रूप में। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र की देन है।

### समाज के...

लाभ मिल रहा है। इन योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति को बिना भेदभाव के दिया जाता है। यह केन्द्र व प्रदेश सरकार की ओर से अन्त्योदय के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए उनके जीवन में खुशहाली लाने का प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान भी ऐसे कार्यक्रम प्रारम्भ हुए हैं, जिसने लोक कल्याणकारी सरकार के मानवीय चेहरे को दुनिया के सामने रखा है। एक लोक कल्याणकारी सरकार अपनी मानवीय संवेदनाओं को जनमानस के प्रति किस प्रकार व्यक्त करती है, इसका उदाहरण पूरी दुनिया ने देखा है। वर्ष 2020 में आठ माह तक हर व्यक्ति को नि:शुल्क राशन दिया गया। इस वर्ष माह मई से नवम्बर तक इसे फिर से प्रारम्भ किया गया। विगत 24 माह में 15 माह नि:शुल्क राशन दिया गया। उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोग और देश में 80 करोड़ लोग इससे लाभान्वित हुए। यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को भी आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल की जयन्ती पर आज हर ब्लॉक में गरीब कल्याण मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस मेले में दिव्यांगजन को उपकरण वितरण, किसानों को कृषि यंत्रों का वितरण भी किया जाएगा। हर नागरिक के जीवन में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ कैसे उपलब्ध हो सके, इस दिशा में गरीब कल्याण मेला महत्वपूर्ण केन्द्र बनेगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### मोपला विद्रोह...

पूरी मानवता को जिहादी सोच से कैसे मुक्त करा सकते हैं और ऐसा वातावरण बना सकते हैं कि मालाबार नहसंहार जैसी घटना फिर से ना हो। उन्होंने कहा, यह जिहादी तत्वों द्वारा हिन्दुओं का नरसंहार था।

### नई सहकारिता...

काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को मजबूत और आधुनिक बनाने के लिए सहकारिता मंत्रालय का गठन किया गया है। यह कहते हुए कि प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में सहकारी समितियों को जीवित रहने की आवश्यकता है, मंत्री ने कहा कि प्रगतिशील भारत के 75 साल पूरे होने का जश्न मनाने के मौके पर सरकार की आजादी का अमृत महोत्सव पहल के हिस्से के रूप में एक नई सहकारी नीति लाई जाएगी। प्रस्तावित नई सहकारी नीति पर शाह ने कहा कि वर्ष 2002 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा एक नीति लाई गई थी, और अब नरेंद्र मोदी सरकार एक नई नीति पर काम शुरू करेगी। इसके अलावा सरकार बहु-राज्य सहकारिता कानून (मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव एक्ट) में संशोधन करने के साथ-साथ देश में पीएसी का आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण करने जा रही है। उन्होंने कहा, हमने हर दूसरे गांव में एक पीएसी रखने का लक्ष्य रखा है। अगले पांच वर्षों में पीएसी की संख्या बढ़ाकर तीन लाख की जाएगी।

### सीबीआई ने...

थे। पुलिस के मुताबिक, उन्होंने कथित तौर पर फांसी लगाई थी। इस मामले की जांच के लिए पहले एसआईटी का गठन किया गया, लेकिन इसके अगले ही दिन प्रदेश सरकार ने मामले की जांच सीबीआई से कराने की सिफारिश की।

### विदेश जाने...

खुराक लग चुकी है, और वे विदेश यात्रा के इच्छुक हैं, उनके टीका प्रमाण पत्र पर पूरी जन्मतिथि लिखी होगी। ब्रिटेन ने बुधवार को अपने नए यात्रा दिशा निर्देशों में संशोधन कर भारत में निर्मित ऐस्ट्राजेनेका टीके के संस्करण को अपनी स्वीकृत टीका सूची में शामिल किया था। कोविशील्ड को मान्यता देने से ब्रिटेन के इनकार के बाद भारत द्वारा की गई आलोचना के चले लंदन ने अपने अद्यतन अंतरराष्ट्रीय यात्रा परामर्श में टीके को शामिल किया था। हालांकि, ब्रिटेन के अधिकारियों ने बुधवार को यह भी स्पष्ट किया था कि कोविशील्ड की दोनों खुराक ले चुके लोगों को भी ब्रिटेन में 10 दिन के संस्थागत पृथक-वास में रहना होगा।

### केंद्र ने...

विदेश यात्राओं की उत्सुक नहीं हूं, लेकिन यह देश के सम्मान का मामला था। आप हिंदुओं की बातें करते हो, मैं भी एक हिंदू महिला हूं। आपने मुझे इजाजत क्यों नहीं दी ?आप पूरी तरह से ईर्ष्यालु हो। उन्होंने कहा कि हमें अपनी आजादी की रक्षा करना होगी। तालिबानी भाजपा देश नहीं चला सकती। उसे पराजित करने के लिए तृणमूल अकेली ही काफी है। भवानीपुर से खेला शुरू होगा और यह पूरे देश में जीत के साथ ही खत्म होगा।

### भाजपा सांसद...

दौड़ा-दौड़ा कर पीटा और उनकी गाड़ी तोड़ दी। मारपीट के दौरान उनका कुर्ता फट गया, और उन्हें चोट आई है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश द्विवेदी ने बताया कि गुप्ता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रमोद तिवारी व उनकी पुत्री अराधना मिश्रा मोना सहित 27 नामजद लोगों और 50 अज्ञात लोगों के विरुद्ध जान लेवा हमला करने सहित अन्य सुसंगत धाराओं मे मामला दर्ज किया है। इस बारे में कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका पक्ष सामने नहीं आ पाया।उधर उप मुख्यमंत्री केशव मौर्या ने ट्वीट किया, जनपद प्रतापगढ़ के सांगीपुर ब्लॉक में आयोजित गरीब कल्याण मेले में भाजपा सांसद एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव संगमलाल गुप्ता पर हमला करने वाले गुंडों के खिलाफ़ कठोर कार्रवाई जल्द से जल्द किए जाने के निर्देश दिए गए हैं, एक भी दोषी को बक्शा नहीं जाएगा।

### विधायिका को...

रखने में विफल रहती है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, दुर्भाग्य से हमारी प्रणाली को इस तरह से बनाया गया है कि जब तक सभी तथ्यों और कानून पर अदालत में मंथन किया जाता है, तब तक बहुत कुछ खत्म हो जाता है। न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि भारत में न्याय तक पहुंच की अवधारणा केवल अदालतों के समक्ष एक आरोपी का प्रतिनिधित्व करने के लिए वकील प्रदान करने से कहीं अधिक व्यापक है। उन्होंने कहा कि भारत में गरीबों और हाशिए पर पड़े लोगों को न्याय दिलाने का काम ओएसएलएसए जैसी कानूनी सेवा संस्थाओं को सौंपा गया है, जिनकी गतिविधियों में उन वर्गों के बीच कानूनी जागरूकता और कानूनी साक्षरता बढ़ाना शामिल है जो परंपरागत रूप से संबंधित प्रणाली के दायरे से बाहर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, चाहे मुआवजे की बात हो या बेदखली या शादी और विरासत से जुड़ा कोई पारंपरिक मुद्दा, एक आम आदमी को त्वरित समाधान की जरूरत है। न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि लोक अदालत, मध्यस्थता और सुलह जैसे वैकल्पिक विवाद समाधान (एडीआर) तंत्र को बढ़ावा देने की दिशा में कानूनी सेवाओं के अधिकारियों की बड़ी जिम्मेदारी है ताकि अधिक समावेशी और तेजी से न्याय प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा, अगर हम लोगों का विश्वास बनाए रखना चाहते हैं, तो हमें न केवल न्यायिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की जरूरत है, बल्कि हमें अपने संपर्क कार्यक्रमों को भी बढ़ावा देने की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि चुनौती की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए हमने आगामी सप्ताह में देशव्यापी कानूनी जागरूकता मिशन शुरू करने का निर्णय लिया है। मैं इस प्रयास को दूर-दूर तक ले जाने के लिए आपके सहयोग और समर्थन की अपेक्षा करता हूं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति की पहली बैठक

# चुनौतियों का मिलकर सामना करने को प्रतिबद्धः बाइडन

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ पहली बार आमने-सामने की बैठक के बाद कहा कि भारत और अमेरिका दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं और दोनों देश मिलकर मुश्किल से मुश्किल चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में शुक्रवार को दोनों नेताओं की मुलाकात निर्धारित 60 मिनट के बजाय 90 मिनट से ज्यादा चली। बाइडन ने ट्विटर पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ तस्वीर साझा की जिसमें वह उनसे हाथ मिलाते दिखे। उन्होंने लिखा, आज सुबह मैंने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री मोदी की मेजबानी की और हम भारत-अमेरिका संबंधों के इतिहास में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं। दोनों देश दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं और हम मिलकर सबसे कठिन चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति बाइडन के साथ एक सार्थक बैठक की। उन्होंने कहा, महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर उनका नेतृत्व प्रशंसनीय है। हमने चर्चा की कि कैसे भारत और अमेरिका विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाएंगे और कोविड-19 एवं जलवायु परिवर्तन जैसी प्रमुख चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करेंगे।

बाद में मीडिया को संबोधित करते हुए विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि दोनों नेताओं ने स्वीकार किया कि दोनों देशों के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामरिक हितों के प्रति साझा प्रतिबद्धता पर टिकी है। उन्होंने कहा, यह बैठक गर्मजोशी से भरी और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में हुई। यह सार्थक और सामयिक दोनों थी। उन्होंने उल्लेख किया कि चर्चा व्यापक स्तर पर हुई और कहा कि दोनों नेताओं ने कोविड-19 संकट से निपटने पर जोर दिया और एक दूसरे को महामारी से निपटने के अपने अनुभवों से अवगत कराया। श्रृंगला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत में महामारी की दूसरी लहर के दौरान अमेरिका की सरकार और वहां के नागरिकों द्वारा दिखाई गई एकजुटता और समर्थन के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।उन्होंने कहा, राष्ट्रपति बाइडन ने एक ऐसे देश के रूप में भारत की भूमिका की सराहना की जिसने फार्मास्यूटिकल्स और टीके के माध्यम से दुनिया भर के देशों को सहायता प्रदान की। राष्ट्रपति बाइडन ने टीकों पर चर्चा के दौरान अक्टूबर में टीकों का निर्यात फिर से शुरू करने के भारत सरकार के निर्णय की सराहना की। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने भी अपने टीकों के वितरण में उल्लेखनीय वृद्धि की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि इनका जिक्र क्वाड शिखर सम्मेलन के दौरान भी हुआ।श्रृंगला ने कहा कि निश्चित रूप से इस दौरान यही भाव था कि भारतीय टीके में गुणवत्ता है और वे सस्ती भी हैं, जिनके उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की जाएगी और टीकों की उपलब्धता से विकासशील देशों में टीका असमानता से निपटने में मदद मिलेगी। बाद में एक फैक्ट शीट में व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिका और भारत स्वतंत्रता, बहुलवाद, खुलेपन और मानवाधिकारों के सम्मान के मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं।



व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन व जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा

## सीमा पार आतंकवाद की निंदा की

भाषा। वाशिंगटन

**भारत** और अमेरिका ने सीमा पार आतंकवाद की निंदा की है और 26।11 के मुंबई हमलों के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान करते हुए कहा है कि वे संयुक्त राष्ट्र द्वारा प्रतिबंधित समूहों सहित सभी आतंकवादी समूहों के खिलाफ ठोस कार्वाई करेंगे। व्हाइट हाउस में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच पहली द्विपक्षीय बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि अमेरिका और भारत वैश्विक आतंकवाद के खिलाफ साझा लड़ाई में एक साथ खड़े हैं। संयुक्त बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने इस बात की पुष्टि की कि अमेरिका और भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रस्ताव (यूएनएससीआर) 1267 प्रतिबंध समिति द्वारा प्रतिबंधित समूहों सहित सभी आतंकवादी समूहों के खिलाफ ठोस कार्वाई करेंगे। उन्होंने सीमा पार आतंकवाद की निंदा की और 26।11 के मुंबई हमलों के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान किया। उन्होंने किसी भी रूप में आतंकवादियों के छद्म इस्तेमाल की निंदा की और आतंकवादी समूहों को किसी भी तरह की सैन्य, वित्तीय सहायता को रोकने के महत्व पर जोर दिया। पाकिस्तान स्थित कट्टरपंथी मौलाना हाफिज सईद का जमात-उद-दावा लश्कर-ए-तैयबा का प्रमुख संगठन है, जो 2008 के मुंबई हमले को अंजाम देने के लिए जिम्मेदार रहा है। इस हमले में छह अमेरिकी सहित 166 लोग मारे गए थे। सईद संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित आतंकवादी है जिस पर अमेरिका ने एक करोड़ अमेरिकी डॉलर का इनाम रखा है। उसे पिछले साल 17 जुलाई को आतंकवाद के वित्तपोषण के मामलों में गिरफ्तार किया गया था। जमात उद दावा का प्रमुख (70) लाहौर की उच्च सुरक्षा वाली कोट लखपत जेल में बंद है। भारत ने बार-बार पाकिस्तान से आतंकवादी नेटवर्क के खिलाफ विश्वसनीय, पुष्ट और अपरिवर्तनीय कार्वाई करने और मुंबई आतंकवादी हमलों के दोषियों को न्याय के कठघरे में लाने का आह्वान किया है।

# 'समस्याएं खड़ी करने वाला देश है पाकिस्तान'

भाषा। वाशिंगटन

**विदेश** सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने कहा कि अपने आप को सूत्रधार के रूप में पेश करने वाला पाकिस्तान कई मायनों में कुछ समस्याएं खड़ी करने वाला देश रहा है जिनसे भारत अपने पड़ोस में निपट रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच भारत-अमेरिका द्विपक्षीय बैठक और ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान तथा अमेरिका के क्वाड शिखर सम्मेलन दोनों के दौरान अफगानिस्तान में पाकिस्तान की भूमिका पर और सावधानीपूर्वक नजर रखने पर बात हुई। श्रृंगला ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, दोनों चर्चाओं में यह बात स्पष्ट रही कि अफगानिस्तान में पाकिस्तान की भूमिका पर और सावधानीपूर्वक नजर रखी जाए। आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान की भूमिका पर नजर रखनी है और चाहे क्वाड हो या उसके अन्य सहयोगी उन्हें इस पर ध्यान रखना होगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, एक महत्वपूर्ण बात जिसे कई बार अनदेखा किया जाता है कि वह यह है कि अपने आप को सूत्रधार बताने वाला पाकिस्तान कई मायनों में उन समस्याओं को पैदा करने वाला है जिससे हम अपने पड़ोस में निपट रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया और जापान के अपने समकक्षों क्रमशः स्कॉट मॉरिसन और योशिहिदे सुगा के साथ शुक्रवार को पहली बार आमने-सामने हुई क्वाड नेताओं की बैठक में हिस्सा लिया जिसकी मेजबानी अमेरिकी राष्ट्रपति ने की थी। मोदी ने व्हाइट हाउस के ओवल कार्यालय में बाइडन के साथ पहली द्विपक्षीय बैठक भी की।श्रृंगला ने कहा कि व्हाइट हाउस में द्विपक्षीय चर्चा के दौरान अफगानिस्तान में पाकिस्तान की भूमिका पर स्पष्ट तौर पर चिंता जताई गई। भारत और अमेरिका दोनों ने इस पर सहमति जताई कि आतंकवाद का मुद्दा बहुत महत्वपूर्ण है। दोनों पक्षों ने छद्म आतंकवाद की निंदा की और आतंकवादी समूहों को साजोसामान, वित्तीय या सैन्य सहयोग न देने की महत्ता पर जोर दिया जिसका इस्तेमाल आतंकवादी हमले करने या उसकी योजना बनाने में किया जा सकता है।

विदेश सचिव ने कहा कि नेताओं ने यह भी कहा कि अमेरिका और भारत आतंकवाद रोधी संयुक्त कामकाजी समूह की बैठक आयोजित करेंगे और कानून प्रवर्तन के क्षेत्रों में अमेरिका और भारत के बीच नए सिरे से आंतरिक सुरक्षा संवाद भी होगा। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान पर काफी चर्चा हुई। इस बात को काफी अहमियत दी गई कि संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव 2593 स्वीकार किया गया और भारत ने सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता की। यह एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव है जो अफगानिस्तान में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की आम राय तथा वहां सत्तारूढ़ सरकार के कर्तव्यों को दर्शाता है। श्रृंगला ने कहा, दोनों पक्षों ने अफगानिस्तान में आतंकवाद से लड़ने की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने तालिबान से प्रस्ताव 2593 के तहत सभी प्रतिबद्धताओं का पालन करने का आह्वान किया।

## अक्टूबर को हिंदू विरासत महीने के तौर पर मनाएगा अमेरिका

**ह्यूस्टन।** टेक्सास, फ्लोरिडा, न्यूजर्सी, ओहायो और मैसाचुसेट्स सहित अमेरिका के कुछ राज्यों ने अक्टूबर को हिंदू विरासत माह के रूप में घोषित किया है। इन राज्यों ने कहा है कि हिंदू धर्म ने अपने अद्वितीय इतिहास और विरासत के माध्यम से अमेरिका में बहुत योगदान दिया है। अमेरिका में विभिन्न हिंदू संगठनों ने अक्टूबर में हिंदू विरासत माह मनाने की घोषणा की जिसके बाद विभिन्न राज्यों की सरकारों ने बयान जारी किया। विभिन्न राज्यों के गवर्नर, सांसदों के कार्यालय से हाल में जारी संबंधित घोषणाओं में उल्लेख किया गया है, सेवा के माध्यम से हिन्दू समुदायों ने अपने को बेहतर बनाया है। दुनिया भर में हजारों अनुयायियों के जीवन में सुधार और प्रेरणा साबित हुआ है। हिंदू धर्म ने अपने अद्वितीय इतिहास और विरासत के माध्यम से हमारे राज्य और राष्ट्र में बहुत योगदान दिया है।

## दुनिया के दोहरे मापदंडों का पीड़ित है पाकिस्तानः इमरान खान

एपी। न्यूयॉर्क

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री इमरान खान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में दिए संबोधन में अपने देश को अमेरिकी कृतघ्नता का और अंतरराष्ट्रीय दोहरेपन का पीड़ित दिखाने की कोशिश की। इमरान खान का पूर्व रिकॉर्डेड भाषण शुक्रवार शाम को प्रसारित किया गया जिसमें उन्होंने जलवायु परिवर्तन, वैश्विक इस्लामोफोबिया और भ्रष्ट विशिष्ट वर्गों द्वारा विकासशील देशों की लूट जैसे कई विषयों पर बात की। अपनी अंतिम बात को उन्होंने ईस्ट इंडिया कंपनी के भारत के साथ किए गए बर्ताव से जोड़ कर समझाने की कोशिश की। खान ने भारत सरकार के लिए कठोर शब्दों का इस्तेमाल करते हुए एक बार फिर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को हिंदू राष्ट्रवादी सरकार और फासीवादी बताया। खान ने अमेरिका को लेकर गुस्सा और दुख जाहिर किया और उस पर पाकिस्तान तथा अफगानिस्तान दोनों का साथ छोड़ देने का आरोप लगाया। खान ने कहा, अफगानिस्तान में मौजूदा स्थिति के लिए, कुछ कारणों से, अमेरिका के नेताओं और यूरोप में कुछ नेताओं द्वारा पाकिस्तान को कई घटनाओं के लिए दोष दिया गया। उन्होंने कहा, इस मंच से, मैं उन सबको बताना चाहता हूं कि अफगानिस्तान के अलावा जिस देश को सबसे ज्यादा सहना पड़ा है, वह पाकिस्तान है जिसने 9।11 के बाद आतंकवाद के खिलाफ अमेरिकी युद्ध में उसका साथ दिया। खान ने कहा कि अमेरिका ने 1990 में अपने पूर्व साथी (पाकिस्तान) को प्रतिबंधित कर दिया था लेकिन 9।11 के हमलों के बाद फिर से उसका साथ मांगा। खान ने कहा कि अमेरिका को पाकिस्तान की तरफ से मदद दी गई लेकिन 80,000 पाकिस्तानी लोगों को जान गंवानी पड़ी।




स्पेन के मैड्रिड शहर में जलवायु परिवर्तन को लेकर लोगों ने चिंता जताते हुए किया प्रदर्शन

## भारत को घरेलू स्तर पर दोहरी सूचना चुनौती का सामना करना पड़ाः अनुराग ठाकुर

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**सूचना** एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत को महामारी के मद्देनजर दोहरी सूचना चुनौती का सामना करना पड़ा क्योंकि सोशल मीडिया एवं स्मार्टफोन एप्लीकेशन के जरिए शहरी आबादी के बीच जहां एक ओर भ्रामक और फर्जी सूचनाओं का प्रवाह था, वहीं ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों में विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं के साथ अंतिम संचार का स्वरूप बदल जाता था। ठाकुर ने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि गलत सूचना से निपटने के लिए प्रामाणिक जानकारी का प्रवाह महत्वपूर्ण है। भारत के सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-यवेस ले द्रियां द्वारा सूचना एवं लोकतंत्र पर आयोजित मंत्रिस्तरीय शिखर सम्मेलन में कहा कि दुनिया वैश्विक महामारी से जूझ रही है, लेकिन इस दौरान उतने ही नुकसानदेह इन्फोडेमिक (सूचनाओं के प्रवाह) से मुकाबला करने का कार्य भी सदस्य देशों के लिए एक चुनौती है। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि इन्फोडेमिक की समस्या से सर्वोच्च स्तर पर निपटा जाए।

ठाकुर ने कहा, गलत सूचना और दुष्प्रचार लोगों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है, कीमती स्वास्थ्य लाभ के लिए चुनौती और सार्वजनिक स्वास्थ्य अनुपालन कमजोर हो सकता है जिससे अंततः महामारी को नियंत्रित करने में उसकी प्रभावशीलता कम हो सकती है। उन्होंने कहा, वैश्विक महामारी के मद्देनजर भारत को घरेलू स्तर पर दोहरी सूचना चुनौती का सामना करना पड़ा। एक ओर शहरी आबादी को सोशल मीडिया एवं अन्य स्मार्टफोन एप्लिकेशन के जरिए भ्रामक एवं गलत सूचनाओं के तेजी से प्रसार की चुनौती का सामना करना पड़ा। जबकि दूसरी ओर हमारे पास



ग्रामीण एवं दूरदराज के इलाकों में भी लोग थे जहां क्षेत्रवार व विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं के साथ अंतिम संचार का स्वरूप बदल जाता था। ठाकुर ने साथ ही कहा कि भारत सरकार ने विज्ञान और तथ्यों के आधार पर त्वरित एवं स्पष्ट संचार के माध्यम से इन चुनौतियों का सामना किया। उन्होंने कहा कि सूचनाओं का नियमित और प्रामाणिक प्रवाह सुनिश्चित करना गलत सूचनाओं, फर्जी खबरों और झूठे आख्यानों का मुकाबला करने के लिए भारतीय प्रतिक्रिया का एक महत्वपूर्ण नीतिगत घटक रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे में जब दुनिया कोविड-19 महामारी के आर्थिक और सामाजिक नतीजों से जूझ रही है, लोकतांत्रिक मूल्यों और सिद्धांतों का पालन करना, पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गया है।ठाकुर ने गलत सूचनाओं का मुकाबला करने के भारतीय अनुभव से कुछ महत्वपूर्ण सीख साझा कीं और इस बात पर जोर दिया कि हम मानते हैं कि गलत सूचना से निपटने के लिए प्रामाणिक जानकारी का प्रवाह महत्वपूर्ण है।

उन्होंने रेखांकित किया कि चूंकि दुष्प्रचार कई रूपों में आता है, इसलिए भविष्य में तेजी से वैश्विक प्रतिक्रिया के लिए विभिन्न प्रकार के दुष्प्रचारों के संबंध में तैयारी और प्रतिक्रिया के लिए लक्षित रणनीतियों विकसित करने की आवश्यकता है। ठाकुर ने संदेश की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने वाले अधिकारियों और चिकित्सा विशेषज्ञों के महत्व पर जोर दिया। साथ ही कहा कि सार्वजनिक जीवन में प्रतिष्ठित लोग, खिलाड़ी, मशहूर हस्तियां और यहां तक कि सोशल मीडिया को प्रभावित करने वाले लोगों को इन संदेशों को लोगों तक पहुंचाने के लिए शामिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा, लोगों के बीच मीडिया साक्षरता के संबंध में व्यापक प्रयासों की आवश्यकता है ताकि उन्हें दुष्प्रचार से बेहतर तरीके से निपटने के लिए सशक्त बनाया जा सके। लोगों से नियमित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने की भी आवश्यकता है, ताकि जमीनी सबूतों के आधार पर विकसित हो रही सूचना-आधारित संचार रणनीति को ठीक किया जा सके। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने सर्वसम्मति से 24-31 अक्टूबर को वैश्विक मीडिया और सूचना साक्षरता सप्ताह के रूप में घोषित किया था ताकि मीडिया साक्षरता कौशल प्रदान करके दुष्प्रचार और गलत सूचना के प्रसार के बारे में चिंताओं को दूर किया जा सके। भारत उन देशों के प्रमुख समूह में शामिल है।

## संयुक्त राष्ट्र में म्यांमा नहीं कर पाएगा संबोधित

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में म्यांमा सरकार का प्रतिनिधित्व कौन करेगा, इस पर विवाद सुलझ नहीं पाया है। इससे स्पष्ट है कि म्यांमा को महासभा में वैश्विक नेताओं की वार्षिक बैठक में बोलने का मौका नहीं मिलेगा। म्यांमा में सैन्य शासकों और अपदस्थ की गईं आंग सान सू की के नेतृत्व के बीच विवाद अब तक नहीं सुलझ पाया है। संयुक्त राष्ट्र के छह दिवसीय आयोजन के अंतिम सत्र में सोमवार दोपहर म्यांमा को संबोधित करने का समय दिया गया। लेकिन, संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को कहा, फिलहाल म्यांमा संबोधित नहीं करेगा। म्यांमा के विदेश मंत्री वुन्ना मौंग ल्विन ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस को जुलाई में एक पत्र में कहा था कि उन्होंने औंग थूरिन को संयुक्त राष्ट्र में म्यांमा का राजदूत नामित किया है जो 26 साल सेना में रहने के बाद इस वर्ष पदमुक्त हुए। उन्होंने कहा कि क्याव मो तुन को अपने निर्धारित कर्तव्य और आदेशों की अवहेलना के कारण 27 फरवरी 2021 को पद से हटा दिया गया।

## हुवावै अधिकारी का अमेरिका के साथ समझौते के बाद चीन ने रिहा किए कनाडाई नागरिक


एपी। टोरंटो

**चीन में** जासूसी के आरोपों पर जेल में बंद दो कनाडाई नागरिकों को रिहा कर दिया गया है और वे स्वदेश आने के लिए रवाना हो गए हैं। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने यह एलान किया। यह एलान तब किया गया है जब कुछ घंटों पहले चीन की संचार क्षेत्र की बड़ी कंपनी हुवावै की एक शीर्ष कार्यकारी अधिकारी का अमेरिका के न्याय विभाग के साथ एक समझौता हुआ और उनके तहत उन पर लगे आपराधिक आरोपों का समाधान निकाल लिया गया है।

कनाडाई नागरिक माइकल कोवरिग और माइकल स्पैवर को दिसंबर 2018 में चीन में उस समय गिरफ्तार कर लिया गया था जब इससे पहले कनाडा ने हुवावै की मुख्य वित्तीय अधिकारी और कंपनी के संस्थापक की बेटी मेंग वानझोउ को अमेरिका के प्रत्यर्पण के अनुरोध पर गिरफ्तार कर लिया था। कई देशों ने चीन के कदम को बंधक बनाने की राजनीति करार दिया था। मेंग के साथ हुए समझौते के तहत न्याय विभाग अगले साल के अंत तक उनके खिलाफ लगाए धोखाधड़ी के आरोप खारिज करेगा और इसके बदले में मेंग ने यह स्वीकार किया है कि उनकी कंपनी ने ईरान में व्यापारिक सौदों को गलत तरीके से प्रस्तुत किया। मेंग के विमान के कनाडा से चीन के लिए रवाना होने के करीब एक घंटे बाद ट्रुडो ने शुक्रवार रात को एक संवाददाता सम्मेलन बुलाया। मेंग के साथ समझौते से अमेरिका, चीन और कनाडा के बीच वर्षों से चल रहा विवाद खत्म हो गया है। मेंग को दिसंबर 2018 में वैंकूवर हवाईअड्डे पर गिरफ्तार किया गया था। यह समझौता तब हुआ है अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के उनके समकक्ष शी चिनफिंग ने दोनों देशों के बीच तनाव कम करने का आह्वन किया। बाइडन ने इस हफ्ते संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि उनका नया शीत युद्ध शुरू करने का कोई इरादा नहीं है जबकि शी ने विश्व नेताओं से कहा कि देशों के बीच विवादों को संवाद और सहयोग के जरिए हल किए जाने की आवश्यकता है।

### पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में छह संदिग्ध आतंकवादी ढेर

**कराची (भाषा)।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों के एक अभियान में छह संदिग्ध आतंकवादी मारे गए। इनमें दो शीर्ष आतंकवादी कमांडर शामिल हैं। पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया एवं जनसंपर्क इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि अर्द्धसैन्य बलूचिस्तान फ्रंटियर कोर को खारान जिले के समीप एक ठिकाने में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिली जिसके बाद शुक्रवार को अभियान चलाया गया।



लंदन में शिक्षिका सबीना लेसा की हत्या के विरोध में महिलाओं ने मौन जुलूस निकाला

## मधुमेह पीड़ित रोगियों में अधिक खतरनाक हो सकता है कोरोना

कोविड-19 से पीड़ित और 40 साल से ज्यादा उम्र के जिन वयस्कों को टाइप-1 मधुमेह है उनके इसी रोग से पीड़ित बच्चों की तुलना में अस्पताल में भर्ती होने की आशंका सात गुना ज्यादा है। एक अध्ययन के नतीजे में यह जानकारी सामने आई। एंडोक्राइन सोसाइटी के जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंडोक्राइनोलॉजी एंड मेटाबोलिज्म में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया, मधुमेह के रोगियों को कोविड-19 से संबंधित स्वास्थ्य जटिलताओं का खतरा अधिक है, विशेषकर यदि उनकी आयु 40 वर्ष से ज्यादा है। अध्ययन के अनुसार, कोविड-19 से पीड़ित बच्चों में श्वास संबंधी गंभीर लक्षण होना दुर्लभ है और उनमें प्रायः लक्षण नहीं दिखाई देते। इसके विपरीत वयस्कों में श्वास संबंधी कई प्रकार की समस्याएं होती हैं।

**DOC टॉक**



डॉ. श्वेता गोस्वामी

चिकित्सा निदेशक
जीवा फर्टिलिटी क्लिनिक, नोएडा

## पीकोस के लिए आदर्श शाकाहारी आहार



पीकोस यानि पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम के साथ महिलाओं में हार्मोनल असंतुलन अनियमित माहवारी का कारण बनता है और उनके लिए गर्भवती होना कठिन बना देता है। पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम को आम तौर पर पीसीओएस या पीकोस के रूप में जाना जाता है, यह एक ऐसी स्थिति है जो हार्मोनल असंतुलन का कारण बनती है और आपके चयापचय के साथ समस्याएं पैदा करती है। एम्स द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि प्रसव उम्र (15 से 44 वर्ष की आयु) की 20.25 प्रतिशत भारतीय महिलाएं पीसीओएस से पीड़ित हैं। यह मधुमेह, अवसाद, हृदय संबंधी समस्याओं जैसी अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को भी जन्म दे सकता है। पीसीओएस ग्रसित महिलाएं अधिक मात्रा में पुरुष हार्मोन उत्सर्जित करती हैं। हार्मोनल असंतुलन के कारण उन्हें मासिक धर्म नहीं आता है और उनके लिए गर्भवती होने में कठिनाई होती है। ऐसे में आपका आहार एक बैंक खाता है। अच्छे भोजन विकल्प अच्छे निवेश होते हैं।

**आहार के माध्यम से पीसीओएस से लड़ें :**

◆ **फाइबरयुक्त खाद्य पदार्थ**

फाइबर आपको भरा रखता है, स्वास्थ्य में सुधार करता है, और वजन घटाने में सहायता करता है। इसके अच्छे स्रोतों में जौ, दलिया, सेम, नट और फल आते हैं। ब्रोकली, फूलगोभी, बीन्स, बादाम, शकरकंद, कद्दू भी अच्छे फाइबरयुक्त आहार माने जाते हैं।

◆ **हरी पत्तीदार सब्जियां**

वजन कम करने की कोशिश में लगी महिला को इन्हें खाने की विशेष सलाह दी जाती है। ये आयरन, पोटेशियम, कैल्शियम और विटामिन के, सी, ई और बी से भरपूर होती हैं।

◆ **जलन-रोधी भोजन और मसाले**

जलन या सूजनरोधक आहार में बहुत सारे प्रोबायोटिक्स, फाइबर, एंटीऑक्सिडेंट और ओमेगा -3 एस जैसी लाभकारी तत्व होते हैं, जिसका अर्थ है सब्जियां, साबुत फल, साबुत अनाज, फलियां से भरपूर आहार। टमाटर, पालक, बादाम और अखरोट, जैतून का तेल, हल्दी, दालचीनी भी इस उद्देश्य की पूर्ति करते हैं।

◆ **फल**

फ्रक्टोज सामग्री के कारण कुछ लोग इनका सेवन करने में संकोच कर सकते हैं, हालांकि, फलों में अनेक खनिज, पॉली पोषक तत्व और फाइबर होते हैं। अमरूद, नाशपाती, स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, कीवी, सेब, संतरा और तरबूज जैसे कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फलों का सेवन करें।

◆ **स्वस्थ वसा**

ज्यादातर लोगों के लिए, 'वसा' शब्द पीसीओएस के साथ कारगर होता नजर नहीं आता है, लेकिन आपको स्वस्थ वसा खाने की जरूरत है जो आवश्यक फैटी एसिड प्रदान करती है। इसमें बीज, जैतून का तेल, एवोकैडो और नट्स शामिल हैं।

◆ **लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स या जीआई डाइट**

जीआई मापता है कि कोई आहार कितनी जल्दी रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ाता है। तो कम जीआई आहार रक्तशर्करा के स्तर को धीरे-धीरे बढ़ाकर इंसुलिन स्पाइक्स को रोकने में मदद करता है। कम जीआई आहार में साबुत दुबला प्रोटीन, साबुत अनाज, फल और सब्जियां व स्वस्थ वसा सेवनयोग्य होते हैं। इसके अलावा, कम जीआई आहार लेने के फायदे चिकित्सकीय रूप से बहुत सारे अध्ययनों और सर्वेक्षणों द्वारा समर्थित हैं।

**इन चीजों के सेवन से बचें :**

- चीनी और सोडा या जूस जैसे स्नैक्स या पेय पदार्थ।
- सफेद ब्रेड और मफिन जैसे परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट से भरपूर आहार
- डेयरी उत्पादों के अधिक सेवन से बचें, क्योंकि वे टेस्टोस्टेरोन के स्तर में वृद्धि का कारण बनते हैं
- सामान्य तौर पर कैफीन महिलाओं की प्रजनन क्षमता को प्रभावित करती है
- सफेद आटे से बनी कोई भी सामग्री
- आलू, मक्का और मटर जैसी स्टार्चयुक्त सब्जियां
- कुकीज, केक और कैंडी जैसे मीठे खाद्य पदार्थ।
- डिब्बाबंद, प्रोसेस्ड भोजन, जंक, या फास्ट फूड से बचें।

**इन सकारात्मक उपायों को अपनाया जा सकता है:**

पूरे दिन ढेर सारा तरल पदार्थ लें और कम कैलोरीयुक्त (चना, फल, अंकुरित अनाज) आहार सेवन करें।

नाश्ते को सबसे बड़ा भोजन और रात के खाने को सबसे छोटा भोजन बनाने से पीकोस में हार्मोनल असंतुलन को संतुलित किया जा सकता है।

अपने कार्ब सेवन को कम करने से पीकोस से जुड़े हार्मोनल असंतुलन में सुधार हो सकता है और पीकोस ग्रसित महिलाओं में वजन कम हो सकता है।

तनाव को दूर रखें। इसलिए कोशिश करें कि घबराएं नहीं और शांति से डाइट प्लान करें या दवा लें।

पीकोस का कोई सुनिश्चित इलाज या दवा नहीं है। फिर भी स्वस्थ जीवन शैली को अपनाकर, जो एक बेहतर आहार व नियमित व्यायाम पर आधारित होती है, आपको अनेक स्तर पर रोग से लड़ने में मदद मिल सकती है।

## समर कूलर

### हरी मिर्च

हम में से अधिकांश के लिए, मानसून का मौसम चाय की चुस्की लेने और आराम से बैठकर पकौड़े और समोसे खाने से संबंध रखता है। हम कम ही जानते हैं कि बारिश का मौसम अपनी खास स्वास्थ्य समस्याओं के साथ भी आता है जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को परीक्षण में डाल सकती है। हरी मिर्च में मौजूद एक अल्कलॉइड है जो अनेक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। यह विटामिन सी और विटामिन के से भी भरपूर होता है। हरी मिर्च एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होती है जो फ्री रेडिकल्स को निष्क्रिय करके घातक बीमारियों से लड़ने में मदद करती है। सुचारू पाचन के लिए, यह हाइड्रोक्लोरिक एसिड के उत्पादन को बढ़ाती है और आपको गैस से छुटकारा दिलाने में मदद करती है। इसमें मौजूद जीवाणुरोधी क्षमताएं बैक्टीरिया को मारकर खाद्य विषाक्तता का खतरा कम करती हैं।





अल्जाइमर्स एंड रिलेटेड डिसऑर्डर्स सोसाइटी ऑफ इंडिया के मुताबिक, इस बीमारी से पीड़ित लोगों की संख्या 7.6 मिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है। **डॉ. रजनीश कुमार** बता रहे हैं कि कैसे शुरुआती चरणों में दवा और संज्ञानात्मक प्रशिक्षण इसकी प्रगति को धीमा करने में मदद कर सकते हैं

# अल्जाइमर के रोग से कैसे निपटें

दुनिया भर में लाखों लोग अल्जाइमर रोग से पीड़ित हैं, यह स्थिति इसे वैश्विक संकट बनाती है। भारत में, 5.3 मिलियन से अधिक लोग किसी न किसी रूप में डिमेंशिया या मनोभ्रम (ऐसी स्थिति जिसमें स्मृति, संचार, सोच और सामाजिक क्षमताएं बिगड़ जाती हैं) से पीड़ित हैं, जिनमें से अधिकांश अल्जाइमर रोग से उत्पन्न होते हैं। अल्जाइमर एंड रिलेटेड डिसऑर्डर सोसाइटी ऑफ इंडिया (एआरडीएसआई) द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अल्जाइमर रोग से पीड़ित लोगों की संख्या 7.6 मिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है। यह रोग मुख्य रूप से बुजुर्गों को प्रभावित करता है जहां पर्यावरण व आनुवंशिक कारकों का संयोजन आमतौर पर इसकी शुरुआत का कारण बनता है। हालांकि इस बीमारी का कोई इलाज उपलब्ध नहीं है, मगर शुरुआती चरणों में दवा और संज्ञानात्मक पुनर्प्रशिक्षण इसकी प्रगति को धीमा करने में मदद कर सकते हैं।

भारत की वर्तमान जनसंख्या लगभग 1.39 बिलियन होने का अनुमान है, जिसमें बुजुर्गों की आबादी 2031 में 13.1 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। जनसांख्यिकीय उम्र बढ़ने से, भारत को डिमेंशिया या मनोभ्रंश का खामियाजा भुगतना पड़ेगा जो कि जैसे-जैसे साल बीतेंगे, यह बढ़ता जाएगा। 2015 में, भारत में 60 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 4.1 मिलियन लोग डिमेंशिया से पीड़ित थे। यह 2025 तक बढ़कर 6.35 मिलियन और 2050 तक 13.33 मिलियन होने का अनुमान है। 60-75 वर्ष के आयु वर्ग के भीतर मनोभ्रंश का अनुपात आने वाले दशकों में लगातार बढ़ने की उम्मीद है, जिसका देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। भारत में अल्जाइमर संबंधी जागरूकता, प्राथमिकता और उपचार की कमी के कारण, भारत को जटिल समस्याओं का सामना करना पड़ेगा यदि सही दिशा में कदम नहीं उठाए गए।

**संभावित जोखिम**

● **आयु**

बुढ़ापा इस बीमारी के विकास के लिए सबसे बड़े जोखिम कारकों में से एक है। अल्जाइमर रोग से पीड़ित होने वाले अधिकांश लोगों की आयु 65 वर्ष या उससे अधिक होती है।

● **जेनेटिक्स**

वैज्ञानिकों ने जीन के विभिन्न प्रकारों की पहचान की है जो अल्जाइमर रोग के विकास की संभावना को बढ़ाते हैं। अल्जाइमर रोग की ओर ले जाने वाला सबसे आम जोखिम जीन एपीओई-ई4 जीन है। यह अनुमान लगाया गया है कि यह जीन अल्जाइमर के एक-चौथाई मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

● **पारिवारिक इतिहास**

इस रोग के विकसित होने की संभावना तब बढ़ जाती है जब किसी के भाई-बहन या माता-पिता अल्जाइमर से प्रभावित होते हैं। हालांकि यह अभी भी पूरी तरह से समझ में नहीं आया है कि परिवारों में अल्जाइमर किस कारण से फैलता है, आनुवंशिकी, जीवन शैली और पर्यावरणीय कारक सभी भूमिका निभा सकते हैं।



> आने वाले दशकों में 60-75 वर्ष के आयु वर्ग के भीतर मनोभ्रंश का अनुपात आने वाले दशकों में लगातार बढ़ने की उम्मीद है, जिसका देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। जोखिम कारकों का एक बेहतर ज्ञान रोगियों और परिवार के सदस्यों को जल्दी इलाज कराने के लिए प्रभावित करेगा और स्वास्थ्य पेशेवरों को बीमारी का पता जल्द पता लगाने की अनुमति देगा
>
> - डॉ. रजनीश कुमार

● **हृदयधमनी रोग**

मस्तिष्क के स्वास्थ्य का रक्त वाहिकाओं और हृदय के स्वास्थ्य से गहरा संबंध है। हृदय रक्त पंप करता है जो मस्तिष्क को पोषक तत्व और ऑक्सीजन प्रदान करता है। इस प्रकार, कार्डियोवैस्कुलर बीमारी का कारण बनने वाले कारक भी अल्जाइमर के विकास के उच्च जोखिम से जुड़े हो सकते हैं जैसे मोटापा, मधुमेह, धूम्रपान, उच्च कोलेस्ट्रॉल और उच्च रक्तचाप।

● **मस्तिष्क को दर्दनाक चोट**

गंभीर या मध्यम दर्दनाक मस्तिष्क की चोट के बाद अल्जाइमर रोग विकसित होने का जोखिम कुछ हद तक बढ़ जाता है, जैसे खोपड़ी का घाव या सिर पर चोट जो 30 मिनट से अधिक समय तक चेतना के नुकसान का कारण बनता है।

● **उपचार और सहायता**

वर्तमान में, अल्जाइमर रोग से होने वाली मस्तिष्क क्षति को रोकने का कोई उपचार उपलब्ध नहीं है। हालांकि, विभिन्न दवाएं उपलब्ध हैं जो अस्थायी रूप से मनोभ्रंश के लक्षणों को सुधारने में मदद कर सकती हैं। ये दवाएं मुख्य रूप से मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर को बढ़ाकर काम करती हैं। अल्जाइमर और अन्य उभरते मनोभ्रंश के इलाज के बेहतर तरीके खोजने के लिए अनुसंधान चल रहा है। वर्तमान में, अल्जाइमर रोग से जुड़ी मस्तिष्क कोशिका मृत्यु को रोकने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बहुत सारे औषधीय उपचार और उपचारों पर भी काम किया जा रहा है।

अल्जाइमर से पीड़ित लोगों व उनके देखभाल कर्ताओं और परिवारों दोनों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए **व्यवहार संबंधी हस्तक्षेपों का उपयोग एक दूरगामी उपाय बन सकता है। इसमें शामिल हो सकते हैं :**

- सह-उपस्थित चिकित्सीय स्थितियों का उपचार
- गतिविधियों में भाग लेने से मूड में सुधार
- व्यवहारगत हस्तक्षेप जो आवेग, नींद की समस्याओं और आक्रामकता से निपटने में मदद कर सकते हैं ।
- प्रभावित व्यक्ति को बातचीत में शामिल करना
- व्यक्ति को नियमित व्यायाम गतिविधियों जैसे तैराकी, पैदल चलना आदि में शामिल करना।

भारत में अल्जाइमर रोग की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए, अल्जाइमर की वर्तमान घटनाओं और बोझ की संपूर्ण भारत में जांच करना अनिवार्य है। अल्जाइमर रोग का जीन (एपोईए-इ4) के लिए आनुवंशिक परीक्षण सेवाएं प्रदान करना और नैदानिक परीक्षण निधि देना भी समय की मांग है। चूंकि अल्जाइमर में आनुवांशिक, पर्यावरण और जीवन शैली सहित कई तरह के जोखिमपूर्ण कारक हो सकते हैं, इसलिए देश के लिए विशिष्ट नैदानिक परीक्षणों की आवश्यकता होती है और इन विशिष्ट नैदानिक परीक्षणों की निर्भरता विकसित देशों में किए गए परीक्षणों पर नहीं होती है। जोखिम कारकों का बेहतर ज्ञान रोगियों व परिवार के सदस्यों को जल्दी इलाज कराने के लिए प्रभावित करेगा और स्वास्थ्य पेशेवरों को बीमारी का जल्द पता लगाने का अवसर देगा।

**– लेखक पारस हॉस्पिटल्स, गुरुग्राम में न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष हैं**

## महामारी के बीच डिमेंशिया

कोविड महामारी के दौर में, डिमेंशिया या मनोभ्रम की बीमारी से पीड़ित लोगों को चिकित्सा सेवाओं में व्यवधान जैसी विभिन्न कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। लोगों को किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, इसके बारे में बता रहे हैं **डॉ. विवेक नाम्बियार**

**2021 में** प्रकाशित ब्राजील के अध्ययन से पता चला है कि कोविड के रोगियों में मृत्यु दर तीन गुना बढ़ जाती है यदि अगर उन्हें समवर्ती मनोभ्रंश या डिमेंशिया की समस्या हो। इंग्लैंड और वेल्स में इसी तरह की तस्वीर देखी गई है कि मनोभ्रंश रोगियों में उल्लेखनीय उच्च मृत्यु दर थी। इसलिए, कोविड और डिमेंशिया एक चुनौती है। भले ही कोविड बुजुर्ग लोगों को प्रभावित करता है, फिर भी उन्हें अल्जाइमर होने का खतरा होता है क्योंकि उनका मस्तिष्क वायरस के प्रति संवेदनशील होता है और आगे प्रतिरक्षात्मक क्षति होती है। साथ ही, उन्हें निमोनिया जैसी अन्य समवर्ती बीमारियां भी होंगी, और यह सब इन लोगों को मृत्यु के प्रति अधिक संवेदनशील बना सकता है। इसलिए, कोविड-19 संक्रमण होने पर अल्जाइमर रोग की मृत्यु दर बहुत अधिक होती है।

दूसरी ओर, यदि हम आयु के अनुसार मनोभ्रंश या डिमेंशिया के प्रसार को देखें तो 60-70 आयु वर्ग के लगभग 2 प्रतिशत लोगों में यह रोग है। साथ ही, जब 70 साल की प्रगति 80-90 के दायरे में पहुंचती है, तो उनमें डिमेंशिया का 20 प्रतिशत और नब्बे से अधिक उम्र होने पर इस रोग का प्रसार 34 प्रतिशत होता है। इस प्रकार, यह बहुत स्पष्ट है कि उम्र बढ़ने के साथ, डिमेंशिया का प्रसार बढ़ता है और इनमें से अधिकांश डिमेंशिया अल्जाइमर रोग हैं।

डिमेंशिया के पूर्व संदेशक को न्यूनतम संज्ञानात्मक हानि (एमसीआई) कहा जाता है। एमसीआई एक ऐसी स्थिति है जहां कुछ मेंब्रेन क्षति सामान्य जीवन में व्यवधान का कारण नहीं होती है। इस प्रकार की हल्की संज्ञानात्मक हानि वास्तव में स्मृति संकाय के लिए मस्तिष्क के बिगड़ने की शुरुआत है। तो, इन रोगियों में स्मृति, भाषा, तर्क और व्यक्तित्व में कुछ समस्याएं होंगी। इसलिए धीरे-धीरे यह गति प्राप्त करेगी और एक तिहाई लोग डिमेंशिया की स्थिति में जा सकते हैं और एक तिहाई लोग सामाजिक व्यवधान के बिना हल्की दुर्बलता की पुरानी स्थिति में रहेंगे और अन्य में भी कभी-कभी सुधार होगा। इसलिए सामुदायिक नमूनों में एमसीआई की मनोभ्रंश में वार्षिक रूपांतरण-दर लगभग 10 प्रतिशत है। भारतीय अध्ययनों में एमसीआई की व्यापकता लगभग 14-25 प्रतिशत है। 2007 से 2019 के बीच पूरे भारत में हुए कई अध्ययनों से यही पता चलता है। लेकिन, इसमें से केवल 10-15 प्रतिशत ही डिमेंशिया की ओर बढ़ते हैं। यदि वे एमसीआई से पूर्ण डिमेंशिया तक प्रगति को रोकने के लिए दवा ले सकें, तो उन्हें शुरू में अच्छी चिकित्सा सुविधा मिल सकती है और वे डिमेंशिया के कारण की पहचान कर सकते हैं।

पंजाब, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और केरल में बुजुर्ग लोगों की आबादी का प्रतिशत अधिक है। 2021 में, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में डिमेंशिया से पीड़ित लोगों का प्रतिशत बहुत अधिक है। आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में एक वर्ष में एमसीआई से ग्रस्त बुजुर्गों में डिमेंशिया विकसित होने की संभावना सबसे अधिक है।

डिमेंशिया की उचित न्यूरोलॉजिकल सहायता और निदान सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि जब कोई व्यक्ति लगातार स्मृति दुर्बलता महसूस करता है और अपने सामान्य जीवन को बिगाड़ना शुरू कर देता है, तो उन्हें कार्य का आकलन करने के लिए उचित विशेषज्ञ से परामर्श करना चाहिए, विभिन्न स्मृति परीक्षण कराने चाहिए और यदि यह कम पाया जाता है, तो उसे अपना उचित मूल्यांकन कराना होगा।

फिर हार्मोन की कमी होगी हाइपोथायरायडिज्म, पोषक तत्वों की कमी और कभी-कभी यकृत रोग हमारी याददाश्त को धीमा कर सकते हैं और रोगी भ्रमित हो जाते हैं। कभी-कभी, सबड्यूरल हेमेटोमा की पहचान करने के लिए एक साधारण सीटी स्कैन विशेष रूप से उपयोगी साबित होगा। सबड्यूरल हेमेटोमा सिर की चोट के कारण होता है जिसके कारण रक्त वाहिकाएं फट जाती है। यह जमा रक्त को मस्तिष्क तक धकेलने का कारण बन सकता है।

ये सभी कारक काफी हद तक इलाज योग्य हैं और शराब, भारी धातु विषाक्तता जैसे मादक द्रव्यों का सेवन है, ये सभी डिमेंशिया का कारण बन सकते हैं। इन संभावित प्रतिवर्ती चीजों की पहचान वास्तव में उन लोगों के जीवन को बदलने में मदद करेगी जो स्मृति दुर्बलता से प्रभावित हैं। और जिन रोगियों में डिमेंशिया होने के बारे में बताया गया है, उनमें डिमेंशिया की प्रसार को कम करने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए अनेक दवाएं हैं। भारत में स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था के सामने प्रमुख चुनौती, विभिन्न विकलांगताओं से ग्रसित लोगों के साथ आने वाली उस भारी आबादी की मदद करना होगा जो डिमेंशिया से पीड़ित होगी। महानगरीय शहरों में भी देखभाल गृहों की संख्या, संभावित स्तर पर आने वाले अक्षम रोगियों की भारी संख्या को सेवा प्रदान करने के लिए नाकाफी है।

– लेखक अमृता हॉस्पिटल, कोच्चि के स्ट्रोक मेडिसिन डिपार्टमेंट में क्लिनिकल असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।

## सिर्फ महिलाओं के लिए नहीं है प्रसव-पूर्व देखभाल



फर्टिलिटी डाइट सिर्फ मां तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए। डॉ. अनुभा सिंह बता रही हैं कि क्यों पिता के लिए भी अपने प्रजनन आहार व स्वस्थ टेस्टोस्टेरोन-स्तर को बनाए रखने के लिए उचित पूरक आहार का ध्यान रखना उतना ही महत्वपूर्ण है।

जब प्रजनन स्वास्थ्य की बात आती है, तो हम हमेशा सोचते हैं कि सिर्फ महिला को ही अपने प्रजनन आहार पर ध्यान देने की आवश्यकता है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ है जिसे दंपत्तियों को जानने व समझने की आवश्यकता है। अच्छी तरह से भोजन करना और नियमित व्यायाम दिनचर्या को बनाए रखना किसी भी उम्र में स्वस्थ जीवन शैली हासिल करने के शानदार तरीके हैं। लेकिन कभी-कभी यह ठीक है यदि हमें विटामिन या सप्लीमेंट्स के रूप में अतिरिक्त उत्प्रेरक की आवश्यकता है, खास तौर पर पुरुषों के लिए।

कहा जाता है कि जन्म के पूर्व विटामिन का सेवन, वास्तव में उन पहली चीजों में से है जिसका एक महिला को जन्म दोषों के जोखिम को कम करने तथा मां और बच्चे दोनों के लिए अनुकूलन हासिल करने में किया चाहिए। लेकिन, बाप का क्या? क्या पुरुषों के लिए भी प्रसव पूर्व विटामिन मौजूद हैं? पुरुषों के लिए प्रसव-पूर्व की क्या आवश्यकता है?

तो, सभी पुरुषों को क्या लेना चाहिए, आइए इस पर एक नजर डालते हैं :

■ **क्रिल तेल**

हम में से बहुत से लोग मस्तिष्क और हृदय स्वास्थ्य जैसी चीजों के लिए मछली के तेल का सेवन करने के प्रति परिचित हैं। क्रिल तेल की खुराक मछली के तेल के समान ही हैं, सिवाय इसके कि वे क्रस्टेशियन प्रजातियों से आते हैं। मछली के तेल की तरह ही क्रिल ऑयल में ईडीए और डीएचए का उच्च स्तर होता है। ये दो प्रकार के ओमेगा -3 फैटी एसिड हैं, जो हृदय स्वास्थ्य में सुधार के लिए लोकप्रिय पोषक तत्व हैं।

■ **अश्वगंधा**

कई डॉक्टर इस बात से सहमत हैं कि सदियों से आयुर्वेदिक चिकित्सा में इस्तेमाल की जाने वाली प्राकृतिक जड़ी-बूटी अश्वगंधा चिंता व टेस्टोस्टेरोन बढ़ाने में मदद करने के लिए अविश्वसनीय लाभकारी है। 40 से अधिक उम्र वाले पुरुषों के साथ प्रमुख समस्या टेस्टोस्टेरोन के स्तर में लगातार गिरावट महसूस करना है और इसके कारण पुरुषों को अपने पेट की चर्बी बढ़ती महसूस होने लगती हैं जैसे जैसे वे बड़े होते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, पुरुषों के लिए यह जरूरी है कि वे ऐसे सप्लीमेंट लें जो उनके टेस्टोस्टेरोन के सामान्य स्तर को बनाए रखने में मदद करें। अश्वगंधा शरीर के टेस्टोस्टेरोन भंडारण को खोलती हैं और 400 फीसदी तक टेस्टोस्टेरोन को बढ़ावा देती है

■ **जिंक**

जिंक शुक्राणु निर्माण के लिए एक आवश्यक खनिज है, और फोलिक एसिड का प्राकृतिक रूप फोलेट, शुक्राणु में डीएनए बनाने में मदद करने के लिए जिंक पर निर्भर करता है। मांस, मछली, अंडे और शंख जैसे पशु खाद्य पदार्थों में जिंक उच्च मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा, जिंक की खुराक टेस्टोस्टेरोन के स्तर को कम कर सकती है जो अत्यधिक मात्रा में उच्च तीव्रता वाले व्यायाम से जुड़ा होता है।

■ **विटामिन डी**

विटामिन डी स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण पूरक है, क्योंकि यह हड्डियों की मजबूती, कैंसर के जोखिम को कम करने और समग्र मनोदशा में सुधार जैसी चीजों में मदद कर सकता है। स्लीप एप्निया और कम चयापचय को रोकने के लिए विटामिन डी टेस्टोस्टेरोन के स्तर को भी बढ़ाता है। रेड मीट, अंडे की जर्दी, सालमन विटामिन डी के बेहतरीन स्रोत हैं।

■ **प्रोबायोटिक्स**

प्रोबायोटिक्स पुरुषों के लिए अपने संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और उसे बनाए रखने का महत्वपूर्ण पूरक हैं। प्रोबायोटिक्स जीवित सूक्ष्मजीव हैं जो हमारे पेट में मौजूदा लाभकारी बैक्टीरिया की मदद करते हैं, इस प्रक्रिया में हमारे पाचन और समग्र स्वास्थ्य का समर्थन करते हैं। दही, किमची, पारंपरिक छाछ, अचार, पनीर आदि प्रोबायोटिक्स के बेहतरीन स्रोत हैं।

**– लेखिका शनाताह फर्टिलिटी सेंटर, वसंत विहार, नई दिल्ली की चिकित्सा निदेशक हैं।**

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 26 सितंबर, 2021





# मिलिए भारत की नवोदित लेखिकाओं से

आज छोटे बच्चों की शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। अपने जुनून और सपने को पूरा करने से वे आगे बढ़ते हैं - चाहे उन्हें उद्यमी बनना हो या लेखक। **शालिनी सक्सेना** ने कुछ ऐसे बच्चों से बात की जिन्होंने अपने उपन्यासों के बारे में बताया।

## कलात्मक झुकाव

**ईशानवी जैनी**
**आयु 11 वर्ष**
**लेखिका : थ्रोन ऑफ द सी**



आप उम्मीद करते हैं कि 11 साल के बच्चे दोस्तों के साथ आनंद ले रहे हों और बच्चे की चीजें कर रहे हों। आप जिस चीज की उम्मीद नहीं करते हैं, वह यह है कि उनके पास स्कूल की कक्षाओं और फिर आर्ट ऑफ कम्युनिकेशन कोर्स के साथ एक दिन तंग होगा जो सिखाता है कि कैसे उनके अंग्रेजी व्याकरण को सही किया जाए। इतना ही नहीं, कैंप के-12 की कक्षाएं बच्चों को लिखना-उपन्यास लिखना भी सिखाती हैं।

ऐसी ही एक छात्रा हैं दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्गापुर में पढ़ने वाली 11 साल की इशानवी जैन। वह छठी कक्षा में है और उसे किताबें पढ़ना, संगीत सुनना, डूडलिंग करना और यात्रा करना पसंद है।

उनका उपन्यास, द थ्रोन ऑफ द सी जो अमेज़ॅन और किंडल पर उपलब्ध है, पानी के नीचे के जीवों के बारे में है और कहानी यह है कि सच्चा प्यार कैसे अपना रास्ता खोज लेता है और सच्चे दोस्त जीवन के हर चरण में मोटे और पतले के माध्यम से एक-दूसरे की मदद करते हैं।

''जब मैं योजना बना रही थी कि मुझे क्या लिखना है, तो मेरी छह साल की बहन ने मुझसे कहा कि मुझे उसके पसंदीदा विषय, जलपरी और पानी के नीचे की दुनिया पर लिखना चाहिए। वह दोनों पर बहुत मोहित है। इसलिए मैंने इस विषय को एक शॉट दिया और उपन्यास का जन्म हुआ, जैन कहती हैं।

यह एक दैनिक बूस्टर सत्र के दौरान था, उसके गुरु ने अंग्रेजी के बारे में बात की थी। ''जिस तरह से उसने चीजों को समझाया और जिस तरह से उसने पढ़ाया वह बहुत आकर्षक था। उन्होंने बताया कि कैसे लिखना है। यह सब बहुत प्रेरणादायक था। इसलिए मैंने पूर्णकालिक कक्षा लेने का फैसला किया। एक बार जब हमने एक निश्चित संख्या में कक्षाएं लीं, तो हमें एक कहानी लिखने के लिए आमंत्रित किया गया। मैं चुने जाने वाले भाग्यशाली लोगों में से एक थी। और आज मैं यहां हूं,'' जैन बताती हैं।

उसकी किताब पढ़ने वाले उसके दोस्त प्रेरित हैं और कक्षा में शामिल होकर लेखक बनना चाहते हैं। उसके पसंदीदा विषय अंग्रेजी और इतिहास हैं। ''मुझे तथ्यों के बारे में पढ़ना और जानना अच्छा लगता है। इतिहास सभी तथ्यों के बारे में है, लोगों के बारे में और वे उस समय कैसे रहते थे। यह पढ़ना आकर्षक है कि बहुत शिक्षित न होने के बावजूद वे इतना कुछ हासिल करने में सक्षम थे'', जैन कहती हैं।

वह बताती है कि वह ऐसे उपन्यास पढ़ना पसंद करती है जिनमें एक विषय के रूप में फंतासी है। उन्हें सुधा मूर्ति के उपन्यास बहुत पसंद हैं। इनसे उनका परिचय उनके गुरु ने कराया था। मैंने अपनी दादी को पढ़ना कैसे सिखाया, वह उनका पसंदीदा है।

''मुझे उसके लिखने का तरीका पसंद है। साथ ही उनका जीवन मुझे प्रेरित करता है। वह बहुत ही विनम्र जीवन जीती थीं। मुझे बताया गया है कि वह जमीन से जुड़ी व्यक्ति हैं। बेशक, ऐसे अन्य लेखक भी हैं जिन्हें मैंने पढ़ा है; रस्किन बॉन्ड उनमें से एक है। मेरे ट्यूटर मुझे यह भी बताते हैं कि मुझे अपनी शब्दावली बढ़ाने के लिए कौन सी किताबें पढ़नी चाहिए। वह मुझसे कहती है कि इससे मुझे अपने भाषा कौशल में सुधार करने में मदद मिलेगी। वह मुझे यह भी बताती हैं कि अधिक से अधिक किताबें पढ़ने से मुझे इस बात की जानकारी मिलेगी कि लेखक किसी विषय को कैसे लेते हैं और अपनी कहानियों को कैसे बुनते हैं। इससे मुझे एक दृष्टिकोण रखने में भी मदद मिलती है'', जैन कहती हैं।

उसे इन कक्षाओं में शामिल हुए एक साल से अधिक का समय हो गया है और वह कक्षाएं लेना जारी रखने की योजना बना रही है क्योंकि वह कक्षाओं से प्यार करती है। साथ ही व्यक्तिगत ध्यान जो उसे और अन्य बच्चों को मिलता है, उसे आगे बढ़ाती है। उन्होंने अपने लेखन में शुरुआत से ही कई बदलाव देखे हैं।

''शुरुआत में मुझे नहीं पता था कि वर्णनात्मक कैसे होना है। अब मैं कर सकता हूँ। मैंने सीखा है कि कैसे एक बेहतर लेखक बनना है। मुझे भाषा की बेहतर समझ है। इससे मुझे कहानियों को बुनने में मदद मिलती है'', जैन बताती हैं कि संगीत सुनना किसे पसंद है।''मुझे हर तरीके का संगीत पसंद है। मैं तमिल और तेलुगु गाने भी सुनता हूं। मेरे पास जस्टिन बीबर के यम्मी और टेशर के जलेबी बेबी जैसे कुछ पसंदीदा अंग्रेजी गाने हैं'', जैन कहती हैं।

वह काफी नासमझ डूडलिंग भी करती हैं। एक बार फिर उन्होंने इसके लिए क्लास ली और यहां तक कि मंडला कला का इस्तेमाल करके यूनिकॉर्न भी बनाया। ''यह मेरी मां थी जिसने मुझे इस कला रूप से परिचित कराया और मुझे यह पसंद है,'' जैन कहती हैं।

## कल्पनाओं की दुनिया उसे अपनी ओर खींचती है

**नेवेहा पालकर**
**आयु 10 वर्ष**
**लेखक : एडवेंचर ऑन द अदर साइड**



वह अमेरिका में पैदा हुई थी। जब वह तीन साल की थी, उसके माता-पिता ने भारत वापस आने और पुणे में बसने का फैसला किया। पीआईसीटी मॉडल स्कूल, पुणे की कक्षा 5 की छात्रा, इस 10 वर्षीया ने कैंप के-12 के साथ आर्ट ऑफ कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम में शामिल होने का फैसला किया क्योंकि उसे अंग्रेजी पसंद है। नेवा पालकर से मिलें।

वह बताती है कि ''कुछ महीने पहले उसकी मां को अखबार में एक विज्ञापन आया था। अंग्रेजी में एक प्रतियोगिता के लिए एक घोषणा की गई थी। पालकर ने दाखिला लिया और वह नंबर 3 पर रहीं। यह एक प्रतियोगिता थी जिसने व्याकरण और शब्दावली पर हमारा परीक्षण किया। इस प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेने के बाद ही हमें कैंप के-12 के बारे में पता चला। इन कक्षाओं में मेरा नाम दर्ज कराने का फैसला मेरी मां का था क्योंकि वह जानती हैं कि मुझे अंग्रेजी पसंद है'' पालकर कहती हैं।

जबकि उन्हें किताबें और उपन्यास पढ़ना पसंद है, उनके पास एक भी किताब नहीं है जो उनकी पसंदीदा हो। हालांकि, वह बताती है कि उसकी एक पसंदीदा लेखिका सुधा मूर्ति हैं, जिन्होंने कई बच्चों के उपन्यास लिखे हैं।

''मुझे उनके उपन्यास बहुत पसंद हैं; वे वास्तव में अद्भुत हैं। मुझे उसके लिखने का तरीका पसंद है। जब मैं बहुत छोटा था तब मैंने उनकी पहली किताब पढ़ी थी। मुझे वास्तव में याद नहीं है कि मैं कितने साल का था। लेकिन मेरी मां ने मुझे दिया और मुझे तुरंत उनसे प्यार हो गया। मुझे एनिड ब्लीटन और रोनाल्ड डाहल की किताबें भी पढ़ना अच्छा लगता है'', कहना है पालकर का।

वह बताती है कि उसका पहला उपन्यास, एडवेंचर्स ऑफ द अदर साइड, तीन दोस्तों के बारे में है जो एक यात्रा पर निकलते हैं जो उन्हें दुनिया के दूसरी तरफ ले जाती है और अब उन्हें घर वापस आने का रास्ता निकालना होगा।

**मेरा पहला उपन्यास, एडवेंचर्स ऑफ द अदर साइड, तीन दोस्तों के बारे में है जो एक यात्रा पर निकलते हैं जो उन्हें दुनिया के दूसरी तरफ ले जाती है और अब उन्हें घर वापस आने का रास्ता निकालना होगा।**

''मुझे रोमांच, फंतासी और पौराणिक कहानियां पढ़ना पसंद है। मेरे लिखने के जुनून ने मुझे कविता लिखने के लिए भी प्रोत्साहित किया। हालांकि ये प्रकाशित नहीं हुए हैं लेकिन मेरी मां ने इन्हें अपने फेसबुक पेज पर शेयर किया है। इसलिए जब मुझे आर्ट ऑफ कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम के लिए एक कहानी प्रस्तुत करनी थी, तो मैंने इसे इस विषय पर लिखने का फैसला किया। एक बार जब मैंने इसे सबमिट कर दिया, तो मेंटर्स ने वास्तव में इसे पसंद किया और तभी मैंने इसे एक उपन्यास के रूप में विकसित किया'', पालकर कहती हैं।

यह वह कार्यशाला थी जिसने उन्हें अपने उपन्यास को आकार देने में मदद की। ''कार्यशाला में हमें सिखाया जाता है कि कैसे लिखना है और कहानी कैसे विकसित करनी है। मुझे पाठ्यक्रम पसंद आया और मैंने कक्षाएं लेना जारी रखने का फैसला किया। अभी के लिए, मैंने और कुछ नहीं लिखा है। लेकिन मैं एक और उपन्यास लिखने या अपने पहले उपन्यास की अगली कड़ी लिखने की योजना बना रही हूं'', वो बताती हैं, जिनका उपन्यास अमेज़ॅन और किंडल पर उपलब्ध है।

लेकिन यह सब नहीं है। पालकर कई प्रतिभाओं की लड़की है। जब वह छह साल की थी, तो उसने पाया कि एक किड्स क्लोदिंग कंपनी उसकी उम्र के आसपास के बच्चों के मॉडल की तलाश कर रही थी। मैंने भाग लेने का फैसला किया। मुझे इसे करने में बहुत मज़ा आया,'' पालकर ने बताया। वह गायन में भी है, और पश्चिमी गायन सीख रही है।

वह एक पशु प्रेमी भी है, खासकर बिल्लियां। जबकि उसके माता-पिता ने उसे एक पालतू जानवर के रूप में रखने की अनुमति नहीं दी है, उसे उम्मीद है कि निकट भविष्य में उसे एक रखने की अनुमति दी जाएगी। वह आपको बताती है कि जब वह दिल से एक लेखिका है, तो वह बड़ी होकर दवा लेना चाहती है। हालांकि, वह लेखन के अपने जुनून को नहीं छोड़ेगी और लिखना जारी रखेगी। ''मुझे नहीं पता कि मैं भविष्य में क्या लिखूंगी। शायद यह दवा के बारे में एक किताब होगी या यह पौराणिक कथाओं पर हो सकती है। यह कहना मुश्किल है कि मैं भविष्य में क्या करूंगा'', पालकर कहती हैं। उसके दोस्तों ने उसके उपन्यास को पसंद किया है जिसमें 84 पृष्ठ हैं।

''मेरे माता-पिता ने मेरी यात्रा के दौरान मुझे प्रोत्साहित किया है,'' पालकर बताती हैं।

## 'मैं अपनी सारी कहानियां जानवरों पर आधारित रखना चाहती हूं'

**पार्वती रामनारायण**
**आयु 11 वर्ष**
**लेखक : द ग्रेट एस्कैपेड ऑफ वेगला द पोलर बियर**

छठी कक्षा की यह छात्रा औसत स्कूल जाने वाली नहीं है। घुड़सवारी से लेकर बास्केटबॉल खेलने से लेकर ड्रॉइंग तक, यहां तक कि एक उपन्यास लिखने तक, जो उन्हें व्यस्त रखता है। हालांकि उसका दिन का कैलेंडर पाठ्येतर गतिविधियों और प्रतियोगिताओं से भरा हुआ है, लेकिन वह अपने पालतू जानवर - ब्राउनी, जिसे उसने गोद लिया है, के लिए समय निकालने का प्रबंधन करती है। यदि यह उसकी प्लेट पर पर्याप्त नहीं था, तो यह 11 वर्षीय कैंप के -12 में लेखन कक्षाओं में भी शामिल हो गई है और स्पेलिंग बी और उनके द्वारा आयोजित अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेना पसंद करती है।

केरल के कान्हांगड के केंद्रीय विद्यालय की यह छात्रा आपको बताती है कि उसे पढ़ना-लिखना बहुत पसंद है। वह आपको बताती है कि ऑनलाइन क्लास लेना थोड़ा मुश्किल हो गया है क्योंकि वह अपने दोस्तों से नहीं मिल पा रही है। ''मुझे उनसे मिलने और उन्हें ऑनलाइन देखने और उनके साथ बात करने की याद आती है। साथ ही जहां मैं रहता हूं वहां कभी-कभी इंटरनेट की समस्या भी आ जाती है। कई रुकावटें हैं'', वह अफसोस करती है।

पढ़ने और लिखने में उसकी रुचि को देखते हुए, उसकी मां ने उसे एक कार्यशाला के बारे में बताया जहां वह नामांकन कर सकती थी। ''इस क्लास की सबसे अच्छी बात यह है कि वे हमें हर बार कुछ नया सिखाते हैं। यह मुझमें दिलचस्पी बनाए रखता है। साथ ही शिक्षक यह सुनिश्चित करता है कि एक



घंटे का सत्र कभी उबाऊ न हो। मैं पिछले चार महीनों से ये कक्षाएं ले रही हूं और मेरी योजना इन्हें लेते रहने की है। भले ही मेरा दिन भरा हो, क्योंकि मैं इन कक्षाओं का आनंद लेता हूं, लेकिन उनमें भाग लेना कभी भी मुश्किल नहीं होता है'', रामनारायण कहती हैं।

उनका उपन्यास, द ग्रेट एस्कैपेड्स ऑफ वेगला द पोलर बियर, एक मादा ध्रुवीय भालू के बारे में है जो दुनिया का पता लगाने का फैसला करती है। ''वह अपनी प्राचीन सफेद दुनिया से ऊब चुकी है और अपने जीवन में रंग जोड़ना चाहती है और दुनिया को घूमना चाहती है कि उसे क्या पेश करना है। वह बाहरी दुनिया के खतरों से अवगत नहीं है। उसके सभी दोस्त उसे इस यात्रा पर जाने से रोकने की कोशिश करते हैं लेकिन वेगला दृढ़ संकल्पित है। वह उनकी नहीं सुनती और इस यात्रा पर चली जाती है'', रामनारायण कहती हैं। उनका उपन्यास अमेज़न और किंडल पर उपलब्ध है।

उन्होंने दुनिया के बर्फीले ठंडे क्षेत्रों में रहने वाले इन अद्भुत जानवरों पर व्यापक शोध के बाद ध्रुवीय भालू पर एक कहानी लिखने का फैसला किया। ''मैंने ध्रुवीय भालू के बारे में बहुत कुछ पढ़ा। उनके बारे में बहुत सारी जानकारी थी। जब मैंने उनकी तस्वीरों को देखा, तो मैंने पाया कि वे बहुत प्यारे लग रहे थे, खासकर शावक। साथ ही, बहुत से लोग अपनी दुनिया के बारे में नहीं जानते हैं। बहुत से लोगों ने अपनी दुनिया की खोज नहीं की है। ये जानवर मानव उपस्थिति से दूर रहते हैं। यह एक और कारण था कि मैंने वेगला को अपने उपन्यास का नायक बनाने का फैसला किया, रामनारायण बताती हैं।

दिलचस्प बात यह है कि किसी ने उन्हें यह विषय चुनने के लिए नहीं कहा। उसने खुद फैसला किया।

''मेरे शिक्षक ने मुझे भाषणों के बारे में सिखाया और मेरी शब्दावली में सुधार कैसे किया जाए। मुझे बहुत सी चीजें सिखाई गईं, जिनके बारे में मुझे पता नहीं था'', रामनारायण कहती हैं।

इसमें घुड़सवारी भी शामिल है। उस समय परिवार एक घुड़सवारी अकादमी के पास रहता था। उसके पिता ने उसे कक्षाएं लेने के लिए प्रोत्साहित किया। ''यह मजेदार था'', वह बताती है।

अभी के लिए, वह यह तय करने की प्रक्रिया में है कि आगे क्या लिखना है। एक बात तो उन्हें पक्की है कि यह जानवरों से ही जुड़ी होगी। वह कक्षाओं को जारी रखने की योजना बना रही है क्योंकि उसका सपना एक लेखक बनने का है। इतना ही नहीं वह पुरातत्व को आगे बढ़ाना चाहती हैं। ''मुझे इतिहास से प्यार है और अपने अतीत के बारे में सब कुछ जानना है। इसके बारे में बहुत सी चीजें हैं जो हम नहीं जानते हैं और मुझे इसका पता लगाना अच्छा लगेगा'', रामनारायण कहती हैं।

# तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में फिर स्वर्ण पदक से चूका भारत, दो रजत जीते

**भाषा।** यांकटन (अमेरिका)

**भारत** की महिला और मिश्रित युगल कंपाउंड तीरंदाजी टीम को कोलंबिया के खिलाफ एकतरफा मुकाबलों में शिकस्त के साथ यहां विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

भारत विश्व चैंपियनशिप में अपने पहले स्वर्ण पदक के लिए चुनौती पेश कर रहा था। भारत अब तक स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया है लेकिन उसने सबसे अधिक 10 बार पोडियम पर जगह बनाई है। इस दौरान भारत ने आठ बार फाइनल में चुनौती पेश की और उसे हर बार रजत पदक से संतोष करना पड़ा। रैंकिंग दौर में चौथे स्थान पर रही अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेनाम की भारत की स्टार मिश्रित युगल जोड़ी ने एक अंक की बढ़त के साथ



शुरुआत की लेकिन इसके बाद कोलंबिया का दबदबा देखने को मिला। भारतीय जोड़ी को अंतत: 150-154 से शिकस्त झेलनी पड़ी। ज्योति, मुस्कान किरार और प्रिया गुर्जर की सातवीं वरीय महिला टीम को सारा लोपेज, एलेजांद्रा उसक्वियानो और नोरा वाल्डेज की तिकड़ी के खिलाफ 224-229 से हार का सामना करना पड़ा। रैंकिंग दौर में शीर्ष पर रही कोलंबियाई टीम ने 15 बार 10 अंक पर निशाना साधा और इस दौरान उनके पांच निशाने बिलकुल बीच में लगे। पहले दौर के बाद दोनों टीमें 58-58 से बराबर थी। भारतीय महिला टीम ने इसके बाद बढ़त बनाने का मौका गंवाया और विरोधी टीम एक अंक से आगे हो गई। कोलंबियाई टीम ने इसके बाद भारतीय टीम को कोई मौका नहीं दिया और आखिरी 12 में से आठ तीर 10 अंक पर मारकर तीसरी बार महिला खिताब जीता। यह 2017 के बाद टीम का पहला खिताब है। मिश्रित युगल में भारत के लिए दूसरा दौर खराब रहा जहां उन्होंने दो बार नौ और एक बार अंठ अंक के साथ एक अंक की बढ़त गंवाई और अंतत: चार अंक के अंतर से मुकाबला हार गई। रैंकिंग दौर में दूसरे स्थान पर रही डेनियल मुनोज और सारा ने पहले दौर के बाद वापसी की और तीसरे दौर में 40 में से 40 अंक जुटाकर पहली बार मिश्रित युगल का स्वर्ण पदक जीता। कुल मिलाकर कोलंबियाई जोड़ी ने 16 में से 10 तीर पर 10 अंक जुटाए जबकि भारतीय खिलाड़ी आठ बार ही 10 अंक जुटा पाए। कोलंबिया ने कंपाउंड तीरंदाजी में अपना दबदबा बरकरार रखा और विश्व चैंपियनशिप में अपने स्वर्ण पदकों की संख्या को चार तक पहुंचाया। भारत व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में भी तीन पदक की दौड़ में बना हुआ है। वर्मा और ज्योति को शनिवार को अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेलने हैं। रिकर्व वर्ग में अंकिता भकत एकमात्र तीरंदाज बची हैं। वह रविवार को अंतिम आठ मुकाबले में उतरेंगी।

# सानिया मिर्जा के पास साल का पहला खिताब जीतने का मौका

## ● झांग के साथ फाइनल में पहुंची

**भाषा।** ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य)



**अनुभवी** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने शनिवार को यहां अपनी जोड़ीदार शुआई झांग के साथ मिलकर माकोटो नोनोमिया और एरि होजुमी की जोड़ी को सीधे सेट में हराकर ओस्ट्रावा ओपन में फाइनल में प्रवेश किया। यह सानिया का सत्र का दूसरा फाइनल है। दूसरी वरीय भारतीय-चीनी जोड़ी ने जापानी जोड़ी को एक घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में 6-2 7-5 से शिकस्त दी। चौंतीस साल की सानिया के पास अब 2021 सत्र में अपना पहला खिताब जीतने का मौका है। वह पिछले महीने क्रिस्टिना मचाले के साथ डब्ल्यूटीए 250 क ल े व ल ै ं ड प्रतियोगिता में उप विजेता रही थीं।

# राजस्थान को हराकर दिल्ली टॉप पर

**भाषा।** अबुधाबी

**कप्तान** संजू सैमसन की 53 गेंद में नाबाद 70 रन की पारी भी राजस्थान रॉयल्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 33 रन की हार से बचाने के लिए काफी साबित नहीं हुई। इस जीत के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल तालिका में शीर्ष पर पहुंचने के साथ प्लेऑफ में जगह पक्की करने के करीब पहुंच गई। टीम के नाम 10 मैचों में 16 अंक है। राजस्थान की टीम इस मुकाबले के बाद पांचवें से छठे स्थान पर खिसक गई। उसके नौ मैच में आठ अंक है। दिल्ली ने श्रेयस अय्यर की 43 और शिमरोन हेटमायर की ताबड़तोड़ 28 रन की पारी के दम पर छह विकेट पर 154 रन बनाने के बाद राजस्थान रॉयल्स को 20 ओवर में छह विकेट पर 121 रन पर रोक दिया। सैमसन ने 53 गेंद की नाबाद पारी में आठ चौके और एक छक्का जड़ा। दिल्ली के लिए एनरिच नोर्जे ने चार ओवर में महज 18 रन देकर दो विकेट लिए।



दिल्ली की पारी में अय्यर ने 32 गेंद में एक चौके और दो छक्के की मदद से 43 जबकि हेटमायर ने 16 गेंद में पांच चौकों की मदद से 28 रन बनाए। राजस्थान के लिए मुस्ताफिजुर रहमान और चेतन सकारिया ने दो-दो विकेट लिए। दिल्ली की इस जीत का श्रेय उनके गेंदबाजों को जाता है जिन्होंने पावर प्ले में राजस्थान को एक भी बाउंड्री लगाने का मौका नहीं दिया। राजस्थान की टीम शुरुआती छह ओवरों में तीन विकेट गंवाकर 21 रन ही बना सकी। आईपीएल के इतिहास में यह तीसरा मौका है जब पावर प्ले में एक भी चौका या छक्का नहीं लगा हो। इससे पहले 2009 में राजस्थान रॉयल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और 2011 में चेन्नई सुपर किंग्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स के मैच में ऐसा हो चुका है। प्रतिस्पर्धी लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत बेहद ही खराब रही। आवेश खान (29 रन पर एक विकेट) ने पहले ओवर में लियाम लिविंगस्टोन (एक रन) तो वहीं एनरिच नोर्जे ने दूसरे ओवर में यशस्वी जायसवाल को चलता किया। पांचवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए अश्विन (20 रन पर एक विकेट) ने डेविड मिलर (सात रन) को आउट किया। अश्विन की फ्लाइटेड गेंद पर मिलर आगे निकले और पंत ने गिल्लियां बिखेर दी। टी20 क्रिकेट में यह अश्विन का 250वां शिकार था। इस मामले में पीयूष चावला और अमित मिश्रा सबसे सफल भारतीय गेंदबाज है। उन दोनों के नाम एकसमान 262 विकेट है। सैमसन ने हालांकि सातवें ओवर में अश्विन के खिलाफ पारी का पहला चौका लगाया तो वहीं महिपाल लोमरोर ने नौवें में इसी गेंदबाज के खिलाफ छक्का जड़ा। कैगिसो रबाडा (26 रन पर एक विकेट) ने हालांकि 11वें ओवर में लोमरोर को खतरनाक होने से पहले ही पवेलियन की राह दिखा दी। उन्होंने 24 गेंद में 19 रन बनाए। अक्षर पटेल ने अगले ओवर में रियान पराग (दो रन) को आउट कर राजस्थान को पांचवां झटका दिया जिससे टीम का स्कोर पांच विकेट पर 55 रन हो गया। सैमसन ने हालांकि एक छोर संभाले रखा और 14वें ओवर में नोर्जे के खिलाफ चौका जड़ने के बाद रबाडा के द्वारा किए गए 15वें ओवर में तीन बार गेंद को सीमा रेखा के पार भेजा। राजस्थान को अब आखिरी पांच ओवरों में 73 रन की दरकार थी और सैमसन के साथ तेवतिया क्रीज पर मौजूद थे लेकिन वह बड़ा शॉट लगाने में नाकाम हो रहे थे। इस दौरान सैमसन ने 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर दो रन लेकर 39 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। अगले ओवर में तेवतिया के आउट होते ही राजस्थान की जीत की उम्मीद लगभग खत्म हो गई थी। वह 15 गेंद में नौ रन बनाकर नोर्जे का दूसरा शिकार बने सैमसन ने आखिरी ओवर में छक्का जड़ा लेकिन तब तक टीम की हार तय हो गई थी। राजस्थान के टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद मुस्ताफिजुर रहमान, महिपाल लोमरोर और चेतन सकारिया ने शुरुआती तीन ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी से 18 रन ही दिए जिसका फायदा पिछले मैच के नायक युवा तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी (40 रन पर एक विकेट) को मिला।

# पंजाब की शानदार गेंदबाजी हैदराबाद को पांच रन से हराया

**भाषा।** शारजाह

**पंजाब** किंग्स ने अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के कम स्कोर के रोमांच की पराकाष्ठा तक पहुंचे मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को पांच रन से हराकर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर दिया। सनराइजर्स हैदराबाद ने पहले वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर (19 रन देकर तीन विकेट) के शानदार स्पैल से पंजाब किंग्स को सात विकेट पर 125 रन पर रोक दिया था। फिर उसने होल्डर की बदौलत कम स्कोर के मुकाबले को रोमांचक बना दिया जिन्होंने 29 गेंद में पांच गगनचुंबी छक्कों से नाबाद 47 रन बनाए, पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके।



पंजाब ने रवि बिश्नोई (24 रन देकर तीन विकेट) और मोहम्मद शमी (चार ओवर में एक मेडन, 14 रन देकर दो विकेट) की बदौलत इस लक्ष्य का बचाव कर सनराइजर्स हैदराबाद को निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 120 रन ही बनाने दिए। इस तरह पंजाब किंग्स ने शारजाह में आईपीएल के सबसे कम स्कोर का बचाव भी किया। पंजाब किंग्स के लिए यह अहम मुकाबला था क्योंकि इसमें जीत से वह 10 मैच में आठ अंक से प्लेऑफ की दौड़ में बनी रहेगी और अब पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। पावरप्ले में हैदराबाद ने दो विकेट पर 20 रन बनाए जो उसका आईपीएल में पावरप्ले का न्यूनतम स्कोर भी है जबकि उसके पास डेविड वार्नर (02) जैसा सलामी बल्लेबाज भी था। शमी ने अपनी धारधार गेंदबाजी से हैदराबाद के पावरप्ले के दोनों विकेट झटके। उन्होंने अपने और पारी के पहले ओवर की तीसरी गेंद पर वार्नर को आउट कर टीम को पहली सफलता दिलाई जो उनकी गुडलेंथ गेंद पर बल्ले का बाहरी किनारा लगाकर विकेटकीपर कप्तान केएल राहुल को कैच दे बठै।फिर तीसरे ओवर में उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान केन विलियमसन (01) को बोल्ड कर करारा झटका दिया और स्कोर था दो विकेट पर 10 रन। मनीष पांडे (13) बिश्नोई की गुगली को पढ़ नहीं सके और गेंद उनके स्टंप उखाड़ गई। सलामी बल्लेबाज रिद्धिमान साहा (31) और केदार जाधव (12) ने चौथे विकेट की भागीदारी को धीरे धीरे आगे बढ़ाया क्योंकि पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी। इससे टीम ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 43 रन बनाए। दो ओवर बाद बिश्नोई ने अपने तीसरे ओवर में जाधव को बोल्ड करने के बाद अब्दुल समद का विकेट अपने नाम किया। अब होल्डर क्रीज पर थे, उन्होंने आते ही धमाल कर दिया और तीन छक्के लगाकर टीम से दबाव कम किया। सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 15वें और 16वें ओवर में मिलाकर 27 रन बने। टीम को अब जीत के लिए चार ओवर में 35 रन बनाने थे।

# चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं तमिलनाडु के चक्रवर्ती

**भाषा।** अबुधाबी

**वरुण** चक्रवर्ती को मिलने वाला अतिरिक्त उछाल और अलग कोण से गेंदबाजी करने की क्षमता रविवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स के बल्लेबाजों के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। यूएई में आईपीएल के बहाल होने के बाद सुपरकिंग्स और नाइट राइडर्स दोनों ने अच्छा प्रदर्शन किया है और दोनों ही टीमें जीत की लय को बरकरार रखना चाहेंगी। सुपरकिंग्स और नाइट राइडर्स दोनों ने लीग के बहाल होने के बाद यूएई में अपने दोनों मुकाबले जीते हैं और दोनों टीमें एक दूसरे को हराकर जीत की हैट्रिक पूरी करना चाहेंगी। यूएई में पिछले सत्र में सुपरकिंग्स के बल्लेबाजों को काफी परेशान करने वाले चक्रवर्ती एक बार फिर रुतुराज गायकवाड़, फाफ डुप्लेसिस, अंबाती रायुडू और महेंद्र सिंह धोनी के लिए उन पिचों पर मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं



जहां गेंद उम्मीद से धीमी गति से बल्ले पर आ रही है। दोनों ही टीमों ने सत्र बहाल होने के बाद अपने शुरुआती दो मैचों में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स को बड़े अंतर से हराया है। सुपरकिंग्स ने मुंबई इंडियन्स और बेंगलोर की टीम को क्रमश: 20 रन और सात विकेट से हराया तो नाइट राइडर्स ने इन दोनों को क्रमश: सात और नौ विकेट से शिकस्त दी। अंक तालिका में हालांकि सुपरकिंग्स का नाइट राइडर्स पर पलड़ा भारी है। धोनी की टीम नौ मैचों में 14 अंक के साथ शीर्ष पर है जबकि नाइट राइडर्स इतने ही मैचों में आठ अंक के साथ चौथे स्थान पर है।

### टीम

**चेन्नई सुपर किंग्स:** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, मोईन अली, सुरेश रैना, अंबाती रायुडू, रविंद्र जडेजा, ड्वेन ब्रावो, शार्दुल ठाकुर, लुंगी एनगिडी, दीपक चाहर, इमरान ताहिर, फाफ डु प्लेसिस, रॉबिन उथप्पा, कर्ण शर्मा, जोश हेजलवुड, जेसन बेहरेनडोर्फ, कृष्णप्पा गौतम, मिशेल सेंटनर, रविश्रीनिवासन साई किशोर, हरि निशांत, एन जगदीशन, चेतेश्वर पुजारा, केएम आसिफ, हरिशंकर रेड्डी और भगत वर्मा।

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** इयोन मोर्गन (कप्तान), दिनेश कार्तिक, गुरकीरत सिंह मान, करुण नायर, नितीश राणा, राहुल त्रिपाठी, शुभमन गिल, हरभजन सिंह, कमलेश नागरकोटी, कुलदीप यादव, लॉकी फर्ग्युसन, पवन नेगी, एम प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप वारियर , शिवम दुबे, टिम साउथी, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, आंद्रे रसेल, बेन कटिंग, शाकिब अल हसन, सुनील नारायण, वेंकटेश अय्यर, शेल्डन जैक्सन और टिम सीफर्ट।

**समय: मैच भारतीय समयानुसार दोपहर तीन बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।**

# दिल्ली कैपिटल्स के पास सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण में से एक: पंत

**अबुधाबी।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में शनिवार राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ कम स्कोर का शानदार तरीके से बचाव किया जिसकी तारीफ करते हुए कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि उनकी गेंदबाजी इकाई लीग में सर्वश्रेष्ठ में से एक है। दिल्ली की गेंदबाजी इकाई में कैगिसो रबाडा और एनरिक नोर्जे की दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजों जोड़ी के अलावा भारत के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल है। इन गेंदबाजों को शानदार लय में चल रहे युवा तेज गेंदबाज आवेश खान का शानदार साथ मिल रहा है। टीम ने यहां शेख जायद स्टेडियम में 154 रन के लक्ष्य का बचाव करते हुए राजस्थान पर 33 रन की बड़ी जीत दर्ज की। पंत ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, अगर यह (गेंदबाजी आक्रमण) सर्वश्रेष्ठ नहीं है तो सर्वश्रेष्ठ में से एक है। उन्होंने कहा, हम हालांकि एक समय में एक मैच के बारे में सोचना पसंद करेंगे।

# आरसीबी और मुंबई इंडियन्स के मैच में भारतीय सितारों पर खुद को साबित करने की चुनौती

**भाषा।** दुबई

**मुंबई** इंडियन्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीमें रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में जब एक दूसरे का सामना करेंगी तो रोहित शर्मा और विराट कोहली की कप्तानी की परीक्षा होगी जो खराब लय को पीछे छोड़कर अपनी-अपनी टीमें के प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। भारतीय टीम के मौजूदा कप्तान कोहली और आगामी टी20 विश्व कप के बाद राष्ट्रीय टीम की बागडोर संभालने के प्रबल दावेदार रोहित की टीमों को पिछले मैचों में करारी शिकस्त मिली है।

आरसीबी अभी भी नौ मैचों में 10 अंकों के साथ शीर्ष चार में है, जबकि मुंबई की टीम लगातार दो हार के बाद नौ मैचों में आठ अंकों के साथ छठे स्थान पर खिसक गई है। दोनों टीमों के शीर्ष क्रम के भारतीय बल्लेबाज रन बनाने के लिए जूझ रहे



हैं। यह समस्या खासकर मुंबई इंडियन्स के साथ ज्यादा है। टी 20 विश्व कप में कोहली, रोहित, सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन भारतीय बल्लेबाजी के मुख्य आधार में शामिल होंगे लेकिन पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कोहली की एक पारी को छोड़कर लीग के दूसरे चरण में सभी का प्रदर्शन लचर रहा है। इसके अलावा हार्दिक पांड्या को मुंबई की अंतिम 11 में नहीं चुना जा रहा है क्योंकि वह शायद अपनी हरफनमौला जिम्मेदारी को निभाने के लिए 100 प्रतिशत फिट नहीं हैं।

### टीम

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर:** विराट कोहली (कप्तान), नवदीप सैनी, ग्लेन मैक्सवेल, डैन क्रिस्टियन, रजत पाटीदार, दुष्मंथा चमीरा, पवन देशपांडे, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सचिन बेबी, वानिंदु हसरंगा, जॉर्ज गार्टन, युजवेंद्र चहल, शाहबाज अहमद, देवदत्त पडिक्कल, काइल जैमीसन, सुयश प्रभुदेसाई, केएस भरत, टिम डेविड, आकाश दीप, एबी डिविलियर्स।

**मुंबई इंडियन्स:** रोहित शर्मा (कप्तान) क्विंटन डिकॉक, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, आदित्य तारे, अनमोलप्रीत सिंह, क्रिस लिन, सौरभ तिवारी, अनुकुल रॉय, अर्जुन तेंदुलकर, हार्दिक पंड्या, क्रुणाल पंड्या, जेम्स नीशाम, जयंत यादव, कीरोन पोलार्ड , मार्को जानसेन, युद्धवीर सिंह, एडम मिल्ने, धवल कुलकर्णी, जसप्रीत बुमराह, मोहसिन खान, नाथन कूल्टर-नाइल, पीयूष चावला, राहुल चाहर, ट्रेंट बोल्ट।

**मैच शाम सात बजकर 30 मिनट से शुरू होगा।**

## जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप कल से

**फगवाड़ा (पंजाब)।** लड़के और लड़कियों की 38वीं जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप का आयोजन फगवाड़ा में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के परिसर में 26 से 30 सितंबर तक किया जाएगा। भारतीय साफ्टबॉल संघ की अध्यक्ष नीतल नारंग ने लंबित राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन सितंबर 2021 तक कराने की स्वीकृति देने के लिए खेल मंत्रालय को धन्यवाद दिया। नारंग को उम्मीद है कि भारत एशियाई खेल 2022 और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिए ना सिर्फ क्वालीफाई करेगा बल्कि अच्छा प्रदर्शन भी करेगा।

## डकवर्थ अस्ताना ओपन के खिताबी मुकाबले में क्वोन से भिड़ेंगे

**नूर-सुल्तान (कजाखस्तान)।** आस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ ने शनिवार को यहां इला इवाश्का को हराकर अस्ताना ओपन के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना दक्षिण कोरिया के क्वोन सून वू से होगा। अस्ताना ओपन में पहली बार ऐसा खिताबी विजेता बनेगा जो इससे पहले कभी टूर प्रतियोगिता के फाइनल में नही पहुंचा है। डकवर्थ ने सेमीफाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त इवाश्का को 6-3 7-6 से शिकस्त दी। वही क्वोन ने कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक पर दूसरे सेमीफाइनल में 3-6, 7-5, 6-3 से जीत दर्ज कर अपने पहले फाइनल में जगह बनाई।

## बायर्न म्यूनिख जीता पर लेवानदोवस्की 19 मैच के बाद गोल करने में नाकाम

**बर्लिन।** बायर्न म्यूनिख ने बुंदेसलीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शुक्रवार को अंतिम स्थान पर चल रहे ग्रुथर फुर्थ को 3-1 से हराया। पोलैंड के स्टार रॉबर्ट लेवानदोवस्की का हालांकि इस मुकाबले के दौरान बायर्न की ओर से रिकॉर्ड लगातार 19 मैचो में गोल करने का सिलसिला भी थम गया। लेवानदोवस्की का शॉट 40वें मिनट में क्रॉस बार से टकरा दिया जिससे वह लगातार 16 बुंदेसलीगा मैचो में गोल करने के गर्ड म्यूलर के रिकॉर्ड की बराबरी करने से भी चूक गए। लेवानदोवस्की के 19 मैचों में लीग कप और चैंपियन्स लीग के मैच भी शामिल है।

## आर्मी ग्रीन को हराकर बेंगलुरु एफसी डूरंड कप सेमीफाइनल में

**कोलकाता।** बेंगलुरु एफसी ने शनिवार को यहां रोमांचक मैच में आर्मी ग्रीन को 3-2 से हराकर डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब बुधवार को बेंगलुरु एफसी का सामना दूसरे सेमीफाइनल में एफसी गोवा से होगा। बेंगलुरु के लिए वुंगंगायम मुईरंग ने 20वें, लियोन ऑगस्टीन ने 47वें और नामग्याल भूटिया ने 74वें मिनट में गोल किए।

# मंत्री अनुराग ठाकुर ने अल्टीमेट लद्दाख साइकिलिंग चैलेंज को हरी झंडी दिखाई



**भाषा।** लेह

**खेल** मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को यहां अल्टीमेट लद्दाख साइकिलिंग चैलेंज के दूसरे सत्र की हरी झंडी दिखाकर शुरुआत की। यह साइकिलिंग चैलेंज आजादी का अमृत महोत्सव और फिट इंडिया मूवमेंट का हिस्सा है जिसका आयोजन लद्दाख पुलिस ने भारतीय साइकिलिंग महासंघ के सहयोग से किया। ठाकुर ने कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि फिट इंडिया मूवमेंट के पीछे की प्रेरणा भारत के लोगों के बीच फिटनेस को लेकर जागरूकता पैदा करना है। फिट इंडिया अभियान को बढ़ावा देने के लिए युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए ठाकुर ने कहा, चलो साइकिल चलाएं, फिट रहें और भारत को फिट रखें। अगर युवा फिट रहेगा तो भारत फिट रहेगा।

# आस्ट्रेलिया के खिलाफ क्लीनस्वीप से बचने उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

**भाषा।** मैकॉय (आस्ट्रेलिया)

**दबाव** का सामना कर रही भारत की गेंदबाजों को रविवार को यहां तीसरे और अंतिम महिला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय में टीम को क्लीन स्वीप से बचाना है तो आस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा जो लगातार 27वां मुकाबला जीतने के इरादे से उतरेगी। दूसरे एक दिवसीय में झूलन गोस्वामी की मैच की अंतिम गेंद को विवादास्पद हालात में नोबॉल दिया गया और भारत को हार का सामना करना पड़ा। मैच काफी करीबी रहा लेकिन मिताली राज की टीम का 274 रन के बड़े स्कोर का बचाव नहीं कर पाना निराशाजनक रहा। राशेल हेन्स की गैरमौजूदगी में ताहलिया मैकग्रा और निकोला कैरी के साथ पारी का आगाज करने वाली बेथ मूनी ने शानदार प्रदर्शन किया है।



इस साल झूलन गोस्वामी के अलावा भारत की अन्य सभी गेंदबाजों ने निराश किया है। अमिता शर्मा के एक दशक पहले जाने के बाद भी झूलन के लिए नई गेंद का कोई विश्वसनीय साझेदार नहीं मिल पाया है। शिखा पांडे ने प्रभावित किया लेकिन वह कभी झूलन की नियमित साझेदार नहीं बन पाई। मानसी जोशी, पूजा वस्त्रकार, मोनिका पटेल भी उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। निरंजना नागराजन की अनदेखी की गई जबकि मेघना सिंह को अभी और समय की जरूरत है। स्पिन विभाग भारत का मजबूत पक्ष है लेकिन मजबूत टीमों ने पूनम यादव की लेग स्पिन का तोड़ निकाल लिया है। दीप्ति शर्मा के प्रदर्शन में निरंतरता है लेकिन वह विकेट चटकाने से अधिक रन रोकने वाली गेंदबाज हैं। पूनम और दीप्ति के प्रदर्शन में आत्ममुग्धता झलकती है क्योंकि उन्हें पता है कि फिलहाल उनकी जगह लेने के लिए अच्छी गेंदबाज मौजूद नहीं हैं। खराब स्ट्राइक रेट के लिए आलोचना का सामना कर रही मिताली क्या टीम के मनोबल में इजाफा कर पाएंगी यह भी बड़ा सवाल है। इंग्लैंड के खिलाफ महज औपचारिकता के मुकाबले के जीत के अलावा मिताली की अधिकतर पारियों से उनके 20 हजार अंतरराष्ट्रीय रनों में ही इजाफा हुआ है और टीम का अधिक फायदा नहीं हुआ। भारत अगर 0-3 से हार जाता है तो यह 50 ओवर के पिछले 11 मुकाबलों में टीम की नौवीं हार होगी जो अगले साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड में होने वाले महिला एक दिवसीय विश्व कप की अच्छी तैयारी नहीं है। तेजी से रन बनाने की बात करें तो मिताली और दीप्ति बल्लेबाजी में दो कमजोर कड़ियां हैं। इन दोनों ने पिछले एक साल में काफी गेंदें बर्बाद की जिससे अन्य बल्लेबाजों पर दबाव बना और कई मौकों पर टीम प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने में विफल रही।

### टीम

**भारत:** मिताली राज (कप्तान), हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, पूनम राउत, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, यास्तिका भाटिया, तानिया भाटिया, शिखा पांडे, झूलन गोस्वामी , मेघना सिंह, पूजा वस्त्रकार, राजेश्वरी गायकवाड़, पूनम यादव, ऋचा घोष और एकता बिष्ट।

**आस्ट्रेलिया:** मेग लेनिंग (कप्तान), डार्सी ब्राउन, मैटलन ब्राउन, स्टेला कैंपबेल, निकोला कैरी, हन्ना डार्लिंगटन, एशलेग गार्डनर, एलिसा हीली, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पैरी, जॉर्जिया रेडमायने, मौली स्ट्रेनो, एनाबेल सदरलैंड, टायला व्लामिनक और जॉर्जिया वेयरहैम।

**समय: मैच भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजकर 35 मिनट पर शुरू होगा।**

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 331
लखनऊ, रविवार, 26 सितम्बर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सानिया के पास साल का पहला खिताब जीतने का मौका
स्पोर्ट्स-12

# आतंकवाद की भूमि न बने अफगानिस्तान

## संयुक्त राष्ट्र महासभा में मोदी ने आतंकवाद को लेकर दुनिया को चेताया

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र




संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए कहा कि एक तरफ भारत जहां अपनी आजादी के 75वें साल में 75 स्वदेश निर्मित उपग्रह अंतरिक्ष में भेजने की तैयारी कर रहा है, वहीं कुछ देश आतंकवाद का राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने अफगानिस्तान की वर्तमान स्थिति का उल्लेख किया और कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना बहुत जरूरी है कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने और आतंकी हमलों के लिए ना हो। उन्होंने कहा, आज दुनिया के सामने प्रतिगामी सोच और अतिवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। इन परिस्थितियों में पूरे विश्व को विज्ञान आधारित तर्कसंगत और प्रगतिशील सोच को विकास का आधार बनाना ही होगा। उन्होंने कहा कि भारत अपनी आजादी के 75वें साल में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और 75 ऐसे उपग्रह अंतरिक्ष में भेजने की तेयारी कर रहा है, जो छात्रों और शोधार्थियों ने तैयार किए हों। उन्होंने कहा, वहीं दूसरी ओर रिग्रेसिव (प्रतिगामी) सोच के साथ, जो देश आतंकवाद का राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं, उन्हें ये समझना होगा कि आतंकवाद उनके लिए भी उतना ही बड़ा खतरा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसलिए यह सुनिश्चित किया जाना बहुत जरूरी है कि अफगानिस्तान की धरती का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने और आतंकी हमलों के लिए नहीं हो। उन्होंने कहा, हमें इस बात के लिए भी सतर्क रहना होगा कि वहां की परिस्थितियों का कोई देश अपने स्वार्थ के लिए एक उपकरण की तरह इस्तेमाल करने की कोशिश ना करे। उन्होंने कहा कि यह समय अफगानिस्तान की जनता, वहां की महिलाओं और बच्चों के साथ ही वहां के अल्पसंख्यकों की मदद करने का है, इसके लिए हमें अपना दायित्व निभाना ही होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह एक ऐसे देश का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसे लोकतंत्र की जननी के रूप में जाना जाता है और भारत के लोकतंत्र की ताकत को रेखांकित करने के लिए एक रेलवे स्टेशन पर चाय विक्रेता से प्रधानमंत्री बनने तक के अपने सफर का हवाला दिया।

मोदी ने यहां कहा, हमारे यहां लोकतंत्र की एक महान परंपरा रही है, जो हजारों साल पुरानी है। उन्होंने कहा, मैं एक ऐसे देश का प्रतिनिधित्व करता हूं, जिसे लोकतंत्र की जननी के तौर पर जाना जाता है। इस साल 15 अगस्त को भारत अपनी आजादी के 75वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारी विविधता हमारे मजबूत लोकतंत्र की पहचान है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह एक ऐसा देश है जहां दर्जनों भाषाएं, सैकड़ों बोलियां, विभिन्न जीवन शैलियां और व्यंजन हैं।

## बाइडन ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता एनएसजी में प्रवेश के प्रति समर्थन दोहराया

**भाषा।** वाशिंगटन



**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो. बाइडन ने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी पहली द्विपक्षीय प्रत्यक्ष बैठक के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता और परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) में नई दिल्ली के प्रवेश के प्रति वाशिंगटन का समर्थन दोहराया है। व्हाइट हाउस में दोनों नेताओं की बैठक के बाद शुक्रवार को जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी बैठक के दौरान अगस्त 2021 में सुरक्षा परिषद की नई दिल्ली द्वारा की गई अध्यक्षता के दौरान भारत के मजबूत नेतृत्व की सराहना की। इसमें कहा गया, इस परिप्रेक्ष्य में, राष्ट्रपति बाइडन ने सुधारों से युक्त संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता तथा उन अन्य देशों के लिए अमेरिका का समर्थन दोहराया, जो बहुपक्षीय सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट की आकांक्षा रखते हैं। बाइडन द्वारा समर्थन किए जाने से सुरक्षा परिषद में सुधारों के लिए भारत के प्रयासों को एक बड़ी मजबूती मिली है। संयुक्त राष्ट्र की इस शक्तिशाली इकाई में लंबे समय से लंबित सुधारों के लिए भारत अग्रिम मोर्चे पर रहा है और जोर देकर कहता रहा है कि वह इस निकाय में स्थाई सदस्य बनने का हकदार है। भारत ने जून में कहा था कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सुधारों पर अंतर सरकारी वार्ता (आईजीएन) का इस्तेमाल लंबे समय तक मुद्दे को दबाने के लिए नहीं किया जा सकता। इसने यह बात तब कही थी जब आईजीएन से संबंधित कार्य को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने अगले सत्र में ले जाने का निर्णय किया और जी-4 (ब्राजील, जर्मनी, भारत और जापान) समूह द्वारा प्रस्तावित एक संशोधन को शामिल करने पर सहमति जताई।

# समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए काम कर रही सरकार

## मुख्यमंत्री ने एकात्म मानववाद तथा अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय को जयंती पर किया याद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उनको श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने आज एकात्म मानववाद व अन्त्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के कल्याण के लिए पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अन्त्योदय का सपना देखा था। सात वर्षों से वही सपना प्रधानमंत्री के नेतृत्व में साकार हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए लोक कल्याणकारी योजनाएं लागू हुई हैं। पं. दीन दयाल का स्पष्ट मत था कि हमारी योजनाओं का आधार समाज के सम्पन्न नहीं बल्कि अंतिम पायदान का व्यक्ति होना चाहिए। आज उनका यह सपना साकार हो रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हर गरीब को आवास, शौचालय, गरीब महिलाओं को नि:शुल्क एलपीजी गैस कनेक्शन, हर गरीब को आयुष्मान भारत योजना से पांच लाख रुपये के स्वास्थ्य सुरक्षा कवर का लाभ मिल रहा है। इन योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति को बिना भेदभाव के दिया जाता है। यह केन्द्र व प्रदेश सरकार की ओर से अन्त्योदय के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए उनके जीवन में खुशहाली लाने का प्रयास है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान भी ऐसे कार्यक्रम प्रारम्भ हुए हैं, जिसने लोक कल्याणकारी सरकार के मानवीय चेहरे को दुनिया के सामने रखा है। एक लोक कल्याणकारी सरकार अपनी मानवीय संवेदनाओं को जनमानस के प्रति किस प्रकार व्यक्त करती है, इसका उदाहरण पूरी दुनिया ने देखा है। वर्ष 2020 में आठ माह तक हर व्यक्ति को नि:शुल्क राशन दिया गया। इस वर्ष माह मई से नवम्बर तक इसे फिर से प्रारम्भ किया गया। विगत 24 माह में 15 माह नि:शुल्क राशन दिया गया। उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोग और देश में 80 करोड़ लोग इससे लाभान्वित हुए। यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना को भी आगे बढ़ाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल की जयन्ती पर आज हर ब्लॉक में गरीब कल्याण मेले का आयोजन किया जा रहा है।

## नई सहकारिता नीति की जल्द घोषणा करगी सरकार: शाह

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारत को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में सहकारिता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। शाह ने कहा कि केंद्र जल्द ही एक नई सहकारी नीति लेकर आएगा और सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए राज्यों के साथ मिलकर काम करेगा। अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री भी हैं। उन्होंने यह भी घोषणा की कि अगले पांच वर्ष में प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पीएसी) की संख्या बढ़ाकर तीन लाख की जाएगी।

अभी पीएसी की संख्या लगभग 65,000 है। इसके अलावा, सरकार एक राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय स्थापित करने के अलावा सहकारी सामान्य सेवा केंद्र, राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करने की दिशा में काम कर रही है। वह यहां पहले राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन में बोल रहे थे। सहकारिता मंत्रालय का गठन इसी साल जुलाई में किया गया था। विभिन्न सहकारी समितियों के 2,100 से अधिक प्रतिनिधियों और लगभग छह करोड़ ऑनलाइन प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कुछ लोगों को आश्चर्य है कि केंद्र ने यह नया मंत्रालय क्यों बनाया क्योंकि सहकारिता राज्य का विषय है। शाह ने कहा कि इस पर कानूनी प्रतिक्रिया हो सकती है, लेकिन वह इस बहस में नहीं पड़ना चाहते।

उन्होंने कहा, मैं राज्य और केन्द्र के झगड़े में पड़ना नहीं चाहता, इसका कानूनी जवाब आराम से दिया जा सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि केंद्र राज्यों के साथ सहयोग करेगा और कोई टकराव नहीं होगा। उन्होंने कहा, सहकारिता आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी राज्यों के साथ मिलकर काम करेंगे।

## सीबीआई ने महंत नरेंद्र गिरि मामले में मठ के लोगों से की पूछताछ

**प्रयागराज।** केंद्रीय जांच ब्यूरो की टीम ने महंत नरेंद्र गिरि की कथित आत्महत्या के मामले में शनिवार को श्रीमठ बाघंबरी गद्दी में घटनास्थल का निरीक्षण किया और मठ के सेवादारों और अन्य लोगों से पूछताछ की। मठ के परिसर में स्थित स्वामी विचारानंद संस्कृत विद्यालय के एक विद्यार्थी ने बताया कि शाम चार बजे से सीबीआई की टीम यहां आई हुई है। सीबीआई के लोग महंत जी के मुंशी बब्लू को लेकर परिसर में घूम रहे हैं और टीम यहां के लोगों से पूछताछ कर रही है। खबर लिखे जाने तक सीबीआई की टीम मठ में मौजूद रही। सीबीआई टीम के साथ स्थानीय पुलिस के अधिकारी भी मठ आए हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई को महंत नरेंद्र गिरि की मृत्यु के मामले के सभी दस्तावेज, जार्ज टाउन थाने से एफआईआर की प्रति, केस डायरी, पोस्ट मार्टम रिपोर्ट सौंप दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि गत सोमवार को अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि अपने श्रीमठ बाघंबरी गद्दी में अपने कमरे में मृत पाए गए थे।

## प्रदेश ने दस करोड़ से अधिक टीके लगाकर बनाया रिकॉर्ड



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोविड** नियंत्रण की शानदार रणनीति के लिए सराहे जा रहे उत्तर प्रदेश ने कोविड टीके की 10 करोड़ से अधिक डोज लगाकर नया रिकॉर्ड बनाया है। 10 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाला यूपी देश का एकमात्र राज्य है। यहां तेज टीकाकरण की नीति के क्रियान्वयन को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि 3 अगस्त को 5 करोड़ डोज पूरा करने के बाद अगले 54 दिनों में 5 करोड़ और वैक्सीन डोज दी गई। जबकि टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत में पहले एक करोड़ टीके लगाने में करीब 100 दिन लगे थे। शनिवार को 10 करोड़ का आंकड़ा पार होने के खास मौके को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य कर्मियों और आमजनता को समर्पित किया। **(पेज 2 भी देखें)**

### विदेश जाने के इच्छुक लोगों के कोविन प्रमाण पत्र पर लिखी होगी पूरी जन्मतिथि

**नई दिल्ली।** भारत और ब्रिटेन के बीच कोविड प्रमाण पत्र को लेकर हो रही बातचीत के बीच आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि जिन लोगों को टीके की दोनों खुराक लग चुकी है और वे विदेश यात्रा करने के इच्छुक हैं, उन्हें कोविन प्रमाण पत्र दिया जाएगा जिस पर पूरी जन्मतिथि लिखी होगी। वर्तमान में, कोविन प्रमाण पत्रों पर जन्म के वर्ष के आधार पर लाभार्थी को आयु तथा अन्य विवरण लिखा होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नियमों के अनुसार यह नई व्यवस्था की जा रही है और इसके अगले सप्ताह से शुरू होने की उम्मीद है। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया, यह निर्णय लिया गया है कि कोविन में एक नया फीचर जोड़ा जाएगा जिसके तहत, जिन लोगों को टीके की दोनों खुराक लग चुकी है।

## राजस्थान में परीक्षा देने जा रहे छह युवकों की सड़क हादसे में मौत

**जयपुर।** राजस्थान के चाकसू के पास शनिवार सुबह एक सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। मरने वाले वे युवक हैं जो अध्यापक पात्रता परीक्षा (रीट) देने जा रहे थे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हादसे पर शोक जताया है। जयपुर के चाकसू में राष्ट्रीय राजमार्ग 12 पर शनिवार सुबह यह हादसा उस समय हुआ जब एक वैन, ट्रोले से जा टकराई। चाकसू के थानाधिकारी हीरा लाल सैनी ने बताया कि युवक रीट की परीक्षा देने बारां से सीकर जा रहे थे। उन्होंने कहा कि युवकों को ले जा रही वैन एक ट्रोले में जा भिड़ी। हादसे में छह लोगों की मौत हो गई जबकि पांच घायल हो गए। मृतकों की पहचान विष्णु नागर, तेजराज मेघवाल, सत्यनारायण, वेदप्रकाश मीणा, सुरेश बैरवा व दिलीप मेहता के रूप में हुई है। दुर्घटना में घायल नरेंद्र, अनिल बैरवा, भगवान नागर, हेमराज बैरवा व जोरावर सिंह को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। मुख्यमंत्री गहलोत ने हादसे पर शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों को आर्थिक मदद की घोषणा की है।

## आईएमडी ने चक्रवात की चेतावनी दी

### ओडिशा ने सात जिलों में बचाव दल भेजे

**भाषा।** भुवनेश्वर

**बंगाल** की खाड़ी पर बने चक्रवाती तूफान के ओडिशा के दक्षिणी हिस्सों और पड़ोसी आंध्र प्रदेश की ओर बढ़ने की चेतावनी के बीच ओडिशा सरकार ने शनिवार को सात जिलों को उच्च सतर्कता बरतने को कहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने यह चेतावनी जारी की है। विशेष राहत आयुक्त (एसआरसी) पी के जेना ने कहा कि सरकार ने बचाव दलों को संवेदनशील इलाकों में भेजा और अधिकारियों से निचले इलाकों से लोगों को बाहर निकालने को कहा है।

ओडिशा आपदा त्वरित कार्य बल (ओडीआरएएफ) के 42 दलों और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के 24 दलों के साथ दमकल कर्मियों को सात जिलों गजपति, गंजम, रायगढ़, कोरापुट, मल्कानगिरी, नबरंगपुर, कंधमाल भेजा। जेना ने बताया कि गंजम के चक्रवाती तूफान से गंभीर रूप से प्रभावित होने की उम्मीद है और इलाके में 15 बचाव दलों को तैनात किया गया है। इसके अलावा दमकल के 11 दलों के अलावा ओडीआरएएफ के छह दलों और एनडीआरएफ के आठ दलों को आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। गजपति और कोरापुट के जिला प्रशासनों ने 25 और 26 सितंबर को अवकाश रद्द कर दिए हैं। जिलाधीशों ने सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अपने-अपने मुख्यालय में रहने का निर्देश दिया है।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, बंगाल की खाड़ी के उत्तर और मध्य हिस्से पर बना गहरे दबाव का क्षेत्र 14 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पश्चिम की ओर बढ़ा है। शनिवार को सुबह साढ़े आठ बजे गहरे दबाव का क्षेत्र गोपालपुर से 510 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व और आंध्र प्रदेश में कलिंगपत्तनम से 590 किलोमीटर पूर्व में स्थित था। आईएमडी ने कहा, यह 26 सितंबर की शाम तक कलिंगपत्तनम के आसपास विशाखापत्तनम और गोपालपुर के बीच उत्तर आंध्र प्रदेश और दक्षिण ओडिशा तटों की ओर बढ़ सकता है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 60,048 | |
| निफ्टी | 17,853 | |
| सोना | 45,141 | /10g |
| चांदी | 59,429 | /kg |

## क्विक न्यूज

### लोजपा सांसद प्रिंस राज को दुष्कर्म मामले में अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने दुष्कर्म के मामले में लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के सांसद प्रिंस राज को शनिवार को अग्रिम जमानत दे दी। विशेष न्यायाधीश विकास ढल ने लोजपा सांसद को एक लाख रुपए के मुचलके और इतनी ही रकम का जमानतदार पेश करने पर राहत देते हुए कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा राज के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने में असमान्य देरी हुई। न्यायाधीश ने राज को जांच में शामिल होने का निर्देश दिया और कहा कि वह किसी भी तरह से फोन, व्हाट्सएप, ई-मेल, इंस्टाग्राम, फेसबुक, मैसेंजर के माध्यम से शिकायतकर्ता को धमकी नही देंगे या उसपर दबाव नही बनाएंगे अथवा उनसे संपर्क नही करेंगे। दिवंगत रामविलास पासवान के भतीजे और चिराग पासवान के चचेरे भाई राज लोकसभा में बिहार के समस्तीपुर का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## भाजपा सांसद का प्रमोद तिवारी समर्थकों पर मारपीट का आरोप

**भाषा।** प्रतापगढ़

**प्रतापगढ़** जिले के विकास खंड सांगीपुर के सभागार में शनिवार को आयोजित गरीब कल्याण मेले में कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में हुई मारपीट में जहां दोनों पक्ष के लोगों के मामूली घायल होने कि सूचना है, वहीं प्रतापगढ़ के सांसद संगमलाल गुप्ता ने कांग्रेस समर्थकों पर मारपीट का आरोप लगाया है। इस मामले पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि सांसद पर हमला करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई जल्द से जल्द किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रतापगढ़ के भारतीय जनता पार्टी के सांसद संगमलाल गुप्ता ने बताया कि वह आज विकास खंड सांगीपुर में आयोजित गरीब कल्याण मेले में जैसे पहुंचे कि मंच पर बैठे कांग्रेस के पूर्व सांसद प्रमोद तिवारी और उनके समर्थक शोर मचाने लगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रमोद तिवारी और उनके समर्थकों ने उन्हें और उनके समर्थकों को दौड़ा दौड़ा कर पीटा और उनकी गाड़ी भी तोड़ दी। गुप्ता ने कहा कि मारपीट के दौरान उनका कुर्ता फट गया, और उन्हें चोट आई हैं। मामले में कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी का पक्ष जानने के लिए कई कोशिशों के बावजूद उनसे संपर्क नहीं हो सका। लालगंज क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक जगमोहन सिंह से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। घटना को लेकर दोनों पक्षो मे एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगा रहे हैं। उधर उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने ट्वीट कर कहा, जनपद प्रतापगढ़ के सांगीपुर ब्लॉक में आयोजित गरीब कल्याण मेले में भाजपा सांसद एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव संगमलाल गुप्ता पर हमला करने वाले गुंडों के ख़िलाफ़ कठोर कार्रवाई जल्द से जल्द किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## किश्तवाड़ में हिजबुल मुजाहिदीन का पूर्व आतंकवादी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में 19 साल तक चली तलाश के बाद हिज्बुल मुजाहिदीन के एक पूर्व आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि रियासी के अरनास का निवासी दुल्ला उर्फ जमील तीसरा पूर्व आतंकवादी है, जिसे पिछले 11 दिनों में किश्तवाड़ में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस के एक विशेष दल ने सटीक सूचना मिलने पर विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर छापे मारे और दुल्ला को गिरफ्तार किया, जो चटरू इलाके के कुंदवार गांव में रह रहा था। उन्होंने बताया कि दुल्ला 2002 में चटरू पुलिस थाने में उसके खिलाफ दर्ज आतंकवाद से संबंधित एक मामले में वांछित था लेकिन वह गिरफ्तारी से बच रहा था। उसे एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# विधायिका को कानूनों पर फिर से विचार करने की जरूरत

## ओडिशा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के नए भवन के उद्घाटन समारोह में बोले प्रधान न्यायाधीश

**भाषा।** कटक



पुरी में जगन्नाथ मंदिर में भगवान के दर्शन करने पहुंचे प्रधान न्यायाधीश एनवी रमण

**प्रधान न्यायाधीश** (सीजेआई) एन वी रमण ने शनिवार को कहा कि विधायिका को कानूनों पर फिर से विचार करने और उन्हें समय तथा लोगों की जरूरतों के अनुरूप सुधारने की जरूरत है, ताकि वे व्यावहारिक वास्तविकताओं से मेल खा सकें। सीजेआई ने यहां ओडिशा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (ओएसएलएसए) के नए भवन का उद्घाटन करते हुए यह भी कहा कि संवैधानिक आकांक्षाओं को साकार करने के लिए कार्यपालिका और विधायिका को साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका ने आगामी सप्ताह में एक देशव्यापी कानूनी जागरूकता मिशन शुरू करने का फैसला किया है। न्यायमूर्ति रमण ने कहा, मैं कहना चाहूंगा कि हमारे कानूनों को हमारी व्यावहारिक वास्तविकताओं से मेल खाना चाहिए। कार्यपालिका को संबंधित नियमों को सरल बनाकर इन प्रयासों का मिलान करना होगा। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि कार्यपालिका और विधायिका के लिए संवैधानिक आकांक्षाओं को साकार करने के लिए मिलकर कार्य करना महत्वपूर्ण है क्योंकि ऐसा करने से न्यायपालिका को कानून-निर्माता के रूप में कदम उठाने के लिए मजबूर नहीं होना पड़ेगा और उसके पास केवल कानूनों को लागू करने तथा व्याख्या करने के कर्तव्य रह जाएंगे। प्रधान न्यायाधीश ने उल्लेख किया कि भारतीय न्यायिक प्रणाली दोहरी चुनौतियों का सामना कर रही है और सबसे पहले न्याय प्रदायगी प्रणाली का भारतीयकरण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी के 74 साल बाद भी परंपरागत जीवन शैली का पालन कर रहे लोग और कृषि प्रधान समाज अदालतों का दरवाजा खटखटाने में झिझक महसूस करते हैं। न्यायमूर्ति रमण ने कहा, हमारे न्यायालयों की परंपराएं, प्रक्रियाएं, भाषा उन्हें विदेशी लगती हैं। उन्होंने कहा कि कानूनों की जटिल भाषा और न्याय प्रदायगी की प्रक्रिया के बीच आम आदमी अपनी शिकायत के भविष्य पर नियंत्रण खो देता है। उन्होंने कहा कि यह एक कठोर वास्तविकता है कि प्राय: भारतीय कानूनी प्रणाली सामाजिक वास्तविकताओं और निहितार्थों को ध्यान में रखने में विफल रहती है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, दुर्भाग्य से हमारी प्रणाली को इस तरह से बनाया गया है कि जब तक सभी तथ्यों और कानून पर अदालत में मंथन किया जाता है, तब तक बहुत कुछ खत्म हो जाता है।

## गठबंधन की गांठ

यूपी में चुनाव से पहले सभी छोटे दल किसी बड़ी नाव की सवारी कर चुनावी वैतरणी पार करने में जुटे हुए हैं। सूबे में नदी के किनारे जीवन बसर करने वाली मछुआ समाज के नेता जी आज कल भगवा संगठन और सरकार दोनों में चर्चा का विषय बने हुए हैं। महाराज जी हैं जिनको यह नेता जी फूटी आंख नहीं सुहाते हैं। वह इसलिए क्योंकि बीते दिनों मछुआ समाज के इन नेताजी का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें उन्होंने काफी बातें सरकार विरोधी कही हैं। अब पार्टी मुख्यालय पर भगवा संगठन के एक केंद्रीय पदाधिकारी ने उनके साथ औपचारिक गठबंधन की घोषणा तो कर दी लेकिन पत्ते नहीं खोले हैं कि नेता जी की गठबंधन में कितनी भागीदारी होगी। अब बेचारे नेता जी को सपने उच्च सदन में जाने के तो आ रहे हैं लेकिन सीटें कितनी मिलेगी और पार्टी सिंबल का क्या होगा? ऐसे कई सवालों से नेता जी की नींद उड़ गई है। दिल्ली से लौटने के बाद से उनके सुर भी कुछ ढीले पड़ गए हैं। पार्टी कार्यालय में भी उनको बंद लफ्जों में काफी कुछ सुनना पड़ा। ऐसे में अब नेता बड़े पशोपेश में हैं कि करें तो क्या करें।



## सूर्य की एनर्जी

सूर्य और किसानों का काफी अच्छा नाता रहा है। इसी बात को ध्यान रखते हुए बड़े महाराज जी ने शाही अंदाज में सूर्य को किसानों के निकट भी कर दिया था। काफी कुछ ठीक भी चल रहा था लेकिन जब से सूर्य और किसानों के बीच में सिंह साहब आए हैं तब से सूर्य की किसानों से दूरियां बढ़ गई हैं। अब स्थिति यह बन गई है कि किसान तो दूर हो गए हैं सूर्य और सिंह साहब एक साथ आ गए। देखने में आ रहा है कि सिंह साहब को किसानों से कम सूर्य से बहुत लगाव हो गया है। स्थिति यह है कि वह दिन-रात सूर्य की ही परिक्रमा करते देखे जाते हैं। सूर्य के नहाने खाने-पीने से लेकर उनके रहने तक की व्यवस्था पर सिंह साहब की पूरी नजर रहती है कि कहीं कोई कमी न रह जाए। शायद सिंह साहब को इस बात का अंदाजा है कि सूर्य में बहुत एनर्जी होती है और यदि सूर्य की कृपा बनी रही तो कोई भी बाल बांका नहीं कर सकता और समय भी अच्छा बीतेगा साथ ही हरियाली छाई रहेगी। समय समय पर सूर्य की एनर्जी मिलती रही तो सफर आसानी से कट जाएगा।




## जोर आजमाइश

तकनीकी संस्थान की कुर्सी जब से खाली हुई है इस पर बैठने के लिए कई दावेदार मैदान में हैं। सब अपने अपने हिसाब से जोर लगा रहे हैं। सुनने में आ रहा है कि अपने मैनेजमेंट गुरु भी लगे हुए हैं। इसके लिए वह अपने राजनयिक सम्बन्धों का भी प्रयोग कर रहे हैं। वहीं कुर्सी छोड़ने वाले गुरु की भी निगाह लगी हुई है। तकरीबन छह से सात बार कुर्सी का स्वाद चख चुके गुरु किसी भी हाल में इस कुर्सी को पाना चाहते हैं। न जाने कौन सी मलाई भरी है इस कुर्सी में जबकि वह यहां से कार्यकाल पूरा करने के बाद पूरब के मैनचेस्टर शहर वाले संस्थान की वर्तमान में कुर्सी संभाल रहे हैं। कदाचित वहां सत्ता के गलियारे का सुख न मिल रहा हो। दौड़ में चल रहे ये दो प्रमुख नामों के बीच कुर्सी किसकी होती है या फिर कुर्सी किसी तीसरे की हो जाएगी यह तो आने वाला कल ही बताएगा। पर जोर आजमाइश का दौर जारी है।

## गड्ढे में पैर

सरकार ने गड्ढा मुक्त सड़कें करने का आदेश क्या दिया कि अफसरशाही बेअंदाज हो गयी। नगर निगम के बड़े साहब ने आनन फानन में गड्ढा मुक्त करने के अभियान के लिए प्रत्येक वार्ड को 20 लाख खर्च करने कर पत्र जारी कर दिए। बेचारे! साहब को क्या पता था कि फरमान जारी करते ही स्वयं गड्ढे में जा गिरेंगे। खबर लगते ही अधिकतर पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया। सत्ताधारी नेताओं ने ही सबसे पहले साहब के फरमान पर भारी नाराजगी जतायी। पार्षद ने कह डाला कि पीडब्लूडी की सड़कों में नगर निगम का डामर पड़ने लगा तो गलियों का क्या होगा। अब अपने ही सवाल उठाने लगे तो मैडम क्या करें। आखिरकार उन्होंने बैठक बुलाकर लोगों को समझने का प्रयास किया लेकिन विपक्ष के ज्यादा शोर मचाने पर बड़े साहब के आदेश को ठंडे बस्ते में डालना पड़ा। यह साहब को कई बार कदम पीछे खींचकर दूसरी ओर खड़ा होना पड़ा है। साहब को मुश्किलें तो इंदौर में भी आयीं थीं लेकिन यहां जैसी पेचीदा नहीं थी।

## नहीं मिली दक्षिणा

प्रदेश में राजनीतिक तौर पर पूरी तरह से बेदम हो चुकी देश की सबसे पुरानी पार्टी भी इस बार के चुनाव में दम-खम दिखाने का दावा कर रही है। इस पार्टी की खासियत यह है कि इसमें नेताओं की तो भरमार है लेकिन कार्यकर्ताओं के नाम पर पूरी तरह से सूखा पड़ा हुआ है। सूबाई यूनिट का प्रभार संभाल रही 'दीदी' फील्ड में कम ट्वीटर पर ज्यादा राजनीति करती नजर आती हैं। दीदी पिछले दिनों मुख्यायल आईं और फरमान जारी कर गईं कि इस बार पार्टी से टिकट चाहने वालों को 11हजार की दक्षिणा भी देनी होगी। दीदी का आदेश मिलते ही सूबाई अध्यक्ष ने तुरंत फरमान जारी कर दिया और आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि भी घोषित कर दी। अब आवेदन के साथ दक्षिणा की जो शर्त रख दी गई उससे तमाम दावेदारों ने अपने पैर पीछे खींच लिए। नतीजा यह निकला कि अंतिम तिथि करीब आने के बावजूद आवेदनकर्ताओं ने कोई रुचि नहीं दिखाई। लिहाजा अब आवेदन की तिथि एक पखवारा और बढ़ा दी गई है। तिथि बढ़ाने के पीछे कारण वेस्ट यूपी में दीदी की आगामी जनसभा की तैयारियों की व्यस्तता को बताया जा रहा है।



## अंगूठी का चक्कर

भाजपा के एक प्रवक्ता इन दिनों बहुत परेशान हैं। उनकी परेशानी का कारण एक केन्द्रीय मंत्री द्वारा उनके हाथ की अंगुलियों में पहन हुयी रत्नों की अंगूठियां हैं। भाजपा मुख्यालय में हुई पार्टी प्रवक्ताओं की कार्यशाला में केन्द्र से आये यह नेता उनको हाथों को काफी देर तक निहारते रहे और फिर जब उनसे न रहा गया तो पूछ बैठे कि आपने तो बहुत सारे रत्नों की अंगूठियां पहन रखी हैं। उम्र में छोटे लेकिन कद में बडे इस केन्द्रीय नेता की टिप्पणी से अवाक पार्टी के इस प्रवक्ता ने तपाक से उन्हें जवाब दिया कि चलो अंगूठी ही पहने सही मुझे देखा तो सही। कार्यशाला तो खत्म हो गई लेकिन इसके बाद से पार्टी प्रवक्ता काफी चिन्तित हैं। उन्हें समझ में नही आ रहा कि आखिरकार केन्द्र से आये नेता की उनकी अंगूठियों पर क्यों नजर पड़ी और उन्होंने टिप्पणी की। बहरहाल पार्टी के यह प्रवक्ता अपने साथ हुयी इस घटना को अपने करीबियों के साथ साझा कर रहे हैं और खुशी के साथ चिन्ता भी जता रहे हैं। खुशी इस बात की कि केन्द्रीय नेता से उन्हें पहचाना और बुलाकर बात भी की और चिन्ता इस बात की कि कहीं अंगूठियों पर टिप्पणी करने के पीछे केन्द्र से आये नेता जी की कोई गलत धारणा तो नहीं। वैसे पार्टी के यह प्रवक्ता डिप्टी सीएम केशव मौर्या के करीबी बताये जाते हैं।

# पं. दीनदयाल के आदर्शों पर काम कर रही मोदी-योगी सरकारः राधा मोहन



## ● सपा, बसपा व कांग्रेस करती हैं मुस्लिम तुष्टीकरणः स्वतंत्र देव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**बीजेपी** कार्यकर्ताओं ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयन्ती पर पुष्पार्चन के साथ प्रत्येक बूथ पर बैठक करके उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह तथा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने दीन दयाल उपाध्याय स्मृतिका पर श्रद्धासुमन अर्पित किये। पार्टी मुख्यालय पर प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पार्चन करके श्रद्धांजलि अर्पित की। राधा मोहन सिंह ने कहा दीनदयाल जी कहा करते थे कि आप समाज की चिंता करोगे तो समाज आपकी चिंता करेगा। समाज अपने पास कुछ नहीं रखता है। पंडित जी के पूरे चिंतन में गरीब उनके केंद्र बिंदु में था। गांव, गरीब, किसान दलित, पीड़ित, शोषित और वंचित हमारे सारी योजनाओं के केंद्र में हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के समर्पित योगदान से संघर्ष के दौर से निकलकर भाजपा आज सत्ता के शिखर पर है। पारदर्शिता, सुशासन, जन जवाबदेही में मोदी-योगी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। दीनदयाल के आदर्शो से प्रेरित योगी-मोदी सरकार आज देश व प्रदेश को शक्तिशाली, स्वाभिमानी एवं समृद्धशाली बनाने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। स्वतंत्र देव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच थी कि संगठन के द्वारा ऐसे कार्यकर्ताओं का निर्माण करना है जो राष्ट्र के लिए, गरीब के लिए समर्पित हो और भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए निरंतर कार्य करते रहें।

# हर जरूरतमंद को मिलना चाहिए सरकारी योजनाओं का लाभः सीएम

## मुख्यमंत्री ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर गोरखपुर में किया गरीब कल्याण मेले का शुभारम्भ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर जिले के भरोहिया ब्लाक से गरीब कल्याण मेला का शुभारंभ किया। प्रदेश के सभी 826 ब्लाकों में लोगों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए यह मेला आयोजित किया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जरूरतमंद को योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। प्रदेश एवं केंद्र सरकार ऐसे हर व्यक्ति के साथ खड़ी है।

गुरु गोरखनाथ विद्या पीठ के परिसर में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी सरकार के कार्य करने की कसौटी की पहचान संकट के समय होती है। पूरी दुनिया वर्तमान समय में कोरोना महामारी के संकट से जूझ रही है। कोरोना से बचाव के लिए पूरी दुनिया में भारत का प्रबंधन सबसे अच्छा रहा और सर्वाधिक आबादी वाले इस प्रदेश का प्रबंधन देश के सभी राज्यों में सबसे बेहतर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के दोनों चरणों में गरीबों में निशुल्क राशन वितरित किया गया। पहले चरण में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अप्रैल 2020 से नवंबर 2020 तक तथा दूसरे चरण में मई 2021 से नवंबर 2021 तक देश में करीब 80 करोड़ लोगों को जबकि प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को निश्शुल्क राशन उपलब्ध कराने की व्यवस्था है। ऐसा काम कोई संवेदनशील एवं लोककल्याण के लिए समर्पित सरकार ही कर सकती है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के कल्याण के लिए दी गई सीख से प्रेरणा एवं प्रकाश लेकर हम एक भारतए श्रेष्ठ भारत परिकल्पना को साकार करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब कल्याण मेला अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया है। दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन में 20 साल सात अक्टूबर को पूरा हो रहा है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शनिवार को उनके सरकारी आवास पर उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने शिष्टाचार भेंट की

**खराब मौसम के चलते गोंडा नहीं जा पाए सीएमः** लखनऊ। मौसम की खराबी के चलते शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपना प्रस्तावित कार्यक्रम बदलना पड़ा। जिसके चलते वह पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती पर गोंडा नहीं जा सके। उन्होने गोरखपुर से लखनऊ आना पड़ा। पहले से तय कार्यक्रम के तहत सीएम योगी को गोरखपुर से गोंडा जाना था। गोंडा तथा पास के जिलों में भारी बारिश के कारण वहां हेलीकाप्टर का उतरना पाना कठिन था।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शीबा खान (वर्तमान स्वामिनी) के भूखण्ड सं0 1, हाई स्काई कालोनी खसरा संख्या 551 का भाग ग्राम तकरोही वार्ड शहीद भगत सिंह लखनऊ का मूल विक्रय विलेख दिनांकित 20.12.2004 जो अयोध्या प्रसाद द्वारा तहसीन फातिमा के पक्ष में निष्पादित है तथा उपनिबंधक तृतीय लखनऊ में बही 1 जिल्द 4823 पृष्ठ 01-30 क्रमांक 7384 पर पजीकृत है, खो गया है, जो कि पंकज कुमार गुप्ता द्वारा श्रीमती शीबा खान से क्रय किया जा रहा है जो कि पी0एन0बी0 हाउसिंग से लोन के सापेक्ष बन्धक किया जायेगा। इसका किसी भी व्यक्ति/संस्था द्वारा प्रयोग पूर्णतः गैरकानूनी व शून्य होगा। यदि किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति या हित है तो साक्ष्य व दस्तावेजो के साथ इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क करे।

अमित कुमार सिंह राठौर (एडवोकेट)
पता-चेम्बर नं. 7, यूजी०एफ0, कृष्णा टावर चकबस्त रोड कैसरबाग लखनऊ।
मो. नं. 9559811119

## ईआरपी पर पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर की जांच कर लें किसानः भूसरेड्डी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आयुक्त** गन्ना एवं चीनी संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि आसन्न पेराई सत्र 2021-22 में किसानों को गन्ना पर्चियां केवल एसएमएस पर्ची के रूप में मोबाइल फोन पर प्रेषित की जाएंगी तथा क्रय केन्द्रों पर प्रतिदिन होने वाली तौल की एक्नॉलेजमेन्ट शीट भी चस्पा की जायेगी। जिसके माध्यम से भी किसान अपनी पर्ची के विषय में जान सकेंगे । इसलिए यह आवश्यक है कि ईआरपी पर गन्ना किसानों का सही मोबाइल नंबर पंजीकृत हो । इसके लिए उन्होंने गन्ना किसानों से अपील की है कि वे ईआरपी पर पंजीकृत अपने मोबाइल नंबर की जांच कर लें, यदि नम्बर गलत है तो अपने गन्ना पर्यवेक्षक के माध्यम से अथवा ई गन्ना एप पर स्वयं अपना सही मोबाइल नंबर अपडेट कर लें। भूसरेड्डी ने बताया कि एसएमएस इनबॉक्स भरा होने, मोबाइल स्विच ऑफहोने एवं डीएनडी एक्टिवेट होने की स्थिति में पर्ची का संदेश 24 घंटे के पश्चात स्वयं निरस्त हो जाता है जिसके कारण गन्ना किसान को अपनी पर्ची की जानकारी नहीं प्राप्त हो सकेगी । इसलिए सभी किसान भाई समय पर अपनी पर्ची प्राप्त करने के लिए अपना मोबाइल इनबॉक्स खाली रखें तथा मोबाइल को चार्ज करके चालू दशा में रखें तथा डीएनडी को एक्टिवेट न करें ताकि सर्वर द्वारा प्रेषित पर्ची उनके मोबाइल पर उन्हें रियल टाइम में प्राप्त हो जाए। पर्ची निर्गमन की वर्तमान व्यवस्था पूर्णतया: पारदर्शी है।

## भाजपाराज में पूरी तरह से उपेक्षित हैं गांवः अखिलेश



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार का किसानों के प्रति रवैया पूर्णतया अपमानजनक और संवेदनशून्य है। तीन किसान विरोधी कानूनों को रद्द करने तथा एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर चल रहे ऐतिहासिक किसान आंदोलन को 10 महीने हो रहे है। उसका स्वरूप और आकार बढ़ता ही जा रहा है। अर्थव्यवस्था में ग्रामीण कृषि का प्रथम स्थान आता है। भाजपा राज में गांव पूर्णतया उपेक्षित हैं। खेती-किसानी बर्बाद है। किसान को न तो फसलों की एमएसपी मिल रही है और न हीं किसान की आय दुगनी करने का वादा निभाया जा रहा है। गन्ना किसानों का 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा बकाया है। जब भाजपा सरकार बकाया ही नहीं दे पा रही है तो वह उस पर लगने वाला ब्याज कहां से अदा करेगी। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 2022 के विधान सभा चुनावों को दृष्टिगत मुख्यमंत्री किसानों को तरह-तरह का लालच देकर राजनीतिक स्वार्थपूर्ति करना चाहते है। मुख्यमंत्री साढ़े चार वर्ष बाद चाहे जो घोषणा करे उससे किसानों का कोई दीर्घकालिक लाभ नहीं हो सकता। भाजपा को सत्ता से बाहर जाना ही होगा। उन्होंने कहा कि वस्तुत: भाजपा कृषि की स्वतंत्रता समाप्त कर उसे उद्योग बनाने का षड्यंत्र कर रही है। किसान हितों की उपेक्षा करना भाजपा के चरित्र में है।

## बीजेपी किसाना मोर्चा का सम्मेलन आज, सीएम को करेंगे सम्मानित

**लखनऊ।** बीजेपी किसान मोर्चा 26 सितंबर को दोपहर 12 बजे से डिफेंस एक्सपो ग्राउण्ड वृन्दावन योजना शहीद पथ पर किसान सम्मेलन आयोजित करेगा। किसान सम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रदेश कार्यालय पर शनिवार को भाजपा किसान मोर्चा की बैठक हुई। किसान सम्मेलन में उत्तर प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा से किसान आकर प्रदेश सरकार द्वारा किसानो के हित में किये गए कार्य के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद ज्ञापित कर उनका सम्मान करेंगे।

किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने बताया कि इस किसान सम्मेलन के विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष भाजपा स्वतंत्र देव सिंह, प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राजकुमार चाहर, प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा गन्ना मंत्री सुरेश राणा रहेंगे।

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-8, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक : 436/EE-8/21-22 दिनांक : 24.09.2021

**(अति-अल्पकालीन निविदा-सूचना)**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 30.9.2021 को अपराहन 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-8 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदाएं दिनांक 30.9.2021 को अधिशासी अभियन्ता, जोन-8 के कार्यालय में अपराहन 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 30.9.2021 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-8 के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. विद्यावती-।। एवं विद्यावती-।।। में विभिन्न 14 स्थानों पर क्षतिग्रस्त मेनहोलों की मरम्मत व कवर लगाने का कार्य, धरोहर राशि रु० 3400/- एवं निविदा मूल्य रु० 150/-

अधिशासी अभियन्ता, जोन-8
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

## रामदास आठवले की बहुजन कल्याण यात्रा आज से

**लखनऊ।** यूपी में विधान सभा चुनाव को देखते हुए केंद्र सरकार के घटक दल रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले रविवार से सहारनुपर में बहुजन कल्याण यात्रा की शुरूआत करेगा। आरपीआई के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से आरपीआई विधानसभा चुनाव 2022 का आगाज कर रही है। 26 सितंबर को पार्टी अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री डॉ. रामदास आठवले सहारनपुर से इस यात्रा का सुभारंभ करेंगे। बहुजन कल्याण यात्रा प्रदेश के सभी जनपदों से होते हुए 18 दिसंबर को लखनऊ पहुंचेगी। उस दिन रमाबाई अंबेडकर पार्क में बहुजन कल्याण महारैली का आयोजन होगा। जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य केंद्रीय मंत्रीगण मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य बहुजन समाज को राजनीतिक, सामाजिक रूप से जागरूक करके उनके कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना है। ऐसे लोगों से बचाना है जो बहुजन अधिकारों के नाम पर अपनी राजनीतिक रोटियां संेकते हैं और बहुजनों का रत्ती भर भी कल्याण नहीं करते।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम ज्ञानी कश्मीर सिंह से बदलकर कशमीर सिंह पुत्र बलवन्त सिंह पता - 30A-I कृष्णा नगर गुरुद्वारा लखनऊ कर लिया है।

**NOTICE**

I am Shiv Kumar s/o Firatu 13987916Y EX Hav army vill-P.o.- Fariha, Tah-p.s-Nizamabaad, dist. Azamgarh. In the record of my service book my son Vikash Kumar date of birth by mistake 22-7-1999 that is incorrect. The Correct date of birth of Vikash Kumar in high school mark-sheet is 27-05-1999 .

## यूपी को मिले मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए सीएम ने पीएम का आभार जताया

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार द्वारा यूपी को एक मेडिकल डिवाइस पार्क स्वीकृत किए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह मेडिकल डिवाइस पार्क प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाएगा। यह पार्क प्रधानमंत्री के 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को मूर्त रूप प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान करेगा। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि जनपद गौतमबुद्धनगर के यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण में 350 एकड़ भूमि में यह मेडिकल डिवाइस पार्क स्थापित किया जाएगा। इस पार्क में लगभग 15 हजार करोड़ रुपये का निवेश संभावित है। इस मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना से बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# यूपी में लगे 10 करोड़ से ज्यादा टीके

## 55 फीसदी आबादी को लग चुकी है पहली डोज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोविड** नियंत्रण की शानदार रणनीति के लिए सराहे जा रहे उत्तर प्रदेश ने कोविड टीके की 10 करोड़ से अधिक डोज लगाकर नया रिकॉर्ड बनाया है। 10 करोड़ का आंकड़ा पार करने वाला यूपी देश का एकमात्र राज्य है। यहां तेज टीकाकरण की नीति के क्रियान्वयन को इस तथ्य से समझा जा सकता है कि 3 अगस्त को 5 करोड़ डोज पूरा करने के बाद अगले 54 दिनों में 5 करोड़ और वैक्सीन डोज दी गई। जबकि टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत में पहले एक करोड़ टीके लगाने में करीब 100 दिन लगे थे। शनिवार को 10 करोड़ का आंकड़ा पार होने के खास मौके को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य कर्मियों और आमजनता को समर्पित किया।

टीकाकरण की देशव्यापी स्थिति को देखें तो यूपी पहले पायदान पर



बना हुआ है। दूसरे स्थान पर 07.78 करोड़ डोज लगाकर महाराष्ट्र है जबकि मध्य प्रदेश, गुजरात और पश्चिम बंगाल, क्रमश तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। उत्तर प्रदेश में वैक्सीनेशन की ताजा स्थिति के अनुसार 18 वर्ष से अधिक उम्र के 15 करोड़ 4 लाख लोगों को टीका लगाया जाना है। खबर लिखे जाने तक इसमें से 8 करोड़ 15 लाख लोगों ने टीके की पहली डोज ले ली है जबकि 1 करोड़ 85 लाख से अधिक लोगों को दोनों डोज लग चुकी है।

## 2.15 लाख टेस्ट, 67 जिलों में नहीं मिले नए मरीज

**कोरोना** महामारी की रोकथाम के लिए प्रदेश में जारी एग्रेसिव ट्रेसिंग, टेस्टिंग और त्वरित ट्रीटमेंट की नीति बेहद कारगर रही है। यूपी में कोरोना की दूसरी लहर नियंत्रण में है और नए केस मिलने की संख्या भी बेहद कम है। ताजा स्थिति को देखें तो विगत 24 घंटे में हुई 2 लाख 15 हजार 209 सैम्पल की टेस्टिंग में मात्र 14 नए मरीज मिले। इसी अवधि में 26 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए। वर्तमान में प्रदेश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 177 रह गई है। प्रदेश के 30 जिलों में कोविड का एक भी एक्टिव केस नहीं है। विगत दिवस हुई कोविड टेस्टिंग में 67 ज़िलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं मिला। यही नहीं टेस्टिंग और टीकाकरण में नम्बर देश में नंबर एक यूपी में अब तक 7 करोड़ 75 लाख 81 हजार से अधिक सैम्पल की कोविड जांच की जा चुकी है। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार अब तक 16 लाख 86 हजार 694 प्रदेशवासी कोरोना संक्रमण से मुक्त होकर स्वस्थ हो चुके हैं। कोविड की ताजा स्थिति के अनुसार अमेठी, अमरोहा, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, बागपत, बलिया, बांदा, बहराइच, बिजनौर, फर्रुखाबाद, गोंडा, हमीरपुर, हापुड़, हरदोई, हाथरस, कानपुर देहात, कासगंज, महोबा, मिर्जापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, रामपुर, संतकबीरनगर, शाहजहांपुर, शामली, श्रावस्ती, सीतापुर और सोनभद्र जिले में कोविड का एक भी एक्टिव मरीज नहीं है। यह जनपद कोविड संक्रमण से मुक्त हैं।

**रायबरेली विकास प्राधिकरण, रायबरेली**

सं0- 105/राविप्रा/न्या0अनु0/2021 दि0 23.9.2021

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि रायबरेली विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र की सीमा के अन्तर्गत श्री दलजीत सिंह पुत्र स्व0 बलवन्त सिंह, श्री बलदीप सिंह पुत्र श्री दलजीत सिंह, श्री रघुवीर सिंह मोंगा पुत्र श्री रन्जीत सिंह एवं श्री हरजीत सिंह पुत्र श्री रन्जीत सिंह द्वारा गाटा स्थित गाटा संख्या-29मि0, 30 मि0, अहमदपुर नजूल, कचेहरी रोड, रायबरेली क्षेत्रफल 502.15 वर्ग मी0 पर बाजार मार्ग तत्पश्चात् फुटकर दुकान के प्रयोजन हेतु शमन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। रायबरेली महायोजना-2021 के अन्तर्गत निहित जोनिंग रेगुलेशन्स के अनुसार 12.00 मी0 चौड़ी सड़क पर आवासीय भाग को फुटकर दुकानों हेतु प्रभाव शुल्क लेकर सशर्त अनुमति दी जा सकती है। यह स्थल रायबरेली महायोजना- 2021 के अन्तर्गत 18 मीटर चौड़े महायोजना मार्ग पर स्थित है। प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर यदि जन साधारण को कोई आपत्ति/सुझाव हो तो प्राधिकरण कार्यालय के न्यायालय अनुभाग में प्राप्त करा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

(बी0पी0 मौर्य)
अधीक्षण अभियन्ता/प्रवर्तन प्रभारी

# गरीबों के मसीहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय को किया भावपूर्ण नमन

● भाजपाइयों के साथ डीडीयू जीकेवाई केन्द्र गौहनिया पर जयंती समारोह आयोजित अर्पित किए श्रद्धासुमन

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज


पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण करते प्रवीण द्विवेदी

**पंडित दीनदयाल** उपाध्याय की जयंती शनिवार को धूमधाम से मनाई गई। भाजपाइयों के साथ कई शिक्षण संस्थानों में भी जयंती समारोह का आयोजन हुआ।

यमुनापार के गौहनिया स्थित डीडीयू जीकेवाई केन्द्र पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। प्रोजेक्ट हेड प्रवीण द्विवेदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के बारे में प्रशिक्षुओं को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय का सपना था कि कोई भी भारतीय भूखा न सोए। हर व्यक्ति हुनरमंद बने और अपने कौशल के बल पर वह एक नया मुकाम हासिल करे। ताकि गांव और शहर के बीच बनी गरीबी अमीरी और शिक्षा अशिक्षा की खाई को पाटा जा सके। लोगों को इस योजना का लाभ दिलाने का संकल्प दिलाया गया। इस दौरान सेंटर मैनेजर सूर्य प्रकाश त्रिपाठी डोमेन ट्रेनर अनुराग कुमार रंजीता सिंह अंजुला वैश्य रति पाल विनय कुमार शालिनी शर्मा प्रशिक्षु उषा देवी चंद्रमा भारतीय शुभम विश्वकर्मा सत्यम मनीष सोनकर कंचन यादव आशीष कुमार कुलदीप सिंह उपस्थित थे। भारतीय जनता पार्टी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में महानगर भाजपा कार्यालय पर दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर विचार गोष्ठी गीत संगीत कविताओं का आयोजन हुआ। स्वागत महानगर संयोजक तीर्थराज पाण्डेय बच्चा भैया ने किया। मुख्य अतिथि महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी और काशी प्रांत की सह संयोजिका डा आभा मधुर थी। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता कुंज बिहारी मिश्रा राजेश केसरवानी रहे। महानगर सह संयोजक योगेश झमाझम ने कार्यक्रम का संचालन किया। धन्यवाद ज्ञापन महानगर सह संयोजक पंकज गौर ने किया। आयोजन में गीतकार शैलेंद्र मधुर धनंजय सारस्वत आकाश पांडेय रहे। भाजपा चौक मण्डल की मण्डल अध्यक्ष शिखा खन्ना ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर शनिवार को चौक में श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने समाज और देश को एकात्म मानववाद की प्रेरणा दी। वह सदैव समाज को जोड़ने के लिए बात करते थे। भाजपा मण्डल अध्यक्ष शिखा खन्ना ने सभी का आह्वान किया कि सभी लोग दीनदयाल उपाध्याय के दिखाये मार्ग पर चलें तभी समाज और लोग एक होकर आगे चल सकेंगे। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सिविल लाईंस में यमुनापार के भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती पर छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नमन किया। इस मौके पर राजेश शुक्ला विजय शंकर शुक्ला जय सिंह पटेल सुरेश शुक्ला अनूज सिंह परिहार दिलीप कुमार चतुर्वेदी मुकेश पांडेय अरुण सिंह सुधाकर पांडेय रंगबली पटेल आदि रहे।

## किशोरियां के आत्मनिर्भर होने से देश होगा सशक्तः डीडीएम

**सकलडीहा/चंदौली।** अमर ज्योति सेवा केन्द्र की ओर से किशोरियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की मुहिम चलायी जा रही है। इस क्रम में ग्राम पंचायत धरहरा में शुक्रवार को किशोरी हुनर विकास प्रशिक्षण के माध्यम से बालिका सुरक्षा जागरूकता एवं किशोरी हुनर विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण प्राप्त किशोरियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तनुज सेन डीडीएम नाबार्ड ने कहा बेटियों को पढ़ाई के साथ अलग से हुनर विकास के प्रति जागरूक करना संस्था का बेहतर कार्य है। इससे किशोरी आत्मनिर्भर के साथ सशक्त होगी। वही महिला चौकी प्रभारी शशी सिंह ने किशोरियों को सभी हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी तथा किशोरियों को समाज में बढ़ चढ़कर भाग लेने हेतु जागरूक किया। सम्बोधन से पूर्व मुख्य अतिथि तनुज सेन डीडीएम नाबार्ड तथा विशिष्ट अतिथि शशी सिंह चौकी प्रभारी सकलडीहा व ग्राम प्रधान अमित सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरू आत किया।

# यूको बैंक को राजभाषा का सर्वोच्च सम्मान राजभाषा कीर्ति पुरस्कार मिला

● राजभाषा में कार्य करने की अनिवार्यता एवं उपयोगिता बताईः पं. रामनरेश तिवारी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**यूको बैंक,** अंचल कार्यालय,वाराणसी द्वारा शुक्रवार को प्रयागराज स्थित कटरा शाखा में भारतीय भाषा सौहार्द स्वरूप हिंदी पखवाड़ा 2021 के अवसर पर यूको आचार्य रामचंद्र शुक्ल भाषा - सेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. रामनरेश तिवारी पिड़ीवासा, नगर प्रधान संयोजक केन्द्रीय सचिवालय हिंदी परिषद प्रयागराज थे।

इस अवसर पर पं. रामनरेश तिवारी पिंडीवासा ने अपने संबोधन में कार्यालयों में राजभाषा में कार्य करने की अनिवार्यता एवं उपयोगिता बताई। यूको बैंक, अंचल कार्यालय, वाराणसी द्वारा राजभाषा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों जैसे यूको जी.डी.बिड़ला स्मृति व्याख्यानमाला सम्मान, यूको राजभाषा सम्मान, यूको मातृभाषा सम्मान एवं यूको आचार्य रामचंद्र शुक्ल भाषा-सेतु सम्मान की सराहना की एवं सभी यूकोजन को राजभाषा का सर्वोच्च सम्मान राजभाषा कीर्ति पुरस्कार, प्रथम प्राप्त होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उप महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, वाराणसी अंचल घनश्याम परमार ने अपने संबोधन में सभी को हिंदी पखवाड़ा 2021 की शुभकामनाएं दी। यूको बैंक को राजभाषा का सर्वोच्च सम्मान राजभाषा कीर्ति पुरस्कार, प्रथम प्राप्त होने सभी यूकोजन को बधाई दी और सभी स्टाफ को इसी निष्ठा और लगन से कार्य करते रहने हेतु प्रोत्साहित किया।वरिष्ठ प्रबंधक, राजभाषा, वाराणसी अंचल सुश्री पूनम कुमारी प्रसाद ने कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तैयार की और कार्यक्रम का संचालन ललित नारायण पांडेय, वरिष्ठ प्रबंधक किया। कार्यक्रम में मुख्य प्रबंधक श्रीमती प्रियंका यादव, नीरज कुमार एवं प्रयागराज स्थित सभी शाखा प्रमुख एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## जिला पंचायत की बैठक में हुआ हंगामा



**सोनभद्र।** शनिवार को जनपद मुख्यालय स्थित जिला पंचायत के सभागार मे आयोजित जिला पंचायत सोनभद्र की बैठक हंगामेदार रही। जनपद मुख्यालय स्थित जिला पंचायत के सभागार में आयोजित जिला पंचायत की बैठक में लाव लश्कर के साथ पहुंचे एक पूर्व जनप्रतिनिधि को भी जिला पंचायत के सदस्यों के विरोध का सामना करना पडा जिसके चलते वे बैठक में नही बैठ पाये। जिला पंचायत के सदस्य जय प्रकाश पाण्डेय व अनिल यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को जिला पंचायत के बजट को लेकर बैठक बुलाई गई थी। जिसमें सदस्यों द्वारा पूछे जाने वाले सवालों का जवाब नहीं दिया गया। बैठक में एक पूर्व जनप्रतिनिधि लाव लश्कर के साथ पहुंचे थे जिन्हें सदस्यों के विरोध व मंडलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल के हस्तक्षेप के चलते बैठक में प्रतिभाग नहीं करने दिया गया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत के सदस्य अनिल यादव व जिला पंचायत के सदस्य जयप्रकाश पाण्डेय उर्फ चेखुर पाण्डेय ने बताया कि जिला पंचायत मे नियमो का पालन नही किया जा रहा है। निर्माण नियमावली का पालन नहीं कराया जा रहा है। नियोजन व निर्माण समिति में कौन सी योजना पास की गई यह पटल पर नहीं रखा गया। पंचम वित्त आयोग का बजट भी नहीं बताया गया वर्ष 2021-22 व 2022-23 की योजनाओं को भी बैठक मे नहीं बताया जा सका उन्होंने बताया कि बैठक में बिना प्रस्ताव व बिना वन विभाग की एनओसी के ही कार्य योजनाओं को पास कराना चाहते थे जिसे सदस्यों के विरोध के कारण पास नहीं किया जा सका।

# शिक्षक के विकास के बिना शिक्षा का उत्थान संभव नहीं: डॉ. हरेश

● प्रान्तीय प्रधानाचार्य बैठक के दूसरे दिन सभी प्रधानाचार्य किए गए सम्मानित, आज होगा तीन दिवसीय प्रधानाचार्य कार्ययोजना बैठक का समापन


सम्मानित किये गए प्रधानाचार्यगण

**प्रयागराज।** ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सिविल लाइन्स प्रयागराज में आयोजित तीन दिवसीय प्रान्तीय प्रधानाचार्य कार्ययोजना बैठक के दूसरे दिन शनिवार को प्रथम सत्र में प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्यों को विभिन्न क्षेत्रों खेल बौद्धिक बोर्ड परीक्षा परिणाम विज्ञान मेला वैदिक गणित साहित्यिक उपलब्धि सामाजिक कार्य आदि में उनके विद्यालय की सफलता के आधार पर पुरस्कार एवं अंगवस्त्रम श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के सम्मुख दीपार्चन एवं पुष्पार्चन से किया गया। मुख्य अतिथि लोकसेवा अयोग के सदस्य डा हरेश प्रताप सिंह अध्यक्ष के तौर पर भारतीय शिक्षा समिति काशी प्रान्त के अध्यक्ष कंचन सिंह विशिष्ट अतिथि के रुप में बाल कल्याण समिति प्रयागराज के मंत्री संजय गुप्त तथा क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि लोकसेवा अयोग के सदस्य डा हरेश प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षा का विकास तब तक संभव नहीं है। जब तक शिक्षक का पूर्ण रुपेण विकास नहीं हो जाता। साथ ही कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इसी शिक्षा एवं शिक्षक के विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुये राष्ट्रीय शिक्षा नीति का निर्माण एवं क्रियान्वन किया गया है। अध्यक्षता कर रहे भारतीय शिक्षा समिति काशी प्रान्त के अध्यक्ष कंचन सिंह ने प्रधानाचार्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहाँ पर बैठे हुये समस्त प्रधानाचार्य अपने विद्यालय की सफलता के प्रमुख सूत्रधार हैं। किसी विद्यालय की सफलता उसके प्रधानाचार्य की कुशल रणनीति एवं योजनाओं के द्वारा ही संभव है। अत: प्रधानाचार्य को कुशल योजक आयोजक तथा नेतृत्वकर्ता होना चाहिए। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए तीन दिवसीय प्रधानाचार्य कार्ययोजना बैठक आहुत की गई है।

योजना बैठक के दूसरे दिन के संपूर्ण कार्यक्रम छह सत्रों में हुए। विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचन्द्र ने छात्रों के सर्वांगीण विकास विषय पर पीपीटी से माध्यम से प्रधानाचार्यों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में छात्र छात्राओं का न केवल शैक्षिक विकास किया जाता है बल्कि उन्हें मानसिक शारीरिक एवं समाजिक दृष्टि से तैयार कर एक सच्चा राष्ट्रभक्त नागरिक बनाया जाता है। प्रान्तीय संगठन मंत्री डा राम मनोहर ने कार्यालय संचार प्रलेखन तथा प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह ने चार आयाम पूर्व छात्र परिषद विद्वत परिषद संस्कृति बोध परियोजना एवं क्रियाशोध विषय पर पीपीटी के माध्यम से प्रधानाचार्यों को संबोधित किया। बैठक में संकुलश: योजना निर्माण किया गया एवं संकुल प्रमख प्रधानाचार्य द्वारा उन योजनाओं का वाचन किया गया। सभी सत्र प्रान्तीय संगठन मंत्री डा राम मनोहर प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह तथा सम्भाग निरीक्षक गोपाल जी तिवारी एवं दयाराम यादव के नेतृत्व में सम्पन्न हुए। इस मौके पर मोहन जी टंडन प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्रा सुमंत कुमार पांडेय प्रदीप कुमार त्रिपाठी डा विंध्यवासिनी त्रिपाठी बांके बिहारी पांडेय मीडिया प्रभारी सरोज द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### महिला के पेट से दो पित्त की थैली निकाली



**वाराणसी।** अपने शहर वाराणसी में एक अद्भुत घटना हुई। एक महिला मरीज उम्र 44 वर्ष जो गाजीपुर की निवासी है, जो कि काफी दिनों से पेट दर्द की समस्या से परेशान थी जिसके शरीर में पैदाइशी दो पित्त की थैली थी जो सामान्यतः शरीर में एक ही पायी जाती है। कई चिकित्सकों को दिखाया पर सभी ने आपरेशन करने में असमर्थता जतायी। किसी के सुझाव पर वाराणसी के ख्यातिलब्ध लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ मनीष जिंदल से परामर्श लेने हेतु शनिवार को बनारस आयी। उक्त महिला ने वाराणसी हास्पिटल में आकर तुरंत डॉ0 मनीष जिंदल से परामर्श किया तो उन्होंने जॉच के बाद उक्त महिला का पित्त की थैली का दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन करने का साहसिक निर्णय लिया। डॉ जिंदल ने कठिन परिस्थितियों में महिला का आपरेशन कर दोनों पित्त की थैली एक साथ निकाल दी गई। ऑपरेशन के पश्चात अब महिला पूर्णतः स्वस्थ है। इस तरह की जानकारी जब बीएचयू स्थित चिकित्सा विज्ञान संस्थान को हुई तो उन्होंने उक्त अद्भुत जुड़वा पित्त की थैली को अपने संस्थान के एनाटॉमी विभाग में संरक्षित करने हेतु मांगा है ताकि चिकित्सा की पढ़ाई कर रहे छात्र इसका अध्ययन कर सकें।

# गरीब कल्याण दिवस पर गरीब महिलाओं को किया गया पुरस्कृत

● सदर ब्लाक परिसर में समूह की महिलाओं ने लगाया गया स्टाल, दी गईं जानकारियां

संवाददाता। सोनभद्र



**जनपद मुख्यालय** स्थित सदर ब्लाक परिसर में शनिवार को गरीब कल्याण दिवस के अवसर पर ब्लॉक क्षेत्र के गरीब महिलाओं को चिन्हित कर किया गया पुरस्कृत दिए गए उपकरण इस दौरान मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत चौबे व विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख अजीत रावत द्वारा कार्यक्रम दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया वहीं कार्यक्रम को संचालन कर रहे बीडीओ नीरज तिवारी ने ब्लाक परिसर में लगे स्टाल मेले के निरीक्षण के लिए मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि द्वारा कराया गया इसके उपरांत वहां गरीब महिलाओं को चिन्हित कर उन्हें पुरस्कृत करते हुए ऑटो रिक्शा की चाबी वितरित कर उनके जीवन यापन के उपकरण में सहयोग किया गया उज्जवला गैस कनेक्शन के अंतर्गत 20 लाभार्थियों को फैसला किया गया। इस दौरान सदर ब्लाक प्रमुख अजीत बताया कि शनिवार को गरीब कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया है जिसमें गरीबों के कल्याण हेतु राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनसामान्य को उपलब्ध कराने के साथ ही विकास खण्ड में गरीबों के कल्याण हेतु संचालित कार्यक्रमों का आयोजन जनसामान्य हेतु किये गए वही अपने विभागीय कार्यक्रमों से सम्बंधित कार्यों के प्रदर्शन हेतु विकास खण्ड परिसर में स्टॉल लगाकर योजनाओं का जनसामान्य में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए कम से कम 50 लाभार्थियों को कार्यक्रम में प्रतिभाग कराते हुए उनको पुरस्कृत किया गया इस दौरान आयोजित कार्यक्रम कोविड-19 से बचाव से सम्बन्ध में निर्गत गाईडलाईन का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए लोगों को जानकारियां दी इस मौके पर डीपीआरओ विशाल सिंह एडीओ पंचायत कृपाशंकर शुक्ला सहायक विकास अधिकारी शिवराम सिंह अविनाश कुमार गौरव पांडेय सुनील कुमार शशिकांत सोनकर वरिष्ठ सहायक मीनू चौबे बलराम बच्चा पांडेय सहित दर्जनों समूह की महिलाएं व कर्मचारी मौजूद रहे।

## मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 105 वीं जयंती, किया गया पौधरोपण




**चन्दौली।** एकात्मवाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 105वीं जयंती पर शनिवार को पड़ाव स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्थल में भाजपा ने एक गोष्ठी का आयोजन किया। इस दौरान वृक्षारोपण कर 105 वृक्ष लगाए गए तत्पश्चात मुख्य अतिथि शिव शक्ति बक्शी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच उनके द्वारा किए गए कार्य और समाज का आखिरी व्यक्ति तक सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाएँ पहुंचेए जिसके वो हकदार है तभी संपूर्ण भारत का निर्माण संभव है । इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल में योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रही है। उज्जवला योजनाए किसान सम्मान निधि योजनाए आयुष्मान भारत योजनाए जन धन योजनाए इस तरह की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आम जनमानस लाभान्वित हो रहा है जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय के उद्देश्यों से प्रेरित होकर वर्तमान सरकार कार्य कर रही है । वहीं विशिष्ट अतिथि सुनील ओझा ने कहां की पंडित दीनदयाल उपाध्याय दबे कुचले पिछड़े गरीब असहाय उन तमाम व्यक्तियों के लिए वह चिंतित रहते थे । उनके हित के लिए लोगों के समक्ष अपना विचार रखते थें । वहीं मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय सहस्त्रबुद्धे के कार्यक्रम में न आने की वजह से भाजपा के कार्यकर्ताओं में थोड़ा मायूसी भी देखने को मिली । इस मौके पर विशेष रुप से लक्ष्मण आचार्य, महेश चंद्र श्रीवास्तव, मंत्री अनिल राजभर, प्रदेश संगठन मंत्री मीना चौबे, रविंद्र जायसवाल, हंसराज विश्वकर्मा इत्यादि रहे ।

## मऊ में मुख्तार के करीबी कोयला माफिया के अवैध शापिंग काम्पलेक्स पर चला बुलडोजर

● 10 करोड़ रुपए कीमत थी भवन की

संवाददाता। मऊ



**मऊ जिले** के शहर कोतवाली अंतर्गत भीटी में शनिवार को बाहुबली विधायक व माफिया मुख्तार अंसारी के करीबी एवं कोयला माफिया उमेश सिंह का 10 करोड़ रुपए कीमत का अवैध रुप से निर्मित शापिंग काम्प्लेक्स जिला प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। एडीएमए क्षेत्राधिकारी एवं शहर कोतवाल की देखरेख में अवैध रुप से निर्मित शापिंग काम्प्लेक्स के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई किया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती रहा। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नगर मजिस्ट्रेट के न्यायालय के आदेश के अनुपालन में किया गया।

बांदा जेल में निरुद्ध मऊ सदर विधान सभा के बाहुबली विधायक व माफिया मुख्तार अंसारी पर जिला प्रशासन द्वारा तेजी के साथ नकेल कसा जाने लगा रहा। इस क्रम में शनिवार को मुख्तार अंसारी के बेहद करीबी कोयला माफिया व ठेकेदार उमेश द्वारा शहर कोतवाली अंतर्गत भीटी के पास अवैध रुप से शापिंग काम्प्लेक्स का निर्माण कराया गया था। सिटी मजिस्ट्रेट के न्यायालय में अवैध तरीके से निर्माण करने का मुकदमा स्टेट बनाम उमेश सिंहए अजय सिंहए विजय सिंहए विनय सिंह के विरुद्ध चल रहा था। जिसकी सुनवाई करते हुए शुक्रवार को कोर्ट द्वारा ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया है। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में शनिवार सुबह शहर कोतवाली क्षेत्र के भीटी में अवैध रुप से निर्मित शापिंग काम्प्लेक्स के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई किया गया। शापिंग काम्प्लेक्स के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से पूरे दिन अफरा.तफरी मचा रहा। इस अवसर पर मुख्य रुप से अपर जिलाधिकारी के हरि सिंहए क्षेत्राधिकारी धनंजय मिश्रए नगर पालिका परिषद के ईओ दिनेश कुमारए शहर कोतवाल धीरेन्द्र श्रीवास्तवए सरायलखंसी प्रभारी राम सिंहए हलधरपुर प्रभारी निहार नंदन भारी संख्या में पुलिस फोर्स के मौजूद रहे।

# जनसहभागिता से ही मिलेगी कुपोषण से मुक्ति

● स्वस्थ मां से जन्में बच्चे ही बनाते हैं स्वस्थ समाजः डीपीओ

संवाददाता। सोनभद्र



**जनसभागिता** की शक्ति से ही कुपोषण से मुक्ति दिलाई जा सकती हैं। इसके लिए समाज में जागरूकता जरुरी हैं। एक स्वस्थ किशोरी ही स्वस्थ माँ बनती हैं और ये बच्चे स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं। उक्त विचार मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नेम सिंह ने शनिवार को बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग आईसीडीएस के तत्वावधान में सेन्टर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च सीफार के सहयोग से आयोजित मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला के दौरान व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि कुपोषित होने से शारीरिक व मानसिक विकास के साथ ही उत्पादकता भी प्रभावित होती है। इस लिए सभी को नियमित पौष्टिक भोजन लेना चाहिये। स्वस्थ मां ही स्वस्थ बच्चे को जन्म देती है। इसलिए बच्चे के गर्भ में आते ही मां को अपनी सेहत के प्रति सजग रहना चाहिए। बच्चे का पोषण गर्भ में मां से प्राप्त होता है इसलिए गर्भवती को अपने पोषण का पूर्ण ध्यान रख कर हीमोग्लोबिन की जांच एवं प्रसवपूर्व की सभी जांच समय समय पर कराते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में पोषण के प्रति लोगो को सोच बदलनी होगी।जिला कार्यक्रम अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने कहा कि कुपोषण एक ऐसी बीमारी हैं जो तमाम बीमारियों को गंभीर बना देती हैं इसलिए इसके बचाव के प्रति सभी को सतर्क रहना जरुरी हैं। उन्होंने पोषण माह में चल रहीं गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इसके साथ ही जनपद में हो रहे कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि पोषण माह के अंतर्गत सैम गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण पोषण वाटिका की स्थापना योगासन सत्र तथा बच्चों का उचाई एवं वजन किया गया जिसमें गांव के हर स्तर पर आंगनबाड़ी द्वारा बच्चों का वजन कर लंबाई नापी गई। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा कई प्रकार की समुदाय आधारित गतिविधियों का संचालन किया जाता है जिसमें गर्भवती बालक बालिका के पोषण पर पूर्ण ध्यान दिया जाता है।उन्होंने गर्भावस्था से लेकर बच्चे के पहले 1000 दिनों पर प्रकाश डाला।अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर.जी यादव ने बताया कि जनपद स्तर पर कुपोषित बच्चों के लिए पोषण पुनर्वास केंद्र का संचालन किया जाता है जिसमें कुपोषित बच्चों का इलाज किया जाता है। इसके साथ ही बच्चे के माता-पिता को सही आहार की जानकारी दी जाती है, सही पोषण के लिए जरूरी है स्वच्छता का ध्यान रखना।

## मुलायम व चौधरी चरण सिंह के करीब समाजवादी पुरोधा का निधन

**सकलडीहा/चंदौली।** पूर्व केन्द्रीय रक्षा मंत्री व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव और चौधरी चरण सिंह के करीब समाजवादी पुरोधा 70 वर्षीय लोक तंत्र रक्षक सेनानी सेचन सिंह यादव का शनिवार की सुबह निधन होगया। इसकी जानकारी होते ही कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। अंतिम शव यात्रा में पूर्व सांसद एविधायकए ब्लॉक प्रमुख सहित विभिन्न दल के नेताओं के साथ जनसैलाब उमड़ पड़ा। बलुआ घाट पर तहसील और पुलिस प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफऑनर के साथ सलामी दी गयी। अंत में परिजनों ने दाह संस्कार किया। सकलडीहा कस्बा निवासी स्वण् रामनाथ यादव के तीन पुत्र बेचन यादवए हरखु यादव और यादवेन्द्र यादव उर्फ सेचन सिंह यादव थे। वर्ष 1977 में पहली बार छात्र संघ अध्यक्ष का चुनाव सकलडीहा पीजी कॉलेज से जीता था। लोकदलए जनता पार्टी और जनता दल में रहकर चौधरी चरण सिंह के बहुत करीबी रहे। वर्ष 1992 में समाजवादी पार्टी के गठन होने पर पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के करीब रहे। दो दो बार चौधरी चरण सिंह और मुलायम सिंह यादव सकलडीहा पहुंचकर इनकी पीठ ठपठपाया था। पहली बार धानापुर और दो बार सकलडीहा विधान सभा और एक बार ब्लॉक प्रमुख की चुनाव भी लड़ चुके थे। जीत हालिस नही हुआ लेकिन जनता के दिलों में राज करते रहे। शिवपाल सिंह यादव दो बार सेचन सिंह यादव के घर पहुंचकर उनका हौसला बढ़ाया था। इमरजेंसी के दौरान जेल जाने पर अखिलेश सरकार में लोक तंत्र रक्षक सेनानी का सम्मान मिला था। शनिवार को सुबह निजी हॉस्पिटल इलाज के दौरान निधन होगयी। इसकी सूचना मिलते ही घर से लेकर सड़क तक जनसैलाब उमड़ पड़ा। पुत्र दिनेश यादवए घनश्याम यादव और माता दुर्गा देवी नेता के निधन पर आंसूओं को रोक नही पाये। सीओ रामवीर सिंह सहित तहसील के अधिकारियों ने पहुंचकर सेनानी के सम्मान से नवाजा। इस दौरान पूर्व सांसद रामकिशुन यादव, विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव, ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह, बृजेश बरेली, हाजी जोखू सिद्दीकी सहित सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट किया।

# समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में सर्वांगीण विकास ही अन्त्योदय हैः जिलाधिकारी

● जनसामान्य का सर्वांगीण विकास ही गरीब कल्याण मेले का उद्देश्यः विधायक चुनार

संवाददाता। मीरजापुर



**एकात्म** मानववाद और अन्त्योदय के प्रणेता महान विचारक एवं प्रखर राष्ट्रवादी पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी की जंयती पर मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने जनपद गोरखपुर में माल्यार्पण एवं कोटि-कोटि नमन करते हुये कल्याणकारी योजनाओ का लाभ जन सामान्य तक पहुँचाने के लिये गरीब कल्याण मेला का शुभारम्भ किया। इसी क्रम में जनपद के सभी 12 विकास खण्डों में जन प्रतिनिधियो एवं जिला प्रशासन द्वारा गरीब कल्याण मेला बड़े धूम धाम के साथ आयोजित किया गया। विकास खण्ड नारायनपुर में जिलाधिकारी श्री प्रवीण कुमार लक्षकार, चुनार मा0 विधायक श्री अनुराग सिंह एवं ब्लाक प्रमुख श्री चन्द्र प्रकाश सिंह के द्वारा गरीब कल्याण मेला का शुभारम्भ किया गया। खण्ड विकास अधिकारी ने अतिथियो को गरीब कल्याण मेला में लगे सभी विभाग के पटल पर उनके द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी एवं उनके कार्यक्रम योजनाओ पर समग्रता से प्रकाश डाला। मा0 विधायक एव जिलाधिकारी द्वारा महिला एवं बाल स्टाल पर गोद भराई एवं अन्न प्रासन संस्कार एवं पुष्टाहार किट प्रदान कर आर्शीवाद दिया गया। जिलाधिकारी ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय को नमन करते हुये कहा कि शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओ का लाभ जन सामान्य तक पहुँचाकर ही हम दीन दयाल उपाध्याय जी के अन्त्योदय सपने को साकार कर सकते हैं। समाज में अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के जीवन में सर्वांगीण विकास ही अन्त्योदय उद्देश्य हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना, कोविड टीकाकरण, पेंशन स्कीम आदि कल्याणकारी योजनाओं उपादेयता पर प्रकाश डाला।

# सर्वांगीण विकास ही कल्याण मेले का उद्देश्य

- समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने किया मेले का शुभारंभ
- अन्तिम पायदान के व्यक्तियों का सर्वांगीण विकास ही अन्त्योदयः बृजभूषण सिंह

संवाददाता। गोंडा



**एकात्म** मानववाद और अन्त्योदय के प्रणेता महान विचारक एवं प्रखर राष्ट्रवादी पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर शासन के निर्देशानुसार जनपद के सभी विकास खण्डों पर गरीब कल्याण मेले का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के कैबिनेट मंत्री समाज कल्याण रमापति शास्त्री ने विकास खण्ड नवाबगंज, सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह व डीएम मार्कण्डेय शाही ने विकास खण्ड कटरा बाजार, विधायक तरबगंज प्रेम नरायन पाण्डेय ने विकास खण्ड बेलसर व तरबगंज, विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह ने विकास खण्ड झंझरी तथा पण्डरी कृपाल, विधायक कटरा बाजार बावन सिंह ने हलधरमऊ, विधायक गौरा प्रभात वर्मा ने विकास खण्ड बभनजोत व छपिया में गरीब कल्याण मेले का शुभारम्भ किया तथा पात्रों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर सांसद कैसरगंज श्री सिंह ने कहा कि पं0 दीन दयाल उपाध्याय के अन्त्योदय सपने को साकार करना एवं समाज में अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के जीवन में सर्वांगीण विकास ही अन्त्योदय उद्देश्य हैं। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए सरकार द्वारा रबी कल्याण मेल का आयोजन कराया जा रहा है। जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही ने कहा कि गरीब कल्याण मेले के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने बताया की इस अवसर पर सभी विकास खण्डों में जन आरोग्य मेलों का आयोजन कर आमजन का स्वास्थ्य परीक्षण एवं आयुष्मान कार्डो का वितरण तथा कोविड टीकाकरण आदि की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुनिश्चित की गयी है। कृषि विभाग की ओर से सभी प्रकार के ऋृण वितरण, कृषि संयंत्रों के वितरण भी किया गया। प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री रमापति शास्त्री ने कहा कि सरकार द्वारा समाज अन्तितम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास व उत्थान के लिए पं0 दीन दयाल जी के आदर्शों पर चल रही है।

## कांग्रेस ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**मुसाफिरखाना अमेठी** । गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने से ब्लॉक क्षेत्र के दर्जनों ग्रामसभाओं में किसानों की फसलें नष्ट होने पर उचित मुवाबजा एवं खस्ताहाल सड़को को बनवाने के सम्बंध में शनिवार को कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजू ओझा ने कार्यकर्ताओ संग एक सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी सुनील कुमार त्रिवेदी को सौंपा। ज्ञापन में लिखा गया है पिछले दिनों भारी बारिश के चलते गोमती नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया थाएजिससे ब्लॉक अंतर्गत कई ग्राम सभाओं के तराई क्षेत्र गोमती के चपेट में आकर जलमग्न हो गए जिससे किसानों की हरी भरी सब्जियांए धानएउड़दए तिल्ली आदि फसलें नष्ट हो गयीएकांग्रेसियो ने राज्य सरकार से मांग की है कि प्रभावित किसानों के नुकसान का आकलन कर उचित मुआवजा दिया जाय।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' **ई-निविदायें** आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:- **क्र.सं.: 1, ई-निविदा संख्याः** NER-LJN-2021-129, **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल के गोरखपुर कैंट-मनकापुर (अप लाइन) में किमी. 579/0 से 558/0 एवं किमी. 622/0 से 625/0 कुल 12.00 किमी. 60 किग्रा रेल के साथ पी.क्यू.आर.एस. द्वारा सी.टी.आर. (पी.) कार्य।, **अनुमानित लागत (₹):** 3,11,40,516.71, **समापन अवधिः** 18 माह, **क्र.सं.: 2, ई-निविदा संख्याः** NER-LJN-2021-130, **कार्य का नामः** वमंइं/प्रथम/लजं के अधिकार क्षेत्र में समंई/पश्चिम/गोरखपुर सब-डिवीजनः गोरखपुर यार्ड में 52 केजी S/H रेल के साथ पुरानी वाशिंग पिट लाइन सं. 32, 33 एवं 34 पर कुल 1.55 किमी टी.आर.आर. (एस.) कार्य।, **अनुमानित लागत (₹):** 29,16,013.24, **समापन अवधिः** 12 माह, **क्र.सं.: 3, ई-निविदा संख्याः** NER-LJN-2021-131, **कार्य का नामः** लखनऊ मंडल के वमंइं/प्रथम/लजं के अधिकार क्षेत्र में गोरखपुर, जगतबेला, मगहर, खलीलाबाद, चुरेब, ओखारा, बस्ती, गोविन्दनगर, गौर, बभनान, स्वामीनारायणछपिया, लखपतनगर और झिलाही स्टेशनों पर एसपी, एसएसपी, टीएसएस भवन की मरम्मत - (कुल 14 नग) (टीआरडी के स्वीकृत कार्य के विरूद्ध लखनऊ-गोरखपुर खंड में अर्थिंग सिस्टम में सुधार), **अनुमानित लागत (₹):** 13,42,666.01, **समापन अवधिः** 12 माह, **नोटः** (1) उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2021-129-131 के लिये ई-निविदा दिनांक **22.10.2021** को **15.00** बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय **15.00** बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **(2)** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग**
**मुजाथि/डब्ल्यू-190** **लखनऊ**

**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।**

**''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''**

**पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0 ई–निविदा सूचना** सक्षम एवं अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों/संस्थाओं से निम्नलिखित क्रय हेतु दो भागों में निविदा आन–लाइन आमंत्रित की जाती है। जिसके खुलने की तिथि 20.10.2021 के 15:00 बजे निर्धारित है। आनलाइन निविदा बेबसाइड (https:/etender. up.nic.in) पर तिथि 20.10.2021 को 11:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है निविदा मूल्य (GST सहित) एवं धरोहर धनराशि NEFT/ RTGS के माध्यम से अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, द्वितीय इलाहाबाद के बैंक खाते मे सीधे स्थानांतरित किया जायेगा। तथा उसका साक्ष्या ई टेण्डर के डाक्यूमेन्ट के साथ अपलोड किया जायेगा, कार्य/क्रयदायी संस्था को साझा फर्म व एकल मालिक के सम्बन्ध में अभिलेख, तकनीकी, वाणिज्यिक एवं अन्य नियम व शर्तें प्रथम भाग में तथा दरें द्वितीय भाग में ई–निविदा के माध्यम से अपलोड करना होगा निविदाओं के प्रथम भाग की शर्तों को पूर्ण होने के उपरान्त ही निविदाओं का द्वितीय भाग खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र सम्बन्धी सभी जानकारियॉ इलेक्ट्रॉनिक टेण्डरिंग के माध्यम से उ0प्र0 शासन के ई–प्रोक्यारमेंट पोर्टल की बेबसाइट पर (https:/etender.up.nic.in) ही प्राप्त की जा सकती है। निविदा में भाग लेने हेतु दिशा निर्देश उक्त ई–निविदा के बेबसाइड पर उपलब्ध है। **कार्य का विवरण 01–ई–निविदा संख्या 29/वि0न0वि0 मं0द्वि0/ प्रयागराज/ एस0ई0/ 21–22** वि0न0वि0खण्ड–म्योहाल, प्रयागराज के अन्तर्गत जमा योजना में सेमी–टर्न–की आधार पर मा0 उच्च न्यायालय हेतु 33 के0वी0 नये विद्युत उपकेन्द्र से सम्बन्धित कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 5900/–(5000.00+कर रू0 900.00) धरोहर धनराशि रू0 5,40,000/–(रू0 पांच लाख चालीस हजार मात्र) **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल–द्वितीय, 15/12ए थार्नहिल रोड, संध्यापुरम, प्रयागराज** पत्रांक–1313, दिनांक 25.9.2021
''एल0ई0डी0 बल्व लगाये, राष्ट्रहित में बिजली बचाएं''

## खदरा गांव की गलियां हुई जलमग्न

**मिल्कीपुर अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के सिधौना गांव में आबादी के बीचो बीच स्थित तालाब में लगी ह्यूम पाइप से जल निकास बंद कर दिए जाने के चलते समूचा गांव जलमग्न हो गया गांव में जलभराव हो जाने के चलते गरीबों के कच्ची मिट्टी के मकान ढहने शुरू हो गए हैं। थक हार कर ग्रामीणों ने पानी निकलने वाली पाइप बंद करने वाले युवक के विरुद्ध कुमारगंज थाने में तहरीर देकर अनहोनी एवं जनहानि से ग्रामीणों को बचाए जाने की गुहार की है। बताते चलें कि विगत कई दिनों से हुई मूसलाधार बारिश के बीच सिधौना ग्राम पंचायत के एक मजरा खदरा गांव के बीच स्थित है जिसे गांव का ही एक युवक अपने पक्ष में तहसील प्रशासन से मत्स्य पालन हेतु पट्टा करा लिए जाने की बात करते हुए मछलियां पाल रखी है। इस बीच कई दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश का कहर जारी है जिसके चलते गांव की गलियों सहित तालाब में भारी मात्रा में पानी भर गया है। जिसके चलते ग्रामीण नारकीय जीवन व्यतीत करने को मजबूर है। जलभराव के चलते गांव के गरीब दो दलित परिवारों भवानी प्रसाद और सीताराम के कच्चे मिट्टी के मकान भरभरा कर गिर गए हैं और उनकी संपूर्ण गृहस्थी मलबे में दबकर नष्ट हो चुकी है। ग्रामीणों ने अजीत कुमार के नेतृत्व में कुमारगंज पुलिस को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि युवक ज्ञान प्रकाश द्वारा तालाब से जल निकासी के लिए स्थापित हयूम पाइप को बंद कर दिया है। जिसके चलते तालाब सहित गांव की गलियों का पानी बाहर नहीं निकल पा रहा है। ग्रामीणों के घरों में भी पानी भर गया है जिसके चलते उनकी जिंदगी नरक बन गई है।

## अधिकारियों ने समाधान दिवस पर सुनीं जनता की समस्याएं

संवाददाता। अयोध्या

**जिलाधिकारी** अनुज कुमार झा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शैलेश कुमार पांडेय के साथ आज थाना कोतवाली महाराज गंज में आयोजित ष्समाधान दिवसष् में लोगों की समस्याओं को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया इस अवसर पर अधिकारी द्वय द्वारा पूर्व में आयोजित हो चुके ष् प्राप्त प्रार्थना.पत्रों के निस्तारण की गुणवत्ता का परीक्षण भी किया तथा शिकायत कर्ताओं से फोन पर वार्ताकार फीडबैक भी प्राप्त किया गया। जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा निस्तारण पर संतोष व्यक्त किया गया। अधिकारी ने कहा कि थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतकर्ता की समस्या का तात्कालिक एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अधिकारी द्वय ने निर्देशित कि ष्समाधान दिवसष् पर जैसे.जैसे प्रार्थना.पत्र प्राप्त होते जायंए तत्समय ही हल्का लेखपाल एवं बीट सिपाही की टीम बनाकर जाँच हेतु मौके पर रवाना कर दी जाय। यदि उसी लेखपालध्हल्का सिपाही के क्षेत्र की और शिकायतें आती हैं तो उन पर तत्समय ही संयुक्त जाँच हेतु निर्देश अंकित कर दिया जाय और बाद में संयुक्त जाँच कराकर समस्या का समाधान कराया जाय। समाधान दिवसष् प्रकरणों का किसी भी लेखपाल अथवा बीट सिपाही द्वारा अकेले जाँच न की जाय। संयुक्त रूप से मौके पर जाकर जाँच की जाय और पक्षों की आपसी सहमति से प्रकरण का निस्तारण करने का प्रयास किया जाय। यदि किसी प्रकरण विशेष में अतिरिक्त बल की आवश्यकता हो तो उसकी भी माँग कर ली जाय। आबादी भूमि से शिकायती पत्रों की रिपोर्ट में क्षुब्ध पक्ष को मात्र न्यायालय से अनुतोष प्राप्त करने की बात का उल्लेख न किया जाय।

## भाजपा में ही है मुसलमानों का हितः सांसद कैसरगंज

संवाददाता। करनैलगंज (गोंडा)

**मुसलमानों** का हित अब भाजपा में ही है। मुसलमानों को अपना वोट बैंक समझने वाले नेता भी अब उनसे कतराने लगे हैं। भाजपा सरकार की उपलब्धियों और सरकार की योजनाओं का लाभ हर किसी समाज के लोगों को मिला है। ऐसे में मुसलमानों को भी भाजपा के साथ आ जाना चाहिए। उन्हें अब खुलकर भाजपा का साथ देना चाहिए। यह बात कैसरगंज के भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने करनैलगंज सिंचाई विभाग के डाक बंगले में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि 2014 के पहले किसी भी पार्टी की रैली में बिना किसी मौलाना के रैली या बैठक संपन्न नहीं होती थी। मोदी के आने के बाद अब मुसलमानों का वोट केवल चाहते हैं, मगर मुसलमानों को अपने बगल बैठाने में हिचकने लगे हैं। ऐसी स्थिति में मुस्लिम समाज को इस पर विचार करना पड़ेगा कि भाजपा के साथ उन्हें आना चाहिए और दूसरे दलों के बहकावे में नहीं पड़ना चाहिए। भाजपा सरकार जब से बनी है, तब से लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं को लाया जा रहा है। गरीब लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है और जिन लोगों को योजनाओं का सही लाभ नहीं मिला है। उन्हें भी इस सरकार में एक-एक करके उनको चिन्हित किया जाएगा और उन्हें भी सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा। इस मौके पर शंकर प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, जिला पंचायत सदस्य विवेक सिंह, जिला पंचायत सदस्य गुड्डू सिंह मसौलिया एवं सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह आदि उपस्थित रहे।

## डीएम व एसपी ने सुनीं समस्याएं

संवाददाता। अमेठी

**शासन** के निर्देश पर जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज माह के चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश सिंह मुसाफिरखाना थाने में आयोजित थाना दिवस में पहुंचकर जन समस्याओं को सुना एवं उनके गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद सभी लेखपालों से उनके क्षेत्रों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली तथा कहा कि जो भी शिकायतें हैं उनका जल्द से जल्द निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी लेखपालों तथा कानूनगो को निर्देशित किया कि उनके क्षेत्रों में जो भी समस्याएं हैं चाहे भूमि विवाद से संबंधित हो तथा नालीए चकमार्ग पर कब्जेए सरकारी भूमि पर कब्जेए तालाबों पर कब्जेए अवैध अतिक्रमण इत्यादि से संबंधित शिकायतें हो उनको तत्काल संज्ञान में लेकर निस्तारण कराया जाए।

## रिजवान के मौत के मामले में सीजेएम ने पुलिस से मांगी रिपोर्ट

- लॉकडाउन के दौरान पुलिस की पिटाई से मौत का मामला

संवाददाता। टाण्डा, अम्बेडकरनगर

**बीते** वर्ष लॉक डाउन के दौरान पुलिस की पिटाई से हुई युवक रिजवान की मौत के प्रकरण में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने महिला दरोगा के विरुद्ध दायर धारा 156 (3) के तहत दायर याचिका में न्यायालय ने आदेश के पूर्व पूरे प्रकरण की एक प्रारंभिक जांच कोतवाली टाण्डा पुलिस से दिनांक 20 अक्टूबर 2021 तक तलब की है। न्यायालय में विचाराधीन प्रकीर्ण वाद संख्या 485/20 इसराइल बनाम शिवांगी त्रिपाठी में इसराइल निवासी मोहल्ला छज्जापुर कोतवाली टाण्डा ने आरोप लगाया है कि दिनांक 15 अप्रैल 2020 को समय लगभग 4 बजे शाम को उसका पुत्र रिजवान अहमद घरेलू सामान लेने गया था जैसे ही पोस्ट आफिस के पास पहुंचा था कि उप निरीक्षक शिवांगी त्रिपाठी कुछ पुलिस कर्मियों के साथ वाहन से आयी और उतर कर रिजवान को रोक कर लाठी से मारने लगी। उक्त प्रकरण में पुलिस की पिटाई से घायल रिजवान का इलाज लॉक डाउन व पुलिस के डर से देशी उपचार घर पर ही कराया लेकिन 17 अप्रैल को हालत में सुधार न होने से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टाण्डा टाण्डा में भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया जहां पर 17 अप्रैल 20 को रिजवान की मौत हो गयी।18 अप्रैल को पोस्टमार्टम हुआ कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट न दर्ज करने पर न्यायालय में धारा 156(3) सी आर पी सी के तहत मुकदमा दर्ज करने की मांग किया।

**भारतीय खाद्य निगम**
**मंडल कार्यालय, सीतापुर डा० बी० डी० कपूर मार्ग, सीतापुर**

भारतीय खाद्य निगम, सीतापुर के अंतर्गत राजस्व जनपद सीतापुर, में सीतापुर मंडी लखीमपुर में लखीमपुर मंडी, गोला मंडी, जलालपुर, पिपरिया धनी तथा हरदोई में सांडी मंडी, पिहानी, माधौगंज मंडी में KMS 2021-22 हेतु विभिन्न क्रय केन्द्रों पर परिवहन एवं जनपद सीतापुर में सीतापुर मंडी, लखीमपुर में लखीमपुर मंडी, पिपरिया धनी तथा हरदोई में सांडी मंडी, पिहानी, में हैंडलिंग कार्य हेतु ठेकेदारों की नियुक्ति की ऑनलाइन निविदाएँ (2 बिड सिस्टम में) दिनांक 25.09.21 से 05.10.21 तक आमंत्रित की जाती है, जिसके लिए इच्छुक निविदा दाता url:https://gem.gov.in पर विजिट कर अथवा मंडल कार्यालय, सीतापुर से समस्त सूचनाये प्राप्त कर ऑनलाइन ई–आवेदन कर सकते है। साथ ही Pre Bid Meeting का आयोजन मंडल कार्यालय सीतापुर में दिनांक : 29.09.21 को किया जायेगा।

निगम हित में किसी भी निविदा/निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।

**मंडल प्रबंधक**

## आज से एक्सपोर्ट कान्क्लेव और प्रदर्शनी

**अमेठी।** उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र राजीव कुमार पाठक ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में वाणिज्य सप्ताह के अंतर्गत दिनांक 26 सितंबर 2021 को प्रात: 10रू00 बजे से अपराहन् 4रू00 बजे तक कृषि विज्ञान केंद्र कठौराए जगदीशपुर में जनपद स्तरीय एक्सपोर्ट कान्क्लेव तथा एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भरहरी वि0ख0–चोपन, सोनभद्र**

पत्रांक :–मेमो / सा0 आ0 / 2021–22 दिनांक :– 24.09.2021

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भरहरी विकास खण्ड–चोपन सोनभद्र में विगत वर्ष के अधूरे कार्य एवं वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु मनरेगा/राज्य वित्त आयोग/चौदहवां–पन्द्रहवां वित्त आयोग/एस0बी0एम0/आर0जी0एस0ए0/अन्त्येष्ठि स्थल एवं शासकीय योजना के अन्तर्गत कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिये निम्नवत निविदा प्रकाशित की जा रही है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य की अनुमानित लागत | विभिन्न कार्यों के लिये जी0एस0टी0 व अन्य कर सहित आंगणन के अनुसार निर्धारित परियोजना लागत। |
| 2 | आपूर्ति की अवधि | वित्तीय वर्ष 2021–22 |
| 3 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1000 रू0 नकद |
| 4 | निविदा फार्म बिक्री व जमा करने की तिथि | दिनांक 25.09.21 से 28.9.21 तक पूर्वा0 10 बजे से अप्रा0 1 बजे तक |
| 5 | निविदा फार्म बिक्री/जमा करने का स्थान | ग्राम पंचायत कार्यालय– |
| 6 | निविदा खोले जाने की तिथि व स्थान | दिनांक 28.09.21 को पूर्वा0/अप्रा0 3 बजे ग्रा0पं0 कार्यालय |
| 7 | जमानत हेतु धरोहर की धनराशि एक लाख रूपये मात्र | 100000 रू0 का किसी राष्ट्रीय बैंक से एम0डी0आर0/बैंक ड्राफ्ट ग्राम पंचायत भरहरी के नाम बंधक कर मूल प्रति जमा करना अनिवार्य है |

नोट :– निविदा की शर्तें निविदा फार्म के साथ संलग्न है एवं ग्राम पंचायत कार्यालय पर चस्पा/उपलब्ध है जिसे ग्राम प्रधान/सचिव से प्राप्त कर सकते हैं।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत–भरहरी, चोपन–सोनभद्र**

## अब अपराधियों को पकड़ने को पुलिस अपना रही हाईटेक तरीके

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**यूपी पुलिस** अब वाशिंगटन पुलिस की तरह अपराधियों का मुकाबला साइकिल से करेगी। जिले के दौरे पर पहुंचे अयोध्या रेंज के आईजी सजीव गुप्ता ने बाकायदा पुलिस साइकिल दस्ते को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और पुलिसिंग में साइकिल की उपयोगिता का भी बखान किया। अपराधियों को पकड़ने उनका मुकाबला करने के लिए यूपी पुलिस हाई टेक तरीके अपना रही है और इसके लिए पुलिस महकमे में हर रोज नए नए प्रयोग हो रहे है ऐसे में पुलिस के जवान साइकिल से कैसे अपराधियों का मुकाबला करेंगे। वही आईजी साहब का तो यहाँ तक कहना है साइकिल से फ़स्ट मूवमेंट आसानी से हो सकता है जो चार पहिया और दो पहिया वाहनों से संभव नहीं है। आईजी अयोध्या ने पुलिस लाइन में कैफ़्टे एरिया आउट तीन महिला शौचालयों का भी उद्घाटन किया जहां महिलाओं को अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगीपुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र डा0 संजीव गुप्ता द्वारा जनपद में पुलिस अधीक्षक कार्यालय पुलिस लाइन्स भ्रमण के दौरान एयरपोर्ट, गेस्ट हाउस पर गार्ड आफ ऑनर दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा 2020–21 में किये गये जीर्णोद्धार व नवनिर्मित निर्माण जिला प्रशिक्षण यूनिट, जनता व पुलिस कर्मचारियों के जलपान हेतु वीआईपी स्तर का कैफे रेस्टोरेंट, पुलिस कर्मचारियों की सुविधा के लिए 16 सदस्यों के रहने ठहरने हेतु बैरक का उद्घाटन पुलिस महा निरीक्षक द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन के दौरान जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### सरयू नदी के पुल का अप्रोच धंसा, आवागमन बाधित

**करनैलगंज (गोण्डा)।** तहसील करनैलगंज क्षेत्र में लखनऊ-गोण्डा संपर्क मार्ग पर कटरा घाट सरयू पुल के पूर्व दिशा का हिस्सा धंस गया। जिससे वाहनों का आवागमन बाधित हो गया। शनिवार की सुबह सरयू पुल के क्षतिग्रस्त होने की खबर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही तत्काल एसडीएम हीरालाल यादव, प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। सुरक्षा के दृष्टिगत आला अधिकारियों ने वाहनों का आवागमन बन्द कराकर रुट डायवर्जन करा दिया। उपजिलाधिकारी हीरालाल यादव ने बताया लोकनिर्माण विभाग व सेतु निगम को को सूचित गया है। पुल में आई खराबी को ठीक कराने के बाद ही वाहनों का आवागमन बहाल किया जाएगा। सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस व पीएसी के जवानों को लगाया गया है जो वाहनों को दूसरे मार्ग से जाने की सलाह देते नजर आए। सरयू नदी पर बना कटरा घाट पुल का अप्रोच कंट्रीलीवर सपोर्ट शनिवार को टूट जाने से पुल के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रशासनिक व पुलिस सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सेतु निगम को सूचना देकर पुल पर आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया है। मौके पर मौजूद लोक निर्माण विभाग के एई गोपाल पत्रलेख व राम निवास ने बताया की जब तक सेतु निगम की टीम मौके पर पहुंचकर पुल में हुए नुकसान का सही आकलन नहीं करती तब तक कुछ कहा नहीं जा सकता। यह मार्ग गोंडा–बलरामपुर के लिए राजधानी से सीधे जुड़े होने के कारण यह सड़क प्रत्येक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस तरह अचानक इसके बंद होने से हजारों की संख्या में इधर से निकलने वाले वाहनों को नारायनपुर मोड़ चौराहे से वाया कैसरगंज के लिए डायवर्ट किया जा रहा है।

### दो गुण्डे किए गए जिला बदर

**अमेठी।** जिन व्यक्तियों का आस.पास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाते हुये जिला मजिस्ट्रेट अरुण कुमार ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये जनपद की सीमा से 06 माह के लिये निष्कासित कर दिया है। जिला मजिस्ट्रेट ने जिन 02 गुण्डों को जिला बदर किया है उनमें पवन उपाध्याय पुत्र नीमर प्रसाद निवासी ग्राम मधुपुर खदरी थाना संग्रामपुरए अतुल यादव पुत्र बलराम यादव निवासी ग्राम मन्धरपट्टी थाना अमेठी जनपद अमेठी के नाम सम्मिलित है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गुंडा तत्व एवं अपराधिक कार्य में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैंए जनपद के किसी भी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोई भी असामाजिक तत्वों द्वारा यदि लोकशांति व लोक सुरक्षा को भंग करने का प्रयास किया जाएगा तो उसके विरुद्ध तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने हेतु पुलिस को कड़े निर्देश दिए गए हैं।

### महिला के पिटाई मामले में मुकदमा दर्ज

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** दलित बालिका व उसकी मां की पिटाई के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध हंसवर पुलिस ने दलित उत्पीड़न एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना क्षेत्राधिकारी टाण्डा संतोष कुमार को सौंपी है। घटना क्रम के अनुसार वादनी मुकदमा श्रीमती शीला देवी पत्नी बंशराज निवासिनी ग्राम गोहिला जगदीशपुर ने आरोप लगाते हुए बताया है कि बीते गुरुवार की शाम को मेरी 12 वर्षिय पुत्री सपना घर के बाहर गांव की अन्य लड़कियों के साथ खेल रही थी कि खेलते खेलते आपस मे झगड़ा करने लगी इतने में ग्राम के विपक्षी विशलोक पुत्र अवधेश पांडेय पहुंचे और सपना को जाती सूचक शब्दों में गाली देते हुए मारने पीटने लगे जब मां शीला बचाने गयी तो उसे भी मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। मामले में हंसवर पुलिस ने मारपीट गाली गलौज धमकी व दलित उत्पीड़न अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना क्षेत्राधिकारी टाण्डा को भेज दी है।

### मंडलायुक्त ने दिए निर्देश

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त श्री एमपी अग्रवाल ने माह अक्टूबर 2021 में प्रस्तावित विशेष रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान तथा संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्यवाही को सफल बनाने के लिए अपर निदेशक चिकित्सा एवं मण्डल के समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए प्रभावी उपायुक्त अपनाते हुये व्यापक अभियान चलाया जाना है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए शासन द्वारा जारी समय सारिणी के अन्तर्गत 01 अक्टूबर 2021 को ब्लाक स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक का उत्तरदायित्व उपजिलाधिकारीध्ब्लाक प्रभारी चिकित्सा अधिकारीध्खण्ड विकास अधिकारी कोए दिनांक 4 अक्टूबर 2021 को प्रथम जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक का उत्तरदायित्व जिलाधिकारीध्मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिया गया है। इसी क्रम में ब्लाक स्तर पर नोडल अध्यापकों का संवेदीकरण ब्लाकवार योजना बनाते हुये दिनांक 6 से 8 अक्टूबर 2021 के मध्य पूर्ण करने का उत्तरदायित्व शिक्षा विभाग के ब्लाक स्तरीय अधिकारी को दिया गया है। तत्क्रम में स्थानीय निकायों पर संवेदीकरण बैठके नगर निगम द्वारा 5 अक्टूबर कोए समस्त नगर पालिकाओं को 6 अक्टूबर को एवं समस्त नगर पंचायत में 7 अक्टूबर 2021 को आयोजित कराने का उत्तर दायित्व स्थानीय निकायों के कार्यकारी अधिकारियों को दी गयी है। मण्डलायुक्त ने बताया कि ब्लाक स्तरीय ग्राम प्रधानध्ग्राम विकास अधिकारी संवेदीकरण बैठक की ब्लाकवार योजना बनाते हुये दिनांक 8 एवं 9 अक्टूबर 2021 के मध्य पूर्ण कराने की जिम्मेदारी खण्ड विकास अधिकारियों को दी गयी है।

### डीआईओएस ने की प्रधानाचार्यों के साथ बैठक

**गोंडा।** करनैलगंज के कन्हैया लाल इंटर कालेज के सभागर में जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक की। जिसमें शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर मंथन किया गया। वहीं निर्धारित अवधि में सभी योजनाओं पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। डीआईओएस ने प्रधनचार्यों को निर्देशित किया कि शाशन से जारी शैक्षिक कलेंडर, छात्रवृत्ति योजना, मतदाता जागरूकता अभियान, फिट इंडिया क्विज, विद्यालय के नामांकन संबधित बिंदुओं को समयबद्ध पूर्ण किए जाएं। इस मौके पर कन्हैया लाल इंटर कालेज के प्रधानाचार्य दुर्गा प्रसाद मौर्य, एनसीसी मेजर राजाराम, उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय करनैलगंज की प्रधानाचार्य अमिता पाण्डेय, किसान इंटर कालेज भंभुआ के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह, तुलसी स्मारक इंटर कालेज परसपुर, राष्ट्रीय इंटर कालेज कटरा बाज़ार, शिक्षक बंधु इंटर कालेज बालपुर सहित तमाम इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

### भगवत शरणागति से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैः उद्धव शरण

**अयोध्या।** रामकोट स्थित श्रीरामप्रिया कुंज में परमहंस कृष्ण शरण चैरीटेबल सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में राष्ट्रीय कथाव्यास डॉण् स्वामी उद्धव शरण महाराज ने कहा कि हम सब कथा के माध्यम से मानव जीवन का परम लाभ ले रहे हैं। जीवन में जीव भले ही कितना पाप किया हो। लेकिन अगर वह भगवान की शरणागति प्राप्त कर लेता है। तो समस्त पापों से मुक्त हो जाता है। भगवान के नाम की बड़ी महिमा है। एक बार भी यदि कोई भगवान का नाम ले ले। तो उसका उद्धार हो जाता है। ऐसी दिव्यए विलक्षण महिमा भगवन्नाम की है। नाम की महिमा अनंत है। भक्तों के ऊपर भगवान का अनुग्रह सदैव बना रहता है। भक्त परमात्मा की शरणागति प्राप्त करता है। भगवान की शरण में जाकर आजामिल का भी कल्याण हुआ। कथाव्यास ने कहा कि हमारे जीवन में किया गया पुण्य कभी व्यर्थ नही जाता है। उसका फल अवश्य प्राप्त होता है। भगवान जगत के तारणहार हैं। वही हम सबका कल्याण करते हैं। अपने व्यस्ततम समय में से कुछ वक्त निकालकर भगवान की भक्ति में अवश्य लगाएं। इनके बिना हमारा जीवन अधूरा है। परमात्मा हम सबका उद्धार करेंगे। वह विपत्ति के समय भी हम सबकी रक्षा करते हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 26 सितंबर, 2021



# पं.दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर लगा गरीब कल्याण मेला

संवाददाता। उन्नाव

**एकात्म मानववाद** और अंत्योदय के प्रेरणा स्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के 104 वे जन्मदिवस के अवसर पर आज जनपद के समस्त विकास खण्डों में गरीब कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें सरकार द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं नीतियों के संबंध में एक स्थान से आम आदमी तक सरल सुलभ सुविधाजनक आसानी से लाभार्थी को लाभकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए जनपद के समस्त विकासखंडों में गरीब कल्याण मेले का आयोजन किया गया। विकास खण्ड सिकन्दरपुर कर्ण में प्रमुख व सिकन्दपुर सिरोसी में विधायक सदर पंकज गुप्ताए विकास खण्ड नवाबगंज, औरास, हसनगंज में विधायक मोहान




बृजेश रावत, सफीपुर में विधायक सफीपुर, मियागंज, बम्बालाल दिवाकर, बीघापुर में प्रमुखए असोहा, बिछिया, हिलौली व पुरवा में विधायक अनिल सिंह, बांगरमऊ, फ तेहपुर-84, गंजमुरादा बाद में विधायक श्रीकान्त कटियार व विकास खण्ड सुमेरपुर में प्रमुख की अध्यक्षता में गरीब कल्याण दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के निर्देशन में समस्त विभागों द्वारा बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया गया तथा अपने विभागों से संबंधित योजनाओं के बारे में आम जनमानस को स्टॉलों के माध्यम से जानकारी दी गयी। जिसमें प्रधानमंत्री

## ● डीएम की अध्यक्षता में विकास खण्डों मे किया गया आयोजन

आयुष्मान योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना,मुख्यमंत्री आवास योजना, शौचालय, स्वच्छ पेयजल तथा उज्जवला-2 योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन दिये जाने की व्यवस्था तथा जनसामान्य को उपलब्ध कराये जाने वाले समस्त कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, दिव्यांग पेंशन योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना,वृद्धावस्था पेंशन योजना, खाद्य सुरक्षा के अन्तर्गत पात्र परिवारों को राशन कार्ड तथा खाद्य सामग्री का वितरण, गरीब बालिकाओं के विवाह हेतु संचालित योजना का लाभए धात्री महिलाओं व कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परिक्षण एवं पोषाहार वितरणए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, किसान सम्मान निधि योजना, समस्त प्रकार के ऋण वितरण की व्यवस्थाए कृषि संयन्त्रों के वितरण की व्यवस्था आदि योजनाओं से समस्त पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार, पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय व मुख्य विकास अधिकारी दिव्यांशु पटेल द्वारा विकास खण्ड औरास में गरीब कल्याण मेले में समस्त प्रकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि कृषि विभाग द्वारा कृषि उपकरणों को टोकन के माध्यम से सब्सिडी के आधार पर लिया जा सकता है यह योजना पहले आओ पहले पाओ पर आधारित है। बाल विकास पुष्टाहार एस्वास्थ्य विभाग ,पूर्ति विभाग,समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, दिव्यांग विभाग, गन्ना विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, जनपद में संचालित आदि विभागों द्वारा प्रत्येक विकासखंड में स्टाल के माध्यम से आम जनमानस को जानकारी दी गई और गरीब कल्याण मेला बहुत ही भव्यता के साथ जनपद में आयोजित किया गया जिसकी जनप्रतिनिधि गणों द्वारा सराहना भी की गयी। जिलाधिकारी ने कहा यह मेला जनपद के प्रत्येक नागरिक के उत्थान में विकास के लिए लगाया गया है। जिस किसी भी नागरिक को किसी तरह की कोई समस्या है वह इस मेले में आकर लाभ ले सकते हैं यह मेला पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के उपलक्ष्य में सरकार के निर्देशानुसार लगाया गया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने जो सपना देखा था कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजना का लाभ मिलना चाहिये। गरीब कल्याण मेले में समस्त विकासखंडों में पहुंचकर लोगों को अंत्योदय कार्डए पात्र गृहस्थी कार्डए उज्जवला गैस कनेक्शन सौभाग्य योजना के अंतर्गत विद्युत कनेक्शन के बारे में भी बताया गया। जनपद में लक्ष्य अंत्योदय, प्रण अंत्योदय, पथ अंत्योदय राष्ट्र सेवा को विकास उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है ।

### मौरावां में भी मेले का भव्य आयोजन

**मौरावां।** ब्लाक हिलौली परिसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती के अवसर पर गरीब कल्याण मेला का आयोजन किया गया। जिसमें दो सैकड़ा से अधिक लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। मेले विभिन्न विभाग के स्टाल लगाए गए। हिलौली ब्लाक में शनिवार को गरीब कल्याण दिवस के अवसर पर आयोजित गरीब कल्याण मेला प्रदर्शनी का अवलोकन कर विधायक अनिल सिंह व ब्लाक प्रमुख दिलीप दीक्षित ने सराहना की। कार्यक्रम में पहुंचे विधानसभा प्रभारी गोकरन वर्मा को ब्लाक प्रमुख दिलीप दीक्षित ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर विधायक अनिल सिंह व प्रमुख हिलौली दिलीप दीक्षित ने 226 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। ब्लाक प्रमुख दिलीप दीक्षित ने लाभार्थियों के खाते में सीधे लाभ दिलाने की जानकारी दी। गरीब कल्याण मेले में किसान बन्धुओं से सम्बंधित योजनाओं का संचालन व लाभ के बारे में जानकारी दीएऔर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का पात्र लाभार्थियों को लाभ के प्रमाण पत्र व कृषि उपकरण भी सौंपे। ब्लाक प्रमुख दिलीप दीक्षित ने कहा सरकार सभी के हित के लिए विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाएं चला रही हैं।

## क्विक न्यूज

### महिला सुरक्षा और साइबर क्राइम विषय पर गोष्ठी

**बांगरमऊ, उन्नाव।** स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति तृतीय चरण के अंतर्गत महिला सुरक्षा एवं साइबर क्राइम विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी के मुख्य अतिथि सीओ आशुतोष कुमार ने कहा कि नारी अबला नहीं सबला है। मौका मिलने पर महिलाओं ने साबित कर दिया कि जब उन्हें कलम पकड़ाई गई तो वह महादेवी वर्माएपढ़ने का अवसर मिला तो वह किरण बेदीए राकेट पकड़ाया तो साइना नेहवाल और बल्ला पकड़ाया तो झूलन गोस्वामी बन गई । उन्होंने कहा कि नारी के रूप में जन्म लेना उनका अपना चुनाव नहीं होताए बल्कि समाज में महिला और पुरुषों को विचारों के माध्यम से अलग अलग किया जाता है। इसलिए महिलाएं अपने विचार मजबूत करें और खुद को कमजोर ना समझे। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता है। इसलिए वह पूरी क्षमता से बच्चों का विकास करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई महिला शिकायत दर्ज कराती है तो उसे गोपनीय रखा जाता है। उन्होंने बताया कि जरूरत पड़ने पर महिला हेल्पलाइन नंबर 1076, 1090,181 और 112 का प्रयोग करें। लेकिन इसका दुरुपयोग न करें । गोष्ठी को महिला आरक्षी प्रतिमा ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ सदानंद राय ने की। गोष्ठी में डॉ रंजना सिन्हा, सविता, किरण, सविता राजन, अभय राजपूत , शैलेंद्र त्रिपाठी के अलावा छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे अन्ना मवेशी

**पाटन।** सूबे की सरकार भले ही मुख्य मार्गों पर अन्ना मवेशियों के मिलने पर कार्रवाई की बराबर चेतावनी दे रही हो लेकिन सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र में इसका कोई प्रभाव नहीं दिख रहा है। एक पखवारे में ही क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक दुर्घटनाएं अन्ना मवेशियों के साथ हो चुकी हैं। उन्नाव.लालगंज राजमार्ग पर बीते एक सप्ताह में भारी वाहन की चपेट में आकर एक बछड़ा और एक सांड गंभीर रूप से घायल हुआ है। इसमें से सूचना मिलने पर बछड़े को प्रभारी पशु चिकित्सक डॉ अनुज ने अपने संरक्षण में रखकर उपचार कर रहे हैं जबकि शुक्रवार की रात ट्रक की चपेट में आकर एक सांड गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलने के बाद एसडीएम अंकित शुक्ला ने उसका प्राथमिक उपचार करवाने के बाद हनुमंत जीवाश्रय के आग्रह पर उन्नाव भिजवाया। इस दुर्घटना के कुछ देर पहले ही बाइक से बिहार अपने घर लौट रहे बिहार निवासी सुरेश मिश्रा भी अन्ना की चपेट में आकर घायल हो गए। सुमेरपुर.बक्सर मार्ग पर बीते 15 दिन में जंगल बुजुर्ग मोड़,मुड़ियनखेड़ा, बाबूखेड़ा, तनगापुर आदि स्थानों पर 5 गोवंश की मौत हुई है। एसडीएम ने बीडीओ को सभी अन्ना मवेशी गोशालाओं में भेजने के सख्त निर्देश जारी किए हैं।

### लोहे की राड के प्रहार से शिक्षक लहूलुहान, मौत

**उरई ( जालौन )।** बीती देर रात्रि घर में लोहे की राड के प्रहार से एक शिक्षक की मौत हो गयी। मामले की जानकारी पर शिक्षक की पत्नी, पुत्री व् अन्य पड़ोसियों के साथ उसे अस्पताल ले गयी। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। परिजनों ने शिक्षक की मौत पर पुलिस को दो अज्ञात युवकों के खिलाफतहरीर दी है। मिली जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली के मुहल्ला राजेंद्र नगर निवासी नर्वदा 65 वर्ष पुत्र शंभू प्रसाद जो कि गणित विषय के शिक्षक थे। बताया जाता है कि वह छात्रों को ट्यूशन भी पढ़ते थे। बीती देर रात्रि वह घर में थे तभी लोहे की रॉड से उनके ऊपर प्राण घातक हमला हो गया। जिन्हें लहूलुहान हालत में अस्पताल ले जाया गया जहाँ चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का आरोप है कि ट्यूशन पढ़ने वाले छात्रों से फीस लेनदेन को लेकर शिक्षक की काफी समय से बहस चल रही थी। देर रात्रि में दो हमलावर ने आकर दरवाजा खुलवाया तो शिक्षक से उनकी बहस शुरू हो गयी। तभी हमलावरों ने लोहे की रॉड से शिक्षक के सर पर प्रहार कर दिया। जिससे उनकी मौत हो गयी। वही जानकारों का कहना है कि हत्या की बजह और कुछ भी हो सकती है। फिलहाल मृतक की पत्नी ने पुलिस को दो अज्ञात हमलावरों के खिलाफतहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। अब देखना यह होगा कि पुलिस की जांच में शिक्षक की मौत का असली मास्टर माइंड कौन निकलता है यह तो आने वाला समय ही बता पायेगा।

### गरीबी मिटाने को प्रदेश सरकार संकल्पित: विधायक

**कोंच ( जालौन )।** शासन के निर्देश पर शनिवार को गरीब कल्याण दिवस के मौके पर विकास खण्ड कोंच एवं नदीगांव में मेले का आयोजन किया गया जिसमें समस्त सरकारी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग कर शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं की आमजन को जानकारी दी। खंड विकास कार्यालय कोंच में आयोजित किये गये मेले का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कोंच-माधोगढ़ क्षेत्र के भाजपा विधायक मूलचन्द्र निरंजन ने दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर की।मेले में मौजूद क्षेत्रीय ग्रामीणों के बीच बोलते हुए विधायक ने कहा कि सरकार गरीबी मिटाने के लिए संकल्पित है। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों के हितार्थ शासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रहीं हैं जिसका लाभ अवश्य उठायें।मेले में कृषि विभाग,खादी ग्रामोद्योग विभाग,राजस्व विभाग,स्वास्थ्य विभाग,पंचायती राज विभाग,स्वयं सहायता समूह,सिचाई,मनरेगा,समाज कल्याण विभाग सहित अन्य सभी सरकारी विभागों में संचालित योजनाओं का लाभ कैसे लें, विभागीय अधिकारियों ने इसके तरीके बताए।मेले में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म पूरी कर उन्हें फल वितरित किये गए।इससे पूर्व खंड विकास कार्यालय के कर्मियों ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

### कच्ची छत गिरने से मासूम की मौत, 4 घायल

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के ग्राम बाका अकबराबाद में बीते रात छत ढह जाने से एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग मलबे में दब गये जिसमे चार वर्षीय मासूम की मौत हो गयी। वही घायल दम्पति सहित पांच लोगो को गोपालगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार बाका अकबराबाद निवासी गंगाराम अपनी पत्नी निशा देवी दस वर्षीय पुत्री दीपिका, आठ वर्षीय प्रतिभा व चार वर्षीय माधवी एवं तीन वर्षीय शीतल के साथ खाना खाने के बाद घर में सो रहा था। तभी अर्धरात्रि बारिश के दौरान कच्चा मकान ढह गया। जिसके चलते पूरा परिवार मलबे में दब गया। शोर सुनकर आस-पास के लोगो ने जल्दी-जल्दी मलबा हटाया और सभी को बाहर निकाला तब तक देर हो चुकी थी माधवी की मलवे के नीचे दबकर मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदनगृह भेज दिया। वही घायल दीपिका, प्रतिभा, शीतल को उपचार के लिये गोपालगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। हादसे से मृतका के परिजनो में कोहराम मच गया।

### करंट लगने से युवक की मौत

**फतेहपुर।** हथगांव थाना क्षेत्र के ग्राम मकदूमपुर खुर्द में करंट की चपेट में आ जाने से एक लगभग 32 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मकदूमपुर खुर्द गांव निवासी रामप्रसाद का पुत्र कमलेश कुमार बीती रात फर्राटा पंखा चलाने के लिये पल्ग लगा रहा था तभी करंट की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। उधर घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनो में कोहराम मच गया। वही पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

### मासूम के लिए किया रक्तदान

**फ तेहपुर।** थाना असोथर निवासी ग्राम मुंगरीबाद सातों, के अजीत की 06 माह की पुत्री काव्या चाइल्ड केयर में निमोनिया के कारण एडमिट है। बीमारी के कारण बच्ची का ब्लड कम हो गया। डॉक्टर ने तुरंत 100 एमएल ब्लड की आवश्यकता बताई। अटेंडर काफी परेशान थे क्योंकि ब्लड बैंक में ब्लड उपलब्ध नही था और एक नर्सिंग होम में 100 एमएल डोनेशन के बाद दिया जाता तभी मनीष पटेल ने तुरंत सर्व फार ह्यूमैनिटी के अध्यक्ष गुरमीत को कॉल किया और समस्या बताई उन्होंने तुरंत ज्योति प्रकाश को मैसेज आया तो वो बच्ची के लिए रक्तदान के लिए तैयार हो गये और देर न करते हुए रात 10:30 बजे ब्लड बैंक पहुचे और रक्तदान किया। टीम से आशीष शुक्ला, सुनील और ब्लड बैंक से राकेश यादव आदि उपस्थित रहे।

### बीएसए के निरीक्षण में अनुपस्थिति मिले शिक्षा मित्र, स्पष्टीकरण तलब

**पाटन।** सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों का हाल जानने के लिए शनिवार को बीएसए ने कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया इस दौरान एक शिक्षामित्र के अनुपस्थित पाए जाने पर उन्होंने स्पष्टीकरण तलब किया शनिवार को भ्रमण पर निकले बीएसए ने सबसे पहले नारायणपुर प्राथमिक व जूनियर विद्यालय का औचक निरीक्षण किया यहां शिक्षण व्यवस्था से वे संतुष्ट दिखे। लेकिन छात्र उपस्थिति कम होने को लेकर उन्होंने शिक्षकों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके बाद भी क्षेत्र के नथई खेड़ा व जगतपुर के प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया जगतपुर प्राथमिक विद्यालय में शिक्षामित्र के अनुपस्थित पाए जाने पर उन्होंने से स्पष्टीकरण तलब किया। बीएसए ने बताया कि परिषदीय स्कूलों की शिक्षा व व्यवस्था संतोषजनक मिली है।

### 20 दिनों से गुल बिजली को लेकर फूटा गुस्सा

**फतेहपुर।** बीस दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप्प रहने से आक्रोशित लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। गावँ के युवाओं ने बिन्दकी रोड चौडगरा पावर हाउस में एकत्रित होकर के जमकर हंगामा काटा। यहां पर युवाओं ने अवर अभियंता मुकेश गौतम के न होने पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। मलवा विकास खंड के यादगारपुर गांव के ओमप्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में लगभग एक दर्जन युवा पावर हाउस में जेई को ज्ञापन देने पहुंचे। दोपहर तक जेई के न होने पर आक्रोशित हो गये और उनका गुस्सा फूट पड़ा। देखते ही देखते यहां प्रदर्शन होने लगा। ग्रामीण ओमप्रताप ने बताया कि गांव में बीते बीस दिनों से आपूर्ति बाधित है। कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## जनसामान्य का सर्वांगीण विकास ही गरीब कल्याण मेले का उद्देश्य : जिलाधिकारी

संवाददाता। कानपुर देहात

**शासन** के निर्देशों के तहत जनपद कानपुर देहात के सभी 10 विकास खण्डों में जन प्रतिनिधियो एवं जिला प्रशासन द्वारा गरीब कल्याण मेला बड़े धूम धाम के साथ आयोजित किया गया। इसी क्रम में विकास खण्ड अकबरपुर एवं डेरापुर में जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह, अकबरपुर रनिया विधायक प्रतिभा शुक्ला के द्वारा गरीब कल्याण मेला का शुभारम्भ किया गया। खण्ड विकास अधिकारी ने अतिथियो को गरीब कल्याण मेला में लगे सभी

### ● गरीब कल्याण दिवस पर हुआ भव्य आयोजन

विभाग के पटल पर उनके द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी एवं उनके कार्यक्रम योजनाओ पर समग्रता से प्रकाश डाला। समाज में अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के जीवन में सर्वांगीण विकास ही अन्त्योदय का उद्देश्य हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनाए कन्या सुमंगला योजना, कोविड टीकाकरण, पेंशन स्कीम आदि कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। विधायक प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि सरकार बेटियो के जन्म से विवाह तक के सभी चरणों को विभिन्न योजनाओ द्वारा कुशलता एवं खुशहाली के साथ साकार कर रही हैं। गरीब मेला द्वारा एक ही छत के नीचे सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओ के बारे में जानकारी और सुविधा प्राप्त करना एक सराहनीय प्रयास है।

जनपद के सभी विकास खण्ड में आयोजित गरीब कल्याण मेला के कार्यक्रम अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, व्यक्तिगत शौचालयों के लाभार्थियों को स्वीकृति-पत्र का वितरण, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, पात्र परिवारों को राशन कार्ड तथा खाद्यान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियो को सहायता राशि, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन के अन्तर्गत समूहो को सहायताए धात्री महिलाओ व बच्चों का स्वास्थ परीक्षण एवं पोषाहार का वितरण किया गया। अतिथियो द्वारा कृषि विभाग के द्वारा उपकरण एवं टूल किट वितरण, शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन के अन्तर्गत प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया।

## फतेहपुर में औद्योगिकीकरण की चुनौतियां व संभावनाएं पर विचार गोष्ठी का आयोजन

संवाददाता। फतेहपुर

**जिले** में इंडियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन के बैनर तले औद्योगिकीकरण की चुनौतियां और संभावनाएं पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से जिले के उद्यमियों ने उद्योगों की स्थापना व उनके संचालन में आ रही प्रशासनिक दिक्कतों व समस्याओं को उठाया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी ने उनको भरोसा दिलाते हुए कहा कि उद्योगों में आ रही जिला स्तरीय हर समस्या का समाधान किया जायेगा। जिला औद्योगिक हब के रूप में ख्यातिप्राप्त है। जिले में तीन दशक पूर्व से औद्योगिक ईकाईयां स्थापित हैं और सुचारू रूप से काम कर रही है लेकिन जिला प्रशासन की उदासीनता व अन्य विभागों की लापरवाही के चलते जिले के सैकड़ों उद्यमी पलायन कर चुके हैं या अपनी इकाईयां बंद

### ● उद्यमियों की समस्याओं के समाधान का सीडीओ ने दिलाया भरोसा

कर चुके है। इन्हीं समस्याओं को लेकर आज औद्योगिक क्षेत्र सौंरा स्थित एक गार्डेन में जिले के उद्यमियों ने इंडियन इण्डस्ट्रीज एसो. के बैनल तले विचार गोष्ठी आयोजित की। जिसमें अति विशिष्ट अतिथि के रूप में एसो. के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने भी शिकरत की। वही मुख्य अतिथि जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश ने गोष्ठी में उद्यमियों को आ रही समस्याओं के समाधान किये जाने का भरोसा दिलाया। जिलाध्यक्ष सतेन्द्र सिंह ने उद्योग स्थापित करने व संचालित करने में आ रही प्रशासनिक व अन्य विभागों की समस्याओं को गिनाया। उन्होंने कहा कि जिले में सात औद्योगिक क्षेत्र हैं। जहां उद्यमी अपने औद्योगिक प्रतिष्ठान स्थापित करते हैं। जिला प्रशासन उद्योगों की स्थापना व उन्हें सुचारू रूप से चलाने के लिए जमीन, बिजली, सड़क पानी सहित अन्य मूलभूत आवश्यकताएं उपलब्ध कराता है। साथ ही जिला के अन्य विभागों की औपचारिकताएं जिन्हें तत्काल पूरी कराता है। तभी उद्यमी अपने प्रतिष्ठान जिले में स्थापित करने के लिए आकर्षित होता है। यही सब सुविधाएं मुहैया कराने में मौजूदा समय में जिला प्रशासन नाकाम साबित हो रहा है। जिसके कारण सैंकड़ों उद्यमी अपनी ईकाईयों को या तो बंद कर दिया है या बंद करने के लिए विवश हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से उद्यमियों की समस्याओं के समाधान की मांग की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जिले में उद्योगों की बहुत संभावनाएं हैं।

## पुखरायां के चांदापुर में डेंगू का प्रकोप दो की मौत

संवाददाता। पुखरायां, कानपुर देहात

### ● स्वास्थ्य टीम पहुंची गांव

**अमरौधा** ब्लॉक के चांदापुर गांव मे कई जगह जलभराव व गंदगी की वजह से डेंगू महामारी का प्रकोप है जिसकी वजह से 3 दिन के अन्तराल मे गांव की पायल पुत्री चरन सिंह आयु 5 वर्ष व कैलाश उर्फ मटरू पुत्र काली चरन आयु 32 वर्ष की डेंगू से दो लोगों की मौत हो गई। यह खबर सुनकर विभागीय अधिकारियों द्वारा कुछ औपचारिकतायें की गयीं। लेकिन समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं



उठाये जा रहे हैं । अमरौधा ब्लाक का चांदपुर गांव जहां की 80 पर्सेंट आबादी अति पिछड़ी है, आबादी भी लगभग 6000 है। एकमात्र सफाई कर्मचारी है जिससे गांव में सफाई नहीं हो पाती है । नालियों की व्यवस्था ठीक नहीं है जगह-जगह गंदा पानी इकट्ठा होता रहता है जिससे बीमारी फैलती रहती है चंदापुर में गत 1 सप्ताह के अंदर तीन मौतें हो चुकी हैं फिर भी सफाई की सही व्यवस्था ना होने के कारण डेंगू जैसे बीमारी फैल रही है इसी प्रकार पड़ोसी गांव बीलाहापुर में भी गत दिवस डेंगू से दो बच्चों की मौत हो गई थी।

## कानपुर देहात में कल होगा वृहद कोविड टीकाकरण

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी** जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशों के तहत मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एके सिंह ने बताया कि 27 सितम्बर को जनपद कानपुर देहात में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिकों हेतु प्रत्येक राजकीय चिकित्सालय सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा ब्लाकों के विभिन्न ग्रामों में जनपद के लगभग 53,000 लाभार्थियों को कोविड टीकाकरण से प्रतिरक्षित किये जाने के लिए वृहद कोविड टीकाकरण सत्रों 241 का आयोजन किया जा रहा है। अकबरपुर ब्लाक के अन्तर्गत अकबरपुर सीएचसी प्रथम व द्वितीय, डीएच मेल, डीएच फीमेल, ईको पार्क, सीएचसी रूरा प्रथम व द्वितीय, सरायां, गढ़ेवाए भिखनापुर, नौरंगाबाद, लालपुर, बारा, कालिनपुरवा, नसरतपुर, नुर्रा, बनजारंनडेरा, बंगला मसोथा, पतारी,नबौली, मिलकिया, नबीपुर प्रथम, द्वितीयए तृतीय आदि में वैक्सीनेशन किया जायेगा इनके नोडल डा. बाजपेयी 7839718880 है। इसी प्रकार अमरौधा ब्लाक क्षेत्र के ददवापुर, असुवापुर, सुनियापुर, पुरैनीक्षेत्र, अंगूरी, श्यामसुन्दरपुर सुजौर, भोगनीपुर, नोनापुर,




डिलौलिया, रैगवा, विझौना, महकपुर, खरका, जारी, कमलपुर, महेरा, जलालपुर, रूरगांव, बहरी, मूसानगर, सट्टी, सीएचसी पुखरायां में किया जायेगा। इनके इंचार्ज डा. आदित्य सचान 9389811179 है इसी प्रकार डेरापुर ब्लाक क्षेत्र में सीएचसी डेरापुर, बलाई बुजुर्ग, मुगीसापुर, सलेमपुर, सरगांव खुर्द, फत्तेपुर, डिलौलिया, नोनारी, अकारू, गेंदामउ, चिलौली, अम्बियापुर, उमरी बुजुर्ग, गलुवापुर, सरगांवबुजुर्ग, सिठमरा, खजुर्रा, बड़ागांव भिक्की आदि में किया जायेगा इसमें डा. अशोक कुमार 9984000804 है। झींझक ब्लाक के अन्तर्गत खम्हैला, किशौरा, जलिहापुर, दत्तपुर, औरंगाबाद, जलालपुर, बनीपारा, मंगलपुर, कुड़ौली, झींझक, रमंगपुर में किया जायेगा। इसमें डा. राजेश कुमार 8707308236 है। मैथा ब्लाक के अन्तर्गत पीएचसी मैथा प्रथम व द्वितीयए प्राइमरी स्कूल देवीपुर प्रथम

### ● 241 सत्रों में किया जायेगा वैक्सीनेशन

व द्वितीय, बाघपुर प्रथम व द्वितीय, प्रतापुर उदैत प्रथम व द्वितीय, नगर पंचायत शिवली प्रथम व द्वितीय, भिखर प्रथम व द्वितीय, दलपतपुर बेहटा प्रथम व द्वितीय, रायपुर प्रथम व द्वितीयए लम्हरा प्रथम व द्वितीयए ललउपुरवाए अरसदपुर प्रथम व द्वितीय में वैक्सीनेशन किया जायेगा इसमें डा. सिद्धार्थ पाठक 9450781299 है। मलासा ब्लाक में सीएचसी देवीपुर, पीएचसी बरौर, पीएचसी मलासा, पीएचसी जरसेन, ततारपुर, पचलक, कुनवारपुर, दुदियामउ, ककोडी, सुकसापुर, देव बराहमपुर, दोहरापुर, नेराए बिरमा, सिठरारामपुर, निगोही, गुरगांव, कछगांव में किया जायेगा। इसमें डा. विकास कुमार 9889372695 है। राजपुर ब्लाक के सिमठामउ जगैयापुरए बिलासपुर जफ रपुर, बैजामऊ, मिरगांव, बुधौली, साहबपुर, रजौली, घटापरा, दमपुर, अनवा, भाल, मदनपुर, रोहिनी, गोपालपुर, गुरदही बुजुर्गडेरा, महटौली, सिकन्दरा, राजपुर, खोजारामपुर, सिल्हारा, गहौनी, रामउ, गुबार, पैलावर, मानपुर में किया जायेगा। इसमें डा. डीके सिंह 8543957687 है, रसूलाबाद ब्लाक के अन्तर्गत सीएचसी रसूलाबाद, पीएस बिल्लहा, पीएस घराउ, पंचायत घर उसरीए पीएस चन्दपुरवा, पीएस चमराहिया, पीएस तोराली, पीएस लालू, पीएस बड़ागांव, पीएस नैनपुर, पीएस जोत, पीएस मातेहरा आदि में वैक्सीनेशन किया जायेगा इसमें डा. आसीष मिश्रा 8400689689 है। सन्दलपुर के अर्न्तगत प्राथमिक विद्यालय पिन्डार्थू, बीसलपुर, डबरापुर प्लस रेवान, गहिलापुर प्लस कठरा, कसोलर प्लस अचरौली, परौंख, लाडपुर छिवना, अन्नतपुर प्लस अलियापुर, अन्तापुर प्लस गडिया, खानपुर डिलवल, हिसावन, उरसान प्लस अगवासी, जलालपुर, फिरोजापुर, सीएचसी हवासपुर आदि में किया जायेगा इसमें डा. महेश विश्वकर्मा 9454625682 है। इसी प्रकार सरवनखेडा ब्लाक में सीएचसी रनियां,सीएचसी गजनेर, लोदीपुर, अर्या नगर द्वितीय, उमरन प्रथम, द्वितीय, तृतीय प्राइमरी विद्यालयों में, चिलौरा, पचगांव, मुबारकपुर लाटा प्रथम व द्वितीय, फ तहेपुर रोशनाई प्रथम व द्वितीय, किशरवल प्रथम, द्वितीय, तृतीय, खानचन्दपुर प्रथम व द्वितीय, विशायकपुर, चिराना, धनजुआ प्रथम व द्वितीय,किया जायेगा।

## डीएम ने किसान मेला बस को दिखाई हरीझंडी



संवाददाता। फतेहपुर

**जिलाधिकारी** श्रीमती अपूर्वा दुबे ने कलेक्ट्रेट परिसर से कृषि विभाग आत्मा योजनान्तर्गत जनपद के कृषकों को राज्य स्तरीय कृषक भ्रमण कार्यक्रम के तहत 26 सितम्बर को लखनऊ में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय किसान मेला स्थल-सेक्टर 18, वृन्दावन योजना डिफेन्स एक्सपो में प्रतिभाग करने हेतु 50 किसानों के दल के बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय किसान मेला में जनपद के किसानों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ ही वैज्ञानिको द्वारा तकनीकी विधि से खेती करने की जानकारी भी मिलेगी तथा वहां लगी हुई विशाल प्रदर्शनी देखने का भी अवसर प्राप्त होगा। जिससे कृषि उत्पादकता एवं कृषि यंत्रों का प्रयोग तथा खाद्य प्रसंस्करण से आय वृद्धि एवं दोगुनी करने की जानकारी भी मिलेगी। कहा कि किसान मेला में जाने वाले किसान वहां से जानकारी लेकर अपने गाँव एवं क्षेत्र तथा जनपद के अन्य किसानों को जानकारी देंगे जिससे कृषि योजनाओ का प्रचार प्रसार हो सके। उप कृषि निदेशक राममिलन परिहार ने बताया कि जनपद के किसानों को प्रदर्शनी में भाग लेने का अवसर मिल रहा है इसलिए वहां से विधिवत सभी प्रमुख सरकारी एवं निजी स्टॉलो से उनकी योजनाओ के साथ ही गुणवत्ता युक्त बीज एवं विभिन्न फसलो के उत्पादन संबंधी जानकारी प्राप्त करें। भ्रमण दल का संचालन कर रहे प्रज्ञा ग्रामोद्योग सेवा समिति के सचिव उमेश चन्द्र शुक्ल ने कहा कि दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम में राज्य स्तरीय किसान मेला भ्रमण के साथ ही भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में भी भ्रमण कराया जाएगा। किसान मेला में भ्रमण दल में लोकनाथ पाण्डेय, रमेश सिंह, रामेश्वर सिंह, मान सिंह, रमेश तिवारी, शिवस्वरूप सिंह, रणवीर सिंह, शशिभूषण सिंह, बीरेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह के साथ 50 किसान प्रतिभाग कर रहे हैं।

# मौके पर जाकर निपटाई जाएं समस्याएं: कमिश्नर

संवाददाता। बांदा



**मंडलायुक्त** चित्रकूटधाम मण्डल बांदा दिनेश कुमार सिंह साथ पुलिस महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री केण् सत्यनारायाणा द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना तिन्दवारी जनपद बांदा में आए हुए सभी शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना गया तथा कमिश्नर महोदय द्वारा प्राप्त शिकायतों पर संबंधित लेखपाल एवं अन्य संबंधित राजस्व अधिकारीध्कर्मचारी को तत्काल उन शिकायतों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही कमिश्नर ो अपने हल्के के गांवों में जाकर लोगो की समस्याओं को सुनने और उनपर आवश्यक कार्यवाही निस्तारण कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसी क्रम में पुलिस महानिरीक्षक महोदय द्वारा पुलिस से संबंधित जो भी शिकायतें समाधान दिवस में और थाने पर प्राप्त होती हैए उनपर संबंधित थाना प्रभारी को जांच कर तत्काल आवश्यक विधिक कार्यवाही किए जाने एवम् जल्द से जल्द निस्तारण कराए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं।

श्रीमान आईजी सर द्वारा पुलिस और राजस्व अधिकारियों द्वारा टीम बनाकर हल्के के गांवों में जाकर जमीन सम्बन्धी मामलों पर मौके पर जाकर निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए है। बीट कांस्टेबल द्वारा अपनी बीट के गांवों में सप्ताह में कम से कम 02 दिवस पंचायत भवन में चौपाल लगाकर लोगो की समस्याओं की जानकारी करेगे एवम् उनका निस्तारण कराएंगे। कमिश्नर महोदय द्वारा थाना समाधान दिवस पर आने वाले आगंतुकों की राजस्व से संबंधित जो भी शिकायतें है उनपर राजस्व अधिकारी और पुलिस अधिकारी द्वारा साथ मिलकर आपसी सामंजस्य सेए प्राप्त विवादों को जल्द से जल्द निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए।

# ‘योगी ने शिक्षामित्रों की नौकरी छीन कर आत्महत्या को किया मजबूर’

संवाददाता। चित्रकूट

**सपा** शिक्षक सभा पूरे प्रदेश में बूथवार शिक्षकों की भूमिका संवाद से समाधान के तहत सपा शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष/इलाहाबाद-झांसी स्नातक एमएलसी डॉ मान सिंह यादव ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार शिक्षा, शिक्षक और छात्र विरोधी सरकार है। शिक्षक की गोद में प्रकृति और प्रलय का वाश होता है। योगी सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नियुक्त एक लाख 76 हजार शिक्षामित्रों की नौकरी छीनने का काम किया है। शनिवार को जिला मुख्यालय के रामवाटिका पैलेस में बतौर मुख्य अतिथि डॉ मान सिंह यादव ने कहा कि शिक्षामित्रों की नौकरी छीनकर योगी सरकार ने उन्हें सामाजिक, मानसिक, आर्थिक प्रताडना दी है। हजारों शिक्षकों ने आत्महत्या कर ली है। संविधान विरोधी इस सरकार ने शिक्षामित्रों के दर्द को नहीं समझा है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जनहित कार्यों को बताते हुए कहा कि वित्तविहीन शिक्षकों को मानदेय दिया था। सपा मुखिया ने विषय विशेषज्ञों की नियुक्ति कर अनुदेशकों और प्रेरकों को उचित मानदेय दिया था। जनविरोधी भाजपा सरकार ने सारी योजनायें खत्म कर दी हैं। सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि योगी राज में राष्ट्र निर्माता शिक्षक सबसे ज्यादा परेशान और प्रताडित हुए हैं। योगी सरकार लोगों की भावनायें भडकाकर वोट लेने का काम किया है। प्रदेश की जनता योगी सरकार के कुकृत्य को समझ चुकी है। 2022 के चुनाव में जनता अखिलेश यादव को पूर्ण बहुमत से मुख्यमंत्री बनाने का काम करेगी। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवशंकर यादव, अनिल प्रधान, सूरज पटेल, सत्यनारायण पटेल, सुभाष पटेल, नरेन्द्र यादव, निजाम सिद्दीकी, फूलचन्द्र यादव, रामचन्द्र वर्मा, सीताराम कश्यप, चीनी उर्फरसीद, फराज खान, शैलू सिंह समेत तमाम सपाई मौजूद रहे।

# पीएम मोदी ने साकार किया पंडित दीनदयाल के अन्त्योदय सपना: पटेल

संवाददाता। चित्रकूट



**बाँदा-चित्रकूट** सांसद आर के सिंह पटेल के आवास पर भाजपाइयों द्वारा बड़े ही धूमधाम के साथ एकात्म मानव वाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 105 वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर सांसद श्री पटेल ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी ने जनकल्याणकारी योजनाओ से लाभान्वित कर गरीबो को विकास की मुख्यधारा से जोड़ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपनो को साकार किया है। शनिवार को मुख्यलय के बलदाऊ गंज स्थित आवास पर आयोजित जयंती समरोह में पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि 25 सितंबर 1916 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का यूपी के मथुरा में जन्म हुआ था। श्एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने राष्ट्र निर्माण में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उनके विचार देशवासियों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। सांसद ने कहा कि दूरदर्शी राजनीतिज्ञ पं. दीनदयाल उपाध्याय जी ने समय समय पर विभिन्न चुनौतियों व समस्याओं के निराकरण के लिए अपने विचार-दर्शन से देश का मार्गदर्शन किया। पंडित जी के एकात्म मानववाद व अंत्योदय के मंत्र सदैव हमें जनकल्याण व राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। कार्यक्रम में मौजूद रहे जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने जीवन भर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान की चिंता की है। उन्ही से प्रेरणा लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गरीबो को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रहे है। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज अग्रवाल,शक्ति प्रताप सिंह,सुनील सिंह पटेल, राजकुमार त्रिपाठी,ब्रेजेंद्र शुक्ला आदि दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।

## चोरी व मारपीट से आहत युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के बिगवां गांव में चोरी के आरोप लगा युवक के साथ मारपीट कर रुपयों की मांग से आहत युवक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस को शव के पास से सोसाइड नोट मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बिगवां गांव निवासी शिवसिंह करन यादव के यहां काम करता था। आरोप लगाते हुए बताया कि उसके मालिक सहित चार लोगों ने चोरी का आरोप लगाते हुए उसको मारापीटा और रूपये मांगे। जिससे आहत होकर शनिवार की सुबह गांव के चकरोड किनारे लगे जामुन के पेड़ पर बेल्ट से शिवसिंह(43) फांसी लगा ली। मौके पर ही युवक ने दम तोड़ दिया। राहगीरों ने जब युवक को पेड़ पर लटका देखा तो सनसनी फैल गई।

# पप्पू बुन्देला बने अल्पसंख्यक भाजपा के मीडिया प्रभारी

संवाददाता। हमीरपुर



भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला मीडिया प्रभारी

**मौदहा** (कोतवाली) कस्बा के चौधराना मोहल्ला निवासी शाहिद मसरूर उर्फ पप्पू बुंदेला को भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है इससे यहां के अल्पसंख्यक भाजपा नेताओं ने प्रसन्नता जताई है। । इस नियुक्ति से जहां जिले एवं क्षेत्र भर में खुशी का माहौल है तो वहीं क्षेत्र भर से लोगों का बधाइयां देने का तांता लगा हुआ है। वहीं इस नियुक्ति पर जिला मीडिया प्रभारी शाहिद मसरूर उर्फपप्पू बुंदेला ने कहा कि भाजपा पार्टी की नीति सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास पर आधारित है, एवं इस पद पर रहते हुए जन हितैषी मुद्दों को उठाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

## भाजपा किसान मोर्चा ने 26 को लखनऊ की बनाई कार्य योजना

**चित्रकूट।** भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों की पहली बैठक किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह की अध्यक्षता में हुई। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनायें दी। किसान मोर्चा में 26 सितम्बर को लखनऊ के किसान सम्मेलन में पहुंचने की कार्य योजना बनाई। शनिवार को भाजपा किसान मोर्चा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने सभी पदाधिकारियों का परिचय लेकर कहा कि 26 सितम्बर को विशाल किसान सम्मेलन में सभी पदाधिकारी पहुंचे। पदाधिकारियों को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में मौजूद भाजपा महामंत्री अश्वनी अवस्थी, हरिओम करवरिया, द्रोणाचार्य द्विवेदी, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, जितेन्द्र मोहन शुक्ला, चन्द्रदत्त त्रिपाठी, रोहित द्विवेदी, श्रवण पटेल, सुनील, अनूप, शिवनरेश पाल, सुधीर शुक्ल, रामबाबू सिंह, कैलाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# मजाक में चली गई जान



**बांदा।** शहर मुख्यालय के ग्राम पंचायत मवई बुजुर्ग पट्टनपुरवा में मज़ाक़ में विवाद में दो पक्षो में कहा सुनी के बाद चले लाठी डंडे जिसमें एक युवक मुकेश पुत्र सुमेरा 32 की पडोसी ने लाठी डंडे से मारपीट की जिससे मुकेश बुरी तरह से घायल हो गया आवाज सुनकर मौके पर पहुची पत्नी रंजना व आसपास के परिवार के लोगों ने घायल मुकेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था जहाँ से हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने मुकेश को कानपुर रिफर कर दिया जहाँ आज सुबह करीब 5 बजे उसकी मौत हो गई। पूरा मामला कृषि विश्वविद्यालय चौके के पास पट्टनपुरवा का है।दो दिन पहले मामूली विवाद के चलते दो पक्षों में कहा सुनी हो गई जिसमे मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसके बाद उसको जिला अस्पताल भर्ती कराया गया जहा डॉक्टरों ने उसे कानपुर रिफर कर दिया जहा आज उसकी मौत हो गई।मृतक मुकेश के दो लकड़े और एक लड़की है वही परिजनों ने बताया की शहर कोतवाली में तहरीर दे दी है। उनकी मांग है की दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। वही आरोपी घटना के बाद से फरार है। वही पुलिस ने बताया की मामला संज्ञान में आने के बाद आरोपी की तलाश की जा रहीं है।

## क्विक न्यूज

### सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार की मौत

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** शनिवार को गायत्री तपोभूमि के सामने हुई सड़क दुर्घटना में एक स्कूटी सवार युवक की मौत हो गयी।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक गायत्री तपोभूमि के सामने मौदहा की ओर से तीव्र गति से आ रहे कन्टेनर ने सडक पर जा रही स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसमे सवार सन्दीप (26) निवासी पत्योरा डांडा कोतवाली हमीरपुर गम्भीर रूप से घायल हो गया और कुछ ही देर में घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गयी।सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने कन्टेनर को अपनी गिरफ्त में लेकर पुलिस चौकी में खड़ा करा लिया।और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर दवा व फार्मेसी के बारे में दी गयी जानकारी

**हमीरपुर।** आज विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर स्व.पूरन रामप्रकाश दीक्षित कालेज आफफार्मेसी गहरौली व्लाक मुस्करा में कालेज के निदेशक डा. लोकेंद्र नाथ पांडेय ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उन्होने दवाओ व फार्मासिस्ट के बारे में विशेष जानकारी दी। उन्होने कहा कि डा. संबर्ग का इंजन और फार्मासिस्ट को स्वस्थ चलाने का ईधन रुपी पहिया बनाया गया है। कालेज के प्राचार्य राजेश कुमार सिंहा ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में फार्मासिस्ट एक कड़ी है जो दवा विशेषज्ञ व दवा काउन्सलर की भूमिका निभाते है। इसी के साथ डा.शशीकांत त्रिपाठी ने फार्मेसी सें संबंधित अन्य क्षेत्रो के संबंधित जानकारी दी। इस मौके पर डा. अंकित, डा सौरभ, डा.मनीष, अखिलेश, गिरिजानंदन पाठक व अन्य लोग मौजूद रहे।

### 27 को भारत बन्द को लेकर भाकियू ने मांगा सहयोग

**चित्रकूट।** 27 सितम्बर को संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर भारत बन्द को लेकर भाकियू जिलाध्यक्ष रामसिंह राही की अगुवाई में मऊ में हुई बैठक में कृषि कानून वापसी, बढती महंगाई, बेरोजगारी, श्रम कानून बदलाव आदि मुद्दों को लेकर देश के किसान भारत बन्द करेंगे। शनिवार को मऊ में भाकियू जिलाध्यक्ष रामसिंह राही की अगुवाई में हुई बैठक में कहा कि जिले के किसान भारत बन्द करते हुए अपने उत्पादों दूध, सब्जी, फल आदि कृषि कार्यों को ठप रखेंगे। पदाधिकारियों के साथ भारत बन्द की तैयारियों का जायजा लेते हुए जिलाध्यक्ष ने बताया कि किसान मजदूरों एवं व्यापारियों से सम्पर्क कर भारत बन्द में सहयोग की अपील की जा रही है। भाकियू जिले के सभी व्यापारी बन्धुओं, मजदूरों, ट्रेड यूनियन संगठनों, बेरोजगार युवाओं से निवेदन करता है कि किसानों पर हो रहे जुल्म को रोकने में अपना समर्थन देते हुए भारत बन्द में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि किसानों की इस लडाई में भारत बन्द करते हुए सहयोग देने पर भाकियू आभारी रहेगा। ये जानकारी भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने दी।

### चोरी से ले जाया जा रहा सरकारी खाद्यान्न पकड़ा

**चित्रकूट।** खाद्य एवं रसद विभाग के कोटेदार का मानिकपुर तहसील के चन्द्रामारा गांव के बडार नाला के पास खाद्यान्न पकडा गया। संबंधित अधिकारियों ने सूचना के बाद पूर्ति निरीक्षक को जांच को भेजा। पूर्ति निरीक्षक को खाद्यान्न ले जा रहे ई-रिक्शा चालक से पूंछताछ की। शनिवार को ई-रिक्शा से चन्द्रामारा गांव के कोटेदार का खाद्यान्न ले जा रहे चालक ने पूर्ति निरीक्षक को बताया कि वह बोरियों में भरा चावल चोरी से ले जा रहा था। इसके बाद भी सरकारी खाद्यान्न की चोरी करने वाले कोटेदार व संबंधित लोगों के खिलाफकोई कार्यवाही नहीं की गई। मामले को दबाया जा रहा है। कोटेदार मनमानी करते हुए सरकारी खाद्यान्न बेंचने जाते पकड़ा जाता है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही नहीं कर रहे। ग्राम पंचायत चन्द्रामारा से बरामद चोरी के खाद्यान्न कुछ जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही करने का काम करते हैं या फिर ऐसे ही सरकारी खाद्यान्न की लूट जारी रहेगी।

### बुलंदशहर की युवती का नदी में मिला शव

**चित्रकूट।** जिले से सटे नयागांव थाना क्षेत्र में मन्दाकिनी नदी में एक युवती का शव उतराता मिला। युवती बुलंद शहर जिले की थी। वह परिजनों के साथ चित्रकूट घूमने आई थी। युवती की मन्दाकिनी नदी में डूबने की ये घटना शुक्रवार को हुई। बताया गया कि बुलंद शहर जिले के तीरथ यादव की बेटी अनीता यादव गुरुवार को परिजनों के साथ चित्रकूट घूमने आई थी। परिजनों समेत वह पटेल धर्मशाला में ठहरी थी। शुक्रवार को युवती परिजनों से बिछड गई थी। परिजनों ने ढूंढने की बहुत कोशिश की, लेकिन वह नहीं मिली। शनिवार को परिजन नयागांव थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे। परिजनों को पुलिस ने बताया कि एक युवती का शव मन्दाकिनी नदी में मिला है। परिजनों ने शव की शिनाख्त अनीता यादव के रुप में की।

### फोन-तमंचा समेत लुटेरा दबोचा गया

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर मारकुण्डी थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार की टीम ने मुठभेड में मारे गये दस्यु बलखडिया गैंग के एक सदस्य को लूट के दो मोबाइल फोन व एक पिस्टल तथा चार कारतूसों समेत दबोचा है। शनिवार को मारकुण्डी थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार की टीम ने सात दिन पहले हुई लूट की घटना में शामिल मारे गये डकैत बलखडिया गैंग के सदस्य दीपक पटेल पुत्र राजकरन पटेल निवासी चौखडा मजरा ददरीमाफी थाना बहिलपुरवा को दो फोन व एक तमंचा, चार कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया। 17 सितम्बर की रात मारकुण्डी क्षेत्र के बंधा बाहर कोलान के अमचुरनेरुआ में मोबाइल फोन लूटे थे। 22 सितम्बर को हुई पुलिस मुठभेड में मारर्कण्डेय जंगल से भाग गया था। दबोचे डकैत के खिलाफविभिन्न थानों में आधा दर्जन से ज्यादा संगीन अपराधों के मामले दर्ज हैं। टीम में थानाध्यक्ष मारकुण्डी प्रमोद कुमार, सिपाही अंकित शुक्ला, अमित सिंह, संदीप लोधी, सचिन यादव, शिवबहादुर सिंह आदि शामिल रहे। इसी क्रम में पहाडी थानाध्यक्ष रामआसरे यादव की टीम ने दहेज हत्या में वांछित रामशंकर पुत्र हनुमान निवासी पचोखर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# गरीब कल्याण मेले में जैविक उत्पाद रहे आकर्षण का केंद्र, जमकर हुई खरीदारी

संवाददाता। हमीरपुर



जैविक उत्पादों का निरीक्षण करते भाजपा नेता व अधिकारी

**पंडित** दीन दयाल जी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित गरीब कल्याण मेले में समस्त विकास खण्ड परिसर में मेले का आयोजन किया गया जिसमें सभी विभागों द्वारा अपनी योजनओं के बारे में बताया गया मेले में मुख्य आकर्षण का केंद्र जैविक खेती से संबंधित पंडाल रहा जिसमें जैविक उत्पादों की जमकर ख़रीद दारी की गई जिसमें जैविक खेती का साहित्य भी किसानों को वितरित किया गया। इस मेले में विभिन्न विभागो ने विभागीय काउन्टर लगा कर ग्रामीणों को प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इसी प्रकार आज आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले मे 1898 लोगो का निशुल्क उपचार किया गया। आगनवाडी कार्यकत्रियो द्वारा कुपोषित बच्चो का चिंहाकन किया गया। मेले में आसपास के कई गावों के लोगो ने भाग लिया,कई लोगो को आयुष्मान कार्ड वितरित किये गये कुछ लोगो को आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की प्रक्रिया पूरी की गयी। लोगो को कोविड के बारे में जानकारी दी गयी। मुस्करा ब्लाक के किसानों ने गरीब कल्याण मेंले में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# सांसद ने किया गरीब कल्याण मेले का शुभारंभ

संवाददाता। चित्रकूट



मेले में गरीब महिला को योजना का लाभ देते सांसद आरके सिंह पटेल आदि।

**पं दीनदयाल** उपाध्याय जयंती पर सांसद आरके सिंह पटेल ने कर्वी ब्लाक में गरीब कल्याण मेला का शुभारम्भ कर कहा कि ये मेला एक सप्ताह तक सभी तहसीलों एवं ब्लाकों में हो रहा है। मेले में विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। पं उपाध्याय के अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति के उद्धार का लक्ष्य प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री पूरा कर रहे हैं। शनिवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि गरीबों के कल्याण को प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने दीर्घकालिक योजनायें बनाई हैं। इसका लाभ लेने को शिविर लगाये गये हैं। आत्मनिर्भर भारत एवं गांव बनाने को अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्य धारा में लाया जा रहा है। पं उपाध्याय का सपना पूरा हो इसके प्रयास केन्द्र व राज्य सरकार कर रही है। उन्होंने पं उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की टीम को बधाई दी। इस मौके पर सीडीओ अमित आसेरी, भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, शक्तिप्रताप सिंह तोमर, पंकज अग्रवाल, सुनील सिंह पटेल, राजकुमार त्रिपाठी, बृजेन्द्र शुक्ला व कृषि विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। इसी क्रम में पं उपाध्याय की जयंती पर विधायक आनन्द शुक्ला व जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने मऊ ब्लाक में गरीब कल्याण मेला का शुभारम्भ कर कहा कि कोई दैवीय आपदा में सरकार किसानों के साथ खडी रहती है। कल्याण मेले में विभागीय अधिकारियों ने जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। विधायक ने कहा कि पिछली सरकारों ने किसानों का बहुत दोहन किया है। इस मौके पर एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला, ब्लाक प्रमुख सुशीला देवी, जिला महामंत्री राघवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## निर्माण कार्य रोकने सहित धमकी की रिपोर्ट

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** निर्माणाधीन प्लाट का काम रुकवाने सहित धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है बावजूद इसके निर्माण कार्य कराया जा रहा था। नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी अभिषेक कौशल पुत्र उमेश चंद द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि शनिवार की सुबह रामगंज स्थित प्लाट पर निर्माण कार्य करवा रहा था। तभी राहुल यादव, जगजीत, जुनेद सहित 20 अज्ञात लोग आए और उसका निर्माण कार्य बंद करवा दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। जबकि दूसरे पक्ष के राहुल यादव का कहना है कि मामला उप जिलाधिकारी के न्यायालय में विचाराधीन है। जिसमें उप जिलाधिकारी द्वारा कोतवाली प्रभारी गुरसहायगंज एवं तहसीलदार को मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने सहित 4 अक्टूबर को आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

## रोडवेज व आपे की भिडंत में युवक घायल, बस यात्री बाल-बाल बचे

**राठ (हमीरपुर)।** क्षेत्र के कुम्हरिया मोड़ के पास रोडवेज बस और आपे की भिड़ंत में आपे में सवार एक युवक घायल हो गया। जबकि अन्य सवारियां बाल बाल बच गई। घायल को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। वहीं बस में सवार यात्री भी बाल बाल बच गये। शनिवार की दोपहर करीब एक बजे रोजवेज बस सवारियां लेकर राठ से उरई जा रही थी। तभी कुम्हरिया मोड़ के पास गोहांड की ओर से आ रहे आपे से भिड़ंत हो गई। जोरदार भिड़ंत होने पर यात्रियों में चीख पुकार मच गई। इस हादसे में आपे सवार 28 वर्षीय संजय पुत्र हरीसिंह घायल हो गया। जबकि आपे में बैठे बालक सहित तीन लोग बाल बाल बच गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया। वहीं बस में सवार यात्री भी बाल बाल बच गये। वहां मौजूद लोगों ने बताया कि आपे चालक गलत साइड पर आ गया था। बस चालक ने काफी बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आपे बस में जाकर घुस गया। इस टक्कर से आपे क्षतिग्रस्त हो गया। बस चालक द्वारा बस को डिवाइडर के अंदर कर लेने से एक बड़ा हादसा होने से बच गया।

# समस्या लटकाएं नहीं, तत्काल निपटाएं: डीएम



थाना मऊ में समस्या सुनते जिलाधिकारी

पायनियर

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने मऊ थाना दिवस में कहा कि लोगों की समस्यायें लटकायें नहीं, तत्काल निस्तारित करें।

शनिवार को मऊ में थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने थाना दिवस पर समाधान रजिस्टर देखकर निर्देश दिये कि जो काम लम्बित है। उसे तत्काल निस्तारित करें। महिला जनसुनवाई रजिस्टर देकर कहा कि थाना क्षेत्र से आये फरियादियों की समस्यायें तत्काल निस्तारित करें। राजस्व मामलों में पुलिस व राजस्व टीमों के सहयोग से मामले निस्तारित करने के निर्देश दिये। लेखपालों से कहा कि ईमानदारी से काम करने पर आपकी आत्मा को संतुष्टि मिलेगी।

उन्होंने लेखपालों से कहा कि अपनी आत्मा से पूंछो जिसकी जमीन जायेगी, उसके दिल पर कैसे गुजरेगी। कब तक डर कर बैठोगे। ईमानदारी से कार्य करें।लोगों की जमीन की पैमाइश कराकर लटकाने की प्रवृत्ति ठीक नहीं है, जल्दी निस्तारित करें। इस मौके पर एसडीएम नवदीप शुक्ला, थानाध्यक्ष गुलाब त्रिपाठी, तहसीलदार शशिकान्त मणि, कानूनगो एवं राजस्व के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार ने दिए आजीविका के क्षेत्र में अवसर : संजीव गुप्ता

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** भारत सरकार ने शहरी और ग्रामीण गरीबों के लिए दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना का आरंभ 25 सितंबर 2014 को किया। योजना का उद्देश्य कौशल विकास और अन्य उपायों के माध्यम से आजीविका के अवसरों में वृद्धि कर शहरी और ग्रामीण गरीबी को कम करना है। यह बात भाजयुमो नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता द्वारा स्थानीय गीता सिनेमा में अंत्योदय के प्रणेता पंडित उपाध्याय की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में जिला प्रवासी प्रकोष्ठ भाजपा सयोंजक संजीव गुप्ता संजू ने सभी लाभार्थियों के समक्ष कही। उन्होंने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्मरू 25 सितम्बर 1916को हुआ था। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिंतक (चिन्तक) और संगठनकर्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। वे एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। राजनीति के अतिरिक्त साहित्य में भी उनकी गहरी अभिरुचि थी। उन्होंने हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में कई लेख लिखे, जो विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। इससे पहले भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मंगलम पांडेय ने कहा कि दीनदयाल अंत्योदय योजना का उद्देश्य योजना का उद्देश्य कौशल विकास और अन्य उपायों के माध्यम से आजीविका के अवसरों में वृद्धि कर शहरी और ग्रामीण गरीबी को कम करना है। मेक इन इंडिया, कार्यक्रम के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सामाजिक तथा आर्थिक बेहतरी के लिए कौशल विकास आवश्यक है। दीनदयाल अंत्योदय योजना को आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्रालय एच.यू.पी.ए. के तहत शुरू किया गया था। भारत सरकार ने इस योजना के लिए 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना के तहत शहरी क्षेत्रों के लिए दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय योजना के अंतर्गत सभी 4041 शहरों और कस्बों को कवर कर पूरे शहरी आबादी को लगभग कवर किया जाएगा।

# बड़े धोखे हैं इस राह में!

## संभलिए वरना हो सकते हैं हादसे का शिकार

- जानलेवा बना सीतापुर-शाहजहांपुर हाइवे, चंद कदमों पर हुए बड़े-बड़े गडढे
- बारिश से जगह-जगह दरकी हाईवे की जमीन, सफर संकट में

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-गड्ढ़ो में तब्दील लखनऊ-बरेली हाइवे मार्ग

**अगर आप** लखनऊ याफिर दिल्ली जाने के लिए वाया सीतापुर होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफर कर रहे हैं, तो जरा संभल कर चलें, वरना तनिक सी लापरवाही से आपका सफर जानलेवा हो सकता है, क्योंकि पिछले कई दिनों से रूक-रूक कर हो रही बारिश में हाईवे पर जगह-जगह बड़े-बड़े गडढे हो चुके हैं और ये गडढ़े बारिश के पानी से लबालब भरे हुए है। इन गडढ़ों में फंसकर आएदिन वाहनों की कमानी टूट रही है। साथ ही असंतुलित होकर वाहन पलटकर चोटिल हो रहे है। यही नहीं बारिश में समूचे हाइवे किनारे की जमीन भी दरक चुकी है। ऐसे में कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बावजूद इसके एनएचएआई के जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। आपको बता दें कि सीतापुर शहर की सीमा से होकर एनएच-24 गुजरा है। यह हाईवे प्रदेश की राजधानी लखनऊ और देश की राजधानी दिल्ली को जोड़ता है। सीतापुर से बरेली तक हाईवे खस्ताहाल है। मौजूदा समय में सीतापुर से बरेली जाने का मतलब खतरा ही खतरा है। आप सही.सलामत अपनी मंजिल तक पहुंच जाएं तो बड़ी बात है। इसकी बदहाली किसी से छिपी नहीं है। खस्ताहाल हाईवे पर पिछले 12 सालों से लोग खतरे का सफर करने को मजबूर हैं, लेकिन हाईवे पर अब नई दुश्वारियां खड़ी हो गई हैं। ऐसे में यहां से गुजरने वालों के लिए नया खतरा बन गया है। खस्ताहाल सीतापुर- वाया शाहजहांपुर-दिल्ली हाईवे का आई इंडिया टीम ने जायजा लिया, यहां के हाइवे पर जो तस्वीर दिखाई दी, वो बेहद ही डरावनी से लगी, क्योंकि इस हाइवे पर जगह-जगह गडढे हो गए। उनमें बारिश का लबालब पानी भरा है। यही नहीं बारिश के चलते हाईवे की जमीन भी जगह-जगह दरक चुकी है। हालात यह है कि अगर आप दिन में इस हाईवे पर नान स्टॉप ड्राइविंग करते हैं, तो आप आसानी से आंकलन नहीं लगा पाएंगे, कि कहां हाइवे पर गडढ़ा है तो कहां हाईवे सही है। रात के वक्त में तो इस हाइवे पर और भी असुरक्षित हो जाता है। आई इंडिया ने वाहन चालक से हाईवे की समस्या जानी।

जमीन के लालच में पोते ने सौतेली दादी को कागजों में दिखवाया मृत

# अब खुद को जिंदा साबित करने को भटक रही विधवा

संवाददाता। सीतापुर



प्रार्थना पत्र दिखाती पीड़िता।

**इसे** सरकारी मशीनरी का नाकारापन कहेंगे याफिर सीतापुर के तहसील मिश्रिख के मछरेहटा ब्लॉक के राजेपारा मजरा बाबूपुर की बुजुर्ग माया देवी उर्फ राधिका का दुर्भाग्य। जमीन के लालच में पहले उनके पोते प्रयांशू ने क्षेत्रीय लेखपाल से सांठगांठ कर अपनी सौतेली दादी को जिंदा होते हुए सरकारी दस्तावेज में मृत दर्ज करा दिया। बाद में उनके पति की मौत के बाद वरासत से मिली जमीन में अपना नाम दर्ज करा लिया। यही नहीं उनकी पेंशन कटवाने के लिए भी उसने झूठी दरख्वास्त भी दे दी। इसकी जानकारी बुजुर्ग को तब लगी, जब उसने ऑनलाइन इंतखाब निकलवाया। सरकारी अभिलेखों में खुद को मृत देख उसके होश फाख्ता हो गए। इस पर जब बुजुर्ग माया देवी उर्फ राधिका ने पोता प्रयांशू को उलहना दिया तो उसने जान माल की धमकी दी। इस मामले में बुजुर्ग पीड़िता ने मछरेहटा थाने में शिकायत की। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। ऐसे में अब बुजुर्ग महिला ने जिलाधिकारी के समक्ष पेश होकर खुद के जिंदा होने का सबूत देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

## क्विक न्यूज

### गाँधी जयन्ती के समारोह कोविड-19 की गाइडलाइन के साथ मनाए जाएंगे

**बरेली** । नगर मजिस्ट्रेट श्री राजीव पण्डेय की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के जन्मदिवस पर गाँधी जयन्ती का समारोह कार्यक्रम किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 2 अक्टूबर को गाँधी जयन्ती समारोह का कार्यक्रम विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोविड.19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।उन्होंने कहा कि प्रातः 9 बजे सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा व समस्त सरकारीध्अर्द्धसरकारी भवनोंए कार्यालयों एवं शिक्षण संस्थाओं में गाँधी जी एवं श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र का अनावरण तथा माल्यार्पण एवं गाँधी जी तथा शास्त्री जी के विचारों पर प्रकाश डाला जायेगा। गाँधी जी के प्रिय भजनए ष्रघुपति राघव राजा रामष् का सामूहिक गायन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित समय पर समस्त कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम के द्वारा एक दिन पहले सभी जगह पर साफसफाई करायी जाये। उन्होंने बताया कि तहसील व ब्लाक क्षेत्रों में 02 अक्टूबर 2021 को गाँधी जयन्ती समारोह को वैश्विक कोरोना महामारी पर जारी दिशा.निर्देशों मास्क ध्फेस कवर प्रयोगए सेनेटाइजेशन व सोशल डिसटेन्सिंग आदि का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुये सम्मानपूर्वक आयोजित किये जायेगें। बैठक में अग्नि शमन अधिकारी श्री संजीव कुमार यादव सहित सम्बन्धित विभाग के प्रतिनिधि व समाजसेवी श्री जेसी पालीवाल डा कदीर अहमदए रीतू शाक्य मो कासिम उपस्थित रहे।

### सुरक्षा गार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बरेली** । ड्यूटी पर मौजूद एक सुरक्षा गार्ड की अचानक तबीयत बिगड़ने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया स जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई स घर वालों ने हत्या की आशंका जताई स पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी । किला थाने के गांव रोठा निवासी किशनलाल पुत्र कुंवर सेन की बीती रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि किशनलाल इज्जत नगर थाना क्षेत्र की लाजपत नगर कॉलोनी में एक फैक्ट्री में सुरक्षा गार्ड के पद पर काम करता था और कल शाम को बजे रोजाना की तरह ड्यूटी पर गया था स रात में अचानक उसकी तबियत बिगड़ने पर साथी कर्मचारियों ने उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घर वालों को सूचना दी लेकिन जब तक घरवाले अस्पताल पहुंचे उसकी मौत हो चुकी थी स घरवालों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी स मृतक । बच्चों का पिता था स उसकी पत्नी का नाम सुशीला देवी है ।

### शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

**सीतापुर।** प्राथमिक शिक्षक संघ सीतापुर के जिलाध्यक्ष रवींद्र दीक्षित के नेतृत्व में डीबीटी की समस्या व एसबीआई में जिले भर के एमडीएम खाते खुलवाने के तुगलकी फरमान के विरोध में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बैंक का एकाधिकार होना कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार को बढ़ावा देता है तथा हम सभी शिक्षकों का उत्पीड़न है। जिस विद्यालय के निकट जो बैंक हो वहां विद्यालय का खाता खुलवाया जाए। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष नवीन श्रीवास्तव, महिपाल सिंह तोमर, डॉ. अनुपम मिश्रा, चंद्रशेखर द्विवेदी, विवेक पंडित, गिरजेश अवस्थी, अश्विनी सिंह, रत्नेश मिश्रा, पवन सिंह, महेंद्र पांडेय, सचिदानंद अवस्थी, सुबोध तिवारी, देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद थे।

### बिना सूचना के खोदी सड़क, ढहाया गेट

**सीतापुर।** शहर से सटे मोहल्ला प्रकाश सिटी कॉलोनी के बाशिंदों की सिटी मजिस्ट्रेट ने मुश्किलें पैदा कर दी। शनिवार की दोपहर बाद एकाएक कॉलोनी में धड़धड़ाते हुए मय पुलिस फोर्स के संग जेसीबी पहुंची, और धड़धड़ा दुकानों के सामने पड़ी टीनशेड ढहा दी, कुछ देर बाद कॉलोनी की मुख्य सड़क भी जेसीबी से खोद डाली। यही नहीं मुख्य द्वार पर ध्वस्त कर दिया। इससे लोग सकते में आ गए। वो समझ नहीं पाए गए कि आखिर क्या माजरा है, स्थानीय नागरिकों ने जिम्मेदारों से इसकी वजह जानी मगर उन्होंने इसका माकूल जवाब नहीं दिया। ऐसे में अब इस कार्रवाई के बाद यहां से दोपहिया, चौपहिया वाहन तो दूर की बात, लोगों का राह निकलना मुश्किल हो गया है। इससे नागरिकों में आक्रोश है। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची 'पायनियर' टीम ने स्थानीय लोगों से बात की, तो उन्होंने बताया कि कॉलोनी की सड़क खोदने व मुख्य गेट ढहाने से पहले न तो यहां के लोगों को कोई नोटिस दी गई और न ही मौखिक तौर पर बताया गया।

# अक्तूबर से काम नहीं करेगा बैंकों का पुराना चेक

## आईएफएससी कोड भी बदला, खाताधारकों को जारी होगी नई पासबुक व चेकबुक

- खाताधारकों को जानकारी देने बैंक भेज रहे मैसेज

संवाददाता। सीतापुर

**यदि आपका** अकाउंट इलाहाबाद, ओरिएंटल व यूनाइटेड बैंक में है तो पहली अक्तूबर से पहले अपना पुराना चेक बुक बदलवा लें। वरना एक अक्तूबर से बैंकिंग सिस्टम पुराने चेक को रिजेक्ट कर देगा। बैंकों का विलय होने से ग्राहकों के खाता नंबरों, आइएफएससी व एमआइसीआर कोड में बदलने से पुरानी चेकबुक अमान्य हो जाएगी। अब बैंक अपने ग्राहकों को एसएमएस से मैसेज भेजकर नए चेक बुक के लिए आवेदन करने का आग्रह कर रहे है। ताकि वह आगे किसी भी तरह की असुविधा से बच सकें। आपको बता दें कघि् देना बैंक और विजया बैंक का बैंक आफबड़ौदा के साथ विलय हो गया है, ओरिएंटल बैंक आफकामर्स और यूनाइटेड बैंक आफइंडिया का पंजाब नेशनल बैंक तथा इसी तरह कॉर्पोरेशन बैंक और आंध्रा बैंक का यूनियन बैंक आफ इंडिया में विलय हो चुका है। इसी प्रकार इलाहाबाद बैंक का विलय इंडियन बैंक में हो चुका है। यह एक अप्रैल 2020 से प्रभाव में आया है। इसी प्रकार ओरिएंटल बैंक आफ कामर्स और यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया का भी विलय एक अप्रैल 2019 से पंजाब नेशनल बैंक में प्रभावी कर दिया है। इन तीनों बैंकों के माइकर कोड व चेकबुक केवल 30 सितंबर तक ही मान्य है। ऐसे में तीनों बैंकों ने बिना किसी रुकावट के बैंकघ्गि लेनदेन जारी रखने के लिए अपने-अपने ग्राहकों से एक अक्तूबर से पहले ही नए चेक बुक लेने को कहा है।

### बीहट बीरम उच्च प्रा.वि. में मना मीना जन्मोत्सव

**सीतापुर।** मीना जन्मोत्सव उच्च प्राथमिक विद्यालय बीहट बीरम मछरेहटा में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मीना ने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। विद्यालय को गुब्बारों एवं रंग बिरंगी झन्डियो से खूब सजाया गया। मीना के केक काटते ही समस्त शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं ने ताली बजाकर मीना के जन्मदिन का स्वागत किया और जन्मदिन पर आर्शीवाद दिया। मीना कक्षा सात की बालिका मीरा है। इस अवसर पर मीना सहित सभी बच्चों को केक, टाफी और मिष्ठान आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका निर्मला भार्गव ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई का कोई मोल नहीं है। संदीप तिवारी ने छात्र छात्राओं को एक शैक्षिक गीत के माध्यम से बच्चों में ऊर्जा का संचार भर दिया। इस मौके पर सिद्धराम गौतम, कुसुम लता सहायक अध्यापिका, महेंद्र पाठक अनुदेशक, हर्षिता सिंह अनुदेशक, ज्योति मौर्य अनुदेशक आदि उपस्थित रहे।

# लंबित केस में तीन अफसरों से मांगा स्पष्टीकरण

- दो मामलों में ग्राम पंचायत अधिकारी परसेंडी पर ठोका जुर्माना

संवाददाता। सीतापुर



सीतापुर-शिकायते सुनती राज्य सूचना आयुक्त

**सूचना का अधिकार** के लंबित मामलों की सुनवाई में राज्य सूचना आयोग की आयुक्त रचना पाल खफा दिखी। पहले दिन की सुनवाई में लंबित तीन मामलों में डीएसओ संजय कुमार प्रसाद, बीडीओ एलिया अजीत यादव व ग्राम पंचायत अधिकारी परसेंडी अजय गौतम से जवाब-तलब किया। साथ ही दो मामलों में ग्राम पंचायत अधिकारी परसेंडी पर 25-25 हजार रूपये जुर्माना भी ठोंका। इसके अलावा स्वास्थ्य, पुलिस व अन्य मामलों की सुनवाई में वह बेहद खुश नजर आई। आपको बता दें कि जनता को सहूलियत देने को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मांगी गई सूचनाएं देने की व्यवस्था की गई है। अगर किसी को जन सूचना अधिकारी द्वारा समय पर सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराई जाती हैं, सूचना आयोग के आयुक्त स्तर से दंडित भी किया जाता है। लेकिन सीतापुर में पिछले काफी समय विभिन्न विभागों द्वारा आवेदकों को समय से सूचनाएं उपलब्ध नहीं कराई गई, याफिर जिन आवेदकों को सूचना दी गईए वो असत्य या भ्रामक है। इससे व्यथित होकर आवेदकों की ओर से आयोग के समक्ष द्वितीय अपीलें शिकायतें प्रस्तुत की गई है। लंबित मामलों को गंभीरता से लेकर राज्य सूचना आयोग की आयुक्त रचना पाल ने सुनवाई को 24, 25 व 27 सितंबर की तारीखें तय की थी। पहले दिन उन्होंने एडीएम न्यायिक हरिशंकर शुक्ला, डीडीओ राकेश पांडेय, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार, तहसीलदार महोली चंद्रकांत त्रिपाठी, लहरपुर तहसीलदार मदन मोहन वर्मा आदि अफसरों की की मौजूदगी में 86 लंबित मामलों की सुनवाई की। तीन मामलों में स्पष्टीकरण तलब किया गया। शनिवार को आयुक्त 95 मामलों की सुनवाई कर आवेदकों को न्याय दिलाएंगी।

# ब्लाकों में आयोजित किया गया किसान मेला

- विभागों ने लगाए अपने स्टाल

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**शासन स्तर से** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले के सभी 15 ब्लाकों में किसान मेले का आयोजन किया गया। इसमें सभी विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं से संबंधित स्टाल लगाए गए। लोगों को प्रदेश व केंद्र सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया।

मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार, ब्लॉक परिसर में गरीब कल्याण मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ फीता काटकर ब्लाक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, भाजपा नेता सुशील त्रिवेदी ने किया। मेले में तमाम विभागों ने अपने स्टाल लगाकर लोगों को जानकारियां दीं। इस दौरान सभागार में गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जहां विभिन्न लाभार्थियों को योजनाओं से संबंधित चेक व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। गोष्ठी को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सुशील त्रिवेदी ने कहा कि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म दिवस है और दीनदयाल उपाध्याय का सपना था कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे,गोष्ठी को मुख्य विकास अधिकारी,परियोजना निदेशक केके पांडे, ब्लाक प्रमुख महेंद्र बाजपेई बिकास खण्ड अधिकारी ने भी संबोधित किया, इस दौरान जहां कृषि विभाग ने किसानों को सरसों का बीज वितरित किया। वहीं समाज कल्याण विभाग की ओर से पारिवारिक लाभ योजना दिव्यांग पेंशन योजना और वृद्धावस्था पेंशन योजना के प्रमाण पत्र वितरित किये गए। इसके अलावा शौचालय योजना के लाभार्थियों को 6000 रूपये की चेकें और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा वितरित किए गए। मेले में कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, गन्ना विभाग, शिक्षा विभाग, बाल पुष्टाहार विभाग सहित तमाम विभागों ने अपने काउंटर लगाकर लोगों को जानकारियां प्रदान कीं,बेहजम संवाददाता के अनुसार, ब्लाक प्रांगण में गरीब कल्याण मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख बीना राज के साथ खंड विकास अधिकारी शिखर श्रीवास्तव ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। गरीब कल्याण मेले के आयोजन का उद्देश्य केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा चलायी जा रही जनकल्याण कारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीब व्यक्ति को उसका लाभ प्राप्त हो। गरीब कल्याण मेला में सरकार के स्वास्थ्य विभाग, लघु सिंचाई विभाग, सहकारिता विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना विभाग कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास योजना व शौचालय निर्माण के साथ-साथ पेट्रोलियम विभाग द्वारा उज्जवला योजना, गरीब कल्याण महिला कल्याण, हरिजन समाज कल्याण अल्पसंख्यक कल्याण, होम्योपैथी चिकित्सा विभाग, श्रम विभाग सहित दिव्यांग कल्याण विभाग ने अपने अपने स्टाल लगाकर कल्याण कारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। ब्लॉक प्रमुख बीना राज व जिला पंचायत सदस्य रमाशंकर राज व खंड विकास अधिकारी शिखर श्रीवास्तव के द्वारा किसानों को सरसों बीज किट व कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के लिए स्प्रे मशीनों का वितरण किया गया। वहीं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने के लिए विभिन्न गृह उद्योग व्यवसाय के लिए बैंकों के द्वारा ऋण प्रपत्र भी सौपे गये। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा प्रभारी डाक्टर अनिल वर्मा व संतोष शुक्ला के द्वारा आयुष्मान गोल्डेन कार्ड वितरित कर सभी को स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं की जानकारी भी दी गयी। वहीं शिक्षा विभाग के खंड शिक्षा अधिकारी शमशेर राणा ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं को ड्रेस बस्ता और किताबें वितरित की गई। वहीं बालविकास परियोजना अधिकारी ऊषा साहनी ने आंगनबाड़ी केंद्रों की महिलाओं के द्वारा विभिन्न व्यंजनों की प्रदर्शनी दिखाई और कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार और गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम कर उनके संतुलित आहार की जानकारी दी गई। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत रामाधार एडोओ कोआपरेटिव राम पारस प्रजापति सुनील कुमार पाल एडोओ समाज कल्याण अमर सिंह राना व पंचायत सेक्रेटरी दिलीप गुप्ता नीरज प्रियदर्शिनी शोभिता श्रीवास्तव सुमन यादव रोहित बंसवार सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान और सैकड़ों महिलाओं और किसानों ने मेले में भाग लिया।गोला गोकर्णनाथ संवाददाता के अनुसार, कुम्भी व बिजुआ ब्लॉक में गरीब कल्याण मेले का आयोजन किया गया। ब्लॉक कुम्भी में मुख्य अतिथि अरविंद गिरि विधायक व विमल वर्मा ने गरीब कल्याण दिवस पर आयोजित मेले का फीट काटकर उद्घाटन किया। उक्त मेले में गरीब व विभिन्न योजनाओं से वंचित लोगो को तत्काल योजनाओ का लाभ दिलाने हेतु विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। विधायक ने प्रत्येक स्टाल का बारीकी से निरीक्षण किया व विभागों से संबंधित अधिकारियों से जानकारी हासिल कर लाभार्थियों की सूची सत्यापन हेतु मांगी। ब्लॉक सभागार में विधायक व ब्लॉक प्रमुख का खंड विकास अधिकारी देवेंद्र सिंह व जेई मनीष गिरि ने माल्यर्पण कर स्वागत किया व लन्दनपुर ग्रांट में नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनी आदर्श कालोनी का चित्र वरदान किया। विधायक ने कहा कि योगी व मोदी की सरकार का मुख्य उद्देश्य गरीबों को अधिक से अधिक योजनाओ का लाभ प्रदान करना है। इस तरह के आयोजनों ने जनमानस में अपने अधिकारों व विभिन्न विभागों द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी मिल जाती है जिसका वे लाभ उठा सकते है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी (कुम्भी) देवेंद्र प्रताप सिंह, सहाहायक पंचायत राज अधिकारी ओमप्रकाश भार्गव, भगवानदास वर्मा, तेजराम वंर्मा,जेई मनीष गिरि, सरताज खान ज़िला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, भोली गिरि, अवधेश मिश्रा, कुम्भी ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा, विकास खण्ड कुम्भी के प्रधानगण व पार्टी पदधिकारीगण उपस्तिथ रहे।

### शंभूदयाल बने सहकारिता प्रकोष्ठ के ब्लाक संयोजक

**मोहम्मदी-खीरी।** भाजपा द्वारा सहकारिता प्रकोष्ठ का ब्लाक का संयोजक बनाया गया। जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ लल्लू राम शुक्ला की संतुष्टि पर भारतीय जनता पार्टी के जिला जिला संगठन द्वारा गुलरी पुरवा निवासी शंभू दयाल गुप्ता को ब्लाक संयोजक बनाया गया है। शंभू दयाल गुप्ता बहुत पहले से पर्टी की सेवा करते चले आ रहे है और पार्टी के प्रति अच्छी लगन रखते है। वर्तमान में गप्ता जी अन्तर्वेद मंडल में सेक्टर संयोजक का दायुत्व निर्वहन कर रहे है। पार्टी ने इनके कार्यों को देखते हुए एक और जिम्मेदारी सौंपी है।जो कि बताया है कि पार्टी ने जो भी जिम्मेदारी सौंपी है तो मैं निष्ठा व इमानदारी के साथ निर्वाहन करूंगा। ब्लाक संयोजक बनते ही मोहन तिवारी, सहजराम वर्मा, ओमकार मौर्य, सोने लाल लोधी समेत तमाम लोगों ने बधाइयां दी।

## बाढ़ की रोकथाम को पहुंची टीम



**निघासन खीरी।** भाजपा नेता आशीष मिश्रा मोनू के प्रयासों से बाढ़ कटान को रोकथाम के लिए ग्राम पंचायत खमरिया में सिचाई विभाग की टीम पहुंची। ड्रोन की मदद से सिचाई विभाग की टीम ने पहुंच कर ड्रोन कैमरे से नदी का चित्र लिया और ग्रामीणों की मदद से नदी के किनारे पहुंच कर नहर विभाग के अधिकारियों ने जायजा लिया। भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि कुछ दिन पहले गृहमंत्री से ग्रामीणों ने मांग की थी। मंत्री ने तुरन्त पत्र जिलाधिकारी को लिखा था। टीम बाढ़ रोकने का सामान भी गिरा दिया था। काम चालू होने के उपरांत शारदा नदी में बाढ़ आ जाने से काम रूक गया था। लेकिन अब ग्रामीणों ने युवा नेता मोनू को अवगत कराया कि मोनू ने सिचाई विभाग को पुन: कार्य चालू करने को कहा था। इस दौरान बाढ़ खण्ड शारदानगर के सहायक अभियंता सर्वजीत सिंह भी मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाई गई उपाध्याय जयंती

**निघासन खीरी।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयन्ती मनाई गई। मंडल निघासन के सेक्टर दुबहा सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में मंडल अध्यक्ष प्रज्ञानन्द श्रीवास्तव ने पंडित दीन दयाल उपाध्यक्ष जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी के बारे में बच्चों को बताया कि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्मदिन है। पूरे देश में एकात्म मानववाद की विचारधारा से प्रसिद्ध हुए। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को जयपुर के निकट धानकिया गांव में उनके नाना के घर पर हुआ था। उनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय था। उत्तर प्रदेश के नगला चंद्रभान फरह, मथुरा के निवासी थे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय को देश आज याद कर रहा है।

### दिवंगत सफाईकर्मी की पत्नी को आर्थिक सहायता

मैगलगंज खीरी।

**पसगवां ब्लाक** परिसर में गरीब कल्याण दिवस पर आयोजित मेले में क्षेत्रीय धौरहरा सांसद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा अरुण वर्मा द्वारा दिवंगत सफाई कर्मी की पत्नी को आर्थिक सहायता प्रदान कर मदद की गई।

जानकारी अनुसार बीमारी के चलते कुछ दिन पूर्व पसगवां ब्लाक के अलियापुर गांव मे तैनात सफाई कर्मी दिनेश कुमार की मौत हो गई थी। जिसके चलते ब्लाक सफाई कर्मचारी संगठन के अथक सहयोग से दिवंगत कर्मी की पत्नी श्री देवी को खंड विकास अधिकारी पसगवां एवं एडीओ पंचायत एवं संगठन के सहयोग से सांसद महोदया रेखा अरुण वर्मा द्वारा दिवंगत कर्मी की धर्मपत्नी श्रीदेवी को छियालिस हजार छह सौ रुपए की नगद धनराशि देकर सहयोग किया गया।

इस मौके पर संगठन के मुख्य रुप से ब्लाक अध्यक्ष राधेश कुमार राठौर, ब्लाक मंत्री सरताज अली, कोषाध्यक्ष रामपाल सहित ब्लाक का समस्त स्टाफमौजूद रहा।

# जनप्रतिनिधियों ने किया ब्लाकों पर गरीब कल्याण मेले का शुभारंभ



**लखीमपुर-खीरी।** शासन के निर्देश पर खीरी ज़िले के सभी 15 ब्लाकों में गरीब कल्याण दिवस को मनाया गया। इन मेलों में जरूरतमंदों को जहां एक और योजनाओं की सौगात मिलीं वही अफसरों ने मौजूद लोगों को योजनाओं के फायदे बताए। सदर व नकहा ब्लॉक में विधायक सदर योगेश वर्माए धौराहरा व ईसानगर ब्लॉक में विधायक बाला प्रसाद अवस्थीए रमियाबेहड़ व निघासन में विधायक शशांक वर्माए मितौली में विधायक सौरभ सिंह सोनूए कुम्भी में विधायक अरविंद गिरीए फूलबेहड़ में विधायक श्रीमती मंजू त्यागीएपसगवा ब्लॉक में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सांसद रेखा अरुण वर्मा व पलिया में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी व विधायक रोमी साहनी ने मिलकर शुभारंभ किया। वही ब्लॉक बांकेगंज में प्रमुख प्रतिनिधि रामनरेश मोहम्मदी में ब्लाक प्रमुख महेंद्र बाजपेई बेहजम में ब्लॉक प्रमुख वीना राज बिजुआ में ब्लॉक प्रमुख विमल वर्मा व विधिवत शुभारंभ कियां डीएसओ वीपी सिंह ने बताया कि जिलेभर में गरीब कल्याण दिवस पर उज्जवला योजना 2.0 के तहत 3664 नए निशुल्क गैस कनेक्शन स्वीकृत हुए। 208 नए राशन कार्ड वितरित किए गए।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी व विधायक रोमी साहनी ने मिलकर ब्लॉक पलिया में क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त एवं 14वें वित्त में 1.21 करोड़ की धनराशि से कराए गए 21 कार्यों का लोकार्पण हुआ। आयोजित मेलो में कुल 12861 जनमानस एवं ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया। चिकित्साए कृषिए उद्यानए महिला कल्याण समाज कल्याण दिव्यांगजन सशक्तिकरण राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बाल विकास एवं पुष्टाहार कृषि रक्षा राजस्व ग्राम्य विकास मनरेगा सहित विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाएं एडिप व वयोश्री योजना में वीएलई ने आवेदन काउंटर लगाए गए। वही पीएम जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत के तहत गोल्डन कार्ड बनाए गए। डीएम डॉ अरविंद कुमार चौरसिया के निर्देश पर विभिन्न अधिकारियों ने विभिन्न ब्लाकों में पहुंचकर मेले की व्यवस्थाएं देखीं।

पायनियर
लखनऊ, रविवार, 26 सितंबर 2021



# एसडीएम 'आशाराम वर्मा' के खिलाफ होगी प्रारम्भिक जांच

● सीजेएम ने कोतवाली को दिया आदेश ● नियम विरुद्व आदेश करने और अनैतिक रुप से धन की मांग करने का मामला ● सुधाकर सिंह आदि की अपील पर सीजेएम ने की कार्रवाई

संवाददाता। बस्ती

**भानपुर** और सदर तहसील के एसडीएम रहे और वर्तमान में अतिरिक्त उपजिलाधिकारी के पद पर कार्यरत् आशाराम वर्मा पर लगे आरोपों की प्रारम्भिक जांच का आदेश सीजेएम उमेश यादव ने कोतवाली को दिया है। यह आदेश सुधाकर सिंह के उस अपील पर दिया गया, जिसमें एसडीएम पर नियम विरुद्व आदेश करने और अनैतिक धन के मांग करने का आरोप लगाते हुए सीजेएम के यहां धारा-156 '3' के तहत मुकदमा दर्ज करने की अपील की गई। वादी के अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह का कहना है, कि मुकदमा दर्ज कराने का आदेष देने से पहले कोर्ट उन अभिलेखों की जांच कराना चाहती है जिसे आधार बनाकर मुकदमा दर्ज करने की अपील की गई। कोतवाली पुलिस को 18 अक्टूबर 21 तक प्रारम्भिक जांच आख्या प्रस्तुत करने के आदेश दिए गएं हैं। इस बावत जब एसडीएम से जब उनके मोबाइल नंबर 8429371978 पर पक्ष लेने के लिए फोन किया गया, तो रिस्पांस नहीं मिला। पीड़ित सुधारक सिंह का कहना है कि राजस्व कर्मियों के द्वारा जानबूझकर उसके गाटा संख्या 54 से 90 तक खतौनी बनाते समय इंद्राज नहीं किया गया, और रजिस्टर से पन्ना ही गायब कर दिया, जिसकी पुष्टि अभिलेखागार ने भी अपनी रिपोर्ट में की। बताया कि नाम दुरुस्त करने के लिए ही एसडीएम न्यायालय में आवेदन किया गया, मगर तत्कालीन एसडीएम श्रीप्रकाष षुक्ल ने नाम दुरुस्त करने के बजाए नियम विरुद्व द्वेषवष अपील को ही खारिज कर दिया, उसके बाद वह एसडीएम के आदेष के विरुद्व अपर आयुक्त न्यायालय में अपील की। अपर आयुक्त न्यायालय ने एसडीएम के आदेश को खारिज करते हुए एसडीएम को पन्ना गायब करने वाले कर्मियों के विरुद्व कार्रवाई करने और नाम दुरुस्त संबधी कार्रवाई करने का आदेष जारी किया। मगर तत्कालीन एसडीएम आषाराम वर्मा ने अपर आयुक्त न्यायालय के आदेषों की अवहेलना करते हुए अपील को ही नियम विरुद्व खारिज कर दिया। वादी के अधिवक्ता का कहना है कि किसी भी एसडीएम को अपर न्यायालय के आदेष को खारिज करने का अधिकार ही नहीं है। इतना ही नहीं एसडीएम ने उन दोषियों के खिलाफभी कोई कार्रवाई नहीं की, जिनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अपर आयुक्त न्यायालय ने आदेश दिया था।

## डीएम के निरीक्षण में स्टाम्प की कमी मिली


जांच करती जिलाधिकारी

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने उप निबंधक कार्यालय खलीलाबाद में पंजीकृत जनपद के 5 बड़े मालियत विक्रय विलेखों का एआईजी स्टांप एमपी मिश्र एवं उपनिबंधक राकेश कुमार सिंह के साथ मौके का स्थलीय निरीक्षण किया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान ग्राम भैंसहिया में विकृत भूमि में 3.50 लाख के स्टांप की कमी पाई गई। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने राजस्वहित में नियमानुसार मुकदमा दर्ज करते हुए वसूली हेतु एआईजी स्टांप एपी मिश्र को निर्देशित किया है। शेष चार विलेख ग्राम धौरहरा, सरौली व बनकटिया में निरीक्षण के दौरान मौके की स्थिति सही पाई गई।

## अमृत महोत्सव पर भव्य आयोजन

संवाददाता। रायबरेली



**समस्त** खण्ड विकास अधिकारियों नामित नोडल अधिकारियों को निर्देश दिये कि समस्त विकास खण्डों में शासन के निर्देशों के अनुपालन में आज़ादी की 75वी वर्षगाँठ आजादी के अमृत महोत्सव व एकात्म मानववाद और अन्त्योदय के प्रणेता महान विचारक एवं प्रखर राष्ट्रवादी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर आयोजित जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के निर्देशन में कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनसामान्य तक पहुचाने विकास खण्ड रोहनिया, हरचन्दपुर, बछरावां, महाराजगंज, दीनशाहगौरा, डलमऊ, अमावां आदि 18 सभी विकास खण्डों में आज़ादी की 75वी वर्षगाँठ आजादी के अमृत महोत्सव व एकात्म मानववाद और अन्त्योदय के प्रणेता महान विचारक एवं प्रखर राष्ट्रवादी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के अवसर पर कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनसामान्य तक पहुचाने के लिए प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार गरीब कल्याण दिवस के उपलक्ष्य में गरीब कल्याण मेलो का भव्य आयोजन किया गया। समस्त विकास खण्डो पर नामित नोडल अधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में गरीब कल्याण मेलों का आयोजन किया गया। मेले में लाभ परक जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण–पत्र स्वीकृति आदि वितरित किये गये।

## गरीब कल्याण मेले का आयोजन संपन्न

**ऊंचाहार,रायबरेली।** नगर स्थित ब्लाक मुख्यालय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस पर गरीब कल्याण मेले का आयोजन किया गया।जिसमें स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शिनी लगायी गयी, मेले में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख सत्यभामा मौर्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान मेले में दस गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का प्रमाण पत्र ,सात किसानों को सरसों व ढ़ैंचा का बीज व कृषि उपकरण का वितरण किया गया।इसके अलावा दिव्यांगों को ट्राई साइकिल दी गई। इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी केशवराम चौधरी, जिला उद्यान निरीक्षक सुनील कुमार, बीडीओ प्रवीण कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, क्षेत्रीय मंत्री अभिलाष चंद्र कौशल आदि लोग मौजूद रहे।

## अमृत महोत्सव व गरीब कल्याण मेला : लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों ने दिया योजना का लाभ

● राज्यमंत्री श्रीराम चौहान ने डीएम-एसपी के साथ एक्सपोर्ट कॉनक्लेव का शुभारम्भ किया

संवाददाता। संतकबीरनगर



मंचासीन राज्यमंत्री एवं डीएम-एसपी तथा दिव्यांगो को उपकरण प्रदान करते विधायक सदर
पायनियर

**आजादी** की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जनपद में 'आजादी का अमृत महोत्सव' का भव्य आयोजन वाणिज्य सप्ताह के रूप में किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद के मंगलम मैरेज हाल में आयोजित एक्सपोर्टर्स कॉनक्लेव का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीराम चौहान राज्य मंत्री द्वारा फीता काट कर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मंत्री ने जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ के साथ जनपद के उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों एवं लाभार्थी परक विभागीय योजनाओं से सम्बंधित लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया। एक्सपोर्टर्स कॉनक्लेव के शुभारम्भ अवसर पर उपस्थित जनपद के उद्यमियों को सम्बोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि जनपद विगत वर्षो में भी सूत कपड़ा एवं वर्तन उद्योग के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और यहा के स्थानीय उत्पादो का निर्यात होता रहा है। उन्होंने कहा कि उत्पादन व्यवस्था के आधुनिकरण, मशीनीकरण एवं निर्मित उत्पाद की गुणवत्ता एवं मांग को विश्व बाजार में स्थापित करने के उद्देश्य से देश एवं प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर प्रयासरत है जिसका परिणाम भी दिख रहा है। मंत्री ने कहा कि पंडित दीनदायल उपाध्याय के अन्त्योदय की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का जीवन स्तर सुधारने और उसे विकास के मुख्य धारा से जोड़ने हेतु विभिन्न योजनाओं के माध्यम से किये जा रहें प्रयासो की सराहना किया। मंत्री ने सभी उद्यमियों के सफ्लता की कामना करते हुए कहा कि उद्यमीगण निर्यातोन्मुखी एवं उच्च गुणवत्ता उत्पाद निर्माण की दिशा में प्रयासरत रहें और उद्योग एवं उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा उपलब्ध सरकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठावे। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने एक्सपोर्टर्स कॉनक्लेव में स्थानीय उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहो द्वारा बखिरा निर्मित पीतल एवं फूल धातू के बर्तन, कपड़ा एवं अगबत्ती आदि उत्पादों की डिजाईन एवं गुणवत्ता की तारीफ करते हुए कहा कि जनपद में प्रतिभा/इनोबेशन की कमी नही है, इसे तराशते हुए मार्केट में पहुचने की जरूरत है।

## क्विक न्यूज

### अमरेंद्र पाण्डेय को मिली पीएचडी की उपाधि


सर्टिफिकेट प्राप्त करते प्रबन्धक

**संतकबीरनगर।** नगर पंचायत हरिहरपुर में स्थित अम्बा ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रबंधक अमरेंद्र पाण्डेय को पीएचडी की उपाधि आज प्राप्त हुई है। अमरेंद्र पाण्डेय ने पीएचडी की उपाधि मिलने पर कहा कि यह उपलब्धि पूज्य माता पिता के आशीर्वाद एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन से प्राप्त हुआ है। उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की।

### समृद्धि गोष्ठी का सजीव प्रसारण

**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन सहकार से समृद्धि गोष्ठी का सजीव प्रसारण जनपद के चार सौ से अधिक सीएससी जन सेवा केन्द्रों से हजारों किसानों तथा स्थानीय लोगों को दिखाया गया। सीएससी के जिला प्रबंधक बलवंत सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सहकारी सम्मेलन देश का पहला सहकारी सम्मेलन है। यह भारत के इतिहास में पहला मौका है जब भारत की सभी प्रमुख सहकारी समितियों के प्रतिनिधि दिल्ली में एक साथ बड़े लक्ष्य को लेकर रोडमैप तैयार करेंगे, जिससे देश के किसानों व कृषि संबंधित व्यवसायियों को एक नई दिशा मिलेगी कार्यक्रम का शुभारंभ देश के गृह मंत्री व सहकारिता मंत्री अमीत शाह ने दिप प्रज्ज्वलित करके किया तथा स्वागत भाषण ईफ्को के चेयरमैन बलविंदर सिंह नकई ने दिया, कार्यक्रममें कृभको, नेफेड, अमूल व सहकार भारती जैसी दिग्गज सहकारी संस्थाओं ने प्रतिभाग किया। वीएलई योगेश इमरान द्वारा जिले के सभी केंद्रों द्वारा सैंकड़ो कृषकों तथा स्थानीय नागरिकों को राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन सहकार से समृद्धि गोष्ठी का सजीव प्रसारण कार्यक्रम दिखाया गया।

### मिशन रोजगार योजना प्रारम्भ-पीडी डूडा

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण प्रमेन्द्र सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र के युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार सेवायोजित करने हेतु महत्वकांक्षी योजना 'मिशन रोजगार' प्रारम्भ की गयी है जिसमें शहरी गरीबों की आजीविका में सुधार एवं स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराये जाने एवं कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से सेवायोजित कराये जाने के लिए दीनदयाल अन्त्योदय योजना– राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

### स्वरोजगार कार्यक्रम के लिए आवेदन करें

**संतकबीरनगर।** अपर जिलाधिकारी (वि0रा0)/परियोजना निदेशक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) की ओर से संचालित दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वरोजगार कार्यक्रम में एकल ऋण के लिए अधिकतम 2 लाख तथा समूह ऋण के लिए 10 लाख रुपये दिए जाते है। इसके लिए इछुक लाभार्थी डूडा कार्यालय संत कबीर नगर में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आवेदन प्राप्त कर सकते है। यह आवेदन नि:शुल्क है। अधिक जानकारी के लिए फोन नंबर 7052152521, 9554166969, 8115352217 पर सम्पर्क कर सकते है।

### शौच के लिए गई महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**श्रावस्ती,मल्हीपुर।** थाना मल्हीपुर अंतर्गत ग्राम फ्तेहपुर बनगई निवाशिनी एक महिला शुक्रवार की रात घर से बाहर शौच के लिए गयी थी लेकिन रास्ते में ही उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गईए सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना मल्हीपुर के ग्राम मनवरिया भोजा की रहने वाली कमरूला पुत्री जुम्मन का विवाह उसी थाना क्षेत्र के ग्राम फ्तेहपुर निवासी ननकऊ से हुई थी दोनो की शादी के लगभग 20 साल पूरे हो चुके हैं। शुक्रवार की देर रात मृतक कमरूला अपने घर से शौंच के लिए बाहर निकली थी। लेकिन जब वह बहुत देर बीतने के बाद भी घर वापस नहीं लौटी तो उसके पति ने उसे खोजना शुरू कर दिया। खोजबीन करते 2 घण्टे बीतने के बाद राज महल मार्ग पर शमशाद के बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान के बगल में खड़ंजे के किनारे कमरूला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा दिखाई दिया। जिसके बाद मृतका के पति ननकऊ ने इस घटना की सूचना पत्नी के मायके वालों के साथ पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे जमुनहा चौकी प्रभारी अर्जुन पटेल ने शव को कब्जे में लेकर मामले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने बताया कि जांच की जा रही है लेकिन पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पस्ट होने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### गरीब किसान कल्याण मेले का हुआ आयोजन

**श्रावस्ती,इकौना।** विकास खंड इकौना के परिसर मे पंण् दीनदयाल जयंती के मौके पर गरीब किसान कल्याण मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश पांडेय ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए किसान कल्याण मिशन 2021 के अंतर्गत किसानों को कई प्रकार के लाभ प्रदान कर रही है। सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के अंतिम पात्र व्यक्तियो तक चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पहुंचाने मे लगी है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाभी प्रदान की साथ ही मत्स्य पालन पट्टे का प्रमाणपत्र खरगूपुर निवासी अरुण कुमार को दिया। साथ ही 15 गरीब किसान लाभार्थियों को मुफ्त सरसों के बीज वितरित किएए मुस्कान पुत्री काली प्रसाद को 150000 रुपये का चेक प्रदान किया। इस मौके पर लाभार्थी रीमा चौधरी को एलईडी बल्ब निर्माण के लिए लोन दिया गयाए खंड विकास अधिकारी इकौना एम पी सिंह ने मेले में उपस्थित लोगो व लाभार्थियों को गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत सरकार की योजनाओं के बारे में अवगत कराया।

## पटाक्षेप के कगार पर पहुंचा डा. वीके वर्मा व भाजपा जिलाध्यक्ष का मामला

संवाददाता। बस्ती

● सदर विधायक की पहल पर हल निकलने के आसार बढ़े

● एक दिन पहले मामला समाप्त हो जाता अगर डाक्टर बुलावे पर आ जाते

**पिछले** तीन चार दिन से भाजपा जिलाध्यक्ष महेश शुक्ल और डा. वीके वर्मा के बीच चल रहे वाकयुद्व के पटाक्षेप होने के आसार बढ़ गए हैं। यह पटाक्षेप शुक्रवार को ही हो जाता, अगर आयोजित बैठक में डा. वीके वर्मा आ जाते। दोनों के प्रतिष्ठा को देखते हुए हर कोई चाहता है, कि मामला जितनी जल्दी हो उतनी जल्दी समाप्त हो जाए, इसी में दोनों की बेहतरी है। इस मामले में सदर विधायक दयाराम चौधरी के प्रयास की सराहना हो रही हैं, और यह उम्मीद की जा रही हैं, कि रविवार तक मामला समाप्त हो जाएगा।

जिस तरह पिछले कुछ दिनों से इसे लेकर चर्चा हो रही है, उसे लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। जानकार बताते हैं, कि गलती दोनों ओर से कहीं न कहीं हुई है। यह सच है कि दोनों ने इस मामले में बड़ा होने का परिचय नहीं दिया। कुछ लोगों का तो यह तक कहना है कि अंत में नुकसान तो डा. वीके वर्मा का ही होता। जिलाध्यक्ष की तो अधिक से अधिक छवि ही खराब होती, मगर डा. वीके वर्मा का तो आर्थिक नुकसान हो सकता, मानसिक तनाव से अलग से गुजरना पड़ता और छवि पर भी प्रभाव पड़ता। कई लोग तो मीडिया तक को संयम बरतने तक की सलाह दे डाली। इसी बीच कई लोग यह भी कह रहे हैं कि गलती चाहें जिसकी भी हो मगर इस स्तर पर दोनों में से किसी को भी नहीं आना चाहिए। इनमें अधिकतर लोगों को सच्चाई से अनभिज्ञ होना बता रहें हैं। सदर विधायक का कहना है कि वह चाहते हैं कि मामला चाहें जिस तरह समाप्त हो। इसी को लेकर षुक्रवार की रात्रि में दोनों को बुलाया गया था, मगर डा. वीके वर्मा किन्हीं कारणवष नहीं पहुंच सके। बताया कि उनका प्रयास मामला समाप्त होने तक जारी रहेगा। उन्होंने एक दो दिन में पटाक्षेप होने का भरोसा दिलाया। विधायक का मानना है कि सवांदहीनता के कारण मामला यहां तक पहुंच गया।

## द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 24 से 30 सितम्बर तक चलेगा

**श्रावस्ती।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि शनिवार को द्वितीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के द्वितीय दिवस में सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहन (बस, ट्रक, ऑटो,ई–रिक्शा) तथा टैक्सी चालकों एवं यूनियन के पदाधिकारियों तथा आमजनमानस के प्रति सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम परिवहन कार्यालय के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षए दि बस आपरेर्टस यूनियन मल्हीपुर रामराज शुक्ला द्वारा यातायात नियमों के पालन एवं कोविड–19 के बचाव के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कराया गया। इस कार्यक्रम में यात्रीमालकर अधिकारी रणवीर सिंह चौहान, यातायात प्रभारी, लेखाकार सुरेन्द्र कुमार, व सहायक शिवम् सिन्हा आदि मौजूद रहे।

## एक दिवसीय विधानसभा क्षेत्र स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**रायबरेली।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लाक, न्याय पंचायत एवं ग्रामसभा अध्यक्षों एवं सभी पदाधिकारियों का एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बछरावां विधानसभा के महराजगंज में सम्पन्न हुआ। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला कांग्रेस द्वारा पांचो विधानसभाओं में प्रतिदिन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षको द्वारा कार्यकर्ताओं को मतदाताओं से संवाद करने के मुद्दे एवं बूथ मैनेजमेंट से सम्बन्धित जानकारी दी गई।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, सुशील पासी, रमेश शुक्ला, साहबशरण पासवान, पराग प्रसाद रावत, उपाध्यक्ष विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, अमर सिंह चौधरी, कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव, कृपाशंकर शुक्ला, गिरिजेश श्रीवास्तव, मो.उमर, गौरव मिश्रा, अवधेश चौधरी, इरशाद आलम, कृपाशंकर शर्मा, ज्ञानी त्रिवेदी, भरत मिश्रा, विवेकानंद चौरसिया सहित अन्य कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## समाधान दिवस पर पहुंचे फरियादी

**श्रावस्ती।** समाधान दिवस में आये हर फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना जाये और समय सीमा के अन्तर्गत उनका निराकरण भी सुनिश्चित करे। जिससे फरियादियों को अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। शिकायतों के निस्तारण में यदि फर्जी बाड़ा मिला तो निस्तारण करने वाले अधिकारीध्कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। उक्त बाते थाना सिरसिया में आयोजित समाधान दिवसध्थाना दिवस में फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण करने के दौरान जिलाधिकारी टी0के0 शिबु ने कही। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य ने कहा कि समाधान दिवस में आई छोटी बड़ी सभी शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज किया जाए तथा उनका समय सीमा के अंतर्गत मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। थाना सिरसिया में आयोजित समाधान दिवसध्थाना दिवस में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने राजस्व एवं पुलिस विभाग के टीमों को निर्देश दिया कि जो भी शिकायते प्राप्त हुई हैए उनका मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए जिससे उन प्रकरणों की पूर्णवृति न होने पावे।

## ये है 'श्मशान घाट' और 'अस्पताल' का रास्ता!

संवाददाता। बस्ती

● सड़क और पुलियों पर 15 सौ करोड़ खर्च होने के बाद भी जानलेवा सड़क पर चलने को मजबूर हैं लोग ● मंत्री सांसद और विधायक के दावे की खुली पोल



पुलिया में बड़ा होल और बदहाल सड़क
पायनियर

**चार** दिन पहले सरकार के साढ़े चार साल पूरा होने की खुशी में उपलब्धि गिनाने आए जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र सिंह उर्फ मोती सिंह, सांसद हरीश द्विवेदी और जिले के पांचों विधायकों ने दावा किया था, कि जिले की सभी सड़कें गडढ़ामुक्त एवं चलने योग्य हैं। यह भी कहा था कि सरकार जिले की सड़कों पर लगभग 15 सौ करोड़ खर्च कर चुकी है, ताकि आमजन के आवागमन में कोई असुविधा न हो, सभी विघायकों ने भी पुरजोर तरीके से मंत्री और सांसद के दावे का समर्थन किया था। मंत्री और माननीयों के दावे का सच अगर जानना हो तो कप्तानगंज–टीनिच मार्ग पर एकटेकवा चौराहे के पास रवई पुल के आगे पुलिया के पुलिया के बीचोबीच पांच बड़े गडढ़ों को देखने आ जाइए। आपको दावे और हकीकत के सच का पता चल जाएगा। आसपास के लोगों का कहना है, कि गडढ़ों के कारण रात्रि में अंधेरा होने के चलते साइकिल और मोटर साइकिल वाले गडढ़ों में गिर जाते हैं, इनमें कई तो श्मशाान घाट तक पहुंच चुके हैं, और कई अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। गांव वालों का कहना है कि पुलिया का निर्माण सिंचाई विभाग ने किया। सीआईबी बोर्ड न होने से लोगों को पता ही नहीं चल पाता कि किस कार्यदाई सांस्था ने निर्माण कराया और कितनी लागत से बना। इसी तरह का सच उसी रोड पर हरदी चौराहें के पास तथा तेनुईचेत मंदिर चौराहे के पास इतने बड़े–बड़े गडढ़े है कि राहगीर डर–डर कर सड़क पार करते हैं, फ्रि भी गिरने से नहीं बच पाते है। पुलिया वाली सड़क और गडढ़े वाली सड़क का निर्माण पीडब्लूडी प्रातीय खंड ने किया। सपा के पूर्व प्रवक्ता अजित सिंह, रुद्रप्रताप निषाद, अषोक सिंह, राजेष यादव, राजेश चौधरी, जीत बहादुर सिंह, राजू पाठक एवं संजय यादव सहित अन्य का कहना है कि सड़क और पुलिया के निर्माण से आम जनता को कम और नेताओं, ठेकेदारों और विभाग के लोगों को अधिक होता है। झूठी उपलब्धियों बताकर मंत्री, सांसद और माननीयगण आम लोगों को अधिक दिन तक बेवकूफनहीं बना सकते। सड़क, पुल, पुलिया के निर्माण पर लगभग 15 सौ करोड़ खर्च हो गया, मगर षायद ही कोई ऐसी सड़क और पुलिया बची हो जिस पर गडढ़े न हो। आमजन की माने तो सड़क और पुलिया निर्माण, मरम्मत और गडढ़ामुक्त सड़कों के नाम पर जिस तरह जिले में सरकारी धन का बंदरबांट हो रहा है, उसे देख सरकार को चाहिए कि सड़क निर्माण पर धन खर्च करना बंद कर दे, और सरकार को चाहिए इस धन को किसी जनकल्याणकारी योजना में लगाना चाहिए। प्रेसवार्ता में अखबारनबीषों ने मंत्रीजी को इस तरह का सुझाव भी दिया था।

### 'माननीय' नहीं करते खस्ताहाल सड़कों की शिकायत

**भले** ही चाहें सड़क, पुल और पुलिया की गुणवत्ता खराब हो षायद ही किसी माननीय ने घटिया गुणवत्ता की षिकायत की हो, इससे उन आरोपों की पुष्टि होती है, जिसमें कार्यदाई संस्था और माननीयों के बीच हुए कथित समझौते की बात कही जाती है। वहीं अगर कार्यदाई संस्थाओं के लोगों की बातों पर विष्वास किया जाए तो अधिकतर का निर्माण माननीयों के लोग ही करते हैं, यही कारण है कि षिकायते न के बराबर होती हैं। जबकि सांसद, विधायक, पूर्वाचंल विकास निधि, क्षेत्र पंचायत निधि और जिला पंचायत निधि से सड़कों एवं पुलिया का निर्माण होता है, और इस पर हर साल लगभग 20 करोड़ खर्च होता है।

# स्वास्थ्य क्षेत्र में सार्वजनिक खर्च में वृद्धि वक्त की जरूरत : नायडू

● उपराष्ट्रपति ने ग्रामीण क्षेत्रों में डाक्टरों को आकर्षित करने पर बल देते हुए कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पालों के साथ चिकित्सा समुदाय को आवास सुविधाओं तथा अन्य सहुलियतें प्रदान करनी चाहिए

**भाषा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली में विज्ञान भवन में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान छात्रों को प्रमाणपत्र देते उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू

**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने देश में स्वास्थ्य आधारभूत ढांचे में सार्वजनिक खर्च में वृद्धि की जरूरत को रेखांकित करते हुए शनिवार को कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए ताकि अधिक से अधिक संख्या में डाक्टरों को आकर्षित किया जा सके। उपराष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, कोविड महामारी ने दिखा दिया है कि एक मजबूत, सुगम्य और सस्ता चिकित्सा तंत्र कितना जरूरी है। जिस हिम्मत से भारत ने इस महामारी का सामना किया है वो हमारे नागरिकों के जुझारू जजूबे और हमारे डॉक्टरों, स्वास्थ्य कर्मियों जैसे अग्रिम पंक्ति के योद्धाओं के सेवा भाव को दिखाता है। नायडू ने कहा कि सभी को सार्वभौम एवं सुनिश्चित स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने का लक्ष्य कठित है लेकिन प्रतिबद्ध प्रयासों के साथ हम इसे हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को स्वास्थ्य के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में पहला कदम स्वास्थ्य क्षेत्र में सार्वजनिक खर्च बढ़ाना है। उपराष्ट्रपति ने ग्रामीण क्षेत्रों में डाक्टरों को आकर्षित करने पर बल देते हुए कहा कि अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पालों के साथ चिकित्सा समुदाय को आवास सुविधाओं तथा अन्य सहुलियतें प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आयुष्मान भारत योजना ने कितने ही गरीब परिवारों के लिए 5 लाख रूपए का स्वास्थ्य कवर सुनिश्चित किया है तथा योजना की शुरुआत से अबतक इसके तहत अस्पताल में काफी भर्तियां हो चुकी हैं। नायडू ने कहा कि 15वें वित्त आयोग ने स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण के लिए 13000 करोड़ रूपए आबंटित करने की सिफारिश की है जिससे 15 लाख रूपए और प्रशिक्षित कर्मी मिलने की संभावना है।उन्होंने कहा, आप जैसे संस्थानों से अपेक्षा है कि पैरामेडिक्स स्वास्थ्य कर्मियों के लिए छोटी अवधि के डिप्लोमा कोर्स चलाएं।

# जनसंख्या में तेज वृद्धि के चलते हो रहा है जनसांख्यिकीय परिवर्तन

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने कहा है कि जनसंख्या में तेज वृद्धि से राज्य के कुछ क्षेत्रों में जनसांख्यिकीय परिवर्तन हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप उन स्थानों से कई समुदायों का पलायन हो रहा है, साथ ही सांप्रदायिक शांति के लिए खतरा भी उत्पन्न हो रहा है।सरकार ने शुक्रवार को यहां एक आधिकारिक विज्ञप्ति में इस घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), सभी जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी) को समस्या के समाधान के लिए एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए।विज्ञप्ति में कहा गया है, सरकार ने अधिकारियों से सभी जिलों में समितियों का गठन करने को कहा जो इस मुद्दे के समाधान के लिए प्रशासन को सुझाव देंगी। इसके अलावा, शांति समितियों का भी गठन किया जाना चाहिए और स्थिति की समीक्षा के लिए समय-समय पर उनकी बैठकें आयोजित की जानी चाहिए। सभी जिलों में ऐसे क्षेत्रों की पहचान की जानी चाहिए और वहां रहने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्वाई की जानी चाहिए।विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य के बाहर से आने वाले और इन क्षेत्रों में रहने वाले आपराधिक रिकॉर्ड वाले लोगों की सूची भी उनके मूल निवास स्थान का सत्यापन करने के बाद तैयार की जानी चाहिए। जिलाधिकारियों (डीएम) को ऐसे क्षेत्रों में अवैध भूमि सौदों पर नजर रखने और यह देखने के लिए कहा गया है कि लोग डर या दबाव में अपनी जमीन न बेचें। जाली पहचानपत्र या मतदाता पहचानपत्र प्राप्त करने वाले विदेशी मूल के लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जानी चाहिए।विज्ञप्ति में कहा गया है कि ऐसे लोगों का रिकॉर्ड तैयार किया जाना चाहिए और कानूनी प्रावधानों के अनुसार उनके खिलाफ कार्वाई की जानी चाहिए।

# विद्यासागर की जयंती शिक्षक दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा करें

**भाषा।** कोलकाता

● जयंती हमारी शिक्षा प्रणाली में उनके योगदान को सम्मान देने के रूप मे मनाई जानी चाहिएः बंगाली समाज

**बंगाली उपराष्ट्रवाद को** बढ़ावा देने का कार्य करने वाले संगठन बांग्ला पोक्खो ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर समाज सुधारक ईश्वरचंद्र विद्यासागर की जयंती 26 सितंबर को राज्य में शिक्षक दिवस के तौर पर मानाने की घोषणा करने की मांग की है। संगठन का दावा है कि उसके द्वारा लिखे पत्र पर कवि जॉय गोस्वामी, शिक्षाविद पवित्र सरकार, भारतीय इतिहास के विशेषज्ञ नरसिंह प्रसाद भादुड़ी, गायक रूपम इस्लाम, विश्वभारती के पूर्व कुलपति सबुजकाली सेन सहित कई प्रख्यात बंगाली हस्तियों ने हस्ताक्षर किए हैं। संगठन ने कहा, ईश्वरचंद्र विद्यासागर प्रगतिशाली सोच के अगुआ थे। उन्होंने आधुनिक और समकालीन शिक्षा की नींव रखी। उनकी किताब वर्णोपरिचय के जरिए हमारे बच्चों ने दुनिया को जाना। संगठन की अपील पर भादुड़ी ने कहा, विद्यासागर अग्रणी थे जिनके पास संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के नाते पाठ्यक्रम में अंग्रेजी को शामिल करने की दूरदर्शिता थी। उन्होंने वर्णोपरिचय में संस्कृत के शब्दों को बच्चों के लिए अधिक समझने योग्य बनाया। इसलिए इसमें कोई दो राय नहीं है कि उनकी जयंती हमारी शिक्षा प्रणाली में उनके योगदान को सम्मान देने के रूप में मनाई जानी चाहिए। गौरतलब है कि देश में पांच सितंबर को पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस दिवस मनाया जाता है।

# तेजस्वी यादव ने जातिगत जनगणना के मुद्दे पर गैर भाजपा नेताओं को लिखा पत्र

**भाषा।** पटना

● बिहार में राजग के सहयोगियों में कुमार, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा प्रमुख जीतन राम मांझी और विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी जैसे नेता का नाम भी सूची में है

**राजद नेता** तेजस्वी यादव ने शनिवार को देश के गैर भाजपा नेताओं को पत्र लिखकर पिछड़े वर्गों के लिए जातिगत जनगणना के मुद्दे पर समर्थन मांगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय से कहा है कि पिछड़े वर्गों की जाति आधारित जनगणना प्रशासनिक रूप से कठिन और दुष्कर है बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने अलग-अलग दलों के नेता नीतीश कुमार, सोनिया गांधी, शरद पवार, ममता बनर्जी और अरविंद केजरीवाल को इस संबंध में पत्र लिखा है। यह पत्र 33 नेताओं को संबोधित है। यादव ने इसमें कहा, एक संवेदनहीन सरकार के लिए फिर दोहराया जा रहा है कि जाति व्यवस्था, जिसे डॉक्टर बी आर आंबेडकर श्रेणीबद्ध असमानता की प्रणाली बताते थे आबादी एक बड़े हिस्से के लिए नुकसान का बड़ा स्रोत रही है। केंद्र सरकार ने सिर्फ अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की गिनती के लिए सहमति व्यक्त की है, यह संख्यात्मक तौर पर ताकतवर ओबीसी के लिए चिंता की बात है। हिंदी पट्टी में राजनीति पर इस वर्ग का दबदबा रहा है, खासकर 1990 के बाद बिहार में। तेजस्वी यादव के पिता लालू प्रसाद और उनके चिर प्रतिद्वंद्वी नीतीश कुमार का राजनीति में कद ओबीसी सशक्तिकरण के लिए मंडल आंदोलन के बाद बढ़ा था। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता यादव ने कहा, हमें साथ आने की जरूरत है और जातिगत जनगणना के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर दबाव डालने की जरूरत है। उन्होंने कहा, मैं आपके सुझाव और सलाह पर विचार करने के लिए तैयार हूं ताकि हम बिना विलंब के इस पर तत्काल कार्ययोजना तैयार कर सकें। हाल में बिहार से दस दलों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी और जाति आधारित जनगणना कराए जाने की मांग की थी। यादव भी इस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। गैर भाजपा दलों के मुख्यमंत्रियों उद्धव ठाकरे, एम के स्टालिन, नवीन पटनायक, के चंद्रशेखर राव और जगमोहन रेड्डी तथा राजग से नहीं जुड़े राजनीतिक पार्टियों के नेताओं अखिलेश यादव, मायावती, फारुक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, प्रकाश सिंह बादल और सीताराम एचुरी का नाम भी पत्र की एक प्रति के साथ जोड़ा गया है। बिहार में राजग के सहयोगियों में कुमार, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा प्रमुख जीतन राम मांझी और विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी जैसे नेता का नाम भी सूची में है। वहीं लोजपा के चिराग पासवान तो इसमें शामिल हैं लेकिन लोजपा के प्रतिद्वंद्वी गुट के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस का नाम इस सूची में नहीं है। इसी तरह एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान को तो पत्र भेजा गया है लेकिन इसमें पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी का नाम शामिल नहीं है, जो भाजपा तथा कांग्रेस और राजद तथा इनके सहयोगियों की मुख्यधारा की विपक्षी पार्टियों से समान दूरी बनाने का दावा करते हैं।

## क्विक न्यूज

### गुजरात के निर्दलीय विधायक जिग्नेश मेवानी 28 सितंबर को कांग्रेस में शामिल होंगे

**अहमदाबाद।** गुजरात के निर्दलीय विधायक एवं प्रभावशाली दलित नेता जिग्नेश मेवानी ने जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार के साथ 28 सितंबर कांग्रेस में शामिल होने की घोषणा की है। भारतीय जनता पार्टी शासित गुजरात मे अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले यह घटनाक्रम हुआ है। मेवानी, 2017 के राज्य विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस के समर्थन से बनासकांठा जिले के वडगाम सीट से निर्वाचित हुए थे। उन्होने कहा, 28 सितंबर को, मै कन्हैया कुमार के साथ कांग्रेस में शामिल होऊंगा। उन्होंने कहा कि गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी प्रमुख हार्दिक पटेल भी दिल्ली मे इस कार्यक्रम मे शरीक होंगे, जहां वह (मेवानी) कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की मौजूदगी मे पार्टी में शामिल होंगे। पटेल ने एक बयान में कहा, हम उन सभी क्रांतिकारी युवाओं का स्वागत करते है, जो देश के विकास और कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करने को इच्छुक है तथा (महात्मा) गांधी, सरदार (पटेल) और (जवाहरलाल) नेहरू को अपना आदर्श मानते हैं। उन्होंने मेवानी को पुराना मित्र बताते हुए कहा कि उनके कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी। गुजरात कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता मनीष दोशी ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की भ्रष्ट नीतियो के खिलाफ लड़ने वाले हर व्यक्ति का कांग्रेस स्वागत करती है।

### सरकार बनने के चार महीने में हमने 505 में से 202 वारे पूरे किएः स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार चुनावी वादो को लेकर प्रतिबद्ध है और विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए 505 वादो में से 202 को पूरा किया है। इस अनोखी उपलब्धि पर गर्व करते हुए उन्होने दावा किया कि इस भारतीय उपमहाद्वीप मे किसी अन्य सरकार ने ऐसा नही किया। उन्होंने लोगो को आश्वस्त किया कि उपलब्धियो की सूची के साथ वह हर तीन माह मे एक बार उनसे मिलेंगे और सरकार की प्रगति से अवगत कराएंगे। मुख्यमंत्री ने ट्विटर पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, 505 वादों मे 202 वादे मेरी सरकार ने चार महीने मे पूरे किए। भारतीय उपमहाद्वीप की सभी सरकारों मे बस द्रमुक की सरकार को क्रियान्वन की ऐसी रफ्तार का श्रेय दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को क्षणिक रफ्तार के तौर पर नही देखा जाना चाहिए। स्टालिन ने कहा, हम इसी तरह अपना कार्य करते हैं और रोज करते रहेंगे। हम आपको अपनी सरकार की प्रगति के बारे में बताने के लिए हर तीन महीने पर उपलब्धियों की सूची के साथ एक बार आपसे मिलेंगे। उन्होने अपनी उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि सात मई को पदभार ग्रहण करने के कुछ ही घंटों में कोरोनो वायरस राहत के तौर पर राशन कार्डधारक सभी 2.09 करोड़ परिवारों को 4000 रूपए, अवैन दूध के दाम मे तीन रूपए प्रति लीटर की कमी, सरकारी सिटी बसो मे महिलाओ के लिए मुफ्त यात्रा आदि से संबंधित पांच अहम फाइलो पर दस्तखत किए।

### केरल ऑनलाइन गेम के आदी बच्चों के लिए डिजिटल नशा मुक्ति केंद्र खोलेगा

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शनिवार को ऑनलाइन गेम के आदी हो चुके बच्चो को मुख्यधारा में लाने के लिए राज्य मे डिजिटल नशामुक्ति केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने 20 और पुलिस थानो को बाल अनुकूल घोषित किया। राज्य में इस तरह के थानो की संख्या 126 हो गई। पुलिस विभाग के तहत आने वाले नव निर्मित या मरम्मत किए गए इमारतो का ऑनलाइन उद्घाटन करते हुए विजयन ने महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग के विभिन्न कार्यक्रमो की जानकारी देते हुए कहा कि ऑनलाइन गेम के आदी बच्चो को समाज की मुख्यधारा मे लाने के लिए पुलिस की तरफ से डिजिटल नशामुक्ति केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उनका यह बयान बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि राज्य मे हाल में कई ऐसे मामले सामने आए हैं जब बच्चे ऑनलाइन गेम की जाल में फंसे हैं।

### कोविड-19: महू के सैन्य छावनी क्षेत्र में सात और लोग संक्रमित पाए गए

**इंदौर (मध्य प्रदेश)।** इंदौर जिले के महू कस्बे स्थित सैन्य छावनी क्षेत्र में सात और लोगो के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद पिछले 48 घंटे के दौरान इस इलाके मे महामारी के नए मरीजो की तादाद बढ़कर 37 पर पहुंच गई है। मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी बीएस सैत्या ने शनिवार को यह जानकारी दी। सैत्या ने बताया कि कोविड-19 के सात नए मरीज भी 30 अन्य संक्रमितो के साथ महू के सैन्य अस्पताल मे भर्ती है और उनकी सेहत पर स्वास्थ्य विभाग की नजर बनी हुई है। सैत्या ने बताया कि महू के सैन्य छावनी क्षेत्र में पिछले 48 घंटे के दौरान मिले सभी 37 संक्रमित महामारी रोधी टीके की दोनों खुराकें ले चुके है।



मजदूर नेता दिवंगत अन्नासाहेब पाटिल की 88वी जयंती के अवसर पर नवी मुंबई मे श्रद्धांजलि देते केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव व देवेन्द्र फड़नवीस

# महाराष्ट्र में 22 अक्टूबर से खुलेंगे सिनेमा हॉल, ड्रामा थिएटर

**भाषा।** मुंबई

● राज्य सरकार ने शुक्रवार को धार्मिक स्थलों को सात अक्टूबर से फिर से खोलने की घोषणा की थी

**महाराष्ट्र के** मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शनिवार को कहा कि राज्य में सिनेमा हॉल और ड्रामा थिएटरों को कोरोनोवायरस के प्रसार को रोकने के लिए आवश्यक सभी दिशा निर्देशों का पालन करने की शर्त पर 22 अक्टूबर से खोलने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही इस संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करेगी। ठाकरे ने कोविड-19 कार्य बल की एक बैठक को संबोधित किया, जिसमें शिवसेना के राज्यसभा सदस्य संजय राउत, राज्य के मुख्य सचिव सीताराम कुंटे, फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी और कुणाल कपूर, थिएटर से जुड़े मकरंद देशपांडे, मराठी अभिनेता सुबोध भावे, आदेश बांदेकर आदि भी शामिल थे। बैठक में यह घोषणा की गई कि सिनेमा हॉल और ड्रामा थिएटरों को 22 अक्टूबर से काम करने की अनुमति दी जाएगी, बशर्ते वे कोविड-19 से संबंधित सभी स्वास्थ्य नियमों का पालन करें। राज्य सरकार ने शुक्रवार को धार्मिक स्थलों को सात अक्टूबर से फिर से खोलने की घोषणा की थी और कोरोनोवायरस से संबंधित दिशा निर्देशों को सख्ती से लागू करने के संबंध में भक्तों और पूजा स्थलों का प्रबंधन करने वाले अधिकारियों के लिए एक एसओपी जारी किया था। उसी दिन राज्य सरकार ने यह भी घोषणा की थी कि चार अक्टूबर से समूचे राज्य के स्कूलों में प्रत्यक्ष कक्षाएं फिर से शुरू होंगी। स्कूल शिक्षा मंत्री वर्षा गायकवाड़ ने कहा था कि ग्रामीण क्षेत्रों के सभी स्कूलों में कक्षा पांच से 12 तक और शहरी क्षेत्रों में कक्षा आठ से 12 तक फिर से कक्षाएं शुरू होंगी।

स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र में शुक्रवार को कोरोनोवायरस संक्रमण के 3286 नए मामले आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 65,37,843 हो गई। वहीं, संक्रमण से 51 मरीजों की मौत होने से मृतक संख्या बढ़कर।,38,776 हो गई है। राज्य में 3933 रोगियों को अस्पतालों से छुट्टी मिलने के साथ ठीक होने वालों की संख्या बढ़कर 63,57,012 हो गई है। महाराष्ट्र में वर्तमान में 39,491 उपचाराधीन रोगी हैं।

# महाराष्ट्र में भाजपा को सत्ता मे आने का एक और अवसर मिलेगा : फडणवीस

**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि उतार-चढ़ाव लोकतंत्र का हिस्सा है और उम्मीद है कि भाजपा को महाराष्ट्र में फिर से सरकार बनाने का एक और मौका मिलेगा। मजदूर नेता दिवंगत अन्नासाहेब पाटिल की 88वीं जयंती के अवसर पर नवी मुंबई में मथाडी कर्मियों की एक सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने हेड-लोडर से संबंधित मुद्दों के त्वरित समाधान का आह्वान किया। उन्होंने कहा, हमें फिर से सत्ता में आने का मौका मिलेगा। उतार-चढ़ाव लोकतंत्र का हिस्सा हैं। फडणवीस ने कहा कि अगर उनकी सरकार को और समय मिलता तो मथाडी कर्मियों के मुद्दों को सुलझा लिया जाता। अक्टूबर 2019 में विधानसभा चुनाव के बाद शिवसेना के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी की सरकार सत्ता में आई। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, अब इस सरकार के पास मथाडी कर्मियों की समस्याओं को हल करने का अवसर है। मुझे विश्वास है कि मुद्दों को हल किया जाएगा। भले ही मुद्दों का समाधान न हो... हमें (इन मुद्दों को हल करने के लिए) एक और मौका मिलेगा। लेकिन यह सिर्फ एक मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी दलों को राजनीति किए बिना मथाडी कर्मियों के लिए काम करने की कोशिश करनी चाहिए। समारोह में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव और कई अन्य मथाडी नेताओं के साथ नवी मुंबई के भाजपा नेता मौजूद थे। फडणवीस ने केंद्रीय मंत्री से आयकर अधिनियम की धारा 194 सी के तहत दी गई छूट से संबंधित मुद्दे को हल करने का अनुरोध किया, जिसे नए आईटी पोर्टल में संबोधित नहीं किया गया है।

# वोटों के सियासी सौदागरों ने स्वतंत्रता के बाद 75 वर्षों तक अल्पसंख्यकों को धोखा दियाः नकवी

**भाषा।** मुंबई

**केंद्रीय मंत्री** एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को कांग्रेस पर परोक्ष तौर पर निशाना साधते हुए अल्पसंख्यकों को उनके वोटों के सियासी सौदागरों से आगाह किया और दावा किया कि ऐसे लोगों ने धर्मनिरपेक्षता का नकाब पहन रखा है।महाराष्ट्र के लिए भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रशिक्षण शिविर और राज्य कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए नकवी ने कहा कि आजादी के बाद पिछले 75 वर्षों के दौरान, अल्पसंख्यक वोटों के सियासी सौदागरों ने अल्पसंख्यकों को धोखा देने के लिए अपने राजनीतिक शतरंज की बिसात पर 75 चालें चलीं। राज्यसभा में उपनेता ने कहा, भय का माहौल बनाना, असहिष्णुता का हौआ खड़ा करना, धर्म का जाल बुनना और अफवाहें फैलाना अल्पसंख्यक समुदायों का राजनीतिक शोषण करने का उनका पुराना फॉर्मूला है। नकवी ने कहा कि अल्पसंख्यकों को ऐसे सियासी सौदागरों से सावधान रहना चाहिए जो अल्पसंख्यक वोटों को हथियाने के लिए धर्मनिरपेक्षता का नकाब पहनकर घूम रहे हैं। उन्होंने अपने भाषण में, छद्म-धर्मनिरपेक्षतावादियों को उनके दोहरे मानकों के लिए आड़े हाथ लिया। नकवी ने कहा, छद्म धर्मनिरपेक्षतावादियों के पाखंड की पराकाष्ठा यह है कि शिवसेना को भाजपा के साथ रहने पर सांप्रदायिक करार दिया जाता है और कांग्रेस के साथ जाने पर उसे धर्मनिरपेक्षता का प्रमाणपत्र मिल जाता है। यह छद्म धर्मनिरपेक्ष सिंडिकेट एक प्रमाणपत्र केंद्र चला रहा है जो किसी को मिनटों में सांप्रदायिक और धर्मनिरपेक्ष बनाता है। महा विकास अघाड़ी का नेतृत्व करने वाली शिवसेना, महाराष्ट्र में राकांपा और कांग्रेस के साथ सत्ता साझा करती है।नकवी ने कहा कि लोगों, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों ने देखा है कि ए अल्पसंख्यक वोट के सौदागर अल्पसंख्यकों के राजनीतिक शोषण में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि धर्मनिरपेक्षता और समावेशी विकास भाजपा के लिए ैसंवैधानिक प्रतिबद्धतौ है।उन्होंने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों ने सम्मान के साथ विकासै और तुष्टिकरण के बिना सशक्तिकरणै की प्रतिबद्धता के साथ काम किया है, जिससे अन्य वर्गों के साथ-साथ अल्पसंख्यकों का समान विकास सुनिश्चित हुआ है।

नकवी ने कहा कि पिछले सात वर्षों में अकेले हुनर हाटै पहल के माध्यम से 5,50,000 से अधिक कारीगरों, शिल्पकारों और उनसे जुड़े लोगों को रोजगार और रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं।उन्होंने कहा, पिछले सात वर्षों में, 5 करोड़ से अधिक अल्पसंख्यक छात्रों को विभिन्न छात्रवृत्तियां दी गई हैं। 50 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी लड़कियां हैं। मुस्लिम लड़कियों की स्कूल छोड़ने की दर जो पहले 70 प्रतिशत थी, अब घटकर 32 प्रतिशत हो गई है। हमारी प्रतिबद्धता आने वाले दिनों में इसे शून्य प्रतिशत तक लाने की है। नकवी ने कहा कि ैप्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रमै के तहत भारत के पिछड़े और वंचित क्षेत्रों में हजारों करोड़ रुपए का बुनियादी ढांचा जैसे स्कूल, कॉलेज, स्मार्ट क्लासरूम, आईटीआई, हॉस्टल, आवासीय विद्यालय, सद्भाव मंडप, कौशल विकास केंद्र, कॉमन सर्विस सेंटर, मार्केट शेड, पेयजल स्वास्थ्य सुविधाएं, खेल सुविधाएं आदि का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा, इसके अलावा मोदी सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं से भी अल्पसंख्यकों को बड़े पैमाने पर फायदा हुआ है। केंद्र की ओर से देशभर में दो करोड़ लोगों को आवास मुहैया कराए गए हैं और 31 फीसदी लाभार्थी अल्पसंख्यक हैं। 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि दी गई है और 33 प्रतिशत लाभार्थी अल्पसंख्यक समुदायों से हैं। नकवी ने यह भी कहा कि 8 करोड़ उज्ज्वला योजना लाभार्थियों में से 37 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदायों की महिलाएं हैं।उन्होंने कहा कि मुद्रा योजना से 31 करोड़ लोग लाभान्वित हुए हैं और उनमें से 36 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं।उन्होंने कहा, देश भर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत कुल 13 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया गया है और 22 प्रतिशत लाभार्थी अल्पसंख्यक हैं। इसके अलावा, जन धन योजना , आयुष्मान भारत , हर घर जल योजना गांवों का विद्युतीकरण जैसी अन्य योजनाओं के 22 से 37 प्रतिशत लाभार्थी (अल्पसंख्यक समुदायों से) हैं।

# पालघर में अंतिम संस्कार के दौरान हंगामा तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के एक गांव में अंतिम संस्कार के दौरान हंगामा करने और शोकाकुल लोगों पर हमला करने के आरोप में तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 297 (अंतिम संस्कार की जगह का अतिक्रमण), 341 (गलत तरीके से रोक लगाने पर दंड) और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत शुक्रवार को सफाले पुलिस थाना में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को हुई घटना के संबंध में अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार, कुछ समय से बीमार 55 वर्षीय महिला की मौत के बाद उसके अंतिम संस्कार के दौरान आरोपी विनोद सखाराम ठाकुर, सरिता विनोद ठाकुर और नचिकेत विनोद ठाकुर ने शोकाकुल लोगों को गांव के श्मशान घाट में प्रवेश करने से रोक दिया।अधिकारी ने बताया कि तीनों ने अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले ग्रामीणों को कथित तौर पर अपशब्द कहे और उनमें से कुछ के साथ मारपीट की। ग्रामीणों में से एक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि आगे की जांच जारी है।

## मधुमेह पीड़ित रोगियों में अधिक खतरनाक हो सकता है कोरोना

कोविड-19 से पीड़ित और 40 साल से ज्यादा उम्र के जिन वयस्कों को टाइप-1 मधुमेह है उनके इसी रोग से पीड़ित बच्चों की तुलना में अस्पताल में भर्ती होने की आशंका सात गुना ज्यादा है। एक अध्ययन के नतीजे में यह जानकारी सामने आई। एंडोक्राइन सोसाइटी के जर्नल ऑफ क्लिनिकल एंडोक्राइनोलॉजी एंड मेटाबोलिज्म में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया, मधुमेह के रोगियों को कोविड-19 से संबंधित स्वास्थ्य जटिलताओं का खतरा अधिक है, विशेषकर यदि उनकी आयु 40 वर्ष से ज्यादा है। अध्ययन के अनुसार, कोविड-19 से पीड़ित बच्चों में श्वास संबंधी गंभीर लक्षण होना दुर्लभ है और उनमें प्रायः लक्षण नहीं दिखाई देते। इसके विपरीत वयस्कों में श्वास संबंधी कई प्रकार की समस्याएं होती हैं।

**DOC टॉक**



डॉ. श्वेता गोस्वामी

चिकित्सा निदेशक
जीवा फर्टिलिटी क्लिनिक, नोएडा

## पीकोस के लिए आदर्श शाकाहारी आहार



पीकोस यानि पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम के साथ महिलाओं में हार्मोनल असंतुलन अनियमित माहवारी का कारण बनता है और उनके लिए गर्भवती होना कठिन बना देता है। पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम को आम तौर पर पीसीओएस या पीकोस के रूप में जाना जाता है, यह एक ऐसी स्थिति है जो हार्मोनल असंतुलन का कारण बनती है और आपके चयापचय के साथ समस्याएं पैदा करती है। एम्स द्वारा किए गए एक अध्ययन से पता चलता है कि प्रसव उम्र (15 से 44 वर्ष की आयु) की 20.25 प्रतिशत भारतीय महिलाएं पीसीओएस से पीड़ित हैं। यह मधुमेह, अवसाद, हृदय संबंधी समस्याओं जैसी अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को भी जन्म दे सकता है। पीसीओएस ग्रसित महिलाएं अधिक मात्रा में पुरुष हार्मोन उत्सर्जित करती हैं। हार्मोनल असंतुलन के कारण उन्हें मासिक धर्म नहीं आता है और उनके लिए गर्भवती होने में कठिनाई होती है। ऐसे में आपका आहार एक बैंक खाता है। अच्छे भोजन विकल्प अच्छे निवेश होते हैं।

**आहार के माध्यम से पीसीओएस से लड़ें :**

◆ **फाइबरयुक्त खाद्य पदार्थ**

फाइबर आपको भरा रखता है, स्वास्थ्य में सुधार करता है, और वजन घटाने में सहायता करता है। इसके अच्छे स्रोतों में जौ, दलिया, सेम, नट और फल आते हैं। ब्रोकली, फूलगोभी, बीन्स, बादाम, शकरकंद, कद्दू भी अच्छे फाइबरयुक्त आहार माने जाते हैं।

◆ **हरी पत्तीदार सब्जियां**

वजन कम करने की कोशिश में लगी महिला को इन्हें खाने की विशेष सलाह दी जाती है। ये आयरन, पोटेशियम, कैल्शियम और विटामिन के, सी, ई और बी से भरपूर होती हैं।

◆ **जलन-रोधी भोजन और मसाले**

जलन या सूजनरोधक आहार में बहुत सारे प्रोबायोटिक्स, फाइबर, एंटीऑक्सिडेंट और ओमेगा -3 एस जैसी लाभकारी तत्व होते हैं, जिसका अर्थ है सब्जियां, साबुत फल, साबुत अनाज, फलियां से भरपूर आहार। टमाटर, पालक, बादाम और अखरोट, जैतून का तेल, हल्दी, दालचीनी भी इस उद्देश्य की पूर्ति करते हैं।

◆ **फल**

फ्रक्टोज सामग्री के कारण कुछ लोग इनका सेवन करने में संकोच कर सकते हैं, हालांकि, फलों में अनेक खनिज, पॉली पोषक तत्व और फाइबर होते हैं। अमरूद, नाशपाती, स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, कीवी, सेब, संतरा और तरबूज जैसे कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फलों का सेवन करें।

◆ **स्वस्थ वसा**

ज्यादातर लोगों के लिए, 'वसा' शब्द पीसीओएस के साथ कारगर होता नजर नहीं आता है, लेकिन आपको स्वस्थ वसा खाने की जरूरत है जो आवश्यक फैटी एसिड प्रदान करती है। इसमें बीज, जैतून का तेल, एवोकैडो और नट्स शामिल हैं।

◆ **लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स या जीआई डाइट**

जीआई मापता है कि कोई आहार कितनी जल्दी रक्त शर्करा के स्तर को बढ़ाता है। तो कम जीआई आहार रक्तशर्करा के स्तर को धीरे-धीरे बढ़ाकर इंसुलिन स्पाइक्स को रोकने में मदद करता है। कम जीआई आहार में साबुत दुबला प्रोटीन, साबुत अनाज, फल और सब्जियां व स्वस्थ वसा सेवनयोग्य होते हैं। इसके अलावा, कम जीआई आहार लेने के फायदे चिकित्सकीय रूप से बहुत सारे अध्ययनों और सर्वेक्षणों द्वारा समर्थित हैं।

**इन चीजों के सेवन से बचें :**

* चीनी और सोडा या जूस जैसे स्नैक्स या पेय पदार्थ।
* सफेद ब्रेड और मफिन जैसे परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट से भरपूर आहार
* डेयरी उत्पादों के अधिक सेवन से बचें, क्योंकि वे टेस्टोस्टेरोन के स्तर में वृद्धि का कारण बनते हैं
* सामान्य तौर पर कैफीन महिलाओं की प्रजनन क्षमता को प्रभावित करती है
* सफेद आटे से बनी कोई भी सामग्री
* आलू, मक्का और मटर जैसी स्टार्चयुक्त सब्जियां
* कुकीज, केक और कैंडी जैसे मीठे खाद्य पदार्थ।
* डिब्बाबंद, प्रोसेस्ड भोजन, जंक, या फास्ट फूड से बचें।

**इन सकारात्मक उपायों को अपनाया जा सकता है:**

पूरे दिन ढेर सारा तरल पदार्थ लें और कम कैलोरीयुक्त (चना, फल, अंकुरित अनाज) आहार सेवन करें।

नाश्ते को सबसे बड़ा भोजन और रात के खाने को सबसे छोटा भोजन बनाने से पीकोस में हार्मोनल असंतुलन को संतुलित किया जा सकता है।

अपने कार्ब सेवन को कम करने से पीकोस से जुड़े हार्मोनल असंतुलन में सुधार हो सकता है और पीकोस ग्रसित महिलाओं में वजन कम हो सकता है।

तनाव को दूर रखें। इसलिए कोशिश करें कि घबराएं नहीं और शांति से डाइट प्लान करें या दवा लें।

पीकोस का कोई सुनिश्चित इलाज या दवा नहीं है। फिर भी स्वस्थ जीवन शैली को अपनाकर, जो एक बेहतर आहार व नियमित व्यायाम पर आधारित होती है, आपको अनेक स्तर पर रोग से लड़ने में मदद मिल सकती है।

## समर कूलर

### हरी मिर्च



हम में से अधिकांश के लिए, मानसून का मौसम चाय की चुस्की लेने और आराम से बैठकर पकौड़े और समोसे खाने से संबंध रखता है। हम कम ही जानते हैं कि बारिश का मौसम अपनी खास स्वास्थ्य समस्याओं के साथ भी आता है जो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को परीक्षण में डाल सकती है। हरी मिर्च में मौजूद एक अल्कलॉइड है जो अनेक स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है। यह विटामिन सी और विटामिन के से भी भरपूर होता है। हरी मिर्च एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होती है जो फ्री रेडिकल्स को निष्क्रिय करके घातक बीमारियों से लड़ने में मदद करती है। सुचारू पाचन के लिए, यह हाइड्रोक्लोरिक एसिड के उत्पादन को बढ़ाती है और आपको गैस से छुटकारा दिलाने में मदद करती है। इसमें मौजूद जीवाणुरोधी क्षमताएं बैक्टीरिया को मारकर खाद्य विषाक्तता का खतरा कम करती हैं।



अल्जाइमर्स एंड रिलेटेड डिसऑर्डर्स सोसाइटी ऑफ इंडिया के मुताबिक, इस बीमारी से पीड़ित लोगों की संख्या 7.6 मिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है। **डॉ. रजनीश कुमार** बता रहे हैं कि कैसे शुरुआती चरणों में दवा और संज्ञानात्मक प्रशिक्षण इसकी प्रगति को धीमा करने में मदद कर सकते हैं

# अल्जाइमर के रोग से कैसे निपटें

दुनिया भर में लाखों लोग अल्जाइमर रोग से पीड़ित हैं, यह स्थिति इसे वैश्विक संकट बनाती है। भारत में, 5.3 मिलियन से अधिक लोग किसी न किसी रूप में डिमेंशिया या मनोभ्रम (ऐसी स्थिति जिसमें स्मृति, संचार, सोच और सामाजिक क्षमताएं बिगड़ जाती हैं) से पीड़ित हैं, जिनमें से अधिकांश अल्जाइमर रोग से उत्पन्न होते हैं। अल्जाइमर एंड रिलेटेड डिसऑर्डर सोसाइटी ऑफ इंडिया (एआरडीएसआई) द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अल्जाइमर रोग से पीड़ित लोगों की संख्या 7.6 मिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है। यह रोग मुख्य रूप से बुजुर्गों को प्रभावित करता है जहां पर्यावरण व आनुवंशिक कारकों का संयोजन आमतौर पर इसकी शुरुआत का कारण बनता है। हालांकि इस बीमारी का कोई इलाज उपलब्ध नहीं है, मगर शुरुआती चरणों में दवा और संज्ञानात्मक पुनर्प्रशिक्षण इसकी प्रगति को धीमा करने में मदद कर सकते हैं।

भारत की वर्तमान जनसंख्या लगभग 1.39 बिलियन होने का अनुमान है, जिसमें बुजुर्गों की आबादी 2031 में 13.1 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। जनसांख्यिकीय उम्र बढ़ने से, भारत को डिमेंशिया या मनोभ्रंश का खामियाजा भुगतना पड़ेगा जो कि जैसे-जैसे साल बीतेंगे, यह बढ़ता जाएगा। 2015 में, भारत में 60 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 4.1 मिलियन लोग डिमेंशिया से पीड़ित थे। यह 2025 तक बढ़कर 6.35 मिलियन और 2050 तक 13.33 मिलियन होने का अनुमान है। 60-75 वर्ष के आयु वर्ग के भीतर मनोभ्रंश का अनुपात आने वाले दशकों में लगातार बढ़ने की उम्मीद है, जिसका देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। भारत में अल्जाइमर संबंधी जागरूकता, प्राथमिकता और उपचार की कमी के कारण, भारत को जटिल समस्याओं का सामना करना पड़ेगा यदि सही दिशा में कदम नहीं उठाए गए।

**संभावित जोखिम**

● **आयु**

बुढ़ापा इस बीमारी के विकास के लिए सबसे बड़े जोखिम कारकों में से एक है। अल्जाइमर रोग से पीड़ित होने वाले अधिकांश लोगों की आयु 65 वर्ष या उससे अधिक होती है।

● **जेनेटिक्स**

वैज्ञानिकों ने जीन के विभिन्न प्रकारों की पहचान की है जो अल्जाइमर रोग के विकास की संभावना को बढ़ाते हैं। अल्जाइमर रोग की ओर ले जाने वाला सबसे आम जोखिम जीन एपीओई-ई4 जीन है। यह अनुमान लगाया गया है कि यह जीन अल्जाइमर के एक-चौथाई मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

● **परिवारिक इतिहास**

इस रोग के विकसित होने की संभावना तब बढ़ जाती है जब किसी के भाई-बहन या माता-पिता अल्जाइमर से प्रभावित होते हैं। हालांकि यह अभी भी पूरी तरह से समझ में नहीं आया है कि परिवारों में अल्जाइमर किस कारण से फैलता है, आनुवंशिकी, जीवन शैली और पर्यावरणीय कारक सभी भूमिका निभा सकते हैं।



आने वाले दशकों में 60-75 वर्ष के आयु वर्ग के भीतर मनोभ्रंश का अनुपात आने वाले दशकों में लगातार बढ़ने की उम्मीद है, जिसका देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। जोखिम कारकों का एक बेहतर ज्ञान रोगियों और परिवार के सदस्यों को जल्दी इलाज कराने के लिए प्रभावित करेगा और स्वास्थ्य पेशेवरों को बीमारी का पता जल्द पता लगाने की अनुमति देगा

**- डॉ. रजनीश कुमार**

● **हृदयधमनी रोग**

मस्तिष्क के स्वास्थ्य का रक्त वाहिकाओं और हृदय के स्वास्थ्य से गहरा संबंध है। हृदय रक्त पंप करता है जो मस्तिष्क को पोषक तत्व और ऑक्सीजन प्रदान करता है। इस प्रकार, कार्डियोवैस्कुलर बीमारी का कारण बनने वाले कारक भी अल्जाइमर के विकास के उच्च जोखिम से जुड़े हो सकते हैं जैसे मोटापा, मधुमेह, धूम्रपान, उच्च कोलेस्ट्रॉल और उच्च रक्तचाप।

● **मस्तिष्क को दर्दनाक चोट**

गंभीर या मध्यम दर्दनाक मस्तिष्क की चोट के बाद अल्जाइमर रोग विकसित होने का जोखिम कुछ हद तक बढ़ जाता है, जैसे खोपड़ी का घाव या सिर पर चोट जो 30 मिनट से अधिक समय तक चेतना के नुकसान का कारण बनता है।

● **उपचार और सहायता**

वर्तमान में, अल्जाइमर रोग से होने वाली मस्तिष्क क्षति को रोकने का कोई उपचार उपलब्ध नहीं है। हालांकि, विभिन्न दवाएं उपलब्ध हैं जो अस्थायी रूप से मनोभ्रंश के लक्षणों को सुधारने में मदद कर सकती हैं। ये दवाएं मुख्य रूप से मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर को बढ़ाकर काम करती हैं। अल्जाइमर और अन्य उभरते मनोभ्रंश के इलाज के बेहतर तरीके खोजने के लिए अनुसंधान चल रहा है। वर्तमान में, अल्जाइमर रोग से जुड़ी मस्तिष्क कोशिका मृत्यु को रोकने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बहुत सारे औषधीय उपचार और उपचारों पर भी काम किया जा रहा है।

अल्जाइमर से पीड़ित लोगों व उनके देखभाल कर्ताओं और परिवारों दोनों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए

**व्यवहार संबंधी हस्तक्षेपों का उपयोग एक दूरगामी उपाय बन सकता है। इसमें शामिल हो सकते हैं :**

* सह-उपस्थित चिकित्सीय स्थितियों का उपचार
* गतिविधियों में भाग लेने से मूड में सुधार
* व्यवहारगत हस्तक्षेप जो आवेग, नींद की समस्याओं और आक्रामकता से निपटने में मदद कर सकते हैं ।
* प्रभावित व्यक्ति को बातचीत में शामिल करना
* व्यक्ति को नियमित व्यायाम गतिविधियों जैसे तैराकी, पैदल चलना आदि में शामिल करना।

भारत में अल्जाइमर रोग की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए, अल्जाइमर की वर्तमान घटनाओं और बोझ की संपूर्ण भारत में जांच करना अनिवार्य है। अल्जाइमर रोग का जीन (एपोईए-इ4) के लिए आनुवंशिक परीक्षण सेवाएं प्रदान करना और नैदानिक परीक्षण निधि देना भी समय की मांग है। चूंकि अल्जाइमर में आनुवांशिक, पर्यावरण और जीवन शैली सहित कई तरह के जोखिमपूर्ण कारक हो सकते हैं, इसलिए देश के लिए विशिष्ट नैदानिक परीक्षणों की आवश्यकता होती है और इन विशिष्ट नैदानिक परीक्षणों की निर्भरता विकसित देशों में किए गए परीक्षणों पर नहीं होती है। जोखिम कारकों का बेहतर ज्ञान रोगियों व परिवार के सदस्यों को जल्दी इलाज कराने के लिए प्रभावित करेगा और स्वास्थ्य पेशेवरों को बीमारी का जल्द पता लगाने का अवसर देगा।

**- लेखक पारस हॉस्पिटल्स, गुरुग्राम में न्यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष हैं**

# महामारी के बीच डिमेंशिया

कोविड महामारी के दौर में, डिमेंशिया या मनोभ्रम की बीमारी से पीड़ित लोगों को चिकित्सा सेवाओं में व्यवधान जैसी विभिन्न कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। लोगों को किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ा, इसके बारे में बता रहे हैं **डॉ. विवेक नाम्बियार**

**2021 में** प्रकाशित ब्राजील के अध्ययन से पता चला है कि कोविड के रोगियों में मृत्यु दर तीन गुना बढ़ जाती है यदि अगर उन्हें समवर्ती मनोभ्रंश या डिमेंशिया की समस्या हो। इंग्लैंड और वेल्स में इसी तरह की तस्वीर देखी गई है कि मनोभ्रंश रोगियों में उल्लेखनीय उच्च मृत्यु दर थी। इसलिए, कोविड और डिमेंशिया एक चुनौती है। भले ही कोविड बुजुर्ग लोगों को प्रभावित करता है, फिर भी उन्हें अल्जाइमर होने का खतरा होता है क्योंकि उनका मस्तिष्क वायरस के प्रति संवेदनशील होता है और आगे प्रतिरक्षात्मक क्षति होती है। साथ ही, उन्हें निमोनिया जैसी अन्य समवर्ती बीमारियां भी होंगी, और यह सब इन लोगों को मृत्यु के प्रति अधिक संवेदनशील बना सकता है। इसलिए, कोविड-19 संक्रमण होने पर अल्जाइमर रोग की मृत्यु दर बहुत अधिक होती है।

दूसरी ओर, यदि हम आयु के अनुसार मनोभ्रंश या डिमेंशिया के प्रसार को देखें तो 60-70 आयु वर्ग के लगभग 2 प्रतिशत लोगों में यह रोग है। साथ ही, जब 70 साल की प्रगति 80-90 के दायरे में पहुंचती है, तो उनमें डिमेंशिया का 20 प्रतिशत और नब्बे से अधिक उम्र होने पर इस रोग का प्रसार 34 प्रतिशत होता है। इस प्रकार, यह बहुत स्पष्ट है कि उम्र बढ़ने के साथ, डिमेंशिया का प्रसार बढ़ता है और इनमें से अधिकांश डिमेंशिया अल्जाइमर रोग हैं।

डिमेंशिया के पूर्व संदेशक को न्यूनतम संज्ञानात्मक हानि (एमसीआई) कहा जाता है। एमसीआई एक ऐसी स्थिति है जहां कुछ मेंब्रेन क्षति सामान्य जीवन में व्यवधान का कारण नहीं होती है। इस प्रकार की हल्की संज्ञानात्मक हानि वास्तव में स्मृति संकाय के लिए मस्तिष्क के बिगड़ने की शुरुआत है। तो, इन रोगियों में स्मृति, भाषा, तर्क और व्यक्तित्व में कुछ समस्याएं होंगी। इसलिए धीरे-धीरे यह गति प्राप्त करेगी और एक तिहाई लोग डिमेंशिया की स्थिति में जा सकते हैं और एक तिहाई लोग सामाजिक व्यवधान के बिना हल्की दुर्बलता की पुरानी स्थिति में रहेंगे और अन्य में भी कभी-कभी सुधार होगा। इसलिए सामुदायिक नमूनों में एमसीआई की मनोभ्रंश में वार्षिक रूपांतरण-दर लगभग 10 प्रतिशत है। भारतीय अध्ययनों में एमसीआई की व्यापकता लगभग 14-25 प्रतिशत है। 2007 से 2019 के बीच पूरे भारत में हुए कई अध्ययनों से यही पता चलता है। लेकिन, इसमें से केवल 10-15 प्रतिशत ही डिमेंशिया की ओर बढ़ते हैं। यदि वे एमसीआई से पूर्ण डिमेंशिया तक प्रगति को रोकने के लिए दवा ले सकें, तो उन्हें शुरू में अच्छी चिकित्सा सुविधा मिल सकती है और वे डिमेंशिया के कारण की पहचान कर सकते हैं।

पंजाब, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और केरल में बुजुर्ग लोगों की आबादी का प्रतिशत अधिक है। 2021 में, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में डिमेंशिया से पीड़ित लोगों का प्रतिशत बहुत अधिक है। आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में एक वर्ष में एमसीआई से ग्रस्त बुजुर्गों में डिमेंशिया विकसित होने की संभावना सबसे अधिक है।

डिमेंशिया की उचित न्यूरोलॉजिकल सहायता और निदान सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि जब कोई व्यक्ति लगातार स्मृति दुर्बलता महसूस करता है और अपने सामान्य जीवन को बिगाड़ना शुरू कर देता है, तो उन्हें कार्य का आकलन करने के लिए उचित विशेषज्ञ से परामर्श करना चाहिए, विभिन्न स्मृति परीक्षण कराने चाहिए और यदि यह कम पाया जाता है, तो उसे अपना उचित मूल्यांकन कराना होगा।

फिर हार्मोन की कमी होगी हाइपोथायरायडिज्म, पोषक तत्वों की कमी और कभी-कभी यकृत रोग हमारी याददाश्त को धीमा कर सकते हैं और रोगी भ्रमित हो जाते हैं। कभी-कभी, सबड्यूरल हेमेटोमा की पहचान करने के लिए एक साधारण सीटी स्कैन विशेष रूप से उपयोगी साबित होगा। सबड्यूरल हेमेटोमा सिर की चोट के कारण होता है जिसके कारण रक्त वाहिकाएं फट जाती है। यह जमा रक्त को मस्तिष्क तक धकेलने का कारण बन सकता है।

ये सभी कारक काफी हद तक इलाज योग्य हैं और शराब, भारी धातु विषाक्तता जैसे मादक द्रव्यों का सेवन है, ये सभी डिमेंशिया का कारण बन सकते हैं। इन संभावित प्रतिवर्ती चीजों की पहचान वास्तव में उन लोगों के जीवन को बदलने में मदद करेगी जो स्मृति दुर्बलता से प्रभावित हैं। और जिन रोगियों में डिमेंशिया होने के बारे में बताया गया है, उनमें डिमेंशिया की प्रसार को कम करने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए अनेक दवाएं हैं। भारत में स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था के सामने प्रमुख चुनौती, विभिन्न विकलांगताओं से ग्रसित लोगों के साथ आने वाली उस भारी आबादी की मदद करना होगा जो डिमेंशिया से पीड़ित होगी। महानगरीय शहरों में भी देखभाल गृहों की संख्या, संभावित स्तर पर आने वाले अक्षम रोगियों की भारी संख्या को सेवा प्रदान करने के लिए नाकाफी है।

- लेखक अमृता हॉस्पिटल, कोच्चि के स्ट्रोक मेडिसिन डिपार्टमेंट में क्लिनिकल असिस्टेंट प्रोफेसर हैं।

## सिर्फ महिलाओं के लिए नहीं है प्रसव-पूर्व देखभाल



फर्टिलिटी डाइट सिर्फ मां तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए। डॉ. अनुभा सिंह बता रही हैं कि क्यों पिता के लिए भी अपने प्रजनन आहार व स्वस्थ टेस्टोस्टेरोन-स्तर को बनाए रखने के लिए उचित पूरक आहार का ध्यान रखना उतना ही महत्वपूर्ण है।

जब प्रजनन स्वास्थ्य की बात आती है, तो हम हमेशा सोचते हैं कि सिर्फ महिला को ही अपने प्रजनन आहार पर ध्यान देने की आवश्यकता है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ है जिसे दंपत्तियों को जानने व समझने की आवश्यकता है। अच्छी तरह से भोजन करना और नियमित व्यायाम दिनचर्या को बनाए रखना किसी भी उम्र में स्वस्थ जीवन शैली हासिल करने के शानदार तरीके हैं। लेकिन कभी-कभी यह ठीक है यदि हमें विटामिन या सप्लीमेंट्स के रूप में अतिरिक्त उत्प्रेरक की आवश्यकता है, खास तौर पर पुरुषों के लिए।

कहा जाता है कि जन्म के पूर्व विटामिन का सेवन, वास्तव में उन पहली चीजों में से है जिसका एक महिला को जन्म दोषों के जोखिम को कम करने तथा मां और बच्चे दोनों के लिए अनुकूलन हासिल करने में किया चाहिए। लेकिन, बाप का क्या? क्या पुरुषों के लिए भी प्रसव पूर्व विटामिन मौजूद हैं? पुरुषों के लिए प्रसव-पूर्व की क्या आवश्यकता है?

तो, सभी पुरुषों को क्या लेना चाहिए, आइए इस पर एक नजर डालते हैं :

■ **क्रिल तेल**

हम में से बहुत से लोग मस्तिष्क और हृदय स्वास्थ्य जैसी चीजों के लिए मछली के तेल का सेवन करने के प्रति परिचित हैं। क्रिल तेल की खुराक मछली के तेल के समान ही हैं, सिवाय इसके कि वे क्रस्टेशियन प्रजातियों से आते हैं। मछली के तेल की तरह ही क्रिल ऑयल में ईडीए और डीएचए का उच्च स्तर होता है। ये दो प्रकार के ओमेगा -3 फैटी एसिड हैं, जो हृदय स्वास्थ्य में सुधार के लिए लोकप्रिय पोषक तत्व हैं।

■ **अश्वगंधा**

कई डॉक्टर इस बात से सहमत हैं कि सदियों से आयुर्वेदिक चिकित्सा में इस्तेमाल की जाने वाली प्राकृतिक जड़ी-बूटी अश्वगंधा चिंता व टेस्टोस्टेरोन बढ़ाने में मदद करने के लिए अविश्वसनीय लाभकारी है। 40 से अधिक उम्र वाले पुरुषों के साथ प्रमुख समस्या टेस्टोस्टेरोन के स्तर में लगातार गिरावट महसूस करना है और इसके कारण पुरुषों को अपने पेट की चर्बी बढ़ती महसूस होने लगती हैं जैसे जैसे वे बड़े होते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए, पुरुषों के लिए यह जरूरी है कि वे ऐसे सप्लीमेंट लें जो उनके टेस्टोस्टेरोन के सामान्य स्तर को बनाए रखने में मदद करें। अश्वगंधा शरीर के टेस्टोस्टेरोन भंडारण को खोलती हैं और 400 फीसदी तक टेस्टोस्टेरोन को बढ़ावा देती है

■ **जिंक**

जिंक शुक्राणु निर्माण के लिए एक आवश्यक खनिज है, और फोलिक एसिड का प्राकृतिक रूप फोलेट, शुक्राणु में डीएनए बनाने में मदद करने के लिए जिंक पर निर्भर करता है। मांस, मछली, अंडे और शंख जैसे पशु खाद्य पदार्थों में जिंक उच्च मात्रा में पाया जाता है। इसके अलावा, जिंक की खुराक टेस्टोस्टेरोन के स्तर को कम कर सकती है जो अत्यधिक मात्रा में उच्च तीव्रता वाले व्यायाम से जुड़ा होता है।

■ **विटामिन डी**

विटामिन डी स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण पूरक है, क्योंकि यह हड्डियों की मजबूती, कैंसर के जोखिम को कम करने और समग्र मनोदशा में सुधार जैसी चीजों में मदद कर सकता है। स्लीप एप्निया और कम चयापचय को रोकने के लिए विटामिन डी टेस्टोस्टेरोन के स्तर को भी बढ़ाता है। रेड मीट, अंडे की जर्दी, सालमन विटामिन डी के बेहतरीन स्रोत हैं।

■ **प्रोबायोटिक्स**

प्रोबायोटिक्स पुरुषों के लिए अपने संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और उसे बनाए रखने का महत्वपूर्ण पूरक हैं। प्रोबायोटिक्स जीवित सूक्ष्मजीव हैं जो हमारे पेट में मौजूदा लाभकारी बैक्टीरिया की मदद करते हैं, इस प्रक्रिया में हमारे पाचन और समग्र स्वास्थ्य का समर्थन करते हैं। दही, किमची, पारंपरिक छाछ, अचार, पनीर आदि प्रोबायोटिक्स के बेहतरीन स्रोत हैं।

**- लेखिका शनाताह फर्टिलिटी सेंटर, वसंत विहार, नई दिल्ली की चिकित्सा निदेशक हैं।**



# मिलिए भारत की नवोदित लेखिकाओं से

आज छोटे बच्चों की शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। अपने जुनून और सपने को पूरा करने से वे आगे बढ़ते हैं - चाहे उन्हें उद्यमी बनना हो या लेखक। **शालिनी सक्सेना** ने कुछ ऐसे बच्चों से बात की जिन्होंने अपने उपन्यासों के बारे में बताया।

## कलात्मक झुकाव

**ईशानवी जैनी**
**आयु 11 वर्ष**
**लेखिका : थ्रोन ऑफ द सी**



आप उम्मीद करते हैं कि 11 साल के बच्चे दोस्तों के साथ आनंद ले रहे हों और बच्चे की चीजें कर रहे हों। आप जिस चीज की उम्मीद नहीं करते हैं, वह यह है कि उनके पास स्कूल की कक्षाओं और फिर आर्ट ऑफ कम्युनिकेशन कोर्स के साथ एक दिन तंग होगा जो सिखाता है कि कैसे उनके अंग्रेजी व्याकरण को सही किया जाए। इतना ही नहीं, कैंप के-12 की कक्षाएं बच्चों को लिखना-उपन्यास लिखना भी सिखाती हैं।

ऐसी ही एक छात्रा हैं दिल्ली पब्लिक स्कूल, दुर्गापुर में पढ़ने वाली 11 साल की इशानवी जैन। वह छठी कक्षा में है और उसे किताबें पढ़ना, संगीत सुनना, डूडलिंग करना और यात्रा करना पसंद है।

उनका उपन्यास, द थ्रोन ऑफ द सी जो अमेज़ॅन और किंडल पर उपलब्ध है, पानी के नीचे के जीवों के बारे में है और कहानी यह है कि सच्चा प्यार कैसे अपना रास्ता खोज लेता है और सच्चे दोस्त जीवन के हर चरण में मोटे और पतले के माध्यम से एक-दूसरे की मदद करते हैं।

''जब मैं योजना बना रही थी कि मुझे क्या लिखना है, तो मेरी छह साल की बहन ने मुझसे कहा कि मुझे उसके पसंदीदा विषय, जलपरी और पानी के नीचे की दुनिया पर लिखना चाहिए। वह दोनों पर बहुत मोहित है। इसलिए मैंने इस विषय को एक शॉट दिया और उपन्यास का जन्म हुआ, जैन कहती हैं।

यह एक दैनिक बूस्टर सत्र के दौरान था, उसके गुरु ने अंग्रेजी के बारे में बात की थी। ''जिस तरह से उसने चीजों को समझाया और जिस तरह से उसने पढ़ाया वह बहुत आकर्षक था। उन्होंने बताया कि कैसे लिखना है। यह सब बहुत प्रेरणादायक था। इसलिए मैंने पूर्णकालिक कक्षा लेने का फैसला किया। एक बार जब हमने एक निश्चित संख्या में कक्षाएं लीं, तो हमें एक कहानी लिखने के लिए आमंत्रित किया गया। मैं चुने जाने वाले भाग्यशाली लोगों में से एक थी। और आज मैं यहां हूं,'' जैन बताती हैं।

उसकी किताब पढ़ने वाले उसके दोस्त प्रेरित हैं और कक्षा में शामिल होकर लेखक बनना चाहते हैं। उसके पसंदीदा विषय अंग्रेजी और इतिहास हैं। ''मुझे तथ्यों के बारे में पढ़ना और जानना अच्छा लगता है। इतिहास सभी तथ्यों के बारे में है, लोगों के बारे में और वे उस समय कैसे रहते थे। यह पढ़ना आकर्षक है कि बहुत शिक्षित न होने के बावजूद वे इतना कुछ हासिल करने में सक्षम थे'', जैन कहती हैं।

वह बताती है कि वह ऐसे उपन्यास पढ़ना पसंद करती है जिनमें एक विषय के रूप में फंतासी है। उन्हें सुधा मूर्ति के उपन्यास बहुत पसंद हैं। इनसे उनका परिचय उनके गुरु ने कराया था। मैंने अपनी दादी को पढ़ना कैसे सिखाया, वह उनका पसंदीदा है।

''मुझे उसके लिखने का तरीका पसंद है। साथ ही उनका जीवन मुझे प्रेरित करता है। वह बहुत ही विनम्र जीवन जीती थीं। मुझे बताया गया है कि वह जमीन से जुड़ी व्यक्ति हैं। बेशक, ऐसे अन्य लेखक भी हैं जिन्हें मैंने पढ़ा है; रस्किन बॉन्ड उनमें से एक है। मेरे ट्यूटर मुझे यह भी बताते हैं कि मुझे अपनी शब्दावली बढ़ाने के लिए कौन सी किताबें पढ़नी चाहिए। वह मुझसे कहती है कि इससे मुझे अपने भाषा कौशल में सुधार करने में मदद मिलेगी। वह मुझे यह भी बताती हैं कि अधिक से अधिक किताबें पढ़ने से मुझे इस बात की जानकारी मिलेगी कि लेखक किसी विषय को कैसे लेते हैं और अपनी कहानियों को कैसे बुनते हैं। इससे मुझे एक दृष्टिकोण रखने में भी मदद मिलती है'', जैन कहती हैं।

उसे इन कक्षाओं में शामिल हुए एक साल से अधिक का समय हो गया है और वह कक्षाएं लेना जारी रखने की योजना बना रही है क्योंकि वह कक्षाओं से प्यार करती है। साथ ही व्यक्तिगत ध्यान जो उसे और अन्य बच्चों को मिलता है, उसे आगे बढ़ाती है। उन्होंने अपने लेखन में शुरुआत से ही कई बदलाव देखे हैं।

''शुरुआत में मुझे नहीं पता था कि वर्णनात्मक कैसे होना है। अब मैं कर सकता हूँ। मैंने सीखा है कि कैसे एक बेहतर लेखक बनना है। मुझे भाषा की बेहतर समझ है। इससे मुझे कहानियों को बुनने में मदद मिलती है'', जैन बताती हैं कि संगीत सुनना किसे पसंद है।''मुझे हर तरीके का संगीत पसंद है। मैं तमिल और तेलुगु गाने भी सुनता हूं। मेरे पास जस्टिन बीबर के यम्मी और टेशर के जलेबी बेबी जैसे कुछ पसंदीदा अंग्रेजी गाने हैं'', जैन कहती हैं।

वह काफी नासमझ डूडलिंग भी करती हैं। एक बार फिर उन्होंने इसके लिए क्लास ली और यहां तक कि मंडला कला का इस्तेमाल करके यूनिकॉर्न भी बनाया। ''यह मेरी मां थी जिसने मुझे इस कला रूप से परिचित कराया और मुझे यह पसंद है,'' जैन कहती हैं।

## कल्पनाओं की दुनिया उसे अपनी ओर खींचती है

**नेवेहा पालकर**
**आयु 10 वर्ष**
**लेखक : एडवेंचर ऑन द अदर साइड**



वह अमेरिका में पैदा हुई थी। जब वह तीन साल की थी, उसके माता-पिता ने भारत वापस आने और पुणे में बसने का फैसला किया। पीआईसीटी मॉडल स्कूल, पुणे की कक्षा 5 की छात्रा, इस 10 वर्षीया ने कैंप के-12 के साथ आर्ट ऑफ कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम में शामिल होने का फैसला किया क्योंकि उसे अंग्रेजी पसंद है। नेवा पालकर से मिलें।

वह बताती है कि ''कुछ महीने पहले उसकी मां को अखबार में एक विज्ञापन आया था। अंग्रेजी में एक प्रतियोगिता के लिए एक घोषणा की गई थी। पालकर ने दाखिला लिया और वह नंबर 3 पर रहीं। यह एक प्रतियोगिता थी जिसने व्याकरण और शब्दावली पर हमारा परीक्षण किया। इस प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेने के बाद ही हमें कैंप के-12 के बारे में पता चला। इन कक्षाओं में मेरा नाम दर्ज कराने का फैसला मेरी मां का था क्योंकि वह जानती हैं कि मुझे अंग्रेजी पसंद है'' पालकर कहती हैं।

जबकि उन्हें किताबें और उपन्यास पढ़ना पसंद है, उनके पास एक भी किताब नहीं है जो उनकी पसंदीदा हो। हालांकि, वह बताती है कि उसकी एक पसंदीदा लेखिका सुधा मूर्ति हैं, जिन्होंने कई बच्चों के उपन्यास लिखे हैं।

''मुझे उनके उपन्यास बहुत पसंद हैं; वे वास्तव में अद्भुत हैं। मुझे उसके लिखने का तरीका पसंद है। जब मैं बहुत छोटा था तब मैंने उनकी पहली किताब पढ़ी थी। मुझे वास्तव में याद नहीं है कि मैं कितने साल का था। लेकिन मेरी मां ने मुझे दिया और मुझे तुरंत उनसे प्यार हो गया। मुझे एनिड ब्लीटन और रोनाल्ड डाहल की किताबें भी पढ़ना अच्छा लगता है'', कहना है पालकर का।

वह बताती है कि उसका पहला उपन्यास, एडवेंचर्स ऑफ द अदर साइड, तीन दोस्तों के बारे में है जो एक यात्रा पर निकलते हैं जो उन्हें दुनिया के दूसरी तरफ ले जाती है और अब उन्हें घर वापस आने का रास्ता निकालना होगा।

> **मेरा पहला उपन्यास, एडवेंचर्स ऑफ द अदर साइड, तीन दोस्तों के बारे में है जो एक यात्रा पर निकलते हैं जो उन्हें दुनिया के दूसरी तरफ ले जाती है और अब उन्हें घर वापस आने का रास्ता निकालना होगा।**

''मुझे रोमांच, फंतासी और पौराणिक कहानियां पढ़ना पसंद है। मेरे लिखने के जुनून ने मुझे कविता लिखने के लिए भी प्रोत्साहित किया। हालांकि ये प्रकाशित नहीं हुए हैं लेकिन मेरी मां ने इन्हें अपने फेसबुक पेज पर शेयर किया है। इसलिए जब मुझे आर्ट ऑफ कम्युनिकेशन पाठ्यक्रम के लिए एक कहानी प्रस्तुत करनी थी, तो मैंने इसे इस विषय पर लिखने का फैसला किया। एक बार जब मैंने इसे सबमिट कर दिया, तो मेंटर्स ने वास्तव में इसे पसंद किया और तभी मैंने इसे एक उपन्यास के रूप में विकसित किया'', पालकर कहती हैं।

यह वह कार्यशाला थी जिसने उन्हें अपने उपन्यास को आकार देने में मदद की। ''कार्यशाला में हमें सिखाया जाता है कि कैसे लिखना है और कहानी कैसे विकसित करनी है। मुझे पाठ्यक्रम पसंद आया और मैंने कक्षाएं लेना जारी रखने का फैसला किया। अभी के लिए, मैंने और कुछ नहीं लिखा है। लेकिन मैं एक और उपन्यास लिखने या अपने पहले उपन्यास की अगली कड़ी लिखने की योजना बना रही हूं'', वो बताती हैं, जिनका उपन्यास अमेज़ॅन और किंडल पर उपलब्ध है।

लेकिन यह सब नहीं है। पालकर कई प्रतिभाओं की लड़की है। जब वह छह साल की थी, तो उसने पाया कि एक किड्स क्लोदिंग कंपनी उसकी उम्र के आसपास के बच्चों के मॉडल की तलाश कर रही थी। मैंने भाग लेने का फैसला किया। मुझे इसे करने में बहुत मज़ा आया,'' पालकर ने बताया। वह गायन में भी है, और पश्चिमी गायन सीख रही है।

वह एक पशु प्रेमी भी है, खासकर बिल्लियां। जबकि उसके माता-पिता ने उसे एक पालतू जानवर के रूप में रखने की अनुमति नहीं दी है, उसे उम्मीद है कि निकट भविष्य में उसे एक रखने की अनुमति दी जाएगी। वह आपको बताती है कि जब वह दिल से एक लेखिका है, तो वह बड़ी होकर दवा लेना चाहती है। हालांकि, वह लेखन के अपने जुनून को नहीं छोड़ेगी और लिखना जारी रखेगी। ''मुझे नहीं पता कि मैं भविष्य में क्या लिखूंगी। शायद यह दवा के बारे में एक किताब होगी या यह पौराणिक कथाओं पर हो सकती है। यह कहना मुश्किल है कि मैं भविष्य में क्या करूंगा'', पालकर कहती हैं। उसके दोस्तों ने उसके उपन्यास को पसंद किया है जिसमें 84 पृष्ठ हैं।

''मेरे माता-पिता ने मेरी यात्रा के दौरान मुझे प्रोत्साहित किया है,'' पालकर बताती हैं।

## 'मैं अपनी सारी कहानियां जानवरों पर आधारित रखना चाहती हूं'

**पार्वती रामनारायण**
**आयु 11 वर्ष**
**लेखक : द ग्रेट एस्कैपेड ऑफ वेगला द पोलर बियर**

छठी कक्षा की यह छात्रा औसत स्कूल जाने वाली नहीं है। घुड़सवारी से लेकर बास्केटबॉल खेलने से लेकर ड्रॉइंग तक, यहां तक कि एक उपन्यास लिखने तक, जो उन्हें व्यस्त रखता है। हालांकि उसका दिन का कैलेंडर पाठ्येतर गतिविधियों और प्रतियोगिताओं से भरा हुआ है, लेकिन वह अपने पालतू जानवर - ब्राउनी, जिसे उसने गोद लिया है, के लिए समय निकालने का प्रबंधन करती है। यदि यह उसकी प्लेट पर पर्याप्त नहीं था, तो यह 11 वर्षीय कैंप के -12 में लेखन कक्षाओं में भी शामिल हो गई है और स्पेलिंग बी और उनके द्वारा आयोजित अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेना पसंद करती है।

केरल के कान्हांगड के केंद्रीय विद्यालय की यह छात्रा आपको बताती है कि उसे पढ़ना-लिखना बहुत पसंद है। वह आपको बताती है कि ऑनलाइन क्लास लेना थोड़ा मुश्किल हो गया है क्योंकि वह अपने दोस्तों से नहीं मिल पा रही है। ''मुझे उनसे मिलने और उन्हें ऑनलाइन देखने और उनके साथ बात करने की याद आती है। साथ ही जहां मैं रहता हूं वहां कभी-कभी इंटरनेट की समस्या भी आ जाती है। कई रुकावटें हैं'', वह अफसोस करती है।

पढ़ने और लिखने में उसकी रुचि को देखते हुए, उसकी मां ने उसे एक कार्यशाला के बारे में बताया जहां वह नामांकन कर सकती थी। ''इस क्लास की सबसे अच्छी बात यह है कि वे हमें हर बार कुछ नया सिखाते हैं। यह मुझमें दिलचस्पी बनाए रखता है। साथ ही शिक्षक यह सुनिश्चित करता है कि एक



घंटे का सत्र कभी उबाऊ न हो। मैं पिछले चार महीनों से ये कक्षाएं ले रही हूं और मेरी योजना इन्हें लेते रहने की है। भले ही मेरा दिन भरा हो, क्योंकि मैं इन कक्षाओं का आनंद लेता हूं, लेकिन उनमें भाग लेना कभी भी मुश्किल नहीं होता है'', रामनारायण कहती हैं।

उनका उपन्यास, द ग्रेट एस्कैपेड्स ऑफ वेगला द पोलर बियर, एक मादा ध्रुवीय भालू के बारे में है जो दुनिया का पता लगाने का फैसला करती है। ''वह अपनी प्राचीन सफेद दुनिया से ऊब चुकी है और अपने जीवन में रंग जोड़ना चाहती है और दुनिया को घूमना चाहती है कि उसे क्या पेश करना है। वह बाहरी दुनिया के खतरों से अवगत नहीं है। उसके सभी दोस्त उसे इस यात्रा पर जाने से रोकने की कोशिश करते हैं लेकिन वेगला दृढ़ संकल्पित है। वह उनकी नहीं सुनती और इस यात्रा पर चली जाती है'', रामनारायण कहती हैं। उनका उपन्यास अमेज़न और किंडल पर उपलब्ध है।

उन्होंने दुनिया के बर्फीले ठंडे क्षेत्रों में रहने वाले इन अद्भुत जानवरों पर व्यापक शोध के बाद ध्रुवीय भालू पर एक कहानी लिखने का फैसला किया। ''मैंने ध्रुवीय भालू के बारे में बहुत कुछ पढ़ा। उनके बारे में बहुत सारी जानकारी थी। जब मैंने उनकी तस्वीरों को देखा, तो मैंने पाया कि वे बहुत प्यारे लग रहे थे, खासकर शावक। साथ ही, बहुत से लोग अपनी दुनिया के बारे में नहीं जानते हैं। बहुत से लोगों ने अपनी दुनिया की खोज नहीं की है। ये जानवर मानव उपस्थिति से दूर रहते हैं। यह एक और कारण था कि मैंने वेगला को अपने उपन्यास का नायक बनाने का फैसला किया, रामनारायण बताती हैं।

दिलचस्प बात यह है कि किसी ने उन्हें यह विषय चुनने के लिए नहीं कहा। उसने खुद फैसला किया।

''मेरे शिक्षक ने मुझे भाषणों के बारे में सिखाया और मेरी शब्दावली में सुधार कैसे किया जाए। मुझे बहुत सी चीजें सिखाई गईं, जिनके बारे में मुझे पता नहीं था'', रामनारायण कहती हैं।

इसमें घुड़सवारी भी शामिल है। उस समय परिवार एक घुड़सवारी अकादमी के पास रहता था। उसके पिता ने उसे कक्षाएं लेने के लिए प्रोत्साहित किया। ''यह मजेदार था'', वह बताती है।

अभी के लिए, वह यह तय करने की प्रक्रिया में है कि आगे क्या लिखना है। एक बात तो उन्हें पक्की है कि यह जानवरों से ही जुड़ी होगी। वह कक्षाओं को जारी रखने की योजना बना रही है क्योंकि उसका सपना एक लेखक बनने का है। इतना ही नहीं वह पुरातत्व को आगे बढ़ाना चाहती हैं। ''मुझे इतिहास से प्यार है और अपने अतीत के बारे में सब कुछ जानना है। इसके बारे में बहुत सी चीजें हैं जो हम नहीं जानते हैं और मुझे इसका पता लगाना अच्छा लगेगा'', रामनारायण कहती हैं।

# तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में फिर स्वर्ण पदक से चूका भारत, दो रजत जीते

**भाषा।** यांकटन (अमेरिका)

**भारत** की महिला और मिश्रित युगल कंपाउंड तीरंदाजी टीम को कोलंबिया के खिलाफ एकतरफा मुकाबलों में शिकस्त के साथ यहां विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

भारत विश्व चैंपियनशिप में अपने पहले स्वर्ण पदक के लिए चुनौती पेश कर रहा था। भारत अब तक स्वर्ण पदक नहीं जीत पाया है लेकिन उसने सबसे अधिक 10 बार पोडियम पर जगह बनाई है। इस दौरान भारत ने आठ बार फाइनल में चुनौती पेश की और उसे हर बार रजत पदक से संतोष करना पड़ा। रैंकिंग दौर में चौथे स्थान पर रही अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेनाम की भारत की स्टार मिश्रित युगल जोड़ी ने एक अंक की बढ़त के साथ



शुरुआत की लेकिन इसके बाद कोलंबिया का दबदबा देखने को मिला। भारतीय जोड़ी को अंततः 150-154 से शिकस्त झेलनी पड़ी। ज्योति, मुस्कान किरार और प्रिया गुर्जर की सातवीं वरीय महिला टीम को सारा लोपेज, एलेजांद्रा उसक्रियानो और नोरा वाल्डेज की तिकड़ी के खिलाफ 224-229 से हार का सामना करना पड़ा। रैंकिंग दौर में शीर्ष पर रही कोलंबियाई टीम ने 15 बार 10 अंक पर निशाना साधा और इस दौरान उनके पांच निशाने बिलकुल बीच में लगे। पहले दौर के बाद दोनों टीमें 58-58 से बराबर थी। भारतीय महिला टीम ने इसके बाद बढ़त बनाने का मौका गंवाया और विरोधी टीम एक अंक से आगे हो गई। कोलंबियाई टीम ने इसके बाद भारतीय टीम को कोई मौका नहीं दिया और आखिरी 12 में से आठ तीर 10 अंक पर मारकर तीसरी बार महिला खिताब जीता। यह 2017 के बाद टीम का पहला खिताब है। मिश्रित युगल में भारत के लिए दूसरा दौर खराब रहा जहां उन्होंने दो बार नौ और एक बार अंठ अंक के साथ एक अंक की बढ़त गंवाई और अंततः चार अंक के अंतर से मुकाबला हार गई। रैंकिंग दौर में दूसरे स्थान पर रही डेनियल मुनोज और सारा ने पहले दौर के बाद वापसी की और तीसरे दौर में 40 में से 40 अंक जुटाकर पहली बार मिश्रित युगल का स्वर्ण पदक जीता। कुल मिलाकर कोलंबियाई जोड़ी ने 16 में से 10 तीर पर 10 अंक जुटाए जबकि भारतीय खिलाड़ी आठ बार ही 10 अंक जुटा पाए। कोलंबिया ने कंपाउंड तीरंदाजी में अपना दबदबा बरकरार रखा और विश्व चैंपियनशिप में अपने स्वर्ण पदकों की संख्या को चार तक पहुंचाया। भारत व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में भी तीन पदक की दौड़ में बना हुआ है। वर्मा और ज्योति को शनिवार को अपने अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेलने हैं। रिकर्व वर्ग में अंकिता भकत एकमात्र तीरंदाज बची हैं। वह रविवार को अंतिम आठ मुकाबले में उतरेंगी।

# सानिया मिर्जा के पास साल का पहला खिताब जीतने का मौका

## ● झांग के साथ फाइनल में पहुंची

**भाषा।** ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य)



**अनुभवी** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने शनिवार को यहां अपनी जोड़ीदार शुआई झांग के साथ मिलकर माकोटो नोनोमिया और एरि होजुमी की जोड़ी को सीधे सेट में हराकर ओस्ट्रावा ओपन में फाइनल में प्रवेश किया। यह सानिया का सत्र का दूसरा फाइनल है। दूसरी वरीय भारतीय-चीनी जोड़ी ने जापानी जोड़ी को एक घंटे 21 मिनट तक चले मुकाबले में 6-2 7-5 से शिकस्त दी। चौंतीस साल की सानिया के पास अब 2021 सत्र में अपना पहला खिताब जीतने का मौका है। वह पिछले महीने क्रिस्टिना मचाले के साथ डब्ल्यूटीए 250 क ल ेव ल ैं ड प्रतियोगिता में उप विजेता रही थीं।

# राजस्थान को हराकर दिल्ली टॉप पर

**भाषा।** अबुधाबी

**कप्तान** संजू सैमसन की 53 गेंद में नाबाद 70 रन की पारी भी राजस्थान रॉयल्स को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 33 रन की हार से बचाने के लिए काफी साबित नहीं हुई। इस जीत के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स आईपीएल तालिका में शीर्ष पर पहुंचने के साथ प्लेऑफ में जगह पक्की करने के करीब पहुंच गई। टीम के नाम 10 मैचों में 16 अंक है। राजस्थान की टीम इस मुकाबले के बाद पांचवें से छठे स्थान पर खिसक गई। उसके नौ मैच में आठ अंक है। दिल्ली ने श्रेयस अय्यर की 43 और शिमरोन हेटमायर की ताबड़तोड़ 28 रन की पारी के दम पर छह विकेट पर 154 रन बनाने के बाद राजस्थान रॉयल्स को 20 ओवर में छह विकेट पर 121 रन पर रोक दिया। सैमसन ने 53 गेंद की नाबाद पारी में आठ चौके और एक छक्का जड़ा। दिल्ली के लिए एनरिच नोर्जे ने चार ओवर में महज 18 रन देकर दो विकेट लिए।



दिल्ली की पारी में अय्यर ने 32 गेंद में एक चौके और दो छक्के की मदद से 43 जबकि हेटमायर ने 16 गेंद में पांच चौकों की मदद से 28 रन बनाए। राजस्थान के लिए मुस्ताफिजुर रहमान और चेतन सकारिया ने दो-दो विकेट लिए। दिल्ली की इस जीत का श्रेय उनके गेंदबाजों को जाता है जिन्होंने पावर प्ले में राजस्थान को एक भी बाउंड्री लगाने का मौका नहीं दिया। राजस्थान की टीम शुरुआती छह ओवरों में तीन विकेट गंवाकर 21 रन ही बना सकी। आईपीएल के इतिहास में यह तीसरा मौका है जब पावर प्ले में एक भी चौका या छक्का नहीं लगा हो। इससे पहले 2009 में राजस्थान रॉयल्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और 2011 में चेन्नई सुपर किंग्स बनाम कोलकाता नाइट राइडर्स के मैच में ऐसा हो चुका है। प्रतिस्पर्धी लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान की शुरुआत बेहद ही खराब रही। आवेश खान (29 रन पर एक विकेट) ने पहले ओवर में लियाम लिविंगस्टोन (एक रन) तो वहीं एनरिच नोर्जे ने दूसरे ओवर में यशस्वी जायसवाल को चलता किया। पांचवें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए अश्विन (20 रन पर एक विकेट) ने डेविड मिलर (सात रन) को आउट किया। अश्विन की फ्लाइटेड गेंद पर मिलर आगे निकले और पंत ने गिल्लियां बिखेर दी। टी20 क्रिकेट में यह अश्विन का 250वां शिकार था। इस मामले में पीयूष चावला और अमित मिश्रा सबसे सफल भारतीय गेंदबाज है। उन दोनों के नाम एकसमान 262 विकेट है। सैमसन ने हालांकि सातवें ओवर में अश्विन के खिलाफ पारी का पहला चौका लगाया तो वही महिपाल लोमरोर ने नौवें में इसी गेंदबाज के खिलाफ छक्का जड़ा। कैगिसो रबाडा (26 रन पर एक विकेट) ने हालांकि 11वें ओवर में लोमरोर को खतरनाक होने से पहले ही पवेलियन की राह दिखा दी। उन्होंने 24 गेंद में 19 रन बनाए। अक्षर पटेल ने अगले ओवर में रियान पराग (दो रन) को आउट कर राजस्थान को पांचवां झटका दिया जिससे टीम का स्कोर पांच विकेट पर 55 रन हो गया। सैमसन ने हालांकि एक छोर संभाले रखा और 14वें ओवर में नोर्जे के खिलाफ चौका जड़ने के बाद रबाडा के द्वारा किए गए 15वें ओवर में तीन बार गेंद को सीमा रेखा के पार भेजा। राजस्थान को अब आखिरी पांच ओवरों में 73 रन की दरकार थी और सैमसन के साथ तेवतिया क्रीज पर मौजूद थे लेकिन वह बड़ा शॉट लगाने में नाकाम हो रहे थे। इस दौरान सैमसन ने 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर दो रन लेकर 39 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। अगले ओवर में तेवतिया के आउट होते ही राजस्थान की जीत की उम्मीद लगभग खत्म हो गई थी। वह 15 गेंद में नौ रन बनाकर नोर्जे का दूसरा शिकार बने सैमसन ने आखिरी ओवर में छक्का जड़ा लेकिन तब तक टीम की हार तय हो गई थी। राजस्थान के टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद मुस्ताफिजुर रहमान, महिपाल लोमरोर और चेतन सकारिया ने शुरुआती तीन ओवरों में कसी हुई गेंदबाजी से 18 रन ही दिए जिसका फायदा पिछले मैच के नायक युवा तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी (40 रन पर एक विकेट) को मिला।

# पंजाब किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को दिया 125 रन का लक्ष्य

**भाषा।** शारजाह

**वेस्टइंडीज** के जेसन होल्डर के 19 रन देकर तीन विकेट के शानदार स्पैल से सनराइजर्स हैदराबाद ने शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में पंजाब किंग्स को सात विकेट पर 125 रन ही बनाने दिए। बल्लेबाजी का न्यौता मिलने के बाद पंजाब किंग्स के बल्लेबाज धीमे विकेट पर जूझते दिखे जिससे उनके बीच कोई बड़ी भागीदारी नहीं बन सकी। टीम के लिए सबसे बड़ी भागीदारी क्रिस गेल और ऐडन मार्कराम के बीच तीसरे विकेट के लिए बनी जो 30 रन की थी। मार्कराम 32 गेंद में 27 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। पिछले मैच में 49 रन की पारी खेलने वाले कप्तान केएल राहुल (21 गेंद में 21 रन) इस मैच में जल्दी पांचवें ओवर में आउट हो गए जिन्हें होल्डर ने अपने स्पैल की पहली गेंद पर पवेलियन भेज दिया।



दूसरे सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (05) भी इसी ओवर की पांचवीं गेंद पर होल्डर का दूसरा शिकार बने। मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 67 रन की पारी खेलने वाले अग्रवाल होल्डर की गेंद पर केन विलियम्सन को मिडऑफ में कैच दे बैठे। पंजाब किंग्स का स्कोर पॉवरप्ले में दो विकेट पर 29 रन था। अगले ही ओवर में उनका तीसरा विकेट गिर सकता था लेकिन डेविड वार्नर ने खलील अहमद की गेंद पर मार्कराम का कैच छोड़ दिया। पंजाब की टीम का स्कोर 10 ओवर में दो विकेट पर 55 रन था। अपने बड़े शॉट के लिए मशहूर गेल आक्रामकता नहीं दिखा सके और 17 गेंद में 14 रन बनाकर राशिद खान की गेंद पर आउट हुए। निकोलस पूरन (08) भी वेस्टइंडीज के अपने सीनियर साथी की तरह अगले ओवर में पवेलियन पहुंच गए। मार्कराम की पारी 15वें ओवर में समाप्त हुई जब वह पारी को बढ़ाने के प्रयास में बड़े शॉट लगाने की कोशिश कर रहे थे। दीपक हुड्डा (13) ने कुछ आकर्षक शाट लगाने के बाद स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक जे सुचित को कैच दे दिया। पंजाब किंग्स ने भुवनेश्वर कुमार के पारी के अंतिम ओवर में 14 रन जोड़े और पारी सात विकेट पर 125 रन पर समाप्त की। हरप्रीत बरार 18 गेंद में इतने ही रन बनाकर नाबाद रहे।

# चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं तमिलनाडु के चक्रवर्ती

**भाषा।** अबुधाबी

**वरुण** चक्रवर्ती को मिलने वाला अतिरिक्त उछाल और अलग कोण से गेंदबाजी करने की क्षमता रविवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में चेन्नई सुपरकिंग्स के बल्लेबाजों के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। यूएई में आईपीएल के बहाल होने के बाद सुपरकिंग्स और नाइट राइडर्स दोनों ने अच्छा प्रदर्शन किया है और दोनों ही टीमें जीत की लय को बरकरार रखना चाहेंगी। सुपरकिंग्स और नाइट राइडर्स दोनों ने लीग के बहाल होने के बाद यूएई में अपने दोनों मुकाबले जीते हैं और दोनों टीमें एक दूसरे को हराकर जीत की हैट्रिक पूरी करना चाहेंगी। यूएई में पिछले सत्र में सुपरकिंग्स के बल्लेबाजों को काफी परेशान करने वाले चक्रवर्ती एक बार फिर रुतुराज गायकवाड़, फाफ डुप्लेसिस, अंबाती रायुडू और महेंद्र सिंह धोनी के लिए उन पिचों पर मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं



जहां गेंद उम्मीद से धीमी गति से बल्ले पर आ रही है। दोनों ही टीमों ने सत्र बहाल होने के बाद अपने शुरुआती दो मैचों में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और गत चैंपियन मुंबई इंडियन्स को बड़े अंतर से हराया है। सुपरकिंग्स ने मुंबई इंडियन्स और बेंगलोर की टीम को क्रमशः 20 रन और सात विकेट से हराया तो नाइट राइडर्स ने इन दोनों को क्रमशः सात और नौ विकेट से शिकस्त दी। अंक तालिका में हालांकि सुपरकिंग्स का नाइट राइडर्स पर पलड़ा भारी है। धोनी की टीम नौ मैचों में 14 अंक के साथ शीर्ष पर है जबकि नाइट राइडर्स इतने ही मैचों में आठ अंक के साथ चौथे स्थान पर है।

### टीम

**चेन्नई सुपर किंग्सः** महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), रुतुराज गायकवाड़, मोईन अली, सुरेश रैना, अंबाती रायुडू, रविंद्र जडेजा, ड्वेन ब्रावो, शार्दुल ठाकुर, लुंगी एनगिडी, दीपक चाहर, इमरान ताहिर, फाफ डु प्लेसिस, रॉबिन उथप्पा, कर्ण शर्मा, जोश हेजलवुड, जेसन बेहरेनडोर्फ, कृष्णप्पा गौतम, मिशेल सेंटनर, रविश्रीनिवासन साई किशोर, हरि निशांत, एन जगदीशन, चेतेश्वर पुजारा, केएम आसिफ, हरिशंकर रेड्डी और भगत वर्मा।

**कोलकाता नाइट राइडर्सः** इयोन मोर्गन (कप्तान), दिनेश कार्तिक, गुरकीरत सिंह मान, करुण नायर, नितीश राणा, राहुल त्रिपाठी, शुभमन गिल, हरभजन सिंह, कमलेश नागरकोटी, कुलदीप यादव, लॉकी फर्ग्युसन, पवन नेगी, एम प्रसिद्ध कृष्णा, संदीप वारियर , शिवम दुबे, टिम साउथी, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती, आंद्रे रसेल, बेन कटिंग, शाकिब अल हसन, सुनील नारायण, वेंकटेश अय्यर, शेल्डन जैक्सन और टिम सीफर्ट।

**समयः मैच भारतीय समयानुसार दोपहर तीन बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।**

## दिल्ली कैपिटल्स के पास सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण में से एकः पंत

**अबुधाबी।** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों ने इंडियन प्रीमियर लीग मैच में शनिवार राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ कम स्कोर का शानदार तरीके से बचाव किया जिसकी तारीफ करते हुए कप्तान ऋषभ पंत ने कहा कि उनकी गेंदबाजी इकाई लीग में सर्वश्रेष्ठ में से एक है। दिल्ली की गेंदबाजी इकाई में कैगिसो रबाडा और एनरिक नोर्जे की दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाजों जोड़ी के अलावा भारत के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और अक्षर पटेल है। इन गेंदबाजों को शानदार लय में चल रहे युवा तेज गेंदबाज आवेश खान का शानदार साथ मिल रहा है। टीम ने यहां शेख जायद स्टेडियम में 154 रन के लक्ष्य का बचाव करते हुए राजस्थान पर 33 रन की बड़ी जीत दर्ज की। पंत ने मैच के बाद पुरस्कार समारोह में कहा, अगर यह (गेंदबाजी आक्रमण) सर्वश्रेष्ठ नहीं है तो सर्वश्रेष्ठ में से एक है। उन्होंने कहा, हम हालांकि एक समय में एक मैच के बारे में सोचना पसंद करेंगे।

# आरसीबी और मुंबई इंडियन्स के मैच में भारतीय सितारों पर खुद को साबित करने की चुनौती

**भाषा।** दुबई

**मुंबई** इंडियन्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीमें रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में जब एक दूसरे का सामना करेंगी तो रोहित शर्मा और विराट कोहली की कप्तानी की परीक्षा होगी जो खराब लय को पीछे छोड़कर अपनी-अपनी टीमें के प्रदर्शन में सुधार करना चाहेंगे। भारतीय टीम के मौजूदा कप्तान कोहली और आगामी टी20 विश्व कप के बाद राष्ट्रीय टीम की बागडोर संभालने के प्रबल दावेदार रोहित की टीमों को पिछले मैचों में करारी शिकस्त मिली है।

आरसीबी अभी भी नौ मैचों में 10 अंकों के साथ शीर्ष चार में है, जबकि मुंबई की टीम लगातार दो हार के बाद नौ मैचों में आठ अंकों के साथ छठे स्थान पर खिसक गई है। दोनों टीमों के शीर्ष क्रम के भारतीय बल्लेबाज रन बनाने के लिए जूझ रहे



हैं। यह समस्या खासकर मुंबई इंडियन्स के साथ ज्यादा है। टी 20 विश्व कप में कोहली, रोहित, सूर्यकुमार यादव और ईशान किशन भारतीय बल्लेबाजी के मुख्य आधार में शामिल होंगे लेकिन पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ कोहली की एक पारी को छोड़कर लीग के दूसरे चरण में सभी का प्रदर्शन लचर रहा है। इसके अलावा हार्दिक पांड्या को मुंबई की अंतिम 11 में नहीं चुना जा रहा है क्योंकि वह शायद अपनी हरफनमौला जिम्मेदारी को निभाने के लिए 100 प्रतिशत फिट नहीं हैं।

### टीम

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोरः** विराट कोहली (कप्तान), नवदीप सैनी, ग्लेन मैक्सवेल, डैन क्रिस्टियन, रजत पाटीदार, दुष्मंथा चमीरा, पवन देशपांडे, मोहम्मद सिराज, हर्षल पटेल, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सचिन बेबी, वानिंदु हसरंगा, जॉर्ज गार्टन, युजवेंद्र चहल, शाहबाज अहमद, देवदत्त पडिक्कल, काइल जैमीसन, सुयश प्रभुदेसाई, केएस भरत, टिम डेविड, आकाश दीप, एबी डिविलियर्स।

**मुंबई इंडियन्सः** रोहित शर्मा (कप्तान) क्विंटन डिकॉक, ईशान किशन, सूर्यकुमार यादव, आदित्य तारे, अनमोलप्रीत सिंह, क्रिस लिन, सौरभ तिवारी, अनुकूल रॉय, अर्जुन तेंदुलकर, हार्दिक पंड्या, क्रुणाल पंड्या, जेम्स नीशाम, जयंत यादव, कीरोन पोलार्ड , मार्को जानसेन, युद्धवीर सिंह, एडम मिल्ने, धवल कुलकर्णी, जसप्रीत बुमराह, मोहसिन खान, नाथन कूल्टर-नाइल, पीयूष चावला, राहुल चाहर, ट्रेंट बोल्ट।

**मैच शाम सात बजकर 30 मिनट से शुरू होगा।**

## जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप कल से

**फगवाड़ा (पंजाब)।** लड़कों और लड़कियों की 38वीं जूनियर राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप का आयोजन फगवाड़ा में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के परिसर में 26 से 30 सितंबर तक किया जाएगा। भारतीय साफ्टबॉल संघ की अध्यक्ष नीतल नारंग ने लंबित राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन सितंबर 2021 तक कराने की स्वीकृति देने के लिए खेल मंत्रालय को धन्यवाद दिया। नारंग को उम्मीद है कि भारत एशियाई खेल 2022 और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 के लिए ना सिर्फ क्वालीफाई करेगा बल्कि अच्छा प्रदर्शन भी करेगा।

## डकवर्थ अस्ताना ओपन के खिताबी मुकाबले में क्वोन से भिड़ेंगे

**नूर-सुल्तान (कजाखस्तान)।** आस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ ने शनिवार को यहां इला इवाश्का को हराकर अस्ताना ओपन के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना दक्षिण कोरिया के क्वोन सून वू से होगा। अस्ताना ओपन में पहली बार ऐसा खिताबी विजेता बनेगा जो इससे पहले कभी टूर प्रतियोगिता के फाइनल में नहीं पहुंचा है। डकवर्थ ने सेमीफाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त इवाश्का को 6-3 7-6 से शिकस्त दी। वहीं क्वोन ने कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक पर दूसरे सेमीफाइनल में 3-6, 7-5, 6-3 से जीत दर्ज कर अपने पहले फाइनल में जगह बनाई।

## बायर्न म्यूनिख जीता पर लेवानदोवस्की 19 मैच के बाद गोल करने में नाकाम

**बर्लिन।** बायर्न म्यूनिख ने बुंदेसलीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शुक्रवार को अंतिम स्थान पर चल रहे ग्रुथर फुर्थ को 3-1 से हराया। पोलैंड के स्टार रॉबर्ट लेवानदोवस्की का हालांकि इस मुकाबले के दौरान बायर्न की ओर से रिकॉर्ड लगातार 19 मैचों में गोल करने का सिलसिला भी थम गया। लेवानदोवस्की का शॉट 40वें मिनट में क्रॉस बार से टकरा दिया जिससे वह लगातार 16 बुंदेसलीगा मैचों में गोल करने के गर्ड म्यूलर के रिकॉर्ड की बराबरी करने से भी चूक गए। लेवानदोवस्की के 19 मैचों में लीग कप और चैंपियन्स लीग के मैच भी शामिल है।

## आर्मी ग्रीन को हराकर बेंगलुरु एफसी डूरंड कप सेमीफाइनल में

**कोलकाता।** बेंगलुरू एफसी ने शनिवार को यहां रोमांचक मैच में आर्मी ग्रीन को 3-2 से हराकर डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अब बुधवार को बेंगलुरू एफसी का सामना दूसरे सेमीफाइनल में एफसी गोवा से होगा। बेंगलुरू के लिए वुंगंगायम मुईरंग ने 20वें, लियोन ऑगस्टीन ने 47वें और नामग्याल भूटिया ने 74वें मिनट में गोल किए।

# बैडमिंटनः सुदिरमन कप में आसान नहीं होगी भारत की राह

**भाषा।** वानता (फिनलैंड)

**युवा** और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण वाली भारतीय टीम को रविवार से यहां शुरू हो रही सुदिरमन कप मिश्रित टीम बैडमिंटन चैंपियनशिप में अगर अच्छा प्रदर्शन करना है तो अपनी क्षमता से बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारत को इस बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट के ग्रुप ए में गत चैंपियन चीन, तीन बार सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले थाईलैंड और मेजबान फिनलैंड के साथ रखा गया है। सुदिरमन कप के मुकाबले में दो एकल और तीन युगल मैच होंगे।

भारतीय टीम कई स्टार खिलाड़ियों के बिना उतर रही है और ऐसे में इस प्रतिष्ठित विश्व मिश्रित टीम चैंपियनशिप में थाईलैंड के खिलाफ पहले मुकाबले में उसकी राह आसान नहीं होगी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और गत विश्व चैंपियन पीवी सिंधू ने व्यस्त ओलंपिक अभियान के कारण टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है जबकि दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी साइना नेहवाल भी टूर्नामेंट में नहीं खेल रही है। ऐसे में महिला एकल में जिम्मेदारी युवा मालविका बंसोड़ और अदिति भट पर होगी। पुरुष युगल में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी भी अंतिम समय में हट गई। सात्विक की पेट की मांसपेशियों में खिंचाव है और उन्हें एक हफ्ते आराम की सलाह दी गई है। चिराग और सात्विक की गैरमौजूदगी में युवा ध्रुव कपिला और एमआर अर्जुन पुरुष युगल में चुनौती पेश करेंगे। बी साई प्रणीत, किदांबी श्रीकांत तथा अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी के रूप में भारत के पास पुरुष एकल और महिला युगल में अनुभवी खिलाड़ी हैं।

# आस्ट्रेलिया के खिलाफ क्लीनस्वीप से बचने उतरेगी भारतीय महिला क्रिकेट टीम

**भाषा।** मैकॉय (आस्ट्रेलिया)

**दबाव** का सामना कर रही भारत की गेंदबाजों को रविवार को यहां तीसरे और अंतिम महिला एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय में टीम को क्लीन स्वीप से बचाना है तो आस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन करना होगा जो लगातार 27वां मुकाबला जीतने के इरादे से उतरेगी। दूसरे एक दिवसीय में झूलन गोस्वामी की मैच की अंतिम गेंद को विवादास्पद हालात में नोबॉल दिया गया और भारत को हार का सामना करना पड़ा। मैच काफी करीबी रहा लेकिन मिताली राज की टीम का 274 रन के बड़े स्कोर का बचाव नहीं कर पाना निराशाजनक रहा। राशेल हेन्स की गैरमौजूदगी में ताहलिया मैकग्रा और निकोला कैरी के साथ पारी का आगाज करने वाली बेथ मूनी ने शानदार प्रदर्शन किया है।

इस साल झूलन गोस्वामी के अलावा भारत की अन्य सभी गेंदबाजों ने निराश किया है। अमिता शर्मा के एक



दशक पहले जाने के बाद भी झूलन के लिए नई गेंद का कोई विश्वसनीय साझेदार नहीं मिल पाया है। शिखा पांडे ने प्रभावित किया लेकिन वह कभी झूलन की नियमित साझेदार नहीं बन पाई। मानसी जोशी, पूजा वस्त्रकार, मोनिका पटेल भी उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। निरंजना नागराजन की अनदेखी की गई जबकि मेघना सिंह को अभी और समय की जरूरत है। स्पिन विभाग भारत का मजबूत पक्ष है लेकिन मजबूत टीमों ने पूनम यादव की लेग स्पिन का तोड़ निकाल लिया है। दीप्ति शर्मा के प्रदर्शन में निरंतरता है लेकिन वह विकेट चटकाने से अधिक रन रोकने वाली गेंदबाज हैं। पूनम और दीप्ति के प्रदर्शन में आत्ममुग्धता झलकती है क्योंकि उन्हें पता है कि फिलहाल उनकी जगह लेने के लिए अच्छी गेंदबाज मौजूद नहीं हैं। खराब स्ट्राइक रेट के लिए आलोचना का सामना कर रही मिताली क्या टीम के मनोबल में इजाफा कर पाएंगी यह भी बड़ा सवाल है। इंग्लैंड के खिलाफ महज औपचारिकता के मुकाबले के जीत के अलावा मिताली की अधिकतर पारियों से उनके 20 हजार अंतरराष्ट्रीय रनों में ही इजाफा हुआ है और टीम का अधिक फायदा नहीं हुआ। भारत अगर 0-3 से हार जाता है तो यह 50 ओवर के पिछले 11 मुकाबलों में टीम की नौवीं हार होगी जो अगले साल की शुरुआत में न्यूजीलैंड में होने वाले महिला एक दिवसीय विश्व कप की अच्छी तैयारी नहीं है। तेजी से रन बनाने की बात करें तो मिताली और दीप्ति बल्लेबाजी में दो कमजोर कड़ियां हैं। इन दोनों ने पिछले एक साल में काफी गेंदें बर्बाद की जिससे अन्य बल्लेबाजों पर दबाव बना और कई मौकों पर टीम प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा करने में विफल रही।

### टीम

**भारतः** मिताली राज (कप्तान), हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, पूनम राउत, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, यास्तिका भाटिया, तानिया भाटिया, शिखा पांडे, झूलन गोस्वामी , मेघना सिंह, पूजा वस्त्रकार, राजेश्वरी गायकवाड़, पूनम यादव, ऋचा घोष और एकता बिष्ट।

**आस्ट्रेलियाः** मेग लेनिंग (कप्तान), डार्सी ब्राउन, मैटलन ब्राउन, स्टेला कैंपबेल, निकोला कैरी, हन्ना डार्लिंगटन, एशलेग गार्डनर, एलिसा हीली, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पैरी, जॉर्जिया रेडमायने, मौली स्ट्रेनो, एनाबेल सदरलैंड, टायला व्लामिनक और जॉर्जिया वेयरहैम।

**समयः मैच भारतीय समयानुसार सुबह पांच बजकर 35 मिनट पर शुरू होगा।**